ऐसी है सुमन रीति माने विन प्रीति नाहि याते एक चाहिये प्रतीति अवलंब को। द्वै ही अविरोध मत भाषैं बुद्धि बोध युत संग्रह कै योग सोध साधन कदंब को॥ कहै तोष हरि साधुमन है समाधि लीन बाधकै उपाधि भजै भूधर नितंब को। कैधौं अविलंब लै उद्दीपक कदंब चूम बिंवसे अधर भजै भामिनि नितंब को॥ ११८॥

मोहत संसार जो असार सो बिचार यार छिन में बिकार सों बिरस बिरमाइये। पुंज सुखपीन जग तंडित प्रवीन गति द्वै ही बीन लोन बैस बीते तो बिताइये॥ कहै तोष हरि तत्व अमृत प्रवाह बीच चाह उतमाह सों सुमन पुलकाइये। बिस्व गोह लै नीकै कुरंग शावनै नीरस दैनी पिकवैनी के हिय सों लपटाइये॥ ११९॥

जौन अनुरक्त ह्वै प्रसक्त प्रेमही मे नर भक्त होय सांचो सुन्यौ हरि कथा नयो। जानी जौन राज नीति कीनो नाहि मीत कोई रीति धन ल्याइबे की सीखन तथा लयो॥ कहै तोष हरि त्यों न बाला गोद बाला संग सेवत रसाला

रति नागत व्यग्र भयो। फाटि छारत्राय पाय मानुष कहाय सों सो पाइन है प्राय छाय जनमहीं हथा गयो ॥१२०॥

दोहा—भही परम सो वीर जो, पाय मनुष्य शरीर।
घोर गोर गुन अगुन को, लघत हंस सम धीर ॥१२१॥
जाके मन सत संग को, चढ्यो नैक हूं रंग।
तिहं अनङ्ग दाहै नहीं, सो पावन मम गंग ॥१२२॥

सवैया—पायो महा फल दागन को पुन तीर्थ मनाननि सों छवि अंग की। होय निरंतर दुःख निहत्ति प्रवृत्ति रहै पुन हत्ति उमंग की॥ त्यों हरितोष जु प्रेम प्रवाह सों सुख रहैं परवाह न गंग की। ताहि अनंग को दाह नहीं चित चाह पनाह जिन्हें सत संग की ॥ १२३ ॥

दोहा—जग सतसंग सुहात को, महिमा कहि न जात।
महा अधम दुर बात जो, जिहंवज्ञ ब्रह्म समात ॥१२४॥

कवित्त—सोभित गम्भीर एक हद महा धीर लिये कीर हार तीर आये वार वनिता के हैं। कूके राग नाम सुन धाई अभिराम देख मोहित निकाम प्रान वाम भये वाके हैं। कहैं तोप हरि वर हद को प्रसाद पाय वाको रच्छ राय गुन गाय कहे वांके हैं। अंत प्रान जाके भये ब्रह्मलीन जाके ऐसी भाग गनिका के जैसे भाग गनिका के हैं ॥ २५ ॥

बासी जो विदेह पुर वर की विलासी एक वेश्या नर रासी जिन भोगे बड़े बांके हैं। बैठी एक रात धनी कंतको सिहात जोहै पूछी न वि बात काहू आय पिंगला के हैं॥ कहै तोप हरि है निराम सांचो राचो हरि वांची प्रेम पगी

पति आए द्वारिका के हैं। पुंज चारुता के वस कृपा भये ताकि येसे भाग गनिका के जैसे भाग गनिका के हैं ॥१२६॥

दोहा—चहो सुकवि अब द्वात तुम, हो गुनज्ञ विख्यात।
धन्य तुम्हारे मातु पितु, भाषत हो शुचि बात ॥१२७॥

कवित्त—धन्य कविता के हैं करैया कवि बांके जग कृपा राधिका के चोंट टांके शक्तिपवि की। माधुरी में लीन कहँ युक्ति बीत बीन जऊ होवत प्राचीन पै नवीन मानो अब की। कहैं तोष हरि वह सूक्ष्मसुदेश जहां नेकन प्रवेश गति लेश लहै रवि की। सूझै ना समात है पिपीलिका को बात कहा बेध बंहा जात है सुहात मति कवि की ॥ १२८ ॥

वेश्योवाच।

दोहा—चहो रसिक तुम धन्य हो, तुम सम जग नहिं अन्य।
सब अनुचरी अनन्य मैं, देख भई लावन्य ॥ १२९ ॥

कवित्त—चास चतुराई की लताती सूक जाति पुन बुद्धि चंवराई कोप तासों नहि पावतै। जानतो न रस कोऊ वसिया जगत बीच रसिया निपट कैसे नायक कहावतै ॥ कहै तोष हरि गुन औगुन को ज्ञाता कौन दाता और सूम को बिभाग दरसावतै। कौन जगदीश्वर अनीश्वर पै दाया कर रसिक कवीश्वर महीश्वर बनावतै ॥ १३० ॥

कविरुवाच।

ताकि गेह माहे उत्साह तो अथाह देखो रसके प्रवाह भरे चाह लसते रहैं। दारिद्र कमानि के हवाले सो न होत क्योंहू नाहि अघवाने विष मले डसते रहैं ॥ कहै तोष हरि

त्यों न व्यापत संताप तिन्हैं मोह को कलाप याप नित्त हंसते रहैं। जाके छवि छायो उर पुंज करुना को सदा संग राधिका की कृपा वांकी बसते रहैं ॥ १३१ ॥

दोहा—सोभित यों संवाद कर, रखि दृढ़ मर्य्याद।
भये सबै अहिलाद युत, बाढ्यो अधिक सवाद ॥ १३२।
कानन सुनी बनाय जों, ये सुयुक्ति सुख पाय।
चाय चढ्यो तब चित्त में, कीनो ग्रन्थ सुहाय ॥ १३३ ॥
छवि आकर कवि हृदय में, उदित सुधाकर ग्रंथ।
याते नाम रख्यो सुकवि, हृदय सुधाकर ग्रन्थ ॥ १३४ ॥
राज नीति जाने महा, बाढै पुन्य प्रतीति।
मीत तपत उर मीत हो, पढै जो ग्रन्थ सप्रीति ॥१३५॥
चित्त विलासी ह्वै गयो, देह बिनासी जान।
सुख रासी यह ग्रन्थ जग, भासी रहै निशान ॥ १३६ ॥
रात दिवस जान्यो नहीं, परी प्रेम की बात।
नव मुक्ता अविदातये, रचे कवित्त सुहात ॥ १३७ ॥
मैं भाषा कवि मन्द मति, कवि आशय जु बुलंद।
बंद रसिक जन के चरन, रच्यो ग्रन्थ सम चंद ॥१३८॥
श्री युत महिमा धाम है, नगर अमृतसर नाम।
मन तन को आराम जहं, कीनो ग्रन्थ तमाम ॥ १३९ ॥

श्री अमृतसर को वर्णन।

कवित्त—सोभित पंजाब में प्रतच्छ आफ़ताब सी है जाकी देख दाब स्वर्ग ताब कौ न धरि है। बाला रति रानी जहां मित ... ... मुदा दानी इन्द नर है ॥

कहै तोष हरि सत संग रंग बरसत परम उमंग की तरंग रह्यो भर है। देत अवदर है न देत जम डर है सुहोवत अमर है जुदे देखै सुधासर है॥ १४० ॥

हौं द्विज बिलासी बासी अमृत सरोवर को कासी की निकट तट गंग जन्म पाया है। शास्त्रहौ पढ़ायाकर प्रीति पिता पंडित ने पाया कवि पंथ राम कौनी बड़ी दाया है॥ कहै तोष हरि नाम काव्य मै है ठहिराया जैसा कुछ आया सो प्रबंध मैं बनाया॥ प्रेम को बढ़ाया अब सीस को नवाया देखो मेरे मन भाया कृपा पांय पै चढ़ाया है॥ १४१ ॥

जौ लौं जीव देह को सनेह रहै जग बीच अरुज अछेह सुख गेह रहैं लहते। सज्जन हौं मित्र औ पवित्र श्री-धनागम हो प्रकट अमित्र के हिया औं रहैं दहते॥ कहै तोषहरि और मोको है न ठौर हरि स्वामि सिर मौर तूं है तो सौं रह चहते। भूले और काम रहै याद तेरो नाम मेरे स्वास हो तमाम तब राम राम कहते॥ १४२ ॥

दोहा—संवत नव हय निधि ससी, त्रयोदसी बुधवार।
चारु चैत्र तम पच्छ मे, पूरन ग्रन्थ विचार॥ १४३ ॥

इति श्री सारस्वत वंशजन्मना पंडित संतोष सिंह शर्मणा द्विज-मना रचितं यतीन्द्र वैश्या सम्वादात्मकं कवि हृदय सुधा कराख्यं काव्यं संपूर्णता समाप्त्।

विज्ञापन।

श्री राधासुधाशतक ।

श्री राधाचरण सरोज राजहंस गोस्वामि
श्री हरिवंशहित जी के द्वादश मुख्य शिष्यों के अन्तर्गत
श्री स्वामिनी जी के अनन्य उपासक हठी रचित ।

भारतभूषणभारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र द्वारा

संशोधित और संगृहीत ।

हिन्दीभाषा के प्रेमी तथा रसिकजनों के मनोविलास के लिये
क्षत्रिय-पत्रिका सम्पादक श्री मे० कु० बा० रामदीन सिंह द्वारा
प्रकाशित ।

पटना—"खड्गविलास" प्रेस–बांकीपुर ।
साहबप्रसाद सिंह द्वारा मुद्रित ।

१८८७

हरिश्चन्द्राब्द १२

मधवार]

श्री

राधासुधाशतक।

—०※०—

दोहा—श्री वृषभानुकुमारि के · पग बन्दौं कर जोर ।
जे निसि बासर उर धरैं · ब्रज बसि नन्दकिसोर ॥ १ ॥
कीरति कीरतिकुंवरि की · कहि कहि थके गनेस ।
दससतमुख बरनन करत पार न पावत सेस ॥ २ ॥
ब्रज सिव सिद्ध सुरेस मुख · जपत रहत निसि जाम ।
बाधा जन की हरत है · राधा राधा नाम ॥ ३ ॥
राधा राधा जे कहैं · ते न परैं भव फंद ।
जासु कन्ध पर कमल कर · धरे रहत ब्रजचन्द ॥ ४ ॥
राधा राधा कहत हैं · जे नर आठौं जाम ।
ते भव सिन्धु उलंघि कै · बसत सदा ब्रज धाम ॥ ५ ॥
बन्दौं पग पङ्कज सदा · नंदनन्दन ब्रजचन्द ।
राधागुन बरनन करत · फिर न परौं भव फन्द ॥ ६ ॥
नित्य किसोर निकुंज बन · सह गोकुल गोथोक ।
छिन बिछुरत नाहिन दुहो · बिहरत श्री गोलोक ॥ ७ ॥
सेवत ललितादिक सखी · जे प्रिय परम प्रवीन ।
कोटि कोटि छवि आगरी · सुर मुनि बरनन कीन ॥ ८ ॥
गुरुपद हिय में धारि कै · सुमत वेद परमान ।
हठी कछू बरनन करत · राधा रूप निधान ॥ ९ ॥
रिषि सुदेव बसु*ससि सहित निरमल मधु कौ पाय ।
माधव छतिया भृगु निरखि · रच्यौ ग्रन्थ सुखदाय ॥ १० ॥
सत कवित्त मोदक सहित · सुधा सार इन माहिं ।
रसिक भ्रमर ते लहत हैं · ब्रज पादप की छाहिं ॥ ११ ॥

कवित्त—काहू कौं सरन संभु गिरजा गनेस सेस काहू को सरन है कुबेर ऐसे धौरो को । काहू को सरन मच्छ कच्छ बलिराम राम काहू को सरन गोरो सांवरो औ छोरो को । काहू कों सरन सीध साधन सराध ब्याम मेरो

---

* संवत १८३७।

नैम नग अंग दाहियतु है ॥ ऐसो चित चाहै चरचाहै दुनिया की छठी चाहै छूटै एक तौन ठीक ठाहियतु है । जन रखवारी की सु प्रभु प्रानप्यारी की सु कीरतिदुलारी की नजर चाहियतु है ॥ ७ ॥

अतर पुतायो मढ़ो महल सुगन्धन सों द्वारे गज मोतिन की तोरनै तनी रहै । चन्दन चहल चारु चांदनी चँदोवा लाल ए गोपमाल मनी कनी कोरनै घनी रहै ॥ उमा चौर ढारे रमा आरती उतारै ठाढ़ी रंभा रति मैनका सी कोटिन जनी रहै । छठी देवतान की दिमाकदार रानी तेऊ राधे महरानी जू के हाजिर बनी रहै ॥ ८ ॥

मोतिन की तोरनै तमासेदार द्वारै वारै अमित तरैयन को सोभा बड़ सान की । मखमली गिलम गलीचा सखतूलन के अतर अतूलन की भौंव छठी मान की ॥ जरकसी जरद जलूसन की गद्दी कर रवि छवि रही झुकी झालर बितान की । कंचन की बेली रमा रति सै नवेली अलबेली रंग रावटी अकेली वृषभान की ॥ ९ ॥

अतर पुतायो चौक चन्दन लिपायो बिछी गिलम † गलीचन की पंगति प्रमान की । कारी हरी पीरी लाल झालरै झलक रही जैसी छवि छाई चारु चांदिनी बितान की ॥ झीनो सेत सारी लड़ी मोतिन किनारीदार फैली सुख आभा छठी राधे सुखदान की । माह नेह नद्दी कर रमा रूप रही कर बैठो भाम गद्दी पर बैठी वृषभान की ॥ १० ॥

कंचन फरस फैलो मनिन मयूखैं तन्यो जरी को बितान तेज तरनि तरा परै । पांवड़े बिछौना परै मोतिन के कोरवारे चारौ ओर लोर की प्रभा भरी भरा परै ॥ डोरन तखत बैठी राधे महारानी छठी रंभा रति रूप गिरि धमक धरा परै । छूटी सुखचन्द चारु किरन कतार सांध छ्वै छ्वै चन्द्रमण्डल सो छवि के छरा परै ॥ ११ ॥

कंचन महल चांदै चांदनी बिछौना छठी गावतीं प्रवीनै बीनै झीनै मृदु पान में । रमा छत्र तोरै उमा ठाढ़ी कर जोरै सची सीस चौर ढोरै राधे सोवै सुखसान में ॥ मनिन की मालन की पवन प्रवालन की मञ्जुल मयूखै भूखै कोटिन प्रमान में । जरकसी सारी अङ्ग भूषन जराऊ बैठी जरकसी सेज जरकस के बितान में ॥ १२ ॥

ए गोलमणि ।

† नरम रुई की पतली पतली गद्दी ।

चांदनो में चांदे लग्यो चांदनो चँदोवा चारु चांदनी बिछौनन अधिक छवि छाई है। बड़े बड़े मोतिन की लरैं करैं चारयो ओर बीच बीच जरी कोर सोहत सुहाई है॥ गोरे गात सेत सारी हीरन किनारी घनी इन्दु से बदन राधे इन्दिरा लजाई है। भाल दिये चन्दन सुनेह नन्दनन्दन सों मदन सु म्धन सों सेज पर आई॥ १३॥

मखमली गिलम गलीचन की पांति चारु जरकसी सेज तैसी रही छा छाइ कै। हीरन के मनिन के मोती मालती के हार लालन प्रवालन के ल वती बनाइ कै॥ एकै लिये सारी जरतारी कनीकोरवारी एकै हठी बीन रिझावै गीत गाइ कै। चन्दन चढ़ाय भाल बन्दन लगाइ राधे बैठी चन्द मन के मन्दिर पर आइ कै॥ १४॥

कञ्चन महल चौक चांदनी बिछौना तामैं जरी को बितान तान भा जोति मन्द की। लालन की मालैं लाल सारी कोरदार अङ्ग ओठन की लाली जिमि लाली जोवबन्द * की॥ रम्भा सो रमा सो खासी दासी मैनका सी हठी ठाढ़ी कर जोरे तेज छीनैं जोति चन्द की। गावै वेदबानो औ रटत भवानी राधे बैठी सुखदानी महारानी नँदनन्द की॥ १५॥

सारी जरतारी लगी मनिन किनारी दुति दामिनी कहारी गात जातरूप कन्द है। हार हियैं भूषन जराऊ भाल बेंदी लाल अधर प्रवाल बिम्ब बंधु जोवबन्द है॥ उमा की रमा की सुखमा की देवमा की हठी रम्भा इन्दुमा सी उपमा सो गति मन्द है। तारापति कैसो मुख लाजत गुबिन्द बारी मखतूल पै बैठी राधे धवल विलन्द पै॥ १६॥

चन्दन लिपायो चौक चांदनो चंदोवै तामें चांदनी बिछौना फैली लहर सुगंद की। चांदनी की माल मोती चंद मग चमकत चारयो ओर चंदमुखी चंद जोति मंद की॥ चांदनी सी चार चारु चांदनी सी फैली हठी चांदनी सी चांदी के सिंहासन सुधा कंद की। चंदन की चौकी बैठी चंदन लगाए भाल चंद से बदन राधे रानी नँदनंद की॥ १७॥

बैठी रङ्ग भरी है रँगीली रंग रावटी में कहाली बखानी सुंदराई सिरताज की। चांदनी की चंपक की चपला चमीकर की इंदरा तिलोत्तमा की [illegible] कौन काज की॥ मोतिन के हार गले मोतिन सों मांग भरें मोतिन

दुपहरिया का फूल। एक सीना और साफ।

सौं बैन गुही छठी सुखसाज को ॥ चाल गजराज मृगराज को सी लङ्क दुज राज सो बदन राजै रानी ब्रजराज की ॥ १८ ॥

जातरूप तखत पै बखत बिलंद बैठीजाके काज ब्रजराज भावरै भरत हैं। जरीदार द्वार में बितान तान राख्यौ छठी छरीदार ठाढ़े इतमाम बगरत हैं॥ झरीदार झालरैं झलकदार झूमैं मोती झुमकन झूमें कूं कूं उपमा धरत हैं। राधे को बदन दुजराजमहाराज जान मखत समान कोरनिस सो करत हैं॥१९॥

विज्जु की छटा सी छाती कञ्चन लटा † सी करी रूप की घटा सी सखी सेवन मैं धावतीं। सुरन की रानी लै सुगन्धन लगावैं रुचि चौरन चलाइ औंर भौरन भगावतीं॥ फूल ऐसी राजै मखतूल सेज राधे छठी फूल फूल किन्नरी सुहाये गीत गावतीं। मण्ड नवखण्ड सुखमण्डल मरीचैं दाब मण्ड कै प्रचंड चन्द्रमण्डल दबावतीं॥ २० ॥

चामीकर चौकी पर चंपक बरन छठी चङ्ग की चमंकै चारु चंचलै चमा-वतीं। तारा सी सरङ्गना सो अतर लगावै रति मुकर दिखावै चिजै बीजन डुलावतीं॥ कमला फरन जोरै विमला सुहन गोरै नवला लै मरजी की अरजी सुनावतीं। सुरन की रानी सुरपालन की रानी दिगपालन की रानी द्वार मुजरा न पावतीं॥ २१ ॥

जरीदार थान वारे छरीदार ठाढ़े द्वार बंदीजन जसभरी बोलैं बेद बानी है। चारौ ओर चंदमा सी जगमग होत बाल देखौ नंदलाल रति छबि की निसानी है। रम्भा गुन गावै सची चंदन लगावै रमा भौरन उड़ावै चौर ढारत भवानी है। छठी ब्रजमण्डल मैं रूप बगराय आज बैठी जातरूप के महल महारानी है॥ २२ ॥

कोऊ छत्र लीनै कोऊ छाहगीर कीनै कोऊ बीनै लै प्रबीनै ये नवीनै सुर गावतीं। कोऊ जरी जोरै कर अतर गुलाब बीरे लै लै अलबेली छठी धा-वन तैं आवतीं॥ कोऊ चौर ढारै कोऊ आरती उतारै कोऊ करती सलामैं कोऊ मुजरा न पावती। बैठी आन तखत पै बखत बिलंद राधे बाला दि-गपालन की माला पहिरावतीं॥ २३ ॥

फटिक सिलान के महल महारानी बैठी सुरन की रानी जुरि आई मन भावतीं। कोऊ जलदानी पानदानी पीकदानी लिये कोऊ कर बीनै लै सुहाये गीत गावतीं॥ कोऊ चीर चीनै चारु चांदनी से चौज वारे छठी लै

† लट वा लता

फैल रही दीपति मदन की ॥ हेम को छरी सों मानो मुखन जराव जरी सब गुन भरी परी छबि के कदन को। चांदनी बिछौना भाल चन्दन लगावें बाल चांदनी में बैठी लाल चंद से बदन को ॥ १० ॥

मनिमय राजें साजें मंजु सुरवान बीच मानो दिनकर कर लपटी प्रभा करें। चौमजुड़ी माली सी बिसालै बिज्जुरी सी जुरी दमकी की ध्यान निस बासर रमा करें। मुनिन के मन मनोरथ को सुदैन वारी हेर हेर हठी पाय पाइ तें बिदा करें। साकरें परे ते राधे साकरें सहाइ होत साकरें सहाय ऐसो जन को निसा करें ॥ ११ ॥

पांइजेब जेहर जराऊ जरी जोरी हठी मनि मुकतान हीरा हार उर धारे हैं। सप्तन समुद्र काढ़ी रमा रमनीय ऐसो अंगन सुगन्ध पाइ भूमें भौर भारे हैं ॥ बैठी हैं तखत फोस बखत पियारे जु को मानो काम बाम पै सुहाग चौर ढारे हैं। देखे मृगबिंद कीन्हों जौन्ह जोति मंद राधे तेरे मुखचंद पै अनेक चंद वारे हैं ॥ १२ ॥

तोरि तोरि सुमन सुहाये सुख हेरा हिये हार मालती के प्रहिराये हैं परस में। चंद्रकला प्रेमकला बिमल बिसाखा के बिमल गुन गाय गाय गयो हूं परस में ॥ केसर अतर चंप अगर लगाय हठी ऐसी भांति सेवा करो में। ललिता सखी के लोने पाय सहराये सब पाए बर पाइ पाइ में ॥ १३ ॥

[illegible]ोरी तें लखे प्राजु के ख्याल बखान कहां लौं करै मति मोरो। [illegible] पै मोर पखा मुरली लकुटी कटी में पट छोरी ॥ बेंदो बिरा[illegible]ो भाल में चूनरी रंग कुसुंभ में बोरी। मान के मोहन बैठ रहे सो [illegible]भानुकिसोरी ॥ १४ ॥

[illegible] कृष्ण को साज करै नव बेष बड़ो छबि छाई। पीत पटी लकुटी हठी सी सग धाई ॥ छूटी लटें दुलैं कुण्डल [illegible] । कोटिन काम गुलाम भये जब कान्ह ॥ १५ ॥

[illegible]ने भूलें भूमें झालरें झलकदार चांदनी बिछौना । अतर गुलाब लसलसन बिसाल छोरें महकत सुगन्ध में ॥ सुंदर सुजान है सुधर सुकुमार राधा सग मनमोहन

फैल रही दीपति मदन की ॥ हेम को छरी सो मानो सुखन जराव जरी सब गुन भरी परी छबि के फदन की। चांदनी बिछौना भाल चन्दन लगावै बाल चांदनी में बैठी लाल चंद से बदन की ॥ ३० ॥

मनिमय राजे साजे मंजु मुरवान बीच मानो दिनकर कर लपटी प्रभा करे। सौमजुही माले सी बिसाखे बिजुरी सी जुरी दगधो को ध्यान निस बासर रमा करे। मुनिन के मन मनोरथ को सुदैन वारी हेर हेर ठाढ़ी पाय पाइ तें बिदा करे। साकरै परे ते राधे साकरै सहाइ होत साकरै सहाय ऐसो जन की निसा करै ॥ ३१ ॥

पाइजेब जेहर जराऊ जरी जोरी ठाढ़ी मनि मुकतान हीरा हार उर धारे हैं। सजन समुद्र काढ़ी रमा रमनीय ऐसो अंगन सुगन्ध पाइ झूमे भौर भारे हैं ॥ बैठो है तखत खोल मखत पियारे जू को मानो काम बाम पै सुहाग चोर ढारे हैं। देके मृगबिंद कोन्हो औन्द जोति मंद राधे तेरे मुखचंद पै अनेक चंद वारे हैं ॥ ३२ ॥

तोरि तोरि सुमन सुहाये सुख हेत हिये हार मालती के पहिराये हैं सरस में। चंद्रकला प्रेमकला बिमल बिसाखा के बिमल गुन गाय गाय भयो हूं परस में ॥ केसर अतर अंग अगर लगाय ठाढ़ी ऐसी भांति सेवा करो कैयक सरस में। ललिता लली के लोनै पाय सहराये सब पाए फल पाइ पाइ राधिका दरस में ॥ ३३ ॥

सवैया—हेलीरी तैं लखे आजु के स्याम बखान कहां लौं करै गति मोरी। राधे को सीस पै मोर पखा मुरली लकुटी कटी में पट डोरी ॥ बेंदी बिराजत लाल के भाल में चूनरी रंग कुसुंभ में बोरी। मान के मोहन बैठ रहे सो मनावत श्रीवृषभानकिसोरी ॥ ३४ ॥

मोर पखा गरे कुन्द की माल करें नव वेष बड़ो छबि छाई। पीत पटी दुपटी, कटि में लपटी लकुटी, ठाढ़ी सो मन भाई ॥ छूटी लटें, डुलै कुण्डल कान बजै मुरली धुनि मंद सुहाई। कोटिन काम गुनाम भये जब कान्ह है भानुलली बनिआई ॥ ३५ ॥

कवित्त—मोतिन की झूलें झूमें झालरै झमकदार चांदनी बिछौना बिछे चंदन कदोवा में। अतर गुलाब खसखसन बिसाल भोरे मकल सुगन्ध ठाढ़ी चंदन सदोवा में ॥ सुंदर सुजान हैं सुघर सुकमार राधा सग मनमोहन

जू रहतु यदापि ...

चारु चांदनी चंदोवा में ॥ ३६ ॥

बजत बधाए गाए मंगल सुहाए सग पावड़े पराए है चवाई मुख वान की। बैठीं सुखपाल सुखपालन की रानी साथ ब्रज महारानी के प्रगट लग जान को ॥ बोल के पठाई चाई नगर लुगाई सब देखि छवि छाई जिन्हें सू झत न चान को । महरस भाई हठी कुलह सुहाई ऐसो गोकुलहि पाई राधे बेटी वृषभान की ॥ ३७ ॥

केसर सी केतकी सी चम्पक चमीकर सी चपला चमक चारु गात की गुराई है। जाको सुखचंद देख चंद मंद जोति होत जाके लखि नैन चरविंद दुति पाई है ॥ नीलमनि मोतिन की माल उर डोलत मयूर सी मरालन की पंगति सुहाई है । देखवे कौं दौर चाई गोरो ब्रजबाला सबै भानु की किसोरी चाजु नंदग्रह चाई है ॥ ३८ ॥

गाय उठीं किंनरी नरीन ये सुरन सबै द्वार द्वार नगर नगारा धुनि छाई है। सुर हरखाने दरसाने बरसाने प्रेम सरसाने फूल बरखा ले बरसाई है॥ बन्दीजनविरद बखानें भांत भांत हठी लीन्हों चवतार राधे वेदनहूं गाई है। धन्य ब्रजमण्डल सुधन्य कूख कीरति की धन्य वृषभान जू के भाग की भलाई है ॥ ३९।

देखी भटू भावती प्रकास भोर भान कैसो कोकिला से बैन नैन ऐनन लुरे गई । मैनका सी नारी हठी मैनका कहारी पयारी रम्भा रमा उमा वारी गन कौं भुरे गई ॥ कमल कली सो लली राजत चवीन बीच गोकुल गलीन में गुलाब सी कुरे गई । विज्जुल के आनन की कोटिन ससाजन की आनन को साजन की दीपति दुरे गई ॥ ४० ॥

जाके चङ्ग चङ्ग की बनक पै कनक वारें मोहे लेत मैन मन मोतिन ले वारिए। ऐसी मन भावनी सी मोहन जू कोगो मान जाको ये बड़ाई विधि गावे वेद चारिए ॥ राधे जू को बदन विलोको ब्रजचंद हठी चंद जोति मंद मंदमंद पाइ धारिए। सची मंजुघोषा सी सुमैनका तिलोतमा सी रंभा सिवा रति सी रमा सी वारि डारिए ॥ ४१ ॥

चतर पुतायो बने चासे चमखाने तामें छीटें चहूं चोरन उसीरन के चाब के। चंगन बिछौना जामें गुंजे चलिछौना हठी चौनन के तौना मोहैं सुरन रवाब के ॥ छूटत फुहारें कासमीर रंगवारे भारे बंधे हैं कतारें सघा मेघ भरदाब के । देखो ब्रजचंद जगचंद चंद मंद होत चंदन चहल राधे महल गुलाब के ॥ ४२ ॥

" मनिन मढ़न मईं महके सुगंधे मैंमो फटिक सिलानहूं को फरस ममारो है। जेवदार जर्वदार जरी को जलूमदार चौबदार बिसद बिछौनन पसारो है॥ चन्द्रमन चौकी पर चम्पक बरन उठी रंभा रमा उमा रूप गरव उतारो है। देखो नँदनंद मुखकंद ब्रजचंद आजु राधे मुखचंद चंद मंद कर डारो है॥ ४३॥

बैठी कुञ्जभौन गोरी कीरतिकिसोरी राधे छूटत फुहारे छिमधारे एक पाती है। चतर गुलाब घिस चंदन चहल मची चारों ओर सुमन सुगंध मर माती है॥ कैधों रंगवारी उठी उठतीं तरंगें त्यों अनन्त अंगना सी अंग आभ उफनाती है। बांधि बांधि परा सरासरी सुख किरनें यों छोर को धरा छूट छरा खाय जाती है॥ ४४॥

काम सरसीसी रमा उमा दरसीसी पट फूल बरसीसी घन दामिन उसीसी है। प्रेम झरसीसी मोद बसन कसीसी नीक लज्जा उकसीसी काम रूप में रसीसी है॥ लसी सरसीसी कटि राजै दरिसीसी उठी उर में बसीसी दुति जग में जसीसी है। सिंहिकार सीसी हिये अंगन ससीसी करै रति कौं इसीसी दीसी उर में बसीसी है॥ ४५॥

प्रेम की झरीसी देखो लालन लरीसी अब बाग में करी सी राजे कटि दरीसी है। बाग में परीसी वा सुहाग अगरीसी राम रूप की धरीसी रमा उस किन्नरीसी है॥ नीति अगरीसी ब्रज गोपिन बगरीसी उठी चलिये गुपालजान मोहै सुघरीसी है। दिपति परीसी है बसत सुरसरीसी है प्रेम की छरीसी मदन की बरीसी है॥ ४६॥

सवैया—भौन तें भौन कें आतुरसी कढ़ि देखन आवें सबै ब्रज नारें। पीरो दुकूल सिंगार सजै मनो फूलि रहीं बन चम्पक डारें॥ पाइन तें अंगुरी नख लौं उठी लाली की लोयें कढ़ी पसरारें। मैली भई उपमा सिगरी मनो फैली भई में महावर धारें॥ ४७॥

कवित्त—चन्द की कलासी नवलासी सखी संग बारीं रंभा रमा उमा उपमा कों को रही। कीरतिकिसोरी वृषभान की दुलारी राधा आली बर मालों को मढ़क चित चोरही॥ भौन तें निकसि प्यारी पाय धारे बाहिर लाली तरवान की उमडि इक ओरही। डगर डगर अरु डगर डगर घर नगर चारों ओर दुति हो रही॥ ४८॥

सवैया—नवनीत गुलाब तें कोमल है उठी कंज की मंजुलता इन में। गुल लाला गुलाल प्रवाल जपा छवि ऐसी न देखी ललाइन में॥ सुनि मान

छठी पानी के। जोग जग्य जप तप कछूवै न साधे ऐसे पद पवराधे छम राधे महरानी के ॥ ५५ ॥

जाकों नेति नेति कहि वेदन बखाने भेद नारद न जानें मखीं काहू ठीक पारो है। संभु सुर सुरपति सुक मुनि आदि दै कै हारि जोग जग्य जप तप तन गारो है॥ छठो की सधार वृषभान की कुमारि ऐसी तीन लोक जाको कृपा कोर को पसारो है। चार मुख वारो विधि कहै का बिचारो दससतमुख वारो राधा गुन कहि हारो है ॥ ५६ ॥

कंचन अटा पै बैठी जोवत घटा हैं प्यारी बिज्जु की छटा सी सखी सेवत सिहाती हैं। कोऊ कर बीनै एकै गावती प्रवीनै छठी राग रागनीन के प्रमान दिखराती हैं॥ राधा मुख चंद की मरीचैं ब्रजचंद ए उमंड कै प्रचंड छ्वै मै ऐसो सरसाती हैं। मंड खंड मंडल कों दाबि कै अखंडल कों फोर चंदमंडल कों कोर कढ़ि जाती हैं॥ ५७ ॥

अमर लिपायी चौक अगर सुगन्ध धुन्ध नगर नगर फैल चारों ओर हो रही। पांवरीन पांवड़े पराये पौर बाहिर लौं दीपक धराये मन भाये मग जो रही॥ सकल सिंगार साज रावरेई पास छठी ऐसी भांति भावती की भयी भौन भोरही। आलम उनीदी दृग मूदो चटकाइ बार सुन्दर सुघर सुकुमार सेज सो रही ॥५८॥

बैठी कुंज भौन महरानी सुखदानी सदै किंनरी नरी नए सुरीन सुर गावती। कौरें कौरें कौंलसी सुवासें इन्दु आननसी प्रमुदित भूमि भूमि पग सहरावती॥ लै लै री सुगंधें गुंजैं धीरैं धीरे प्यारी पर भौरन की भीर छठी ऐसी छबि छावती। गोरें गोरें गातन पै नवल किसोरी जू के स्याम रंग वोरे, मनो चौरन चलावती ॥ ५९ ॥

सवैया—हीरन के छठो हार गरें गजरा गज मोतिन के सुखदानी। जोरै जरी भरी मांग सिंदूरसुरेखा रमा रति रूप नसानी॥ प्रभा प्रभाकर लाजन को पसरी किरनै सुषमा सरसानी। को है त्रिलोक मैं मोहै नहीं लखि सोहै सुहागिनि राधिका रानी॥ ६०॥

सोनै सखी ललितादिक सङ्ग उमङ्ग सों श्रीवृषभानुदुलारी। मालती कुंद निवारी गुलाब सुफूल रही चहुंघां फुलवारी॥ हिम के छूटै फुहारे छठी मघवा मघ मेघ महा सरकारी। चौक पै चौक सों मौज भरी बन्दि बैठी बिलोकत राधिका प्यारी॥ ६१॥

कवित्त—मान करि बैठो वृषभान की कुंवर कुंज आनिये कहाधौं सखि

वृषभान की ॥ ७४ ॥

फिरत कहा है बीर बावरी भई सो तोहि कौतुक दिखाऊं चलि पै कुञ्ज हारी के। निमिष निहारे छोठ कितहुं न टारे मार नंद के कुमार मैं सेन सुकुमारी के ॥ करन पसार कर दृगन लगावे हठी वस परे गरबीली ग्वा सुकुमारी के। चाई देखि हौं हूं भी दिखाऊं तोहि चलि लाल चरन पलो वृषभान की कुमारी के ॥ ७५ ॥

झूमि झूमि चाये घूमि घने घनश्याम चाली कूकै काकपाली कामपाले बरसात है। ऐसे समे कुञ्जभौन कीरतिकिसोरी तोन मखिन समूह साथ सुर सरसात है ॥ कहा कहौं तोहि ताहि देखि चाई तैसे भटू कौतुक बिलोकि हठी हिय हरषात है। जमुना के तीर बहै सीतल समीर तहां मीर सलबीर जू को बनि बनि जात है ॥ ७६ ॥

राजै सुभ सीस छतै मुकुट मटक वारो हन मोस चाली भांत चन्द्रिका निहारी में। छती बनमाल छतै मोतिन की मान वर बानिक बिमाल हठी काम रति वारी में ॥ चाव निज नीरे नैकु सुमन सुंघाऊं ताहि सुखद सुहागभरी बात हितकारी में। निज चंधियारी में निकुञ्ज की गली में जात चाजु घन चंद मुखचंद की उजारी में ॥ ७७ ॥

चाजु हौं गई तो बीर सघन निकुञ्जन में कौतुक विलोको तहां सब सुख-दानी के। कहत बने न सौंपि चपरज बात हठी कहि कहि हारे सुख चाग बेद बानी के ॥ भ्रवन सुने न मानें चांखिन दिखाऊं तोहि चलि दुर मेरे साथ चरित गुमानी के। चूटे मुख मोटैं करें मनुहार कोटैं बैठे पायन पलोटै लाल राधा महरानी के ॥ ७८ ॥

सवैया—माखन तें मखतूलहु तें सुकमार सिरोमन कंज कली के। लाल गुलाब प्रवाल के भूषन दूषन है घनश्याम छली के ॥ चाली गुलाब की चावहि वारिये वारिये ये ब्रजकुञ्ज थली के। भानु प्रताप को निंदत है पद बंदत हौं वृषभानलली के ॥ ७९ ॥

ब्रज की बनि चाजु निकुञ्जन में सुमपुञ्जन सों बरसावत है। तिय को ... चानन सों मुखचंद निहार घनो सुख पावत है ॥ रस बात सनेह की ... सुन मंजु सुने हिय में हंसी चावत है। करि केलि थकी ललि प्रान ... दा पद चांपत प्यारी सुनावत है ॥ ८० ॥

कवित्त—चांदनी के आंगन बिछौना मीके चांदनी के चांदनी सी देखि अंखियान सुख लह्यौ है। चांदनी सी चीर चारु चांदनी के आभूषन चम्पक के गातन बखानो जाते कह्यौ है॥ हठी आस पास बैठी सुघर सुजान सखी जिन्हैं देखि रति को गुमान जात बह्यौ है। राधे मुखचंद की निकाई ब्रजचंद आज अवनी अकास लौं प्रकास फैल रह्यौ है॥ ८१॥

सवैया—चंद सो आनन कंचन से तन हौं लखि कै बिन मोल बिकानी। औ अरविंद सी आंखिन कौं हठी देखत मेरि ये आंखि सिरानी॥ राजत है मनमोहन के संग वारौं मैं कोटि रमा रति वानी। जीवन मूर सबै ब्रज की ठकुरानी हमारी है राधिका रानी॥ ८२॥

रम्भा रमा सी उमा सी हठी बिमला नवला रति रूप छली सी। चांदनी चम्पा चमीकर सी चपला चमकाहत जात चली सी। आगन आजु लखी भरि नैनन बावरी आवत देखि भली सी। जात चली गली भानुलली अली मंजुल कोमल कंज कली सी॥ ८३॥

जाकी कृपा सुक ग्यानी भये अति दानी औ ध्यानी भये त्रिपुरारी। जाकी कृपा विधि वेद रचै भये व्यास पुरानन के अधिकारी॥ जाकी कृपा तैं त्रिलोक धनी सु कहावत श्री ब्रजचंद बिहारी। लोक घटी सैं हठी को बचाउ कृपा करि श्रीवृषभानदुलारी॥ ८४॥

कवित्त—कौल तें सुभामै कौन छवि कमला मैं तुलै फूलन तुला में चढ़ी प्रेम के पला मैं है। सेवै बसु जामै छोड़ छोड़ निज धामैं सुरपालन की बामैं करै पौन अचला मैं है॥ रूप के भला मैं देखी नन्द के लला मैं हठी रति अबला मैं कहा सोभा नवला मैं है। चन्द की कला मैं न चमङ्क चपला मैं ऐसी लखित ललामै राधे कारती भलामैं है॥ ८५॥

सोहै सुररानी ब्रजरानी के समीप हठी सुन्दर सुघर सुकुमार तन छोटे री। एकै चौंर कीनै एकै पानदान लीनै एकै आवत की भोरै करै अखल की चोटे री॥ एकै कर जोरै एकै करती निहोरै एकै गाय कै प्रवीनै मन प्यारी को पगोटे री। लूटै मुख मोटे एकै सेवती निखोटे एकै बांधि बांधि जोटे कोटे अरुन पलोटे री॥ ८६॥

रम्भा को रमा को इन्दुमा को औ तिलोतमा को उमा को रमा को कौन-मा कौं हठी भावरे। कमला को विमला को नवला को चपला को सुखमा को उपमा.को भलो चित चावरो॥ मैनका को मोहनी को मुखी सत्यभामाहूं

सदा करुनानिधान की ॥ दीनन की प्रान लोकपाल दयासिन्धु तीकों ध्यावत गुपाल जिन दावानल पान की । सोचै नहीं मन मेरो दोचै नहीं काम राखे तेरेई भरोसे यह बेटी वृषभान की ॥ ८३ ॥

रुक्मिनी सी रति सी सची सी सत्यभामा सी सु भीषम की भासी जमनासी गौतमासी है। रम्भा सी रमा सी घो सुकेसी मंजुघोषा कैसी नवला सी उमा सी प्रभासी कौसमा सी है ॥ तारा सी तरंगना सी मेनका तिलोतमा सी राधा महरानी छठी छवि की प्रभासी है । कमला सी कमल सी नवला नवीन जामें छाजत छमा पै इन्दुमा सी चन्द्रमा सी है ॥ ८४ ॥

रमा को कहा है रति रम्भा को कहा है ए बखाने बिधि धारी सुखधारी देव सौगुनो । सची को कहा है सत्यभामा को कहा है चरु चंद को कहा है जामें राजत है सौगुनो ॥ चम्पा को कहा है चामीकर को कहा है चारु करके बिचार निरधार छठी सौ गुनो । राधे महरानी जू को रूप सब रूपन ते दुगुनो है तिगुनो है चौगुनो है सौ गुनो ॥ ८५ ॥

गिरिपति लागी मेरु मेरुपति लागी भूमि भूमिपति सेस कोन कच्छ कोरधारी सो । दिगपति लागी दिगपालन के हाथ छठी सुरपति लागी सुरपाल छत्रधारी सो ॥ दानपति करन बारन पति लागी बलि बलि पत लागि कइलास के बिहारी सो। तीनों लोकपति ब्रजपति सों लगो है ब्रजपति पति लागी वृषभान की दुलारी सो ॥ ८६ ॥

चांदनी के चौक बैठी चांदनी के आभरन चम्पक बरन छठी ऐसी दुति फीकी है । मोतिन के हार गरे मोतिन सों मांग भरे मोतिन सिंगार करे प्यारी प्रान पी की है ॥ ऐसी सुकुमार वृषभान की कुमारि घोर सबै रूप मोहिनी की लागत रती की हैं। रमा ते उमा ते कौलमा ते कोलमा ते इन्दुमा ते वरमा ते चन्द्रमा ते चारु नीकी है ॥ ८७ ॥

गति पै गयन्द वारौं पग अरविन्द वारौं छठी अलि वृन्द वारौं अलकन फन्द पै। गुलफ गुलिन्द वारौं सीलता पै सिन्धु वारौं सकल सुगन्ध वारौं मुख की सुगन्ध पै ॥ कटि पै मृगेन्द्र वारौं तन छवि वृन्द वारौं बेनी पै फनिन्द वारौं लाल नदनन्द पै। पीठ कौरबंधु वारौं हांसी सुधाकन्द वारौं कोटि कोटि चन्द वारौं राधे मुखचन्द पै ॥ ८८ ॥

कीरति किसोरी वृषभान की दुलारी राधा सहज सलोन से निकुंजन की डगरी । चरन की चोकी को चमक चारु चंदन की सैयो रंग रंगन की कोनि

ब्रज मगरी ॥ देखे पर हारे वारे तन मन प्रान छठी रूप चकचौंधा रही चौंध चष नगरी। कैधौं सुखमा है की दमा * है की तमा † है के उमा है इन्दुमा ‡ है की रमा है रूप अगरी ॥ ९९ ॥

मनिन अटा पै ठाढ़ी पुरट पटा पै प्यारी रूप की घटासी देखि रीझ गुपाल है। चरन करन की यों चमक आभरन की तन अंभरन की सु फैलै प्रभा लाल है ॥ जकि रहे थकि रहे देखि चकचक रहे छटी नर नारिन की ऐसो भयो हाल है। कैधौं कछू ख्याल है के मोहिनी को जाल है कै बालक की माल है की मदन मसाल है ॥ १०० ॥

गिरि कीजे गोधन मयूर नव कुंजन को पसु कीजे महाराज नन्द के नगर को। नर कीजे तौन जौन राधे राधे नाम रटै तट कीजे बर कूल कालिंदी कगर को ॥ इतने पै जोई कछु कीजिये कुंवर कान्ह राखिये न आन फेर छठीके झगर को। गोपी पद पंकज पराग कीजे महाराज तृन कीजे रावरेई गोकुल नगर को ॥ १०१ ॥

चौक परी सुखन समोई लेत सासन को आमू ढार कहै सुन सखी अभिराम री। उतरी विसासी ब्रजबासी कान्ह भेंटो भटू सारिका सुवा के सोर कीनै काक काम री ॥ एक यों निहारी हेम पूतरी स्वपन मांह आयो ओर सिन्धु सोभा ललित ललाम री। कित वह ठाम कित मनिन के धाम धार किते सुखग्राम किते गये घनस्याम री ॥ १०२ ॥

सवैया—परी रहै वैर परोसनै पै ननदी उर साल सी सालहि री। वह धाम बुरो ब्रज को सजनी छठी क्यों लखिये मुख लालहि री ॥ बड़ी पांखिन मोर की पांखिन को तू सिंगार वहै प्रति पालहि री। अब मेटौ वियोग विथा तन की भरि कै भुज भेंटौ गुपालहि री ॥ १०३ ॥

इति राधासुधाशतक समाप्तं शुभमस्तु।

---

* दमा—बिजली। † तमा—संध्या। ‡ इन्दुमा—पूर्णिमा।

अथ कलाम मुल्क का मेवाड़ आसामानी
चूड़ियां (ऊर्दू)

चूड़ी जाना-चूड़ी जाना यहाँ में पहरने का
यह मेरी औरत जानती और पुरानी चूड़ी

श्री राधारमण का शृङ्गार।

यमक संग्रह और प्रेम पद्धति।

मनोहारिणी कवितामय छोटे छोटे लेख।

भा० भू० भा० श्री हरिश्चन्द्र कृत।

जिसको हिन्दीभाषा के प्रेमी तथा रसिकजनों के मनोविलास के लिये
क्षत्रिय पत्रिका सम्पादक श्री म० कु० बा० रामदीन सिंह ने
प्रकाशित किया।

पटना—"खड्गविलास" प्रेस—बांकीपुर।
साहिबप्रसाद सिंह ने मुद्रित किया।

१८८० ई.] [ह. म. ६

प्रथम बार].

श्रीराधारमण का शृङ्गार।

—※—

सोरठा—है ससि दीय चकोर, है बपु एकै तन धर्यौ।
जै जै जुगल किसोर, बिदित नाम राधारमन॥

कवित्त।

सुन्दर सचिक्कन सुढार स्याम सोहै महा लावन्य धाम लटक निज अङ्ग की।
कोमल चरन कौंल नटवर ठौर मोर पोर पोर छोरे छबि कोटिन अनङ्ग की॥
अङ्ग गति लङ्गतें सुअङ्ग सों तिरीछे ठाढ़े मृदु कर कीन्हे मुद्रा वेनु के प्रसङ्ग की।
कुण्डल स्रमन सीस चन्द्रिका नमन जैजै राधिकारमनलाल ललितत्रिभङ्ग की॥
किङ्किनियां कनियां पैंजनियां पगनियांकी चमोलाई बिरियांमें भूपनउतारिकें।
छबि छलकनियां माखनियां मृदुल अङ्गललित त्रिभङ्ग लटकनियां सुढारि कें॥
नीलमनियां सी गात लालमनियां से होठमन्द मुसकनियां पें बेसर संवारि कें।
सैनसमयकेसोवनि ठाढ़ोहैचिकनियां सी छयल छिकनियांसोतनियां सिंगारकें॥
झलक कनक रङ्ग बगड़ी धों बसन यामो बादलबस्तयादि बाजू गहे गह गह पै।
छिये बीच हीरनके हारनपे हारतापे मोतिनकी मालकों सिंगारी तहतहपे॥
कलगीको जमग जलूम मोर सिखाहूको निजजू धुजाज्यों रूपसागरके दह पै।
कुण्डल मढोडपे जवाहर दुछोरछोगा जटित जड़ाऊ जोड़ झुक्यौ है कुलहपै॥
नटवर दर ढारो पग अरुनारो तापैं नख उंजियारो निज कवि पुज तारो है॥
एक डारो हीराही को टोडल वजन धारो कटिपट कंचनपे पटुका ढरारो है॥
सङ्कलदकारो ठारो ललितत्रिभङ्ग प्यारोधारो हिय हारोनासा बेसर संवारो है।
दृगअनियारो भोरीसुख मुसिक्यारोकानकुण्डलनिहारोसीससोहतटिपारो है॥
फैलछबि मलितपैं छलित मनोजकोटि कुसुमकलितचोटी पड़ोलौं खलित है।
पलकें डुलित कंजनैन प्रफुलित बांकीभौंहकोटलितनासा सरोंगी फलित है॥
तुकलित बिम्बाधर वेसर हलितनिज बांसुरी नलित बाहु बलया बलित है।
हारन रलितकान कुण्डल चलितहीरामुकट ललितकोटि चन्द्रमा स्वलित है॥
हीरन के हार को अपार दुति अंग अंग ललितत्रिभङ्ग निज कोमल अगार है।
ता॰ को हजार तापे काछनो काछो है धारू बांसुरी अधर धार नटवर टार है॥
भौंहें छतनार नेना खंजनसे पहदार छूट्यो लटवार है कपोलन के पार है।

कुण्डल सिंगार कामकुण्डल मयूराकार जटित जराऊसीस कुंडकी बहार है।
जटित जराऊ जगमगत टिपारो सीस जाहर अनूप निज कलगी मयूर की।
सोहत जवाहर के कुण्डल जरवदार जालम जुलफ और जोबन गरूर की।
फबदार भौंहें जेर जहरी जुलम आंख जलजजुनाक जेब होठन के नूर की।
पटुका जरद जरतारी अद्‌भ जाविचापें जोत बिजली की होतहालतकपूर की॥
बांकीभालचंदीभौंहेंभृकुटी जड़ाऊजाकीबांकीसिरपेंचपाग मोरपिच्छटांकी है
बांकी श्रौनकुण्डल श्रीकुन्तलअलकबांकीदृगकीचलाकीभरीऐनसुखमा की है
निजकविनामियाकीजलजजुलावाबांकीअधरसुधाकीछाकी बांसुरीपदाकी है
पीताम्बरपटुकाकीललितत्रिभङ्गताकीराधारौन प्यारेबांकीझांकीअतिबांकी है

दोहा—जै जै जै राधारमन, जुगल बेष बपु एक ।
देहु लडैतो स्याम घन, चित चातिक लों टेक ॥ १ ॥
जै जै श्रीराधा रमन, द्विविध तन एकै देहु ।
चारु चरन नख चन्द्रको, निज चकोर करि लेहु ॥ २ ॥
सोरठा—निजकवि निज शृङ्गार, निज करि जो गावै सुनै ।
राधा रमन उदार, ततछन हिय में झलमलैं ॥ ३ ॥

पूरन सुकृत फल श्रीभट गुपाल जूके भक्त महिपाल जूके मुकुट मगन जू।
दौरे गजराजकाज लाजराखी द्रौपदीकीधाके गिरिराजदेव मदके दमन जू।
निज दासी दीन दुख हरनचरन चारु सुखके करन सदा संपदा भवन जू।
मुरली लकुटधारे चन्द्रिका मुकुट धारे दुरित हमारे दरो राधिका रमन जू।
दिनदिन दूनोदूनो समय यौं दुसहजातदाताहुखी दारिद दमामेंदुरंमाखिये।
दुष्ट दनुजन माहिं दौलत दगाज दीखे दरदनदारी दगादारी दम लाखिये।
दिसिविदिसिदौरि दौरिकलिहू दमामोदितदामोदरदेव निजदास अभिलाखिये।
दीनबंधु दीनानाथ दीनके दयाल दानीद्रुपददुलारीलौं हमारीलाज राखिये।
हम अति घोर पापीलंपटकुटिल बुद्धिमति सुभावरचिछाया मतिछीजियें।
आप ही हौं कारन प्रकृति निरधारनके एही सरवज्ञ जगदीसमुनि लीजियें।
निजतो मनुजकीटदुस्वज बिहारीमाया निग्रह अनुग्रहरचैसोन्याव कीजियें।
सरन तिहारी प्रन तारत दरन नाथ राधिकारमन जू चरन रति दीजियें।

दोहा—श्रीगुरु भट्ट गुपाल के, परम लड़ैते लाल ।

दोहा—निबरी नवरी सौंचकहुं, कबरी कबरी रात ।
कहा बनखनखचै चिते, कुच कपोल दरसात ॥ १ ॥
दीठ दुरावन के लिये, दिये दिठौना बाल ।
दीठ दीठ हग सी लसी, पीठन देत बिशाल ॥ २ ॥
मनैन नैन विलोपि कपि, निरतत भौंह तनैन ।
सैनन बीर दिने न करि, याछिन बात बनैन ॥ ३ ॥
सौ सौ सौहैं करी कगि, भौंहैं नोक नचाय ।
हम जानत गौं हैं लला, पिचकारी धरि धाय ॥ ४ ॥
थिरकत फिरकीमेंफिरकी, फिरकी फिरकी धाय ।
कहत कबीरन मौज मुख, चीर अबीर लगाय ॥ ५ ॥
मागैमिलतनमुक्त सखि, सगुन श्याम मुखभाय ।
निरगुन ह्वै मुक्तावली, मुक्त भई पग जाय ॥ ६ ॥
तेरी बहुतेरी सुनी, मेरी सुनि अब श्याम ।
तोहि नागरी करैंगी, गुनन आगरी बाम ॥ ७ ॥
हारबार सुरझात नहि, बार बार उरझाय ।
रोरी झोरी में भरे, छोरी में उकताय ॥ ८ ॥
पिचकारी कारी लगी, सिसकारी सुकुमार ।
अवांगरी धारी लंगर, लपकि लेत बलिहारी ॥ ९ ॥
यारी प्यारी सफल करि, प्यारी प्यारी रैन ।
अन्धियारी उजियारियां, कदम कुंज सुख दैन ॥ १० ॥
रसकेली खेली लली, आज अकेली कुंज ।
सुकुरबिलोकिकपोलछवि, इन्द्र बधूटिन पुंज ॥ ११ ॥
अधिक अधिक के बांन तें, बंक बिलोकन लाल ।
वह परसत प्रानन हरै, यहचितवततत्काल ॥ १२ ॥
रसन कसन कल कंचुकी, कस न निकासै जीय ।
विकसतपटनिकमनकुचन, चितवत दरकै हीय ॥ १३ ॥
ओढ़े राती चूनरी, बतराती घनश्याम ।
इतराती राती लसी, हिये सिराती बाम ॥ १४ ॥

काननमें कानन सुनी, मैं इक की घनघोर ।
टेरत आई सघन कों, कर श्यामहि सरबोर ॥ ३० ॥
दौरी बौरी जात कित, पौरी दुबक्यो श्याम ।
रंग कमोरी द्वार धंस, लेहि न छोरी नाम ॥ ३१ ॥
कहा ठठोवत रात भव, रात भई घट बीर ।
चोरी चोरी चांत छत, भरी बघोरी बीर ॥ ३२ ॥
गोरी भोरी सतलरी, मोरी मोरी बांह ।
भौरि भरी झकझोरियां, करत कदमकी छांह ॥ ३३ ॥
कोरी कोरी गई छत, कोरी मोहि बताय ।
बिन सरबोरी या डगर, गोरी निकर न जाय ॥ ३४ ॥
बरजोरी मोरी करत, बरजोरी नन्दलाल ।
थोरी थोरी बात कों, मतो मथोरी बाल ॥ ३५ ॥
चोरी चोरी आय मुख, मसलत गालगुलाल ।
लकुट मुटुका पट छोर दां, गुल चोरी या गाल ॥ ३६ ॥
सोती सोती उठि गई, सोती अबही लाल ।
धोती धोती कूप पै, मसलो जाय गुलाल ॥ ३७ ॥
पिचकारी मारी मसकि, नूतन बसन निहार ।
सारी सारी श्याम रंग, श्याम करी गुलनार ॥ ३८ ॥
तानी सुलतानी भवें, मारी तकि पिचकार ।
बेधी चूनरि कंचुकी, हियरे बारंबार ॥ ३९ ॥
पत्ती पत्ती बारतें, भंक न लंक लखाय ।
कहां गई चितवत चकित, लाल बाल मुसकाय ॥ ४० ॥
गोरी सुख ममली भली, बांह मरोरी मोर ।
करी करोरी गहि लपटि, लंपटि को सर बोर ॥ ४१ ॥
कहा बिगारी मैं भला, गारी गावत आप ।
बकत उधारी बात नैं, मेरे हैं है बाप ॥ ४२ ॥
मोतियां झरिबे लगीं, चुकीन बतियां लाल ।
आवत मिलिमिलिकोकनद, चितवत भरी उताल ॥ ४३ ॥
पीत पिछोरी छैल की, छोरी छल बल बाल ।
छोरी को सिंगार करि, नचवत दै दै ताल ॥ ४४ ॥

धीर समीर के तीर सखि, अति अधीर ब्रज वास ।
छोना बाबा नन्द को, कै टोना घनश्याम ॥ ४५ ॥
चलो चलो सूधी लली, करहु निकुञ्ज विहार ।
मचली मचली बात क्यों, मोही सों सुकुमार ॥ ४६ ॥
लुकि बैठो तुम चैनसे, पिचकिन श्याम बचैन ।
पचै न याको आय सखि, जौं लौं ढूंढ मचैन ॥ ४७ ॥
मैना मानौंगी बुरो, मैं ना साँच बताय ।
मो पीतम तन टुक चितै, का सुख चन्द लजाय ॥ ४८ ॥
लसी ससी सी श्याम उर, कीनी सीसी छाय ।
मनौ सुधा सीसी भरी, दई दई ढरकाय ॥ ४९ ॥
हरी हरी नव कंचुकी, हरी हरी इत आय ।
धरी करील कि डार ने, देखो फेंट खुलाय ॥ ५० ॥
जमुना कूल दुकूल धरि, गई सखी संग न्हान ।
कदम लता लै चढ़ि गयो, करत मंद मुसिकान ॥ ५१ ॥
अलीन ऐसे या गली, श्याम अली मड़राय ।
कनक कंज काची कली, मगधा राखि दबाय ॥ ५२ ॥
फूली फूली फिरत है, कनक कलीन सम्हार ।
श्याम अली अमली गली, अली न लेइ निहार ॥ ५३ ॥
तैं पहिरी चंपाकली, अली श्याम के त्रास ।
पै कपोल लोचन अधर, कंज पुंज तो पास ॥ ५४ ॥

प्रेम पद्धति ।

दोहा—प्रगट प्रेम पद्धति कही, लही कृपा अनुसार ।
आनंद घन उनयो सदा, अद्भुत रस आसार ॥ १ ॥
सुरति श्याम सों मिलि रही, करति धाम के काम ।
यह गति वृज अबलान की, परस प्रेम नकुराम ॥ २ ॥
बंधि बांधे मोहन गुनो, सुनी न ऐसी प्रीति ।
याही ते सब ते अमिल, या ब्रज की रस रीति ॥ ३ ॥
प्रेम अवधि आनन्द घन, लिये महारस पागि ।
सर्बस माधो बिसरि सुधि, मोह सदा उर लागि ॥ ४ ॥
कहि न परतिकछु अगम गति, जग मोहन बस जाहि ।

बृज को प्रेम अगाध है, को अब गावै ताहि ॥ ५ ॥
सदा मगन मुरली धरे, गावत बृज को प्रेम ।
बृजनायक नेही निपुन, गहै प्रेम को नेम ॥ ६ ॥
जो रस है सो रस लियो, जो रस लहै न कोइ ।
लेनि देनि अति रस भसी, गति दुति रही समोइ ॥ ७ ॥
घर बैठीं बन मो फिरै, गोपिन को यह गैल ।
गोहन क्यों न लग्यो रहै, रसिया मोहन छैल ॥ ८ ॥
गांव गांव पाखरि बगर, बृज मोहन मंडराय ।
कहौ ताहि काल क्यों परै, जित के चैन चुराय ॥ ९ ॥
एकहि लगि दुहुधा लगी, लगी पुरातन प्रीति ।
गोपी और गोपाल की, निपट नवेली रीति ॥ १० ॥
परम प्रेम गति अगम मति, अमल अपूरब रूप ।
सब तै न्यारी तुटि मुमिलि, ब्रज रस रीति अनूप ॥ ११ ॥
मधुर मुरलि का नाद सों, यति गति लई बिलोय ।
निगम तान बेधे परम, बिषम बिषामृत मोय ॥ १२ ॥
प्रेम परावधि बृजबधू, सुनि बंसी धुनि मंद ।
तजति भई सब सकुच तब, भजत भई ब्रजचंद ॥ १३ ॥
आरज पथ भूली भले, बिबस परी तेहि फन्द ।
बृज मोहन मनमोहनो, पूरन प्रेम अमन्द ॥ १४ ॥
थकित चलो मुनि मुरलिका, सुधुनि अपूरब गैल ।
बिबस भई अपबस कियो, मदन मनोहर छैल ॥ १५ ॥
अतुल अनूप सरूप गुन, गोपी परम पुनीत ।
जिन के बस रस निधि सदा, स्याम सजीवन मीत ॥ १६
बृज वृन्दाबन देखिये, पूरन प्रेम समाज ।
गोपराज नन्दन नवल, नित बरसत रसराज ॥ १७ ।
गोप बाल बृजचन्द की, अद्भुत केलि अभङ्ग ।
छाके हैं पाके रहत, अछके छाक उमङ्ग ॥ १८ ।
गिरिवर घन जमुना पुलिन, जलथल अमल बिहार ।
सदा कुलाहल मेचि रह्यो, लीला ललित अपार ॥ १९
परम अमिल अतिही अमिल, हरि बृज बधू बिलास ।

संगीतसार।

अर्थात्

संगीत का इतिहास और उस के भेद आदि का वर्णन

भारतभूषण भारतेन्दु

श्री बाबू हरिश्चन्द्र कृत.

पटना—" खड्गविलास " प्रेस–बांकीपुर.
साहबप्रसाद सिंह द्वारा मुद्रित और प्रकाशित.
विक्रमाब्द १९४५, खृष्टाब्द, १८८८, हरिश्चन्द्राब्द १९.

प्रथम बार १००० पुस्तकें]   [दाम ७) आना ।

संगीत सार।

भारतवर्ष की सब विद्याओं के साथ यथाक्रम सङ्गीत का भी लोप होगया यह गानशास्त्र हमारे यहां इतना आदरणीय है कि साम वेद के मन्त्र मात्र गाए जाते हैं। हमारे यहां वरंच यह कहावत प्रसिद्ध है 'प्रथम नाद तब वेद' अब भारतवर्ष का संपूर्ण सङ्गीत केवल कजली ठुमरी पर आ रहा है। तथापि प्राचीन काल में यह शास्त्र कितना गम्भीर था यह हम इस लेख में दिखलावेंगे।

गाना बजाना बताना और नाचना इन के समुच्चय को सङ्गीत कहते हैं, प्राचीन काल में भरत, हनुमत्, कल्लनाथ, और सोमेश्वर यह चार मत सङ्गीत के थे। कोई कोई शारदा, शिव, हनुमत और भरत यह चार मत कहते हैं। सात अध्यायों में यह शास्त्र बंटा है। जैसे स्वर, राग, ताल, नृत्य, भाव, कोक और हस्त। सम्यक् प्रकार से जो गाया जाय उसे सङ्गीत कहते हैं, धातु और मातु संयुक्त सब गीत होते हैं। नादात्मक धातु और अक्षरात्मक मातु कहलाते हैं। यह गीत यन्त्र और गात्र विभाग से दो तरह के हैं। बीना बेनु इत्यादि से जो गाया जाय वह यन्त्र और कण्ठ से जो गाया जाय वह गात्र गीत है। गीत निबद्ध और अनिबद्ध दो प्रकार के होते हैं, अक्षरों के नियम और यमक के नियम बिना अनिबद्ध और ताल मान यमक अक्षर रसादि के नियम सहित निबद्ध। शुद्ध, शालग और सङ्कीर्ण के भेद से यह गीत तीन प्रकार के हैं परन्तु यह भेद प्रबन्ध होके होते हैं। शुद्ध के एलादिक बीस भेद हैं। यथा एला, मोध्यभवा, पाट करण, पद्ध, तालेश्वर, वैरात, स्वर, चक्रपाल, विजया, गद्य, त्रिभङ्गी, टेंकी, वर्णपुट, सर्गपुट, द्विपदिका, मुक्तावली, माहका, लम्ब, दंडक और वर्त्तनी। इन गीतों के छ अङ्ग हैं यथा पद, तान, विरुद, तान, पाट और स्वर। ध्रुवक, मण्ठक, प्रतिमण्ठक, निसारक, वासक, प्रतिकाल, एकतालिका, यति और भूमरी ये शालग के भेद हैं। चैत, मंगलक, मगमिका, चर्चा, चलिगाट, उत्तरी, दोहा, बहुला, गुरुबला, गीता, गोवि, ईश्वा, कोपी, कारिका, त्रिपदिका और अधा ये सङ्कीर्ण के भेद हैं। गीत प्रबन्ध में अक्षरों के मात्राशुद्धि पुनरुक्ति इत्यादि दोष नहीं होते। गाना बजाना सब दो प्रकार का होता है। एक ध्वन्यात्मक दूसरा रागात्मक

रागालाप चार प्रकार के होते हैं, यथा स्वर प्रधान अर्थात् स्वर के आग्रह से जिसमें ताल की मुख्यता न रहे, दूसरा उभय प्रधान जिस में ताल बराबर रहे और स्वर भी सुन्दर हों, तीसरा शुद्धता प्रधान जिस में राग के शुद्ध रूप रहने का आग्रह हो चाहे माधुर्य्य हो चाहे न हो, चौथा माधुर्य्य प्रधान जिस में राग का शुद्ध रूप कुछ बिगड़े तो बिगड़े पर माधुर्य्य रहे॥

स्वर—षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, धैवत, पञ्चम और निषाद ये सात हैं। मयूर, गऊ, बकरी, क्रौंच, कोकिल, अश्व और हाथी इनके शब्द में क्रम से पूर्वोक्त स्वर निकलते हैं। नासा, कण्ठ, उर, तालु, जिह्वा और दन्त छ स्थान से जो उत्पन्न हो वह षड्ज,(ऋषिगतौ) स्वर की गति नाभि से सिर तक पहुंचे इससे ऋषभ, गन्धवाही वायु की नलिकाओं में वह स्वर पूर्ण हो इस से गान्धार, फिर वह स्वर मध्य अर्थात् नाभि तक प्राप्त हो इस से मध्यम, (धयतिप्रारान् इति धैवत) मध्यम के आगे भी जो स्वरों को खींचे वह धैवत, पूर्व्वोक्त पांचो सुरों को पूर्ण करे वा पञ्चम स्थान मूर्द्धा तक पहुंचे वह पञ्चम, और (निषीदन्तिस्वरा अस्मिन् इति निषादः) स्वरों का जिस में विश्राम हो अर्थात् जिस से ऊंचा और कोई स्वर न हो वह निषाद। इन्हीं सातों सुरों के प्रथमाक्षर* से स रि ग म प ध नि ये सात स्वर वर्ण नियत हुए। षड्ज पञ्चम और मध्यम में चार, ऋषभ धैवत में तीन और गान्धार निषाद में दो श्रुति हैं। सम्पूर्ण स्वर सरिगमपधनि। खाड़व निषाद बिना अर्थात् सरिगमपध चार उड़व ऋषभ और पञ्चम बिना अर्थात् सगमधनि। नाटयनन्तादि संपूर्ण राग सातों सुर से, खाड़व राग छ सुर से और उड़व पांचसुर से गाए जाते हैं। नाम के क्रम से रखने से इनका प्रस्तार होता है और नष्ट उद्दिष्ट मेरु मर्कटी पताका सूची खण्डमेरु इत्यादिकों से इसका विस्तार होता है।

राग—जैसे राम में बंसी के सात रंध्रों से सात सुरों की उत्पत्ति मानते हैं वैसेही रास में १६०८ गोपियों के गाने से सोलह सौ आठ तरह के राग हैं जो एक एक मुख्य से दो सौ चहत्तर तरह के होकर बने हैं। भरत और हनुमान् मत में छ राग भैरव, कौशिक (मालकोस), हिन्दोल, दीपक, श्री और मेघराग, और कल्लिनाथ के मत से छ राग श्री, बसंत, पंचम, भैरव, मेघ, और नटनारायण। पूर्व्व मत में प्रत्येक राग की पांच रागिनी, पर मत में छ रागिनी आठ पुत्र और एक एक पुत्र भार्य्या। अन्य मत से मालव मल्लार श्री

* 'ष', 'ऋ' के उच्चारण की सुगमता के हेतु 'स' 'रि' माना है।

बसन्त, हिंडोल और कर्णाट ये छ राग हैं। मालव की रागिनी धानसी माल सी रामकोरी सिन्धुड़ा भैरवी और आसावरी। मल्लार की बेलावली पूर्वी कानड़ा माधवी कोडा और केदारिका। श्री की गान्धारी शुभगा गौरी कौमारिका बेलवारी और वैरागी। बसन्त की टोड़ी पञ्चमी ललिता पटमञ्जरी गुर्जरी और विभाषा। हिंडोल की मायूरी दीपिका देशकारी पाहिड़ा बराडी और मोरहाटी। कर्णाट की नाटिका भूपाली रामकली गड़ा कामोदा और कल्यानी। इन में बराड़ी मायुरी कोडा वैरागी धानुषी बेलावली और मोरहाटी मध्यान्ह को, गान्धारी दीपिका कल्यानी पूरबी कान्हड़ा आसो गौरी केदारा पाहड़ी मालसी नाटी मायूरी भूपाली और सिन्धुड़ा सांझ को और बाकी सबेरे गाना। राग छओ तीसरे पहर से आधीरात तक। वर्षा में मल्लार और बसन्तपञ्चमी से रामनवमी तक बसन्त और वामन द्वादशी से विजयदशमी तक मालसी यह समय नियत है। बेलावली गान्धारी ललिता पटमञ्जरी वैरागी मोरहाटी और पाहिड़ी (पहाड़ी) यह करुणा में, पूर्वी कान्हडा गौरी रामकीरी दीपिका आसावरी विभाषा बड़ारी और गड़ा यह वीर में, शेष शृङ्गाररस में गाना। वैसेही मालव श्री हिंडोल और मल्लार शृङ्गार में, और बसन्त और कर्णाट वीररस में गाना। यह पूर्वोक्त अन्य मत दक्षिण में प्रचलित है इधर नहीं। कहते हैं कि शिव शारद नारद और गन्धर्व यह चार मत पृथक हैं। इधर हनुमत् और भरत मत मिल के प्रचलित है। हनुमत् मत में प्रथम राग भैरव, उसका ध्यान महादेवजी की भांति, उत्पत्ति शिवजी के मुख से, जाति उड़व अर्थात् धनिसगम यह पञ्चस्वर, ग्रहधैवत, गाने का समय शरद्ऋतु में प्रातः काल, भैरवी बंगाली, बरारी मधुमाधवी और सिन्धवी यह पांच रागनी, हर्ष, तिलकगूड़ा, पूरिया, माधव, बल्लनेह, मधु और पंचम ये आठ पुत्र। कल्लानाथ मत में यह चतुर्थराग, इस की भैरवी, गुर्जरी, आसा, बिलावली, कर्णाटी और बड़हंसा यह छ रागिनी, देवशाख ललित मालकोस बिलावल हर्ष माधव बल्लनेह और मधु ये आठ पुत्र, सोमेश्वर मत से भैरवी गुनकली देवा गूजरि बंगाली और बहुली ये छ रागिनी और गाने का समय ग्रीष्म। भरत मत से ललिता मधुमाधवी बरारी बाड़ाकली और भैरवी यह पांच रागिनी, देवशाख ललित बिलावल हर्ष माधव बंगाल बिभास और पञ्चम ये आठ पुत्र मूहा बिलावली सोरठी कुम्भारी मन्दारी बहुलगूजरी पटमञ्जरी सिरवी यह

राकेश्वर खट वड्हंस और देसकार, [मतान्तर मे हमीर और कल्याण भी] पुत्र भार्या कुम्भा सोहनी शारदा धराया शशिरेखा सरस्वति समा और बैदा। मेघ दोनों मत मे छठां राग, ध्यान श्यामरङ्ग, शोनित खड्ग हस्त, कांति उडम, पञ्चस्वर यथा ध नि स रि ग, ग्रह धैवत, गानसमय वर्षा की रात्रि, रागिनी टङ्क मद्धारी गूजरी भूपाली और देशी, पुत्र जालन्धर मार नटनारायन शंकराभरण कल्याण गजधर गान्धार और सहान, भरत मत से पांच रागिनी मल्लारी मुलतानी देसी रतिवल्लभा और कावेरी, पुत्र यथा कल्नायर बागेश्वरी महाना पूरिया तिलक कान्हरा स्तम्भ शंकराभरण, पुत्र बधू यथा कारनाटी यादवी कलाहनाट पहाड़ी मांझ परज मटभंगी शुद्ध नट । यह छ रागों का वर्णन हुआ। अब और बातों का भी वर्णन करते हैं।

मूर्च्छना वह वस्तु है जो खरज से ऋषभ तक पहुंचनेमें जहां स्वर बदलेगा वहां लगे। यह तो हनुमत् मत मे है। भरत मत से स्वरों के गान में गले का कंपाना मूर्च्छना है। और मतों से ग्राम का सातवें भाग का नाम मूर्च्छना है। षड्ज ग्राम की मूर्च्छना, यथा ललिता मधरमा चित्रा रोहिनी मतङ्गजा सोवीरा। मध्यम ग्राम की मूर्च्छना, यथा पञ्चमी मत्सरी मधु मध्या शुद्धा अन्ता कलावती और तीव्रा। गान्धार ग्राम की मूर्च्छना ७ यथा रौद्री ब्राह्मी वैष्णवी खेदरी सुरा नादावती और विशाला। इन्हीं मूर्च्छनाओं का जहां गीत में विस्तार होता है उन को तान कहते हैं वे ४९ हैं इन्हीं में स्वरों के भेद से कूटतान होती हैं इन मूर्च्छना आ के अनक तीन ग्राम हैं षड्ज मध्यम गन्धार इन तीन ग्रामों में पूर्व दो पृथ्वी पर और अन्त का स्वर्ग में गाया जाता है।

श्रुति वह वस्तु है जो स्वरों का आरम्भ करती हैं और सूक्ष्मरूप से स्वरों में व्याप्त रहती हैं वे ४ षड्ज में ३ ऋषभ में २ गान्धार में ४ मध्यम में ४ पंचम में ३ धैवत में २ निषाद में यही २२ श्रुति हैं। कोमल अति कोमल मसाग तीव्र तीव्रतर से रोति रागों में यथा रीति सुर बरते जाते हैं और जहां सूक्ष्म और स्फुट स्वर लगते हैं वह काकली कहलाती है। लोगों का चित्त रंजन करते हैं इससे इन को राग संज्ञा है और जहां राग रागिनियों के ध्यान रूप क्रिया आदि लिखे हैं उनका आशय यह है कि वैसे अवसर पर वे राग योग्य होते हैं जैसा भैरवी का ध्यान है कि स्नेत बस्त्रा सबेरे शिव पूजन करती है तो जानो कि ऐसे ही सबेरे शिव पूजन के अवसर में इसका गाना उत्तम है।

हमारे प्रबन्ध के पढ़ने वालोंको एकही रागनी का नाम बारंबार कई

रागोंमें देखऔर आश्चर्य होगा । इस में हमारा दोष नहीं यह संगीत शास्
के प्रचार की न्यूनता से ग्रंथों में गड़बड़ होगई है कोई अन्वेषण करने वाला
हुआ नहीं जो ग्रंथकारों को मिला था उन्होंने सुना लिख दिया यह तो
जब अपने गले या हाथ से करता हो और ग्रंथों को भी जानता हो वह ए-
वैर निर्णय कर के लिखे तब यह सब ठीक हो जाय ।

ताल । समय का सूक्ष्म से सूक्ष्म और बड़ा से बड़ा समान विभाग ताल है
विचार करके देखो तो छन्दों की प्रवृत्ति भी ताल ही में होगी । एक
गिरह की लकीर खींचो तो इस बिन्दु से लकीर के उस बिन्दु तक उड़ती हुई
जाने में जो काल लगेगा वह ताल ठहरा और उसी गिरह भर के काल बरा-
बर मोटे जितने सूक्ष्म भाग हैं उन के प्रति भाग पर जो काल लगा वह भी
ताल है। पर ऐसे सूक्ष्म और ऐसे गुरु जिन के बरताव में काल का स्मरण न
रहे वह कुछ काम नहीं आते । सिद्धान्त यह कि गाने के अनुकूल समय का
विभाग ही ताल है नृत्य गान या वाद्य को नियमित काल से उठाना निय-
मित काल पर समाप्त करना उसी नियमित काल को अनेक समान भागों
पर बांट देने की जो क्रिया है वह ताल है । महादेव जी के नृत्य तांडव और
पार्व्वती जी के नृत्य लास्य का प्रथमाक्षर लेकर ताल शब्द बना है, या तल
नाम हाथ की हथेली या पद तल इस का भाव ताल है; क्योंकि प्रायः ताल
विन्यास हाथ या पैरही से होती है, तालों के बनाने को चार मात्रा की क-
ल्पना है, एक नियमित काल की मात्रा होती है । अर्द्ध मात्रा को द्रुत एक
मात्रा को लघु दो मात्रा को गुरु और तीन मात्रा को प्लुत संज्ञा है, चंचत्-
पुट चाचपुट इत्यादि आठ ताल के मुख्य और एक सौ एक गौण भेद सङ्गीत
दामोदर वाले शुभङ्कर ने किये हैं । इन चार मात्राओं पर अंगुल्यादि से संकेत
करके ये ताल बनते हैं और इन्हीं मात्राओं को जहां बीच बीच में छोड़ देते
हैं और काल के समाप्त का चिन्ह बीच में नहीं करते फिर दूसरे तीसरे इत्या-
दि पर चिन्ह करते हैं तो उस बीच में छूटे हुए काल में जहां नियमित मात्रा
समाप्त होती है पर प्रगट नहीं की जाती उसे ख़ा या खाली कहते हैं, एक
नियत काल अन्तिम मात्रा के ताल समाप्त होने पर फिर से वही ताल
प्रारम्भ करने को इन दोनों को मिलता सूक्ष्म जो बीच का एक नियमित
समान काल है वह भी ग अर्थात् ग्राही कहलाता है, चंचत्पुट ताल में

दो गुरु एक लघु और एक प्लुत है, एक एक गुरु लघु और प्लुत चाचपुट में हैं, ऐसे ही सब तालों का प्रस्तार है। जहां मात्रा के काल अनुसार ताल की समाप्ति होती है उस को सम कहते हैं, इन चौंसठ तालों के अतिरिक्त आठ अष्टताल ग्यारह रुद्रताल दश ब्रह्मताल और चौदह इन्द्रताल हैं। रुद्रताल का प्रथम भेद वीरविक्रम। यथा एक मात्रा एक शून्य ऐसी तीन आवृत्ति फिर दो ताल यह वीर विक्रम हुआ। ऐसे ही सब ताल यथा मात्रानुसार जानो। आज कल प्रसिद्ध ताल चौताला तिताला एकताला आड़ा रूपक झपताल इत्यादि हैं।

संगीत के पूर्वोक्त तीन भेद अर्थात् स्वर राग और ताल गले के अतिरिक्त वाद्यों से भी सम्पादित होते हैं; अतएव अब वाद्यों का वर्णन करते हैं। बाजों के चार भेद हैं, यथा तत सुषिर आनद्ध और घन। नए मत से अर्थात् कालानुसार दो भेद और कर सकते हैं, यथा समष्टि और स्वयंवह। तार से जो बजें वह तत यथा वीणादिक। फूंकने से बजे वह सुषिर यथा वंशी इत्यादिक। चमड़े से मढ़े हों वह आनद्ध यथा मृदङ्गादिक। कांसादिक से जो ताल सूचक हों वह घन यथा झांझ आदिक। ये चारों वा तीन वा दो जिस में मिले हों वह समष्टि यथा—हारमोनियम आदि। और जो ताली इत्यादि से बजें वह स्वयंवह यथा अरगन आदि। ये सब वाद्य तीन भेद में विभक्त हैं, यथा स्वर वाही ताल वाही और उभय वाही। तम्बूरादिक स्वर वाही, झांझइत्यादि ताल वाही, वीणादिक उभय वाही। इन चारों में तत में वीणा, सुषिर में वंशी, आनद्ध में मृदङ्ग, और घन में ताल (झांझ) मुख्य हैं, तत यथा अलाबुनी ब्रह्मवीणा किन्नरी लघुकिन्नरी विपञ्ची वल्लकी ज्येष्ठा चित्रा घोषवती जया हस्तिका कुब्जिका कूर्मी शारङ्गी परिवादिनी त्रिशरी शतचन्द्री नकुलौष्ठी ढंसरी उडम्बरी पिनाकी निबन्ध तानपूर सरोद स्वरमण्डल स्वरसमुद्र शुष्कल रुद्र गदावारण हस्तक विलास्य मधुस्यन्दी और घोष इत्यादि। वीणा के तीन भेद हैं यथा वल्लकी पञ्चतन्त्री (विपञ्ची) और परिवादिनी। ध्वनिमाला रञ्जनी घोषवती कण्ठकूजिका और विद्युत् ये वीणाओं के नामान्तर हैं। वीणा के सात भेद और हैं यथा नारद की महती, रौवकी, रुद्री, सरस्वती की कच्छपी; तुम्बरु की कलावती, विश्वावसु की बृहती और चाण्डालों की कण्डोल वीणा अथवा चांडालि (इसका प्रयोजन शवक्रिया के समय पड़ता था)। वीणा के अंग को कोलम्बक, तुम्बा को उपनाह, दण्ड को प्रवाल, मगज के काठ

को ककुभ और प्रसिक और अंगगाम्ना काकलिका कृलिका भेद इत्यादि और वस्तुओं को कहते हैं. सुषिर यथा, वंशी मुरली वेणु (तीनों वंशी के भेद) पारो मधुरी तित्तरी शंख काहला तोमड़ी निपेड़ बुक्का शृङ्गिका सुपटह स्वरनाभि,पावशी शृङ्ग कापालिका चर्मवंश स्वरमाढी (मैनाई) बकगला चर्मदेहा और गलहारा इत्यादि। वेणु रक्तचन्दन श्वेत चन्दन स्वर्ण चांदी तामा लोहा और कठिन पाषाण का होता है परन्तु बांस का सब से उत्तम है.मतङ्ग मुनि के मत से बांसही का वेणु होता है. दस अंगुल का वेणु महानन्द इस का ब्रह्मा देवता, ग्यारह अंगुल का नंद इसके रुद्र देवता, बारह अंगुल का विजय इसके सूर्य देवता और चौदह अंगुल का जय इसके विष्णु देवता. वंशी की फूंक में निविड़ता प्रौढ़ता सुस्वरता शीघ्रता और मधुरता ये पांच गुण हैं और सीत्कार बाहुल्य, स्तब्ध, विस्वर, खण्डित, लघु और असधुर ये छ दोष हैं, तेरह और सतरह अंगुल की वंशी नहीं बनाना इसमें आचार्यों ने दोष माना है, कानी उंगली जा सके इतना बीचका छेद (पोलापन) रहै, यह छेद आरपार रहै पर सिर की ओर किसी वस्तु से पथकद वा वस्त्रनान्तर संयुक्त रहै, सिरे से एक अंगुल वा दो अंगुल छोड कर स्वर का छेद करना फिर पांच अंगुल छोड़ कर सात सुर के सात छेद आधे आधे अंगुल पर बेर के बीज के बराबर करे, दोनों ओर तार वा चर्मतार से वंशी को बाधे और बीच में सिक्क [छींके] स्वर को मधुर और श्रुति उत्पन्न करने को लगावै, अयुक्ति वद्धयुक्ति और युक्ति [अर्थात् छिद्रों को बंद करना खोलना और उससे श्रुति लय तान इत्यादि किञ्चित् बंद करके निकालना] ये तीन अंगुलि क्रिया हैं और अकम्पत्व और सुस्वरत्व ये दो अंगुली के गुण हैं गाने वालों को सहायता देना स्थान देना उन के दोष छिपाना और जिन स्वरों पर गला न पहुंचे वे स्वर निकालने ये चार इस में लाभ हैं, भगवान की तीन वंशी हैं यथा घर में बजाने की १२ अंगुल की मुरली संज्ञक, श्री गोपीजन को बुलाने को १८ अंगुल की वंशी संज्ञक और गऊ बुलाने की एक हाथ की वेणु संज्ञक, इस से ज्ञात होता है वेणु का प्रमाण एक हाथ तक है। आनद्ध में मर्दल अर्द्ध मर्दल मर्दल खण्ड ढलक सुरज ढक्का पटह विंवक दर्पवाद्य घन घन वस्त्र कलाम विकलाम टाकली घण्टाकली झिलाट कलिका गो सुद्री अलावुक्ष आवज विदल्य कठ कमठ भेरी हुडुक कुडुवा भानस् सुरल झली दुक्कली दोंडिगान डमरु तुंबुर टमुकिड्ड कुण्डली स्तक्कु.मणिघट रञ्ज दुन्दुभी

टूटुकी दर्दुर उपाङ्ग खञ्जरीट और दारचह्न ये सब हैं। इन में मर्दल (मृदङ्ग) श्रेष्ठ है. मर्दल खैर के काठ का अच्छा होता है· चमड़े की डोरी से मेढ़ संयुक्त कर के दोनों मुंह मढ़ा कर कसना मढ़ने के पीछे छ महीने तक न बजाना. काठ का दल आध अंगुल मोटा हो· और बाईं पूरी दस या बारह अंगुल चौड़ी हो तथा दहिनी उस से एक या आधी अंगुल छोटी हो· बाईं ओर लौ पिसान को पूरी चिपकाना और दहिनी ओर खरली (खल्ली) की पूरी लगा के सुखा देना, वह खरली—राख गेरू भात और केन्दुक (गोलव, शायद भाषा में केंदुआ कहते हैं) की हो वा चिपीटक (चूड़ा ?) में लौवभौसख (?) मिला कर लगाना। मट्टी का हो तो मृदङ्ग कहलाता है. इस में पाट बिधि पाट कूटपाट और खण्ड पाट ये चार प्रकार के वर्ण हैं और यति उड़ुव अवच्छेद गजर रूपक ध्रुव गलप मारिगोनी नाद कथित प्रहरन और हन्दन ये बारह प्रबन्ध हैं। घन में करताल कांस्यताल कम्बिका जयघण्टा शुक्तिका पटवाद्य पट्टातोघ घर्घर दंदा झांझा मञ्जीर कर्तरी उड्डुर काष्टताल प्रस्तरताल दन्तताल जलतरङ्ग तालतरङ्ग पात्रतरंग त्रिकोणघण्टा ढोलक इत्यादि हैं। घन के दो भेद हैं· अनुरक्त वह जिन में गीतों का अनुगमन हो और विरक्त वह जो केवल ताल दें. लड़ाई में बीरों की गरजन और ये चार वाद्य बजते हैं इससे लड़ाई को पञ्चवाद्य संज्ञा है· यह वाद्यों का साधारण वर्णन हुआ। ऐसेही अनगिनत वाद्य हैं जो अब नाम मात्रावशेष हैं उन के रंग रूप की किसी को खबर नहीं।

सङ्गीत का चौथा अङ्ग नृत्य है,ताल मान रस भाव हास विलास वाद्यादि संयुक्त अंग विक्षेप का नाम नृत्य, इस के दो भेद तालायित नृत्य और भावायित नृत्त, नृत्य मधुर हो तो लास्य और उत्कट हो तो तांडव कहलाता है। तांडव के पेरनी और बहुरूप ये दो भेद हैं जिस में अङ्ग बहुत चलें पर अभिनय थोड़ा हो वह पेरनी इसी को देशी भी संज्ञा है, जहां अभिनय बहुत हो और रूपान्तर धारण इत्यादि किया हो वह बहुरूप [लास्य] के छुरित और यौवत दो भेद हैं, जहां नायिका नायक रस पूर्ब्बक भाव परस्पर दिखाते चुम्बन इत्यादि करते नृत्य करें वह छुरित और जहां नटी वा नटी वेषधारी सुन्दर पुरुष नाचें वह यौवत, हाथ पैर सिर नेत्र का चलाना, मुड़ना, फिरना, भाव, कमर लचकाना, घुंघरू बजाना, गाना, बस्त्र उठाना और घुमना इन सब नृत्य के अङ्गों में जिस को अभ्यास न हो और जो

प्रथम तो एक प्रतिमा शब्द है—प्रतिमीयते यया सा प्रतिमा अर्थात् प्रति-मानम् जिससे प्रमाण अर्थात् परिमाण किया जाय उसको कहते प्रतिमा जैसे कि छटांक आधपाव पावसेर सेर पसेरी इत्यादिक और यज्ञ के चमस-आदिक पात्र क्योंकि इनसे पदार्थों के परिमाण किये जाते हैं इससे इन्हों का ही नाम है प्रतिमा यही अर्थ मनु भगवान् ने मनुस्मृति में लिखा है।

तुलामानं प्रतीमानं सर्वं च स्यात्सुलक्षितम्।
षट्सु षट्सु च मासेषु पुनरेव परीक्षयेत्॥

पक्ष पक्ष में वा मास मास में अथवा छठवें मास तुला को राजा परीक्षा करे क्योंकि तराजू की डंडी में भीतर छिद्र करके पारा इसमें डाल देते

हैं जब कोई पदार्थ को तोल के लेने लगते हैं तब डंडी को नीचे नमा दे-
ते हैं फिर पारा तोल के जाने से तोल अधिक आती है और जब देने के समय
में डंडी आगे नमा देते हैं उससे तोल थोड़ी जाती है इससे तुला की परीक्षा
अवश्य करनी चाहिये तथा प्रतिमान अर्थात् प्रतिमा की भी परीक्षा अवश्य
करे राजा जिससे कि अधिक न्यून प्रतिमा अर्थात् दुकान के बांट जितने हैं
उन्हीं का ही नाम है प्रतिमा इसी वास्ते प्रतिमाओं के भेद अर्थात् घाट बाढ़
तोलने वाले के ऊपर दण्ड लिखा है ।

संक्रमध्वजयष्टीनां प्रतिमानाञ्च भेदकः ।
प्रतिकुर्याच्च तत्सर्वं पंचदद्याच्छतानि च ॥

यह मनुजी का श्लोक है इस का यह अभिप्राय है कि संक्रम अर्थात् रथ
उस रथ की ध्वजा की यष्टि जिस के ऊपर ध्वजा बांधी जाती है और प्रतिमा
छटांक आदिक बटखरे इन तीनों को तोड़ डाले वा अधिक न्यून कर देवे
उस को उस से राजा बनवा लेवे और जैसा जिस का ऐश्वर्य उस के योग्य दंड
करे जो दरिद्र होवे तो उस से ५०० पांच से पैसा राजा दंड लेवे जो कुछ
धनाढ्य होवे तो ५०० पांच से रुपैया उस से दंड लेवे और जो बहुत धनाढ्य
होवे उस से ५०० पांच से अशर्फी दंड लेवे रथादिकों को उसी के हाथ से
बनवा ले । वे इस से सज्जन लोग बटखरा तथा अश्मादिक यज्ञ के पात्र इन्हीं
को जो प्रतिमा शब्द से निश्चित जानें ।

दूसरा पुराण शब्द है पुराभवं पुराभवा वा पुराभवश्च इति पुराणं पुराणी
पुराणः जो पुराणा पदार्थ होवे उस को कहते हैं पुराण सो सदा विशेषण वा-
ची ही रहता है तथा पुरातन प्राचीन और प्राक्तन आदिक शब्द सब हैं तथा
इनों के विरोधी विशेषण वाची नूतन नवीन अद्यतन अर्वाचीन आदिक शब्द
हैं जो विशेषणवाची शब्द होते हैं वे सब परस्पर व्यावर्तक होते हैं जैसे कि
यह चीज पुरानी है तथा यह चीज नवीन है पुरान शब्द जो है सो नवीन
शब्द की व्यावृत्ति कर देता है यह पदार्थ पुराना है अर्थात् नया नहीं और
यह पदार्थ नया है अर्थात् पुराना नहीं जहां जहां वेदादिकों में पुराणादिक
शब्द आते हैं वहां वहां इन अर्थों के वाचक ही आते हैं अन्यथा नहीं ऐसा
अर्थ गौतम मुनी जी के किये सूत्रों के ऊपर जो वात्स्यायन मुनि का किया
उस में लिखा है वहां ब्राह्मण पुस्तक जो शत पथादिक उनों का ही

नाम पुराण है तथा शंकराचार्य जी ने भी शारीरक भाष्य में और उपनिषद् भाष्य में ब्राह्मण और ब्रह्म विद्या का ही पुराण शब्द से ग्रहण किया है जो देखा चाहे सो उन शास्त्रों में देख लेवे वह इस प्रकार से कहा है कि जहां जहां प्रश्न और उत्तर पूर्वक कथा होवे उस का नाम इतिहास है और जहां जहां वंश कथा होवे ब्राह्मण पुस्तकों में उस का नाम पुराण है और ऐसे जो कहते हैं कि १८ अठारह ग्रन्थों का नाम पुराण है यह बात तो अत्यन्त अयुक्त है क्योंकि इस बात का वेदादिक सत्य शास्त्रों में प्रमाण कहीं नहीं है और कथा भी इनों में अयुक्त ही है इनों का नाम कोई पुराण रक्खे तो इनों से पूछना चाहिये कि वेद क्या नवीन ही सकते हैं सब ग्रन्थों से वेद ही पुराने हैं और यह बात कहते हैं कि अश्वमेध की जो पूर्त्ति हो जाय उस के १० में दिन पुराण की कथा यजमान सुने सो तो ठीक ठीक है कि ब्राह्मण पुस्तक की कथा सुने और जो ऐसा कहे कि ब्रह्म वैवर्त्तादिकों की क्यों नहीं सुने इस से पूछना चाहिये कि सत्ययुग त्रेता और द्वापर में जब जब अश्वमेध भये थे तब तब किसकी कथा सुनी थी क्योंकि उस वक्त व्यास जी का जन्म भी नहीं भया था तब पुराण कहां थे और जो ऐसा कहे कि व्यास जी युग २ में थे यह बात भी उसकी मिथ्या है क्योंकि अब तक युधिष्ठिरादिकों का निशान दिल्ली आदिकों में देख पड़ता है उसी वक्त व्यास जी और व्यासजी की माता आदिक वर्त्तमान थे इस से यह भी उसका कहना मिथ्याही है पुराण जितने हैं ब्रह्म वैवर्त्तादिक वे सब सम्प्रदायी लोगों ने अपने २ मतलब के वास्ते बना लिये हैं व्यास जी का वा अन्य ऋषि मुनियों का किया एक भी पुराण नहीं है क्योंकि वे बड़े विद्वान् थे और धर्मात्मा उनका वचन सत्यही है तथा छः दर्शनों में उन्हीं के सत्य वचन देखने में आते हैं मिथ्या एक भी नहीं और पुराणों में मिथ्या कथा तथा परस्पर विरोधही है और जैसे वे सम्प्रदायीलोग हैं वैसेही उनके बनाये पुराण भी सब नष्ट हैं सो सज्जनों को ऐसाही जानना उचित है अन्यथा नहीं ।

तीसरा देवालय और चौथा देवपूजा शब्द है देवालय देवायतन देवागार तथा देवमन्दिर इत्यादिक सब नाम यज्ञ शालाओं के ही हैं क्योंकि जिस स्थान में देवपूजा होवै उसके नाम हैं देवालयादिक और देव संज्ञा है परमेश्वर को तथा परमेश्वर की आज्ञा जो वेद उसके मन्त्रों को भी देव संज्ञा है देव भी होता है कोई देवता है यह बात पूर्व मीमांसा शास्त्र में विस्तार से

लिखी है जिसको देखने की इच्छा हो वह उस शास्त्र में देख ले विस्तार से लिखी है जो कि शास्त्र कर्मकांड के ऊपर है वे जैमिनि मुनि के किये हुए हैं यहां तक उस में लिखा है कि ब्रह्मा विष्णु महादेवादिक देव जो देवलोक में रहते हैं उनका भी पूजन कभी न करना चाहिये एक परमेश्वर के बिना सो उसमें इस प्रकार से निषेध किया है कि।

(यज्ञेनयज्ञमयजन्तदेवास्तानि धर्म्माणिप्रथमान्यासन्)

यह यजुर्वेद की श्रुति है ब्रह्मादिक जो देव वे सब यज्ञ करते हैं तब उन से अन्य कौन देव है जो कि उनके यज्ञों में आके भाग लेवे सो उनों से भी कोई देव नहीं है और जो कोई मानेगा तो उसके मत में अनवस्था दोष आवेगा इस से परमेश्वर और वेदों के मन्त्र उनों को ही देव और देवता मानना उचित है अन्य कोई को नहीं अग्निर्देवता इत्यादिक जो यजुर्वेद में लिखा है सो अग्नि आदिक सब नाम परमेश्वर के ही हैं क्योंकि देवता शब्द के विशेषण देने से इस में मनुस्मृति का प्रमाण है।

आत्मैवदेवताःसर्वाः सर्वमात्मन्यवस्थितम्

आत्माहिजनयत्येषां कर्मयोगंशरीरिणाम् ॥ १ ॥

प्रशासितारं सर्वेषा मणोयांसमणोरपि ।

रुक्माभंस्वप्नधीगम्यं विद्यात्तंपुरुषम्परम् ॥ २ ॥

एतमग्निं वदन्त्येके मनुमेकेप्रजापतिम् ।

इन्द्र मेकेऽपरेप्राण मपरे ब्रह्म शाश्वतम् ॥ ३ ॥

इन श्लोकों से आत्मा जो परमेश्वर उसी का देवता नाम है और अन्यादिक जितने नाम हैं वे भी परमेश्वर के ही हैं परन्तु जहां २ ऐसा प्रकरण हो कि उपासना स्तुति प्रार्थना तथा इस प्रकार के विशेषण जहां वहां परमेश्वर का ही ग्रहण होता है अन्यत्र नहीं किन्तु सर्व मात्मन्य वस्थितम् सिवाय परमेश्वर के कोई में सब जगत् नहीं ठहर सक्ता और प्रशासितारं सर्वेषामित्यादिक विशेषणों से परमेश्वर का ही ग्रहण होता है अन्य का नहीं क्योंकि सब का शासन करने वाला बिना परमेश्वर के कोई नहीं तथा सूक्ष्म से भी अत्यन्त सूक्ष्म और पर पुरुष परमेश्वर से भिन्न ऐसा कोई नहीं हो सकता है निरुक्त में भी यह लिखा है कि—

(अथ देवतौ चार्थितत्वलक्षणोऽध्याय:)

जहां जहां देवता शब्द आवे तहां तहां उस नाम वाले मन्त्र को ही लेना जैसे की अग्निर्देवता इस में अग्नि शब्द आया हो जिस मन्त्र में अग्नि शब्द होवे उस मन्त्र का ही ग्रहण करना। अग्नि मीळेपुरोहित मिति यह मन्त्र ही देवता है अन्य कोई नहीं इस से क्या आया कि परमेश्वर और वेदों के मन्त्र तो देव और देवता हैं जिस स्थान में होम परमेश्वर का विचार ध्यान और समाधि करें उस के नाम हैं देवालयादिक इस में मनुस्मृति का प्रमाण भी है।

अध्यापनंब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तुतर्पणम् ।
होमोदैवोबलिर्भौतो न्रयज्ञोऽतिथिपूजनम् ॥ १ ॥
स्वाध्यायेनार्चयेत्तर्षीन् होमैर्देवान्यथाविधि ।
पितृन्श्राद्धै र्नृनन्नै र्भूतानिबलिकर्मणा ॥ २ ॥

इन श्लोकों से क्या आया कि होम जो है सोई देवपूजा है अन्य कोई नहीं और होमस्थान जितने हैं वेही देवालयादिक शब्दों से लिये जाते हैं पूजा नाम सत्कार क्योंकि अतिथिपूजनम् होमैर्देवानर्चयेत् अतिथियों का पूजन नाम सत्कार करना तथा देव परमेश्वर और मन्त्र इन्हीं का सत्कार इस का नाम है पूजा अन्य का नहीं और पाषाणादि मूर्तिस्थान देवालयादिक शब्दों से कभी नहीं लेना तथा घंटा नादादि पूजा शब्द से कभी नहीं लेना देवस्व और देवलक शब्द का यह अर्थ है कि।

यद्वित्तंयज्ञशीलानां देवस्वंतद्विदुर्बुधाः ।
अयज्वनांतुयद्वित्तं मासुरस्वंप्रचक्षते ॥ १ ॥

यह मनु का श्लोक है इस का यह अभिप्राय है कि जिन्हों को यज्ञ करने का शील अर्थात् स्वभाव होवे उन को सब धन यज्ञ के वास्ते ही होता है अर्थात् देवार्थ धन है (येद्वत्तंदेवदेवस्वम्) अर्थात् होम के लिये जो धन होवे उस का नाम देवस्व है सो भिक्षा अथवा प्रतिग्रह करके यज्ञ के नाम से धन लेके यज्ञ तो करे नहीं और उस धन से अपना व्यवहार करे इस का नाम है देवल सो इस की मनु में निन्दा लिखी है देव पितृ कार्य में उस को निमन्त्रण कभी न करना चाहिये ऐसा उस का निषेध लिखा है और जो यज्ञ के धन की चोरी करता है वह होता है देवलक।

कुत्सितो देवो देवकः कुत्सिते इत्यनेन कन् प्रत्ययः ॥१॥

देवलक भी पाषाण निन्दित है एक यह चमत्कार लोगों का देखना चाहिये कि विद्वान् भोजनीयः, सत्करणीयश्च इति विद्वान् को भोजन कराना चाहिये और उस का सत्कार भी करना चाहिये इससे कोई को ऐसी बुद्धि न होगी कि पाषाणादिक मूर्त्ति को भोजन कराना वा उस का सत्कार करना चाहिये यह भी बात ऐसी ही है एक बात ये लोग कहते हैं कि पाषाणादिक तो देव नहीं हैं परन्तु भाव से ये देव हो जाते हैं उनसे पूछना चाहिये कि भाव सत्य होता है वा मिथ्या जो ये कहें कि भाव सत्य होता है फिर उनसे पूछना चाहिये कि कोई भी मनुष्य दुःख का भाव नहीं करता फिर उस को क्यों दुःख होता है और सुख का भाव सब मनुष्य सदा चाहते हैं फिर उन को सुख सदा क्यों नहीं होता फिर ये कहते हैं कि यह बात तो कर्म से होती है अच्छा तो आप का भाव कुछ भी नहीं ठहरा अर्थात् मिथ्या ही हुआ सत्य नहीं हुआ आप से मैं पूछता हूं कि अग्नि में जल का भाव कर के हाथ डाले तो क्या वह न जल जायगा किन्तु जल ही जायगा इस से क्या आया कि पाषाण को पाषाण ही मानना और देव को देव मानना चाहिये अन्यथा नहीं इस से जो जैसा पदार्थ है वैसा ही उस को सज्जन लोग मानें काश्यादिक स्थान, गंगादिक तीर्थ, एकादशी आदिक व्रत राम शिव कृष्णादिक नाम स्मरण तथा तोबा शब्द वा यीसू के विश्वास से पापों का छूटना और मुक्ति का होना तिलक छाप माला धारण तथा शैव शाक्त गाणपत्य वैष्णव क्रिश्चन और महम्मदी और नानक कबीर आदिक संप्रदाय इन्हीं से पाप सब छूट जाते हैं और मुक्ति भी होती है यह अन्यथा बुद्धि ही है क्योंकि इस प्रकार के सुनने और मिथ्या निश्चय के होने से सब लोग पापों में प्रवृत्त हो जाते हैं कोई न भी होगा कभी कोई मनुष्य पाप करने में भय नहीं करते हैं जैसे।

अन्यक्षेत्रेकृतंपापं काशीक्षेत्रेविनश्यति ।
काशीक्षेत्रेकृतंपापं पंचक्रोश्यांविनश्यति ॥ १ ॥
पंचक्रोश्यांकृतंपापं अन्तर्गृह्यांविनश्यति ।
अन्तर्गृह्यांकृतंपापं अविमुक्तेविनश्यति ॥ २ ॥
अविमुक्तेकृतंपापं स्मरणादेवनश्यति ।

काश्यांतुमरणान्मुक्ति नविकार्यविचारणा ॥ ३ ॥

इत्यादिक श्लोक काशीखंडादिकों में लिखे हैं काश्यांमरणान्मुक्तिः कोई पुरुष इस को श्रुति कहता है सो यह वचन उस का मिथ्या ही है क्योंकि चारों वेदों के बीच में कहीं नहीं है कोई ने मिथ्या जाबालोपनिषद रच लिया है किन्तु अथर्व वेद के संहिता में तथा कोई वेद के ब्राह्मण में इस प्रकार की श्रुति है नहीं इससे यह श्रुति तो कभी नहीं हो सकती किन्तु कोई ने मिथ्या कल्पना कर ली है जैसे कि अन्यक्षेत्रेकृतंपापं इत्यादि श्लोक मिथ्या बना लिये हैं इस प्रकार के श्लोकों को सुनने से मनुष्यों को बुद्धि भ्रष्ट होने से सदा पाप में प्रवृत्त होजाते हैं इस से सब सज्जन लोगों को निश्चित जानना चाहिये कि जितने २ इस प्रकार के माहात्म्य लिखे हैं वे सब मिथ्याही हैं इनों से मनुष्यों का बड़ा अनुपकार होता है जो कोई धर्मात्मा बुद्धिमान् राजा होवे तो इन पुस्तकों का पठन पाठन सुनना सुनाना बन्द कर दे और वेदादि सत्य शास्त्रों की यथावत् प्रवृत्ति करा देवे तब इस उपद्रवकी यथावत् शांति होनेसे सब मनुष्य श्रेष्ठ हो जायें अन्यथा नहीं विषयवती प्रवृत्ति रुत्पन्नामनसः स्थितिनिबन्धिनी इस सूत्र के भाष्यमें लिखा है कि एतेनचन्द्रादित्य ग्रहमणि प्रदीप रत्नादिषु प्रवृत्तिरुत्पन्ना विषयवत्येव वेदितव्येति इस से प्रतिमा पूजन कभी नहीं आसकता क्योंकि इनों में देवबुद्धि करना नहीं लिखा किन्तु जैसे वे जड़ हैं वैसे ही योगी लोग उन को जानते हैं और बाह्य सुख जो इन्द्रिय उस को भीतर सुख करने के वास्ते योगशास्त्र की प्रवृत्ति है बाहर के पदार्थ का ध्यान करना योगी लोग को नहीं लिखा क्योंकि जितने सावयव पदार्थ हैं उन में कभी चित्त की स्थिरता नहीं होती और जो होवै तो मूर्त्तिमान धन पुत्र दारादिक के ध्यान में सब संसार लगा ही है परन्तु चित्त की स्थिरता कोई की भी नहीं होती इस वास्ते यह सूत्र लिखा। विशोकावाज्योतिष्मती १ इस का यह भाष्य है।

प्रवृत्तिरुत्पन्नामनसः स्थितिनिबन्धिनीत्यनुवर्त्तते हृदयपुण्डरीके धारयतो या बुद्धिसंवित् बुद्धिसत्त्वं हि भास्वरमाकाशकल्पं तत्र स्थितिवैशारद्यात् प्रवृत्तिः सूर्येन्दुग्रहमणिप्रभारूपाकारेण विकल्पते तथास्मितायां समापन्नं चित्तं निस्तरंगमहोदधिकल्पं

शान्तमनन्तमस्मितामात्रं भवति तत्रेदमुक्तम् तमणुमात्रमात्मान-
मनुविद्यास्मीति एवं तावत् संप्रजानीते इत्येषा द्वयी विशोका ज्यो-
तिष्मती विषयवती अस्मितामात्रा च प्रवृत्तिर्ज्योतिष्मतीत्युच्य-
ते यया योगिनश्चित्तं स्थितिपदं लभत इति ।

इस में देखना चाहिये कि हृदय में धारणा चित्त की निश्चो इस से नि-
र्मल प्रकाश स्वरूप चित्त होता है जैसा सूक्ष्म विभु आकाश है वैसी ही योगि
की बुद्धि होती है सब नाम अपने हृदय में विशाल स्थिति के होनेसे बुद्धि के
जो शुद्ध प्रवृत्ति सोई बुद्धि सूर्य चन्द्र ग्रहमणि इनों की जैसी प्रभा वैसी ही
योगि की बुद्धि समाधि में होती है तथा अस्मिता मात्रा अर्थात् यही मेरा
स्वरूप है ऐसा साक्षात्कार स्वरूप का ज्ञान बुद्धि को जब तब होता है वि
निस्तरंग अर्थात् निष्कम्प समुद्र की नाईं एक रस व्यापक होता है तथा
शान्त निरुपद्रव अनन्त अर्थात् जिस की सीमा न होवे यही मेरा स्वरूप है
अर्थात् मेरा आत्मा है सो विगत अर्थात् शोक रहित जो प्रवृत्ति वही विषय-
वती प्रवृत्ति कहाती है इसी को अस्मिता मात्र प्रवृत्ति कहते हैं तथा ज्योति-
ष्मती भी इसी को कहते हैं योगी का जो चित्त है सोई चन्द्रादित्य आदि
स्वरूप हो जाता है।

सू॰ स्वप्ननिद्राज्ञानालम्बनं वा ।

भाष्य॰ स्वप्नज्ञानालम्बनं निद्राज्ञानालम्बनं वा तदाकारं योगिनश्चित्तं स्थि-
तिपदं लभत इति । जैसे स्वप्नावस्था में चित्तज्ञान स्वरूप हो के पूर्वानुभूत सं-
स्कारों को यथावत् देखता है तथा निद्रा अर्थात् सुषुप्ति में आनन्दस्वरूप शा-
न्तम् चित्त होता है, ऐसा ही जाग्रतावस्था में जब योगी ध्यान करता है
इस प्रकार आनन्द में तब योगी का चित्त स्थिर हो जाता है।

सू॰ यथाभिमतध्यानाद्वा ।

भाष्य॰ यदेवाभिमतं तदेव ध्यायेत् तत्र लब्धस्थितिकमन्यत्रापि स्थितिपदं
लभत इति नासिकाग्रे धारयतो ध्यानस्थमर्पितम् । इस में जैसे निद्राज्ञानालम्बन
वा यहां तक शरीर में जितने चित्त के स्थिर करने के वास्ते स्थान लिखे हैं
इनों में से कोई स्थान में योगी चित्त को धारण करे जिस स्थान में अपनी
अभिरुचि हो उसी में चित्त को ठहरावे।

सू॰ देशबन्धश्चित्तस्य धारणा॥

भाष्य॰ नाभिचक्रे हृदय पुंडरीके मूर्द्धि ज्योतिषि नासिकाग्रे जिह्वाग्र इत्येवमादिषु देशेषु बाह्येवाविषये चित्तस्य वृत्तिमात्रेणबन्ध इति। अस्योधारणा॥ नाभि हृदय मूर्द्धा ज्योति अर्थात् नेत्रनासिकाग्र जिह्वाग्र इत्यादिक देशों के बीच में चित्त को योगी धारण करे तथा बाह्य विषय जैसा कि ओङ्कार वा गायत्री मन्त्र इन में चित्त लगावे हृदय से क्योंकि। तज्जपस्तदर्थभावनम्। यह सूत्र है योग का इसका योगी जप अर्थात् चित्त से पुनः पुनः आवृत्ति करे और इस का अर्थ जो ईश्वर उस को हृद में विचारे।

सू॰ तस्यवाचकःप्रणवः।

ओङ्कार का वाच्य ईश्वर है और उसका वाचक ओङ्कार है बाह्य विषय से इन को ही लेना और कोई को नहीं क्योंकि अन्य का प्रमाण कहीं नहीं।

सू॰ तत्रप्रत्ययैकतानताध्यानम्।

भाष्य॰ तस्मिन्देशेध्येयालम्बनस्य प्रत्ययस्यैक तानतासदृशःप्रवाहःप्रत्ययान्तरेणापरामृष्टोध्यानम्। तिन देशों में अर्थात् नाभि आदिकों में ध्येय जो आत्मा उस आलम्बन को और चित्त की एकतानता अर्थात् परस्पर दोनों की एकता चित्त आत्मा से भिन्न न रहे तथा आत्मा चित्त से पृथक् न रहे उस का नाम है सदृश प्रवाह जब चित्त प्रतिक्षण चेतन से ही युक्त रहे अन्य प्रतीय कोई पदार्थान्तर का स्मरण न रहे तब जानना कि ध्यान ठीक हुवा।

सू॰ तदेवार्थमात्रनिर्भासंस्वरूपशून्यमिवसमाधिः।

जब ध्याता ध्यान और ध्येय इन तीनों का पृथक् भाव न रहे तब जानना कि समाधि सिद्ध हो गई।

सू॰ त्रयमन्तरङ्गपूर्वेभ्यः।

यमादिक पांच अङ्गों से धारणा ध्यान और समाधि ये तीन अन्तरङ्ग हैं और यमादिक बहिरङ्ग हैं।

सू॰ भुवनज्ञानंसूर्य्येसंयमात्। चन्द्रेताराव्यूहज्ञानम्। ध्रुवेतद्गतिज्ञानम्। नाभिचक्रेकायव्यूहज्ञानम्। मूर्द्धज्योतिषिसिद्धदर्शनम्। प्रतिभाद्वासर्वम्।

इत्यादिक सूत्रों से यह प्रसिद्ध जाना जाता है कि धारणादिक तीन पर आभ्यन्तर के हैं सो हृदय में ही योगी परमाणु पर्य्यन्त पदार्थ हैं उन को योग ज्ञान से योगी जानता है बाहर के पदार्थों से किञ्चिन्मात्र भी ध्यान में सम्बन्ध योगी नहीं रखता किन्तु आत्मा से ही ध्यान का सम्बन्ध है और मैं नहीं इस विषय में जो कोई अन्यथा कहे सो उस का कहना सब अज्ञान और मि- ही जानो क्योंकि।

सू॰ योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। तदाद्रष्टुःस्वरूपेऽवस्थानम्।

जब योगी चित्त वृत्तियों को निरोध करता है बाहर और भीतर से त- पश्च द्रष्टा जो आत्मा उस चेतन स्वरूप में ही स्थित हो जाती है अन्यथ नहीं

सू॰ विपर्ययोमिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम्।

विपरीत ज्ञान जो होता है उसी को मिथ्या ज्ञान कहते हैं उस को योगी छोड़ देही होता है अन्यथा कभी नहीं इस से क्या आया कि जो योगशास्त्र से पाषाणादिक मूर्त्ति का पूजन कहै सो मिथ्या ही कहता है इस में कुछ सन्देह नहीं।

श्लोकः दयायाआनन्दोविलसतिपरःस्वात्मविदित सरस- त्यस्यान्तेनिवसतिमुदासत्यवचना। तदाख्यातिर्यस्य प्रकटितगु- णाराष्ट्रिशरणासकोदान्तःशान्तो विदितविदितोवेद्यविदितः॥१॥
श्री दयानन्द सरस्वतीस्वामिना विरचितमिदमतिविज्ञेयम्।

मूर्त्तिपूजन का निषेध करनेवाले दयानन्द प्रभृत
लोगों के गले की

दूषणमालिका।

भारतभूषण भारतेंदु बाबू हरिश्चन्द्र कृत

कृष्णरसिकजनों के आनन्दार्थ

श्री मन्महाराजकुमार श्री बाबू रामदीन सिंह
"क्षत्रियपत्रिका" तथा "हरिश्चन्द्रकला" संपादक
द्वारा प्रकाशित।

पटना—"खड्गविलास" प्रेस—बांकीपुर।

साहबप्रसाद सिंह द्वारा मुद्रित।

१८९०.

पहली बार] [दाम) आना।

श्रीश्रीवल्लभोविजयते ।

भूमिका ।

अब दयानन्दस्वामी भला जाने कौन जाति वा किस आश्रम के कोई मनुष्य सब देशों में भ्रमण करते हुए सनातन सधर्मरूपी सूर्य को राहु की भांति ग्रास करते हुए मूर्खों और आलस्य से भरे हुए जीवों के हृदय वस्त्र को अपने रंग में रंगते हुए इसी बहाने अपना नाम लोगों में विदित करते हुए और अपने वाक्य मान के आडम्बर से साधु लोगों का हृदय दहन करते हुए काशी में आये और दुर्गाकुण्ड के निवासियों के सहवासी हुए और उनने जो स्वयं उपद्रव किये वह सब पर विदित हैं अब उनने एक छोटी सी पुस्तक छपवाकर लोगों पर यह विदित करना चाहा है कि मैं हारा नहीं इस से मैंने ऐसा विचार किया कि ऐसे मनुष्य से सम्भाषण करना उचित नहीं और पत्रद्वारा शास्त्रार्थ करना जिस में सब लोगों पर सदसत् का प्रकाश और हारने जीतने का निश्चय होजाय इस हेतु यह दूषणमालिका उनके गले में पहिनाई जाती है उनको उचित है कि इन सब प्रश्नों का प्रति पद उत्तर दें और इसी प्रकार से बराबर पत्रद्वारा शास्त्रार्थ होय और इनने प्रश्नों का एक जीतने के इश्तिहार की भांति उत्तर न दिया जाय क्योंकि इन शब्दों के प्रति शब्द का उत्तर न देने से परास्त समझे जांयगे और प्रश्नोत्तर करते२ जो थक जाय और जिसकी बुद्धि में उत्तर की युक्ति न आवैं वह हारा समझा जायगा ।

१८७० ई०
काशी } हरिश्चन्द्र

१ आपने जो पुस्तक छपवाई है उसमें वेद के मन्त्र हैं जो वेद के मन्त्र शूद्रों तथा म्लेच्छादिकों के हाथ में देने से आप को दोष हुवा कि नहीं ।

२ आप कौन आश्रम और किस जाति के हैं और किस धर्म को मानते हैं जो कहिये कि हम वेदधर्म को मानते हैं तो वेदधर्म ही को मानना इस में क्या प्रमाण और ख्रीष्ट और मुहम्मदी मत को न मानना इसमें क्या प्रमाण जो कहिये कि हम उभो कुल में उत्पन्न हैं इससे यही धर्म मानना योग्य है तो आप मूर्त्ति पूजक के वंश में हो कि नहीं ।

३ जो आप कहैं कि हम अमुक जाति के थे अब योगी हुए हैं तो आप के पिता पुरुषा सब उसी जाति में उत्पन्न हुए इसको किसने देखा है और इस में क्या प्रमाण है ।

४ जो कहिये कि शिष्टाचार प्रमाण है और हम सुनते आते हैं कि हम अमुक वंशीय हैं तो इसी भांति मूर्त्ति पूजनादि शिष्टाचार क्यों नहीं मानते ।

५ जो कहो कि वेद में नहीं है तो दयानन्द स्वामी अमुक वंश में भये यह वेद में कहां है ।

६ आपने सम्पूर्ण वेद देखा है ।

७ जो कहिये कि वेद बहुत है और लुप्त प्राय है इस से सब नहीं देखा है तो वेद में अमुक वस्तु नहीं यह कहना व्यर्थ हो जाता है ।

८ जो आप वेद जानते हैं तो उन के भेद कहिये ।

९ आप के उपनिषत् किन किन ब्राह्मणों वा संहिता के अन्त भाग हैं ।

१० जो कहिये कि अमुक के हैं तो वे सब वेद के भीतर हैं या बाहर जो भीतर हैं तो अश्वमेध प्रकर्ण में जब एकबेर सब वेदों को गिनाय गये तो फिर वेद के बाहरवाली कौन ब्रह्मविद्या थी जिसे पुराण के नाम से चर्चित अन्वर्थ किया ।

११ अश्वमेध प्रकर्ण में पुराण शब्द का अर्थ ब्रह्मविद्या है इस में कौन सा प्रमाण है और बसुरुद्रादि शब्द का अर्थ परमेश्वर ही है लिंगधारी देवता नहीं इस में क्या प्रमाण और वेद में जहां सहस्त्रनयन बज्रपाणि इत्यादि विशेषण दिये वहां क्या व्यवस्था और जो व्यवस्था आप करें वही ठीक इस में क्या प्रमाण ।

१२ और भी कई स्थान पर पुराण का अर्थ प्राचीन और इतिहासही है इस में क्या प्रमाण ।

३० सामवेद का उपवेद गान है इस में श्रुति प्रमाण दीजिये।

३१ गान-विद्या के कौन ग्रन्थ आर्ष इस में भी श्रुति पूर्व्वक कहो।

३२ अथर्व्ववेद का उपवेद शिल्प है इस में श्रुति प्रमाण दीजिये।

३३ शिल्प विद्या में कौन कौन ग्रन्थ मिलते हैं और वे श्रुति सम्मत भी हैं इस में प्रमाण कहिये।

३४ चारो उपवेद जो आप न जानते होंगे तो उस विषय के अज्ञ होने से [illegible] दोषापत्ति है।

३५ शिक्षा का कौन ग्रन्थ है और उसके आर्ष होने में श्रुति प्रमाण दीजिये।

३६ कल्प जो प्रचलित है सो आर्ष है इस में श्रुति प्रमाण दीजिये और कल्प के कौन ग्रन्थ मिलते हैं कहिये।

३७ अष्टाध्यायी आर्ष है इस में श्रुति प्रमाण कहिये।

३८ महाभाष्य प्रमाण है इस में श्रुति प्रमाण कहिये।

३९ निरुक्त कौन ग्रन्थ प्रचलित है और वही आर्ष भी इस में युक्ति और प्रमाण दीजिये।

४० छन्द के कौन ग्रन्थ आर्ष हैं और उनके आर्ष होने में क्या प्रमाण और उनके स्वरूप वेद में कहां हैं इस में श्रुति प्रमाण दीजिये।

४१ भृगुसंहिता आर्ष है इस में श्रुति प्रमाण दीजिये और प्रचलित भृगुसंहिता वही प्राचीन भृगुसंहिता है इस में युक्ति कहिये।

४२ ये ग्यारह उपनिषत् वेदान्त शास्त्र हैं यह बात कहां लिखी है इस में श्रुति प्रमाण दीजिये।

४३ शारीरक सूत्र आर्ष है इस में प्रमाण दीजिये और यह वही सूत्र है जो व्यास ने कहा इस में युक्ति कहिये।

४४ कात्यायन श्राद्ध-सूत्र आर्ष है इस में प्रमाण कहिये और आदिपद से आप और किसे लेते हैं।

४५ योगभाष्य आर्ष है इस में श्रुति प्रमाण दीजिये।

४६ मनुस्मृति यह वही है जो मनु ने कहा है [illegible] से बदली नहीं इस में युक्ति और श्रुति प्रमाण दीजिये।

४७ मनुस्मृति में जिन वाक्यों को आप नहीं मानते वे क्षिप्त हैं इस में प्रबल युक्ति और श्रुति प्रमाण दीजिये।

४८ यही महाभारत महाभारत है इसमें क्या प्रमाण और कौनसी युक्ति है।

४९ महाभारत में जिन श्लोकों को आप कल्पित मानते हैं उनके कल्पित और बाकी आर्ष होने में कौन प्रमाण और कौनसी युक्ति है।

५० श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीभगवानने जो "मे" मत् "मां" इन शब्दों से अपनी भक्ति यही परम धर्म है यह कहा है यह प्रमाण या नहीं।

५१ जो कहो कि "मे" इत्यादि शब्दों का अर्थ आत्मा है तो और स्थान पर जहां ये शब्द आये हैं वहां इनका आत्मा अर्थ क्यों नहीं होता और दूसरे स्थान पर इन शब्दों का अर्थ अपना सुझे होय श्रीमद्भगवद्गीता में आत्मा अर्थ होय इसमें प्रमाण और प्रबल युक्ति दीजिये।

५२ इन ऊपर के लिखे हुए ग्रन्थों को आप सब भांति से जानते हैं नहीं जो सब को न जानियेगा तो सर्व्वज्ञ न ठहरियेगा और जो सर्व्वज्ञता बिना कोई बात कहियेगा तो ७ प्रश्न का दोष पड़ेगा।

(इन ऊपर लिखे ग्रन्थों को दयानन्द प्रमाण मानते हैं)

५३ शिष्टाचार प्रमाण है कि नहीं।

५४ जो कहिये कि जो अविरुद्ध अर्थात् वेद में लिखा है वह प्रमाण बाकी अप्रमाण तो आप नित्य उठ के सब वेद में लिखी हुई बातें करते हैं तो सब बातों को वेद से सिद्ध कीजिये कि आप मट्टी लगाते हैं सो वेद में कहां लिखा है आप कौपीन धारण करते हैं यह कहां लिखा है मैं एक दिन आपके दर्शन को गया था उस दिन आप बजार के लड्डू और गुलाबजामुन खाते थे यह कहां लिखा है और उस दिन आप पीतल की लोटिया में जल पीते थे यह वेद में कहां लिखा है आप मूर्ति पूजन और पुराणों का निषेध करते हैं यह कहां लिखा है।

५५ जो कहिये यह मनुष्य की परम्परा प्राप्त है तो मूर्तिपूजन भी परम्परा प्राप्त है और शिष्टाचार अवश्य माननीय है और भी इस में यह बात है कि मूर्ति पूजन का यद्यपि इस लोक में कुछ फल न हो तथापि यदि परलोक में इसका फल सत्य हुआ तो आप फिर महापाप के भागी हुए और जो न सत्य हुआ तो इन लोगों को कुछ हानि नहीं बल्कि शिष्टाचार मानने से इनको धर्मात्मा होंगे।

५६ ये यथा मां प्रपद्यन्ते तां स्तथैव भजाम्यहं। इस भगवत् प्रतिज्ञा का क्या आशय है और यथा शब्द के अनुसार दैवतादिक और मूर्ति आदिक नहीं है इस में प्रमाण अर्थ के नियत कहिये।

५७ कालाग्निरुद्रोपनिषत् और तापनीयादिक श्रुति को आप क्यों नहीं मानते इस में श्रुति प्रमाण दीजिये।

५८ सब ब्रैवर्ण के ग वेदी हैं इस में क्या वेदप्रमाण युक्ति पूर्वक कहिये।

५९ सब वेद की पुस्तकें और उनके सब मन्त्र वेही हैं जो ईश्वर से निकले और इतने काल तक उनका स्वरूप कुछ नहीं बदला और ये सब वेही अर्थ अक्षर हैं इस में किसी ने कपोल कल्पित मन्त्र नहीं मिलाये इस में क्या प्रमाण और कौनसी युक्ति है कहिये।

६० जो कहिये कि परम्परा प्राप्त है तो परम्परा प्राप्तता से वेद का तो निश्चय होय और परम्परा प्राप्त मूर्त्तिपूजन न माना जाय इसमें क्या प्रमाण और जो आप कहिये कि हम अपनी बुद्धि से समझते हैं कि ये वेद वेही हैं तो आप की बुद्धि ठीक है इसमें क्या प्रमाण और कौन सी युक्ति है।

६१ लाख सौ पण्डित लोगों को मानें की एक आप की।

६२ जो कहिये कि ऐसा लिखा है कि एक पण्डित सौ मूर्ख इतना होता है तो यह सब अन्य हैं हम पण्डित हैं हमारी बात मानो तो इस में क्या प्रमाण है और क्या युक्ति है कि आपही पण्डित हैं और ये सब अन्य हैं।

६३ वेद की पुस्तक पर जो कोई लात रखदे तो आप उसको दोष भागी कहेंगे तो वह दोष भागी कैसे होगा क्योंकि मूर्त्तियों में तो आप कहते हैं वहां क्या है पत्थर है तो उस वेद की पुस्तक में क्या है कागज़ और सियाही है जो हमारे हाथ की बनाई है और हमारे हाथ का लिखा है और अक्षर है सो एक प्रकार का संकेत है तो ऐसी जड़ वस्तु के अनादर से क्या दोष है जो कहिये उन से वेही मन्त्र समझे जाते हैं जो हमारे धर्म स्वरूप हैं इस से आदर के योग्य हैं तो ये मूर्त्तियां जिन से हमारे [illegible]वता के आकार का स्मरण होता है क्यों नहीं मानने के योग्य है।

६४ आप के पिता या किसी पुरुषा का मृत देह या उन की चित्र जिससे उन के स्वरूप का ज्ञान हो या कागज पर उन का नाम लिख के इन सब का अनादर करें और इन पर बुरी वस्तु डालें तो आप को बुरा लगेगा की नहीं क्योंकि ये सब तो पृथ्वी तत्त्व के अंश और जड़ वस्तु हैं।

दयानन्द जीने ४ प्रश्न किये थे इस हेतु उन के चार को चार बेर चौगुन करके चौसठ प्रश्न किये हैं इन का उत्तर उन को यथाशः देना उचित है।

पावसकवितासंग्रह।

अर्थात्

अनेक कवियों की उत्तम उत्तम चुनीहुई
पावस की अपूर्व कविता।

भारतभूषणभारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र द्वारा संगृहीत।

जिस को हिन्दीभाषा के प्रेमी तथा रसिकजनों के मनोविलास केलिये
क्षत्रिय-पत्रिका सम्पादक श्री मं० कु० बा० रामदीन सिंह ने
प्रकाशित किया।

पटना—"खड्गविलास" प्रेस—बांकीपुर।
साहबप्रसाद सिंह ने मुद्रित किया।
१८८७.
हरिश्चन्द्राब्द १३.

प्रथमवार] [दाम /)

पावससंग्रह।

सवैया—भादौं की कारी अंध्यारी निसा झुकि बादर मन्द फुही बरसावत। ...खिका आपने ऊंची अटा पैं छकी रसरंग मल्हारहि गावत॥ ता समें नागरी ...दृगदूरतें आतुर रूप को भीख यों पावत। पौन सया करि घूंघट टारै दया-...रि दामिनी दीप दिखावत॥ १॥

कवित्त—जोग को न कहियो वियोग कहियो न कछु जोग कौन कहियो ...भोग सरसाइयो। हित को न कहियो परहित को न भाखियौ जू चित को न ...हियो नहीं चेत को चिताइयो॥ पूछै जो प्रवीनवेनी रसिक गुपाल लाल ...विन को हाल तौ विहाल हमि गाइयो। ऊधौ मन भावन सौं सहज ...भावन सौं सावन सुहावन को आवन सुनाइयो॥ २॥

सवैया—जाय न कान्ह मधूपुरी जौं प्रियप्यारी सबै प्रिय बात सिखावन। ...सम बादर है बरखा गिरिधारन सार की फांस बंधावन॥ धावन इन्द्र के ...र अबै लगि हैं चहुंघौरे जलै बरसावन। सावन मैं तब आयु बिना सिमि ...रिहिंगी तिय काम लजावन॥ ३॥

...मत घुमड मतवारे से महान घन घूमत नगारे ज्यौं धुकार धुनि सौं मढ़े। ...रवा धमक अदभुत से तमक उठो दामिनी दमक चारुधीर पत्र से कढ़े॥ ...सी सुधि पावस प्रबलदल दयाराम आयो विरहीन पै अतंक अतिही बढ़े। ...रखा लगोरें बागबान बरखा सी छौन आरखा से पढ़त मयूर गिरि पै चढ़े॥४॥

सवैया—पावस मैं परदेस पिया सुखदी बनितान सौं प्रेम पगी। घन घूमि-...हे छवि सौं छिति पैं सरसाद मनोरथ जाग भगी॥ पति सारत मार सुबानन ...सौं पुन नैन समो सब आस जगी। केहि भांति पतिव्रत पाकहुंरी सुरवा गिरी ...कहरान लगी॥ ५॥

हरीभई भुंमिउठ्यो घन घुंमि बरसत भुंमि, हरखत मोरैं। तड़पत भेक ...ड़कत सांप खड़कत पात पहार के कोरैं॥ चमकत विज्जु लखा लड-...लात झमकत झिंगुर झांझसी झोरैं। पछी पछतात तपी बिलखात डरपत ...कामिनि कंत के कोरैं॥ ६॥

सबैरात बैहर प्रचंड घंड मंडल पै दबैरात दामिनि की दुतिदी अफैरात।

बिथा उमड़ी घरी घरी ॥ अजहूं न आये हरी भरी जलभरी भूमि चहूंओर देखो बन हो रहो हरो हरो । छूटन लगेरी धीर धुरवा निहारी प्रान लूटन लगेरी बोन सुरवा घरी घरी ॥ १४ ॥

आईरितु पावस न आये प्रान प्यारे यातें मेघन बरज आलो गरजन पावैं ना । दादुर हटकि बकि बकि कै न फोरैं कान पिक न फटकि मोहि सबद सुनावैं ना ॥ बिरह बिथा तें हौं तौ व्याकुल भई हौं देव जुगनू चमकि चित चिनगी उठावैं ना । चातक न गावैं मोर सोर ना मचावैं घन घुमरि न छावैं जौलौं लाल घर आवैं ना ॥ १५ ॥

जल भरे झूमैं मनो भूमैं परसत आय दसहू दिसान घूमैं दामिनी लयें लयें । धूरि धार धूमरो से धूम से धुधारे कारे धुरवान धारैं आवैं छवि सौं छए छये ॥ श्रीपति सुजान कहैं घेरि घेरि घहराहिं तकत अतन तन तावत तये तये । लाल बिन कैसे लाज चादर रहैगी मोहि कादर करत आय बादर नये नये ॥ १६ ॥

सोरन के सुरतें न सुरतें रही है चीर उरतें निकासे चेत सुरतें कन्हाई को । पीव पीव कहै बिन पीव जीव अकुलावै घातें चहु घातें लागी चातक कसाई की ॥ तोरैं धर धीरज ही मोरैं मन मोह मदा दौरें संभु दुसह दमार दुख दाई की । कोरैं उठो घन को अवावै कहूं कोरैं प्रान कोरैं छैली हिये में झकोरैं पुरवाई की ॥ १७ ॥

दूरि जदुराई सेनापति सुखदाई रितु पावस की आई नहीं पाई प्रेम पतियां । धीर जलधर की सो सुनि धुनि धरकी सो दरकी सुहागिन की छोह भरी छतियां ॥ आई सुधि बरकी सो हिये आनि बारको कहो जू प्रान प्यारे बिह पीत भरी बतियां । बीती औध आवन की लाल मन भावन की डगभई बावन की सावन की रतियां ॥ १८ ॥

सरद सखी तें पधसलो हूं बचौ हौं कवि चिंतामनि तिम हिम सिसिर फिसकतें । मारत मदकै बचो अधिक बसंतहु तें पावक प्रजार बाँची ग्रीषम सिसक तें ॥ आयो पापी पावस ये प्रान छकतान लागी भागीरी मसान घोर दामिन के चमकतें । तापतें नचोंगी जीपे मलिय मचोंगी आली अब न बचौंगी पपीहा की चमकतें ॥ १९ ॥

गाजे रसभीनी तेसो बरसा समीरो चढ़ि चंचला नचैरो चकचौंधा कौंधा बारें री । सो मन हारें हिये परत फुहारें कछु छोरें कछु धारें जलधर जल धारें री ॥

...वथा उमड़ी घरी घरी ॥ घन हूं न आये हरी झरी जलधारी भूमि चहूंओर
...की बन हो रही हरी हरी । छूटन लगीरी घोर पुरवा निहारी प्रान लूटन
लगीरी बोल सुरवा घरी घरी ॥ १४ ॥

आईरितु पावस न आये प्रान प्यारे यातें मेघन गरज लागी गरजन
लागें ना । दादुर हटकि बकि बकि कें न फोरें कान पिक न फटकि मोहि
सबद सुनावें ना ॥ विरह विथा तें हौं तौ व्याकुल भई हौं देव जुगुनू चमकि
चित चिनगी उठावें ना । चातक न गावें मोर सोर ना मचावें घन घुमरि न
छावें जौलौं लाल घर आवें ना ॥ १५ ॥

जल भरे झूमें मानो भूमें परसत आय दसहू दिसान घूमें दामिनी लयें
लयें । धूरि धार धूसरो से धूम से धुधारे कारे धुरवान धारें धावें छवि सों
छए छये ॥ श्रीपति सुजान कहें घेरि घेरि घहराहिं तकत अतन तन तावतें
तये तये । लाल बिन कैसे लाज चादर रहैगी मोहि कादर करत आय
बादर नये नये ॥ १६ ॥

मोरन के सुरतें न सुरसें रही है चोर उरतें निकासे चेत सुरसें कन्हाई
को । पीव पीव कहै बिन पीव जीव अकुलावैं धावें चहू घातें लागी चातक
कसाई को ॥ तोरें धर धीरज ही मोरें मन मोह सदा दोरें मंजु दुसह दमार
...आई को । कोरें उठो घन को घटाये चाहूं कोरें प्रान कोरें सेतो हिये मे
...रैं पुरवाई को ॥ १७ ॥

दूरि जदुराई सेनापति सुखदाई रितु पावस की आई नहीं पाई प्रेम
...नि धुनि धरकी मो दरकी सुहागिन की छोह
...हिये आनि बारकी कही जू प्रान प्यारे
...की लाल मन भावन की डगरें

...तिन हिम सिसिर
...मलार गायो ग्रीषम
...आगीरे असाम घोर
...पवन बधौगी

...धा मारें री ।
...धारें री ॥

घर्घरात घनन के मेघ घाएं झर्झरात पर्परात पानिप के बुंदन ते फर्फरात ।
भर्भरात भामिनि भवन मांझ सेनापति हर्हरात हाय हीय पीय पीय बर्बरात
घुर्घुरात खिंनखिंन धीरन धरत बीर नीर हीन मीन ऐसी सेजपर फर्फरात ॥७॥
कंतबिन भावति मदन ना सजनि गोपैं विरह प्रबल मैन मंत कोप्यो भाद्र के ।
श्रीपति झलोलैं बोलैं कोकिल चकोलैं बोलैं गौन गांठ गोपैं गौन राखे भादभादके ॥
छहरि छहरि हिय काहरि कहरि करि थहरि थहरि दिन बीते जिय भाद्र के ।
लहरि लहरि बीज फहरि फहरि आवे घहरि घहरि उठैं बादर भभाद्र के ॥८॥
मल्लिकन मंजुल मलिंद मतवारे मिले मंद मंद मारुत मुहीम मनसा की है ।
कहै पदमाकर त्यौं निनद नदीन नित नगर नवेलिन की नजर निसा की है ॥
दौरत दरेरा देत दादुर सुदूंदैं दीह दामिनि दमंकति दिसान मैं दसा की है ।
बद्दलन बुंदन बिलोकौ बगुलान बाग बंगलन बेलिन बहार बरसा की है ॥९॥
चंचला चलाकैं चहुंघोरन तें चाय भरी चरज गईती फेर चरजन लागीरी ।
कहै पदमाकर लवंगन की लोनी लता लरज गईती फिर लरजन लागीरी ॥
कैसे धरौं धीर बीर त्रिविधि समीरैं तनै तरज गईती फेर तरजन लागीरी ।
उमडि घुमडि घन घेरिके घनेरो घटा गरज गईती फेर गरजन लागीरी ॥१०॥
कारे जलधर चहुंघाते झुकरत आवैं दामिनी सुहाये सो जनावे दुख भाद्र के ।
झींगुर पपीहा भेक सुक पिक मोर बोलैं डोलत समीर सो करत घादघादके ॥
कहै कविराम पीरो अंकुर मही तें कढ़ो बढ़ो पीर बनिता के देखे जल भादके ।
काम के उमाहक बिरहीजन दाहक ये आये मानगाहक कमलाहक भभाद्र के ॥११॥

सवैया—आवती भाद भभाद के बादर सीतम मैं अति आग लगावती । गावती चाहचढ़े पविहा लगि मोरौं अनंग की धैर बंधावती ॥ धावती बारि भरे बदरा कवि श्रीपति जू हियरा डरपावती । पावती मोहि न जीवतीं प्रीतम जो नहिं पावस मैं घर आवती ॥ १२ ॥

कवित्त—घन दरसावन है बीज उपजावन है चहुं ओर धावन है बेदरद भाद्र को । मानमो भयावन है मोर हरखावन है दादुर बोलावन है पति भाद भाद्र को ॥ श्रीपति सुहावन है झिल्ली झनकावन है बिरही सतावन है चिंता चित बाद को । जगन जगावन है मदन जगावन है चातिक को गावन है आवन भभाद्र को ॥ १३ ॥

कवित्त—आली रितु ग्रीषम बितायें दिन पीय बिन कठिन कठिन करि सखी हों मरी मरी । अबतो इलाज की रहो न कछु काज सखि उठोहे घटान

येघा उमडो घरी घरी ॥ अजहूं न आये हरी झरी जलभरी भूमि चहूंओर देखो बन हो रही हरी हरी । कूटन लगैरी घोर धुरवा निहारी प्रान लूटन लगैरो बोल सुरवा घरी घरी ॥ १४ ॥

आईरितु पावस न आये प्रान प्यारे यातें मेघन बरज आली गरजन लावें ना । दादुर हटकि बकि बकि कै न फोरें कान पिक न फटकि मोहि सबद सुनावें ना ॥ बिरह बिथा तें हौं तो व्याकुल भई हौं देव जुगुनू चमकि चित चिनगी उठावें ना । चातक न गावें मोर सोर ना मचावें घन घुमरि न छावें जौलौं लाल घर आवें ना ॥ १५ ॥

जल भरे झूमें मनो भूमैं परसत आप दसहू दिसान घूमैं दामिनी लयें लयें । धूरि धार धूमरो से धूम से धुधारे कारे धुरवान धारें आयें छवि सौं छए छये ॥ श्रीपति सुजान कहैं घेरि घेरि घहराहिं तकत अतन तन तावते तये तये । लाल बिन कैसे लाज चादर रहैगी मोहि कादर करत आय बादर नये नये ॥ १६ ॥

मोरन के सुरतें न सुरतें रही है और उरतें निकासे चेत सुरतें कन्हाई की । पीव पीव कहै बिन पीव जीव अकुलावै घातें चहु घातें लागी चातक कसाई की ॥ तोरें भर घोरजहो मोरें मन मोह महा दोरें संभु दुसह दसार दुख दाई की । कोरें उठो घन को मचावे कहुं कोरें प्रान कोरें लैसो हिये ये झकोरें पुरवाई की ॥ १७ ॥

दूरि जदुराई सेनापति सुखदाई रितु पावस की आई नहीं पाई प्रेम पतियां । धोर जलधर को सो सुनि धुनि धरको सो दरको सुहागिन की छोह भरो छतियां ॥ आई सुधि बरको मो हिये आनि खरको कहां जू प्रान प्यारे वह प्रीत भरी बतियां । बीती औध आवन की लाल मन भावन को डगभई बावन की सावन की रतियां ॥ १८ ॥

सरद ससी तें अधसमो ह्वै बधोहौं कवि चिंतामनि तिस दिस सिसिर झमकतें । मारुत सरके मयो अधिक संसतहू तें पावक प्रभार बांधी ग्रीषम गमक तें ॥ आयो पापी पावस ये प्रान उकतान लागी भागिरो पमान घोर घन के घमकतें । तापसें लचोंगी लोवे पमीव पचोंगी आली अब न बचोंगी चपलानको चमकतें ॥ १९ ॥

गाजे रसभीने तैसो बरसा समैरो चढ़ि चंचला नचैरी चकचौंधा कौंधा बारें रो । मनो मत हारें हिये परत फुहारें कछु चौरें कछु धारें जलधर जल धारें रो ॥

धुरवान की धावन मानो मनंग की तुंग ध्वजा फहराने लगीं। नभ मंडल तें छिति मंडलहूँ छिन जोति छटा छहराने लगीं॥ मतिराम समीर लगी लतिका बिरही बनिता थहराने लगीं। परदेस मैं पीय संदेस नहीं चहुँ ओर घटा घहराने लगीं॥ २७॥

उमडे नभमंडल मंडित मेघ अखंडित धारन तें मचिहै। चमकैगी चहुँ दिसितें चपला चपला कहु कौन बला बचिहै॥ चहुंनाद मरैगी बलाय मवारक प्रान उपाय यहै रचिहै। पहिहौ अचवैगी हलाहल वौं तब कैकी कुलाहल तें बचिहै॥ २८॥

छबि सोहै दुकूलन चूनरी की अप आपनी तें घटा ओवतीं हैं। रंगराती सुनैं धुनि मोरन की मदमाती संजोग संजोवतीं हैं॥ कहि ठाकुर वे पिय दूरि बसे हम आंसुन तें तन धोवतीं हैं। धनि वै धनि पावस की रतियां पति की छतियां लगि सोवतीं हैं॥ २९॥

घनस्याम घटा उनई इत तें घनस्याम नहीं घन घात करै। चमकै चपला दमकै छतिया छिनही छिन आंसन आंसू ढरै॥ पलही पलही पिय पीय रटै कल नाहीं परै दुख देह जरै। पलसों न लगै पल पीय बिना पलका को परै पलकाको परै॥ ३०॥

घोरैं घटा झुकि आई चहूँदिसि दामिनि तें दुति होत अंजोरें। जोरैं मे बोलत हैं पिक दादुर कांपि उठे जब कूकत मोरैं॥ मोरैं मरोर उठै जिय मैं कबिराम गडी तिरछी द्रिग कोरैं। कोरैं मिलावैं पिया वह सांवरो आय घटा चहुँ ओर ते घोरैं॥ ३१॥

सावन तें मन के बिछुरे जब तैं तब तें तनकाम सतावन। तावन देह समीर करे बदरा लखि मोर लगे कलगावन॥ गावन घेरि घटा बरखे जिय को सगरे बिधि है तरसावन। सावन कौन उपाय सखी हियलाय मिलौं अपने मन भावन॥ ३२॥

आय हौ कार मैं संभुनमा घर बाहरही बरखा को बिताय हौ। ताय हौ तापन तें अंग अंग अनंग को रार सौं कैसे बचाय हौ॥ पाय हौ जौ ती कहा बहु को फिर गोतन की कुसलात न पाय हौ। पाय हौ यामें कहा जब कौन को सावन मैं मनभावन आय हौ॥ ३३॥

पीव कहां कहि देव तो सावन पावस मैं रस बीच कहां है। जीवननाथ के साथ बिना गुरदत्त कहैं तम जीवकहां है॥ बांनी दुनी जबतें तबतें यह

चोखो चुनरी की चारितरफ तरंग तैसी तंग अंगिया है तनी उरज उतंग। सौतिन के वदन विलोके वदरंग अब रंग है री रंगतेरो मेंहदी सुरंगपर ॥४८॥

चुंदरी की चहक चमंक चारु चोयनकी चुरियों की चुहर चितौर चषोरेको । कहैं पदमाकर मनोज मदमातो मजा मेंहदी की महक सजै सुख मोरेको ॥ गोला गजगंजन गुलाई गोल गालन की गहगही गाढ़ गोराई गात गोरेको । हरित हरा की होरहार की हमेलहू को हलन हियें हरै हलन हिंडोरे को ॥ ४९ ॥

फूलन के खंभा पाट पटरी सुफूलन की फूलन की फंदने फंदे हैं ला डोरे में । कहै पदमाकर वितान तने फूलन के फूलन के झालर यों झोलत झकोरे में ॥ फूलरही फूलन सुफूल फुलवारी तहां फूलई के फरस फबे कुंज कोरे में । फूलभरी फूलभरी फूलझरी फूलन में फूलईसी फूलति फूल के हिंडोरे में ॥ ५० ॥

सावन तीज सुहावन कों सजि सूहैं दुकूल सबै सुख साधा । त्यों पदमाकर देखे बनै न बनै कहते अनुराग अगाधा ॥ प्रेम के हेम हिंडोरन में सरसैं बरसैं रसरंग अबाधा । राधिका के हिय झूलत सांवरो सांवरे के हिय झूलति राधा ॥ ५१ ॥

दोऊ सखि झूल झूल झूल सखतूल झूला नेह सुख मूल कहि सोव भरि बरसात । छूटि छूटि अलकैं कपोलन पै छहरात फहरात आंचर उरोजन सों उघरिजात ॥ रहो रहो नाहीं नाहीं अब ना झुलाओ लाल सबाकी सों सिरे यौं जुगल अंग थहरात । ज्योंही ज्यों सघन लचकत लचकीली अंक संकन मयंकमुखी पंकज अघरिजात ॥ ५२ ॥

प्रेम मदमाते अनुरागे लाल बाल दोऊ लागे अमै मोदन में झूलत हिंडोरना । कीनो है चपल दुति चोरनि चुराय चित चंदमुखी चंचल चकोर गन दोरना ॥ ज्यों ज्यों प्रानपति परिरंभन करत त्यों त्यों भावती सुरत हरै मौन के झकोरना । परस प्रसूनहू तें कोमल किसोर हार कठिन कठोर मति गई कुच कोरना ॥ ५३ ॥

घांघरे की घुमड़ उमड़ चारु चूंदरी को पायन सनूप सगराम चार जोरे को । छहरी बिकट छूटी अलकैं कपोलन पै चढ़ी चढ़ी चांपिन पै छबि झकझोरे को ॥ तरिवन तरल जराऊ जरबीलो और बैदंद के ललित ललित सुख मोरे को । भूलत न भामिनिकी सावन सुहान भरी धावन सों ग्रीपति सुहावन हिंडोरे को ॥ ५४ ॥

कुहू कुहू बुंद झरें मोर बारिवाहननि तें कुहू कुहू सब्द बोलत कोर कोकिलान को। तासों सर्मे स्यामा स्याम झूलत हिंडोरे बैठि वारों छवि कोटिन में रति पंचबान की ॥ कुंडल लटक सोहैं भृकुटी मटक मोहैं पटका चटक पट पीत फहरान को। झूलन समै की छवि भूलत न झूलतरी उझकनि झुकनि झकोरनि सुजान को ॥ ५५ ॥

सवैया—झूलत प्रेम भी हेम की डार सों बार सी पातरी है कटिछीनी। है मधकी लचकावति अंगनि रंग सुहावत नारि नवीनी ॥ पीय झुलाय दियो है अचानक प्यारी महा छवि सों भयभीनी। लाल हिंडोरन मोद भरी तिय मोद भरी अंखिया भरि लीनी ॥ ५६ ॥

कारी नई उनई घन की घटा विज्जु छटा करे आनंद जी को। मोर भी मोर पपहूं परसादे मनोहर सोरन को अवली को ॥ चारु सुहाए पतान के भागें सुजान में सोहै हरी रंग नीको। है इहि भांति सुहावनरो पै बिना मन भावन सावन फीको ॥ ५७ ॥

कवित्त—कुहुकत मोर वन पवन झकोर घन कालिदास गाढ़े ये असाढ़ दुग पेखिये। सीतल कदंब छांह गोरी गरे धरे बांह चन्द्र को नगर वन नगर बिसेखिये ॥ मारों अवधेसपुरी रसिक नरेस कान्ह ऐसो देस दूसरो न सुख अवरेखिये। नीके नये छप्पर सटान घट छप्पर घटान के घमंड भूमंडल में देखिये ॥ ५८ ॥

उमड़त घुमड़त घूम घन आये घेरें घोरें देत निनद नगारन की धूम कों। कहत किसोर चारों ओरन तें जोरावरी थोरें देत जर बिजुरिन भारी भूम कों ॥ झाझकर झंझा तैसो झुक झक झोरें देत झमरे ततामन को झाप झाप झूम कों। जलन को जोरें देत जलद को फोरें देत जलन को ठोरें देत बोरें देत भूम कों ॥ ५८ ॥

सवैया—कैसी मनोहर मंजु समीरन जानिये बैर बहै जो कहानि। जैसी किसोर लता लखें तैसी नचै सुरबान की कोंति कमानैं ॥ लूटती कैसे न ऐसे समै सुख छूटती विज्जु छटा चहुंघातें। भाल लगी जमुना तें लगी नमकी नभस्याम घटान की पातें ॥ ६० ॥

छिनही छिन दौरे दुरे दरसै छवि पुंज किसोर उजासे करे। अति दीन बिना पिय जान जिए बिरहीन हिए दरमा से करे ॥ यह देखि भई कबहू पियरी घन की बरि की उपमा से करे। चहुंघातें सदा तड़पै बिजुरी नभ तोम में पाज तमासे करे ॥ ६१ ॥

धंधामें मैं। धुरंधुंध धूधर धुधात धूम धुंधरनि धुधुरै धुंधंदरित धूम धुर धाम मैं ॥ ८१ ॥

आए:मद उमठ उमैठ ऐठ बैठ बढ़े तड़ित नचौड़ौं घटीं तड़पन सोहैं जे। झिल्लीगन झनक पझंझा झांझ झौंकनि, मैं झिमिका झरनि झोंगो झीनी झिनि सोहैं जे॥ पूछत पगस्त को उदोत, जात पीतम के पजन, लखंकुर पनेक उकसोहैं जे॥ सिंधु उदसोहैं दाबि दसहूं दिसोहैं प्राज बादर बसोहैं बरसोहैं-सो बिसोहैं जे॥ ८२ ॥

प्रावस बिवस बिस्स, बामर निसा से भामि भन पजनेस देम.देमस सवारे से। धूम रंग धीरें धीरे धराधर-शृंगन पैं धावत अधर धुर धुंध मत धारे से॥ छूटे बादबानन बिलंद जे जहाज मानो पावत हिमाल नित नेह मद मारे से। झोंती घनी झूमैं धारा धरनी को धूमैं घेरि घेरि घन घूमैं झूमैं गज मतवारे से॥ ८३॥

सवैया—प्यारो मनावत प्यारी न मानत बैठिरही करि प्रीति की टूटनि। कारी घटा घहरान सुनी मुड़ठी तब चौंकि चितै चहुं खूटनि॥ धाइ डराइ लगी पीय के हिय सो कबिदेव सुनो सुख लूटनि। मान तो छूट्यौ मदकरि कै मनतें नहिं छूटत मान की छूटनि॥ ८४॥

कवित्त—बरसै सघन घन सावन सुहाई बूंदें कुंज मैं पवन चलैं मंदर झकोरे में। कुहकैं पपीहा मोर दादुर करत सोर गुंजत भंवर बिज्जु नचत मुजोरे मैं॥ पानंद कहत मंच्यौ चहुंघा चंवर ढोरैं सावन सुहाई मनौं मान रंग घोरे मैं। झहकि ढरकि आतौं धमकैं कपोलन पैं मचकि मचकि झूलैं सचकि हिंडोरे मैं॥ ८५॥

ललित लता हैं कदमोन के पता हैं पुनि पढ़त कबित्त मुख नागरी नबीना हैं। कहै पदमाकर त्यौं पवन झकोर और सोरम के मोर घन घोर कैं छबीना हैं॥ वारि बरखा मैं बरखा मैं हरखा के हेतु डीन हैं हिंडोरे कुच कलस नबीना हैं। बासनी हैं बाम हैं मलारन के राग हैं औ मंजुलामुखी है बंगला है बेस बीना है॥ ८६॥

पावस मरोरे देत पवन झकोरे देत तड़प करोरे देत मानो सिंधु फोरे देत। धनुस टकोरे देत मैन सर घोरे देत बिरही बिथोरे देत मान गढ़ टोरे देत॥ झिल्ली झनकोरे देत भेख कर घोरे देत कुहकंबि मोरे देत घटा घन घोरे देत। सलिल निचोरे देत सरिता हलोरे देत चारो ओर बोरे देत भूमि भिजोरे देत॥ ८७॥

मोद नाचे हग में बिरहे हिय मांझ नाचें बिज्जु नाचें घन में मयूर नाचें नग में ॥ श्रीपति सुकवि कहि सावन सोहावन में पावन पथिक लागे प्यारे पहन में ॥ देह छायो मदन बदेह तन दिसि छायो मेह छायो गगन सनेह छायो जग में ॥ ८४ ॥

करिदिहिंगी कामरी खोहि तुम्हें मधि दे अपनो पियरो दुपटा । छगनी कविभूधर पातन के जिन्ह ऊपर मारिये कोटि पटा ॥ रंग राखि चले क्यों न चूनरी को धुरवा धरि के चमके बिज्जु छटा । बरसैंगे घनै ढिग कुंज चलो बहुंघोरते आई है घोर घटा ॥ ८५ ॥

बदरा बदरैबो करो चहुंधा बड़ी बुंदन तें जल दीबो करो । भने श्रीपति आनंद फूली लतान सुधा मकरंद को पीबो करो । पिय मोहैं करो किन बाम मनोरति दाम चराचर लीबो करो । हम पौढ़त हैं पिय के कोरवा मोरवा सोरवा अब कीबो करो ॥ ८६ ॥

जमुना के तीर भीर भई है हिंडोरना में दूरही तें देखि देखि जिय तरसत है । मंद मंद ताग धुनि गावत श्रवन बीच बीच बीच बंसी धुनि प्रान परसत है । जैसी कारी घटा तैसो द्रुम को लतान बीच तैसेई सोभा सों पीत पट फरसत है ॥ राधा अब धेनि चलि जिय तरसत प्यारी प्यारो मा कदंब तरे रंग बरसत है ॥ ८७ ॥

देव जू जाने सबै मैं पुकारे से चारें से पम्मर बीजुरी सेहजू । जेहजू जोति की जाति मवारक बारक नाये नये सिरनेहजू ॥ साम्यो न माम्योजू नेह उनै अब आयो जथा अब देखिये मेहजू । मेहजू आयो पै रावरी रीझ हि भींजि है पामरी कामरी देहजू ॥ ८८ ॥

गीलो घटकीलो चारु अम्बर छबीलो धरे नीलकंठ हार गरे परे भरे प्रेम सों । मनि मनि भूखमनि बनि ठनि अंग अंग मृगमद बिंदु दये सोस पै घटंग सों । गिरिधरदास भने पावस अमावस की राति बीचजानि बाम स्याम पै उमंग सों । सोहै सुभ ताको मनो रजनी समेटि संग लिये जात चंद संग करि कै पतंग सों ॥ ८९ ॥

मानो एक बोप तंबू ठाठो है सुरूप स्याम डोरी मयतूल तामें लागत सुहावनें । कहै सिवराई मोर करत कलापी पापी भिल्ली भनकारत बिरह उपजावनें ॥ ताही समे प्यारी पखियम सों कहत बात साजि बिनु चरो घरी सुगल बितावनें । काम बादसाह के हुकुम तें फराश मानो सबुज मखमल के बिछाये हैं बिछावनें ॥ १०० ॥

दोहा—इति विहरत घनश्याम के, वृन्दावन अभिराम।
वरषा रितु आरत भई, हरषा कर छविधाम ॥ १०१ ॥

कवित्त—दूरि भयो ताप को प्रताप आप के प्रताप खग मृग नाम ने मक्षु जग हरषा। मधुर अलापी करें मिलत कलापो वृन्द दादुर बहुत बोलें गो घनकरषा ॥ गिरिधरदास भई भूमि हरियारी सारी घन जल भयो भई धान खेत बरषा। नदी भय नारे भए नद भय नदी भई नदो नाह भय नद भए पाय बरषा ॥ १०२ ॥

अधि पावस को ब्रज भामिनी। तन सुंदर कुंजर गामिनी ॥ १०३ ॥
इमि येग कहैं रस दायिका। ब्रजनायक रंजनि नायिका ॥ १०४ ॥

कवित्त—श्याम, घनसामी श्यामभयो घनमानो तैसो कवि घनमानो सुघ, मुदि, घनमानोरी। घन अहिरानी दुख मति अहिरानी फूली फिर अहिरानी संग हरि अहिरानीरी ॥ गिरिधरदास ताप मिथ्यो धुरवा नोदंड उठे धुरवानी किये और धुरवानीरी। मुद बरसानो रीझि लियो बरसानोरो त्यों यह बरसानी रीति रस बरसानी री ॥ १०५ ॥

घुमड़ि घुमड़ि घेरि घेरि घोर घन आए उमड़ि उमड़ि बरसत बारिधारवर। छहरि छहरि से ब्रज घन छायो मज घने छबि घटा घटति कंजारवर ॥ गिरिधरदास बकपवलि प्रकास राजे कुंज कुंज करत मयूर किलकारवर। शोभा दरसात बरसात सुख बरसात जगहरसात देखि दंपति बिहारवर ॥१०६॥

जलद जलद व्योम चलत जलद वृन्द छन छन छन छबि छबि चतिको करे। बामन प्रकाश पाकसासन सरासन को औगन कैगन सों गगन गरिमा धरे ॥ गिरिधरदास पात पात में तें जलपात बात बात बात में सुगंध की महा भरे। ऐसे में सवन पर बिन बनमाली आली वृन्दावन धन पति बनि लिये की हरै ॥ १०७ ॥

कारे घन भारे ते दुरद मतवारे दोऊ गरजनि डंकादेत ब्यात दीप दीप है। चातक कलापी गावै गुनी मूतमंदी वृन्द विमल बलाका केतु जलदो छदोप है ॥ गिरिधरदास धनु इंद्रधनु करलीने बारिधार बान धरे मुखद समीप है। जगबलछायो पधिकायो मन भायो आयो ब्रज में अजेव काम पावस महीप है ॥ १०८ ॥

दादुर की रटनि मचाव साव माव धुनि मोर की नटनि गति चापल सुचाव है। गहे बिज्जु तेग इंद्रधनु धनु धारेकर बिलोसुख वृन्द विलोसुख

निरधारु हैं ॥ गिरिधरदास परतमी बकावलि धर परतल जाके ना जगत सितमारु हैं। एजु घनस्याम आज काम के सिपाही बनि घूमैं घनस्याम वाम करत सिकारु हैं ॥ १०९ ॥

कारो कारो रंग अंग चलिहो उतंग वर गरजनि सोई गरजनि मद संगवर। सांझ बहुरंग सोई झूल गिरिधरदास बकावलि तैसी गजगाह है सुढंगवर ॥ हैकल सुरेस धनु रतनमनरी विज्जु सुवरन सिक्कर सुहावन सुरंगवर। देखो घनस्याम घन जंग के उमंग भरे आए मिलि संगम अनंग के मतंगवर॥ ११० ॥

नभ मत पथ कों पखंड जमद न छायो बरसै वितण्डा बाद जाल दुष्ट जाल है। ज्ञानपभि छप्यो विज्जु बामी चमकनि बढो नाचें नास्तीक मोर जाप विसाल है॥ गिरिधरदास देखियत दंभीवकवृन्द पवन प्रचण्ड पाप चहूं ओर चाल है। एजू ब्रजराज देखो तेरीजान आयो यह बरसन कारुना कठिन कलिकाल है ॥ १११ ॥

बकुला को नान है न यह जपताल चारु विज्जु को प्रकास नहिं प्रेम को दिगंत है। घन भयो नभ है न ज्ञान भरो मन अहै गरमी को अंत है न अघरस अंत है॥ गिरिधर दास मोर बोलैं भने बेद पाठ बरसै न मोर भक्ति रस बरसंत है। एरी यह पावस नहीं है आयो मति मन्त राधा कन्तकाज कोऊ सन्त को महन्त है ॥ ११२ ॥

कारो रंग अंग घन सुन्दर सुढंग सोई पीत पट विज्जु बक माल मोती माल गरे। इन्द्रधनु बैजयन्ती बनी गिरिधरदास सीतल समीर घन राजधैं निवास करै॥ सोरन को मोर सो पुकारत हैं आरत जे जीवन दया को बरसावन अनन्द भरे। अतिहि अनूप ब्रज भूपचारु रूप देखो आयो ब्रज पावस रमापति को रूप धरे ॥ ११३ ॥

बक दरसात हंस ऐसे हरसात सोई दादुर की धुनि पाठ बेद तत्व ज्ञाता को। कनक कमण्डलु सो बिज्जुरी बनो है इन्द्रधनु मनिहारो बनो जलकानि-दाता को॥ गिरिधरदास जगजीवन को सृष्टि करै भजै हरे पाप ताप बसुधा को भ्राता को। पावस पवन हे पवन परमा सी पनी आयो री ब्रजहि बेद-धारि कै बिधाता को॥ ११४ ॥

कारेघन ए न परो गज को चरम चहै घन कोल नाद नाद डमरु सुदेस को। जौगन को चमकन जोवन फिरनि चहै बात सीतदाई मा बरद पनवेस को॥ गिरिधरदास विज्जु हैन है जटा विसाल बकमाल है न मोर हरन

पंधारेरी। मन बेगवारे बिज्जु तम तेग वारे ए तो घन हैं न कारे जमगन हैं नकारेरी ॥ १२१ ॥

फूलेना बिटप बहुरंग एई हाटवारे भंवर न डोलैं ए खरीदैं हैं सुवास नर। बकमा उड़ाहिं एई नर हैं सपेद पोस चपला अनूप ना ए चपला प्रकासकर ॥ चातिक न बोलैं कहूं कहूं गावैं गीत बारे नाचैं हैं न मोर चहैं नट ए हुलास-धर। गिरिधरदास नहिं पावस बिलास धरे जोवन प्रवास काम राजधानी खासवर ॥ १२२ ॥

हैं न ए बलाका उपवीत भट्टे भव दात इन्द्रधनु है न भाल तुलसी को धारे गरें। बोलैं ना पपीहा रटजात्रो स्याम नाम हीं की बिज्जु को प्रकास है न केसर को पुंड करें॥ बरसै न नीर प्रेम आंसू पात दरसात गिरिधर-दास रचि भव ताप दूरि टरे। हरी हरी भूमि है न मति हरिरंग रंगी पावस न होय हरिभक्त कोऊ रूप धरे ॥ १२३ ॥

उमडि उमडि नदी नद कूल बोरत हैं बोर जलधारन सों सूझत कहूं ना है। परम प्रचण्ड पौन धावनि त्यों धुरवा की झिल्लिन को सोर सुनि होत कान सूना है॥ गिरिधरदास महाबिज्जु को प्रकास सोई बागी दौह दुसह दवानल सों दूना है। परो बाल जोइ स्याम बिन सुख खोइ यह पावस न होइ प्रलैकाल को न सूना है ॥ १२४ ॥

. चहैं ए सघन जानो सघन तमाल तरु हैं न ए बलाका फूली मालती सुभाग है। बिज्जु के समूह एन केसर की क्यारी चहैं जल की फुही न परे पुहुप पराग है॥ गिरिधरदास इन्द्रगोप हैं न जपा फूल इन्द्रधनु हैं न ए कनैल बहुभाग है। व्रज तरुनी को नीको सुखद सु भीको ठीक पावस न होय परमेसर को बाग है ॥ १२५ ॥

चार मास परव पढाय मित्र पौन कौं पठावै चहूं ओर चित निज हित मण्डा है। जिपे घन पोथो पटि गाजि सुनावै भांति जल बरसात फल अमित अमंडा है। गिरिधरदास नारिनर उर भक्ति लाइ प्रेम सों पुजावै पाय सुरलास खंडा है। कैनि बिधि बिधि धरे सब सुख सिधि धरे पावस न होय कामदेव देव पंडा है ॥ १२६ ॥

भरे घन थैलिन में जल धन के समूह सागर खजानो जामें बिधिना बटोरयो। गिरिधरदास इन्द्रधनु रत्नराशि तैसो रूपा रासि बक हेम रासि बिज्जु है जंची॥ मालिक हुकुम पावै तबै दरसावै सबै गरतो दरिद्रता

मनुपीसम तप के फकहि, दियो जानि करतार ॥ १३७ ॥
जलभरि सागर तें जलद, जलद चलहिं गाधार
जथा चोर धन चोरि कै, भय सों भाजु पराइ ॥ १३८ ॥
घन जल लेहिं सुदेहिं सरि, घट बढ सिंधु न होय।
परम हंस जिमिमान अप, मान करें भ्रम दोय ॥ १३९ ॥
खग बिस्तारहिं पंखनिज, जब कहुं धूप दिखाइ।
रंक पसारहिं चाचरहिं, प्रभु दाता कहं पाइ ॥ १४० ॥
दोहा—सावन भादों नाम, बरसा के है मास हैं।
भव जग के अभिराम, करत बृंदावन बास हैं ॥ १४१ ॥

सोना से सरीर पै सिंगारन सुभग सजि सेज साज साजि स्याम संगम सुखन में। सुंदरी सिरोमनि सुहागिनि सलोनी सुचि स्यामा सुकुमारि सोहै सोमा के सदन में॥ सोम सोम सुमन सुहायो गिरिधरदास मूर मरमात ज्यों सवारे बरपन में। सिंधुसुता सैलसुता सारदा सचीसी सुचि सावन में सरसै सरस सखियन में ॥ १४२ ॥

सावन साम सखिन संग मोहन। झूलत हैम हिंडोरे सोहन ॥
जमुनाकूलनि बनो हिंडोरो। निरखत होत अनंद भयोरो ॥ १४३ ॥

कनक हिंडोरो बनो बमक अनूप लागे मोतिन की झूमरें सरस दरसावतीं। मनिन के खंभा चौकी मनिकांत चौका ऐसी मरुवा पै मनिमई मोरिनी सुहावतीं॥ गिरिधरदास तैसी परति फुहारैं चाह गोरी चहुंधोर सों मलार राग गावतीं। कामिनी सुहाईं घनस्याम को झुलावतीं ज्यों दामिनी सुहाईं घनस्याम को झुलावतीं ॥ १४४ ॥

रस बरसा बर भावन सावन साम।
भवे हिंडोरे गिरिधर गिरिधर दास ॥ १४५ ॥

नभ नीर देत गौन नीरद नगीच के मे नाद करें सुनि नाक नाग करे नति है। नदी नद नारे नीरनिधि नीर पूरे नए मलिन नमाए नगीं निदाघता नसति है॥ गिरिधरदास नगनाहनो पनग भरे नाग धरि नाचें नेह नदी निकरति है। नभ मास नागर की नागरी निरखि ऐसे नवल निकुंज में निपुन निरतति है ॥ १४६ ॥

भादों में हरिराम दोउ, करहिं सेज की रैन।
जाहि जोहि जग अघ जरै, मुनिरि मिटै मन मैन ॥ १४७ ॥

बांकीपुर—"खड्गविलास" प्रेस की संक्षिप्त सूची।

बलिया का लेकचर

How can India be Reformed

BY

BHARTENDU HARISHCHANDRA.

भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र कृत

जिस को हिन्दी भाषा के प्रेमी तथा रसिकजनों के मनोविलास के लिये क्षत्रिय-पत्रिका सम्पादक श्री म० कु० बाबू रामदीन सिंह ने प्रकाशित किया।

पटना—"खड्गविलास" प्रेस—बांकीपुर।
बाबू साहबप्रसाद सिंह द्वारा मुद्रित।

१८८०

हरिश्चन्द्राब्द ६

प्रथमबार १०००] [दाम ≠) आना।

HOW
CAN INDIA BE REFORMED.

आज बड़े ही आनन्द का दिन है कि इस छोटे से नगर बलिया में हम इतने मनुष्यों को बड़े उत्साह से एक स्थान पर देखते हैं। इस अभागे आलसी देस में जो कुछ हो जाय वही बहुत कुछ है। बनारस ऐसे २ बड़े नगरों में जब कुछ नहीं होता तो यह हम क्यों न कहैंगे कि बलिया में जो कुछ हम ने देखा वह बहुतही प्रशंसा के योग्य है। इस उत्साह का मूल कारण जो हमने खोजा तो प्रगट हो गया कि इस देश के भाग्य से आज कल यहां सारा समाजही ऐसा एकत्र है। राबर्ट साहब बहादुर ऐसे कलेक्टर जहां हो वहां क्यों न ऐसा समाज हो। जिस देस और काल में ईश्वर ने अकबर को उत्पन्न किया था उसी में अबुलफ़ज़ल बीरबल टोडरमल को भी उत्पन्न किया। यहां राबर्ट साहब अकबर हैं तो मुंशी चतुर्भुजसहाय मुंशी बिहारीलाल साहब आदि अबुलफ़ज़ल और टोडरमल हैं। हमारे हिंदुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी हैं। यद्यपि फर्स्ट क्लास सेकेंड क्लास आदि गाड़ी बहुत अच्छी अच्छी और बड़े बड़े महसूल की इस ट्रेन में लगी हैं पर बिना इंजिन ये सब नहीं चल सकतीं वैसेही हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलानेवाला हो तो ये क्या नहीं कर सकते। इन से इतना कह दीजिए "का चुपसाधि रहाबलवाना" फिर देखिए हनुमान जी को अपना बल कैसा याद आ जाता है। सो बल कौन याद दिलावै। या हिन्दोस्तानी राजे महाराजे नवाब रईस या हाकिम। राजे महाराजों को अपनी पूजा भोजन झूठी गप से छुट्टी नहीं। हाकिमों को कुछ तो सर्कारी काम घेरे रहता है कुछ बाल घुड़दौड़ थियटर अखबार में समय गया। कुछ समय बचा भी तो उनको क्या गरज है कि हम गरीब गन्दे काले आदमियों से मिलकर अपना अनमोल समय खोवैं। बस वही मसल हुई। "तुम्हें गैरों से कब फुरसत हम अपने गम से कब खाली। चलो बस हो चुका मिलना न हम खाली न तुम खाली" तीन मेंढक एक के ऊपर

दशा इस समय हिन्दुस्तान की है। अंगरेज़ों के राज्य में सब प्रकार का सामान
पाकर अवसर पाकर भी हम लोग जो इस समय पर उन्नति न करें तो हमारे
केवल अभाग्य और परमेश्वर का कोप ही है। सास के अनुमोदन से एकान्त
रात में सूने रंगमहल में जाकर भी बहुत दिन से जिस प्रान से प्यारे परदेसी
पति से मिल कर छाती ठंढी करने की इच्छा थी उस का लाज से मुंह भी न देखे
और बोले भी न तो उस का अभाग्य ही है। वह तो कल फिर परदेस
चला जायगा। वैसे ही अंगरेज़ों के राज्य में भी जो हम कूंए के मेंढक काठ
के उल्लू पिंजड़े के गंगाराम ही रहैं तो हमारी कमबख़्ती कमबख़्ती फिर
कमबख़्ती है। बहुत लोग यह कहैंगे कि हम को पेट के धंधे के मारे छुट्टी
ही नहीं रहती बाबा हम क्या उन्नति करें। तुम्हारा पेट भरा है तुम को दून
की सूझती है। यह कहना उन का बहुत भूल है। इंगलैंड का पेट भी कभी
यों ही खाली था। उस ने एक हाथ से अपना पेट भरा दूसरे हाथ से उन्नति
की राह के कांटों को साफ़ किया। क्या इंगलैंड में किसान खेतवाले गाड़ी-
वान मज़दूर कोचवान आदि नहीं हैं? किसी देश में भी सभी पेट भरे हुए
नहीं होते। किन्तु वे लोग जहां खेत जोते बोते हैं वहीं उस के साथ यह भी
सोचते हैं कि ऐसी और कौन नई कल या मसाला बनावैं जिस में इस खेती
में आगे से दूना अन्न उपजै। विलायत में गाड़ी के कोचवान भी अख़बार
पढ़ते हैं। जब मालिक उतर कर किसी दोस्त के यहां गया उसी समय कोच-
वान ने गद्दी के नीचे से अख़बार निकाला। यहां उतनी देर कोचवान या
हुक्का पीएगा या गप्प करैगा। सो गप्प भी निकम्मी। वहां के लोग गप्प ही में
देश के प्रबंध छांटते हैं। सिद्धान्त यह कि वहां के लोगों का यह सिद्धान्त है
कि एक छिन भी व्यर्थ न जाय। उस के बदले यहां के लोगों को जितना
निकम्मापन हो उतना ही वह बड़ा अमीर समझा जाता है आलस यहां
इतनी बढ़ गई कि मलूक दास ने दोहा ही बना डाला। "अजगर करै न
चाकरी, पंछी करै न काम। दास मलूका कहि गये, सब के दाता राम॥"
चारो ओर आंख उठाकर देखिए तो बिना काम करनेवालों की ही चारो
ओर बढ़ती है। रोज़गार कहीं कुछ भी नहीं है अमीरों की मुसाहबी दल्लाली
या अमीरों के नौजवान लड़कों को ख़राब करना या किसी की जमा मार
लेना इन के सिवा बतलाइए और कौन रोज़गार है जिस से कुछ रुपया
मिलै। चारो ओर दरिद्रता की आग लगी हुई है। किसी ने बहुत ठीक कहा

है कि दरिद्र कुटुंबी इस तरह अपनी इज्जत को बचाता फिरत
लाजवंती कुल की बहू फटे कपड़ों में अपने अंग को छिपाए जाती
दशा हिन्दोस्तान की है । मर्दुमशुमारी का रिपोर्ट देखने से स्पष्ट
कि मनुष्य दिन दिन यहां बढ़ते जाते हैं और रुपया दिन दिन कमत
जाता है। तो अब बिना ऐसा उपाय किए काम नहीं चलैगा कि र
बढ़े, और वह रुपया बिना बुद्धि बढ़े न बढ़ैगा । भाइयो राजा म
का मुंह मत देखो मत यह आशा रक्खो कि पंडित जी कथा में
उपाय भी बतलावैंगे कि देश का रुपया और बुद्धि बढ़ै । तुम आप
कसो आलस छोड़ो। कब तक अपने को जंगली हूस मूर्ख बोदे ड
पुकरवाओगे। दौड़ो इस घोड़दौड़ में जो पीछे पड़े तो फिर कहीं
नहीं है। " फिर कब राम जनकपुर ऐहैं " अबकी जो पीछे पड़े
रसातल ही पहुंचोगे । जब पृथ्वीराज को कैद कर के ग़ोर ले
शहाबुद्दीन के भाई गयासुद्दीन से किसी ने कहा कि वह शब्दभेदी बान
अच्छा मारता है । एक दिन सभा नियत हुई और सात लोहे के ता
से फोड़ने को रखे गए। पृथ्वीराज को लोगों ने पहले ही से अंधा कर
था। संकेत यह हुआ कि जब ग़यासुद्दीन हूं करे तब वह तावों प
मारे। चन्द कवि भी उस के साथ क़ैदी था। यह सामान देखकर
यह दोहा पढ़ा। " अब की चढ़ी कमान को जाने फिर कब चढ़े ।
चुक्के चौहान, इक्के मारय इक्क सर ॥ " उस का संकेत समझ कर जब ग़या
ने हूं किया तो पृथ्वीराज ने उसी को बान मार दिया । वही बात
है। अब की चढ़ी, इस समय में सर्कार का राज्य पाकर और उन्नति
इतना सामान पाकर भी तुम लोग अपने को न सुधारो तो तुम्हीं
और वह सुधारना भी ऐसा होना चाहिए कि सब बात में उन्नति हो। ध
घर के काम में, बाहर के काम में, रोज़गार में, शिष्टाचार में, चाल चल
शरीर के बल में, मन के बल में, समाज में, बालक में, युवा में, वृद्ध में,
में, पुरुष में, अमीर में, ग़रीब में, भारतवर्ष की सब अवस्था सब जाति
देश में उन्नति करो, सब ऐसी बातों को छोड़ो जो तुम्हारे इस पथ के
हों । चाहे तुम्हें लोग निकम्मा कहैं या नंगा कहैं कृस्तान कहै या भ्रष्ट
तुम केवल अपने देश की दीनदशा को देखो और उन की बात मत सु
... पुरस्कृत्य मानं कृत्वातुपृष्टतः स्वकार्य्यं साधयेतधीमान कार्य्यध्वं

मूर्खता। जो लोग अपने को देश हितैषी लगाते हों वह अपने सुख को होम कर के अपने धन और मान का बलिदान करके कमर कस के उठो। देखा देखी थोड़े दिन में सब हो जायगा। अपनी खराबियों के मूल कारनों को खोजो। कोई धर्म की आड़ में कोई देश की चाल की आड़ में कोई सुख की आड़ में छिपे हैं। उन चोरों को वहां वहां से पकड़ पकड़ कर लाओ। उन को बांध बांध कर क़ैद करो। इस इस से बढ़ कर क्या कहैं कि जैसे तुम्हारे घर में कोई पुरुष व्यभिचार करने आवै तो जिस क्रोध से उस को पकड़ कर मारोगे और जहां तक तुम्हारे में शक्ति होगी उस का सत्यानाश करोगे उसी तरह इस समय जो जो बातें तुम्हारे उन्नति पथ को कांटा हों उन की जड़ खोदकर फेंक दो। कुछ मत डरो। जब तक सौ दो सौ मनुष्य बदनाम न होंगे, जात से बाहर न निकाले जायंगे, दरिद्र न हो जायंगे, क़ैद न होंगे वरंच जान से न मारे जायंगे तब तक कोई देश भी न सुधरैगा।

अब यह प्रश्न होगा कि भाई हम तो जानते ही नहीं कि उन्नति और सुधारना किस चिड़िया का नाम है। किस को अच्छा समझैं। क्या लें क्या छोड़ें। तो कुछ बातें जो इस शीघ्रता में मेरे ध्यान में आती हैं उन को मैं कहता हूं सुनो—

सब उन्नतियों का मूल धर्म है। इस से सब के पहले धर्म की ही उन्नति करनी उचित है। देखो अंगरेज़ों की धर्म नीति और राजनीति परस्पर मिली हैं इस से उन की दिन दिन कैसी उन्नति है। उन को जाने दो अपने ही यहां देखो। तुम्हारे यहां धर्म की आड़ में नाना प्रकार की नीति समाज गठन वैद्यक आदि भरे हुए हैं। दो एक मिसाल सुनो। यही तुम्हारा बलिया का मेला और यहां स्नान क्यों बनाया गया है। जिस में जो लोग कभी आपस में नहीं मिलते दस दस पांच पांच कोस से वे लोग साल में एक जगह एकत्र हो कर आपस में मिलें। एक दूसरे का दुःख सुख जानें। गृहस्थी के काम की वह चीज़ें जो गांव में नहीं मिलतीं यहां से ले जायं। एकादशी का व्रत क्यों रक्खा है? जिस में महीने में दो एक उपवास से शरीर शुद्ध हो जाय। गंगा जी नहाने जाते हैं तो पहिले पानी सिर पर चढ़ा कर तब पैर डालने का विधान क्यों है? जिस में तलुए से गरमी सिर में चढ़ कर विकार न उत्पन्न करै। दीवाली इसी हेतु है कि इसी बहाने साल भर में एक बेर तो सफ़ाई हो जाय। होली इसी हेतु है कि बसंत की बिगड़ी हवा स्थान स्थान

पर अग्नि शमनी से शान्त हो जाय। यही तिहवार ही तुम्हारी मानो म्यु
निसिपालिटी है। ऐसे ही सब पर्व सब तीर्थ व्रत आदि में कोई हिकमत है
उन लोगों ने धर्मनीति और समाजनीति को दूध पानी की भांति मिला
दिया है। खराबी जो बीच में भई है वह यह है कि उन लोगों ने ये धर्म क्यों
मानने लिखे थे इस का लोगों ने मतलब नहीं समझा और इन बातों को
वास्तविक धर्म मान लिया। भाइयो वास्तविक धर्म तो केवल परमेश्वर के
चरण कमल का भजन है। ये सब तो समाज धर्म हैं जो देश काल के अनु
सार शोधे और बदले जा सकते हैं। दूसरी खराबी यह हुई कि उन्हीं महात्मा
बुद्धिमान ऋषियों के वंश के लोगों ने अपने बाप दादों का मतलब न समझ
कर बहुत से नए नए धर्म बना कर शास्त्रों में धर दिये। बस सभी तिथि व्रत
और सभी स्थान तीर्थ हो गए। सो इन बातों को अब एक बेर आंख खोल
कर देख और समझ लीजिए कि फ़लानी बात उन बुद्धिमान ऋषियों ने क्यों
बनाई और उन में देश और काल के जो अनुकूल और उपकारी हों उन को
ग्रहण कीजिए। बहुत सी बातें जो समाज विरुद्ध मानी हैं किन्तु धर्म शास्त्रों
में जिन का विधान है उन को चलाइए। जैसा जहाज़ का सफ़र विधवा
विवाह आदि। लड़कों को छोटेपन ही में ब्याह कर के उन का बल बीर्य
आयुष्य सब मत घटाइये। आप उन के मां बाप हैं या उन के शत्रु हैं। बीर्य
उन के शरीर में पुष्ट होने दीजिए विद्या कुछ पढ़ लेने दीजिए नोन तेल
लकड़ी की फ़िक्र करने की बुद्धि सीख लेने दीजिए तब उन का पैर काठ में
डालिए। कुलीन प्रथा बहु विवाह आदि को दूर कीजिए। लड़कियों को भी
पढ़ाइए। किन्तु उस चाल से नहीं जैसे आज कल पढ़ाई जाती हैं जिस से
उपकार के बदले बुराई होती है। ऐसी चाल से उन को शिक्षा दीजिए कि
वह अपना देश और कुलधर्म सीखें पति की भक्ति करें और लड़कों को सहज
में शिक्षा दें। वैष्णव शाक्त इत्यादि नाना प्रकार के मत के लोग आपस का
वैर छोड़ दें यह समय इन झगड़ों का नहीं हिन्दू जैन मुसल्मान सब आपस
में मिलिए जाति में कोई चाहे ऊंचा हो चाहे नीचा हो सब का आदर
जो जिस योग्य हो उस को वैसा मानिए। छोटी जाति के लोगों को
ार के उन का जी मत तोड़िए। सब लोग आपस में मिलिए।
। भाइयों को भी उचित है कि इस हिन्दुस्तान में बस कर ये लोग
ों को नीचा समझना छोड़ दें। ठीक भाइयों की भांति हिन्दुओं से बर-

लाज करें ऐसी बात को हिंदुओं या जो दुखानेवाली हों न करें । घर में आग लगे तब जिठानी दौरानी को आपस का डाह छोड़ कर एक साथ वह आग बुझानी चाहिए । जो बात हिंदुओं को नहीं मयस्सर है वह धर्म के प्रभाव से मुसल्मानों को सहज प्राप्त है । उन में जाति नहीं खाने पीने में चौका चूल्हा नहीं विलायत जाने में रोक टोक नहीं । फिर भी बड़े ही सोच की बात है मुसल्मानों ने अभी तक अपनी दशा कुछ नहीं सुधारी । अभी तक बहुतों को यही ध्यान है कि दिल्ली लखनऊ की बादशाहत कायम है । प्यारे वे दिन गए । अब आलम हट धरगी यह सब छोड़ो । चलो हिन्दुओं के साथ तुम भी दौड़ो एक एक दो हो गे । पुरानी बातें दूर करो । मीरहसन की मसनवी और इन्दरसभा पढ़ा कर छोटेपनही से लड़कों को सत्यानाश मत करो । होश सम्हाला नहीं कि पट्टी पारली चुस्त कपड़ा पहना और ग़ज़ल गुन गुनाए । " शौक़ तिफ्ली से मुझे गुलकी जो दीदार का था । न किया हम ने गुलिस्ताँ का सबक़ याद कभी" । भला सोचो कि इस हालत में बड़े होने पर वे लड़के क्यों न बिगड़ेंगे । अपने लड़कों को ऐसी किताबें छूने भी मत दो । अच्छी से अच्छी उनको तालीम दो । पिनशिन और वज़ीफ़ा या नौकरी का भरोसा छोड़ो । लड़कों को रोज़गार सिखलाओ । विलायत भेजो । छोटेपन से मिहनत करने की आदत दिलाओ । सौ सौ महलों के लाड़प्यार दुनिया से बे ख़बर रहने की राह मत दिखलाओ । भाई हिन्दुओं तुम भी मत मतांतर का आग्रह छोड़ो । आपुस में प्रेम बढ़ाओ । इस महा मंत्र का जप करो । जो हिन्दुस्तान में रहे चाहे किसी रंग किसी जाति का क्यों न हो वह हिन्दू । हिन्दू की सहायता करो । बंगाली मरट्ठा पंजाबी मदरासी वैदिक जैन ब्राह्मो मुसल्मान सब एक का हाथ एक पकड़ो । कारीगरी जिस में तुम्हारे यहां बढ़े तुम्हारा रुपया तुम्हारे ही देस में रहे वह करो देखो जैसे हज़ार धारा हो कर गंगा समुद्र में मिली है वैसेही तुम्हारी लक्ष्मी हज़ार तरह से इंगलैंड फ़रासीस जर्मनी अमेरिका को जाती है । दीआसलाई ऐसी तुच्छ वस्तु भी वहीं से आती है । ज़रा अपने ही को देखो । तुम जिस मारकीन की धोती पहने हो वह अमेरिका की बिनी है । जिस लंकिलाट का तुम्हारा अंगा है वह इंगलैंड का है । फ़रासीस की बनी कंघी से तुम सिर झारते हो और जर्मनी की बनी चरबी की बत्ती तुम्हारे सामने बल रही है । यह तो वही मसल हुई कि एक बेफ़िकरे मंगनी का कपड़ा पहिन कर

किसी महफ़िल में गए। कपड़े को पहिचान कर एक ने कहा अजी यह अंगा तो ज़नाने का है दूसरा बोला अजी टोपी भी ज़नाने की है तो उन्हों ने हंस कर जवाब दिया कि घर की तो मूछें ही मूछें हैं हाय अफ़सोस तुम ऐसे हो गए कि अपने निज के काम की वस्तु भी नहीं बना सकते। भाइयों अब। नींद से चौंको अपने देस की सब प्रकार उन्नति करो। जिस में तुम्हारी भला हो वैसी ही किताब पढ़ो वैसेही खेल खेलो वैसीही बात चीत करो पर देसी वस्तु और परदेसी भाषा का भरोसा मत रक्खो अपने देस में अपनी भाषा में उन्नति करो।

खुशी।

अर्थात्

'खुशी' शब्द पर एक उत्तम लेख।

भारतभूषणभारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र लिखित।

हिन्दीभाषा के प्रेमी तथा रसिकजनों के मनोविश्राम केलिये क्षत्रिय-पत्रिका सम्पादक श्री मं० कु० बा० रामदीन सिंह द्वारा प्रकाशित।

पटना—"खड्गविलास"-प्रेस-बांकीपुर।
साहबप्रसाद सिंह द्वारा मुद्रित।
१८८७
हरिश्चन्द्राब्द १४

प्रथमवार] [दाम /)

ख़ुशी ।

इस्तदिल ख़्वाह आसूदगी को ख़ुशी कह सकते हैं याने जो हमारे दिल
की ख़्वाहिश हो वह कोशिश करने से या इत्तिफ़ाक़िय: बग़ैर कोशिश किये
बर आवे तो हम को ख़ुशी हासिल होती है ख़ुशी ज़िन्दगी के फल को कहते
हैं अगर ख़ुशी नहीं है तो ज़िन्दगी हराम है क्योंकि जहां तक ख़याल किया
जाता है मालूम होता है कि इस दुनियां में भी तमाम ज़िन्दगी का नतीजा
ख़ुशी है ।

इसी ख़ुशी के हम तीन दर्जे क़ायम कर सकते हैं याने आराम, ख़ुशी
और लुत्फ़—आराम वह हालत है जिस में तकलीफ़ का एक हिस्सा या
बिल्कुल तकलीफ़ रफ़ा हो जावे । ख़ुशी वह हालत है जिस में आराम का
हिस्सा तकलीफ़ के मिक़दार से ज़्याद: हो जाय । और लुत्फ़ वह हालत है
जिसमें तकलीफ़ का नाम भी न बाक़ी रहे।

ख़ुशी तीन क़िस्मों में बंटी है याने दीनी ख़ुशी, दुनियवी ख़ुशी और
…ालत ख़ुशी।

दीनी ख़ुशी अपने २ मज़हब के अक़ीदे के मुताबिक़ कुछ २ अलग है
मगर नतीजा सब का एक ही है याने इन्सान दुनियवी से छूट कर हमेश:
के वास्ते परमेश्वर की क़ुर्बत मयस्सर होनी ही असली ख़ुशी है हम लोगों
के परमेश्वर का नाम सत् चित आनन्द है और हम लोगों के नेक अक़ीदे के
मुताबिक़ परमेश्वर का नाम रूप सब बिल्कुल लतीफ़ है इसी से उस की याद
में लुत्फ़ हासिल होता है। उपनिषद में एक जगह सब की ख़ुशी को मुक़ा-
बला किया है। वह लिखते हैं कि ख़ुशी ज़िन्दगी का एक जुज़ आज़म है
और दुनिया में जितने मख़लूक़ात हैं सब ख़ुशी ही के वास्ते मख़लूक़ हैं
सो सब ख़िलक़त में जानदारों की बनावट और लियाक़त के मुताबिक़
ख़ुशी बंटी हुई है, कीड़ा सिर्फ़ इस बात में ख़ुश होता है कि एक पत्ते पर से
दूसरे पत्ते पर जाय, चिड़ियों की ख़ुशी का दर्जा इस से कुछ बढ़ा है याने
इधर उधर पर वाज़ करना बोलना वग़ैर: इसी तरह आख़ीर में आदमी की
ख़ुशी बनिस्बत और जानवरों के बहुत बढ़ी चढ़ी है आदमियों में भी बनि-

मुवत बेवकूफ़ों में समझदारों की खुशी का दर्जा ऊंचा है। आदमियों की खुशी से देवताओं की खुशी बहुत ज़्यादः है। इस लंबी चौड़ी तक़रीर का खुलासा उन्हों ने यह निकाला है कि सब से ज़्यादः और लतीफ़ परमेश्वर है उस में जितना लुत्फ़ और खुशी है सो हम लोग नहीं जान सकते इसी से अगर हम लोगों को खुशी और लुत्फ़ की तलाश है तो हमलोगों को उसी का भजन करना चाहिए।

इस के पहिले दुनियवी खुशी का बयान किया जाय उस खुशी का वह आप लोग सुन लीजिए जो अब हम हिंदुओं को खास कर साकिनाने बना को मयस्सर हैं। सब से बड़ी खुशी बे फ़िकरी है।

"अजगर करै न चाकरी , पंछी करै न काम ।
दास मलूका यों कहैं , कि सब के दाता राम" ॥

ऐसे ही खूब भांग पीना, भड़ाटे इक्के पर सवार होकर बहरी और कभी २ कुछ गाना सुन लेना बरसात के दिनों में अगर फोलनी दाना मयस्सर हो तो क्या बात है। अगर इस खुशी का दर्जा बहुत बढ़ गया तो आध सेर हो गई कुछ खाना कुछ पीना कुछ नाच कुछ तमाशा हो गया और अगर यही खुशी 'सिविलाइज्ड' की गई तो उस को छोटी २ कुमेटियों या बर्फ़ की दावत से बदल दिया।

इस से मेरा यह मतलब नहीं है कि इन बातों में बिल्कुल खुशी नहीं है बेशक तफ़रीह में खुशी है मगर उन्हीं लोगों को जो हमेश: बड़ी खुशी की तलाश में रहते हैं और जो दुनियवी खुशी के बयान में हम दिखावेंगे।

जिन की तबीयत तहक़ीक़ात की तरफ़ रुजूअ है और जो लोग हर अम्र और हर फ़ेल का सबब और नतीजा दरयाफ़्त करने की ख़्वाहिश रखते हैं और यह भी जानना चाहते हैं कि इस दुनिया में ज़िन्दगी की हालत में इन्सान को किस चीज़ की ज़्यादः ज़रूरत है उन पर यह बात बख़ूबी रौशन होगी कि इस क़िस्म के ख़यालों की तहज़ीब के क़ायदों के पैरौ रह दलीलों से सुलझाने में और मज़बूत कामिल इस अम्र का तस्फ़ियः करने के वास्ते, दरपेश होते हैं। चुनांचे जब हम ख़याल करते हैं कि दुनिया को किस ख़ास चीज़ की ज़रूरत और वह ज़रूरत क़ायदी क्यों है मुख़्तलिफ़ वजूहात के साथ कई क़िस्म के ख़यालात पैदा होते हैं। मुख़्तलिफ़ हाजतों के रफ़अ करने की मुख़्तलिफ़ सूरतें दरपेश आते

अगर इस मौक़ा पर इस हद को उस ख़ास हालत का ज़िक्र करेंगे जिसे ज़िन्दगी का असूल और अक़्ल का नतीजा कहना चाहिये याने ख़ुशी । यह वह चीज़ है जिस के हासिल करने की कोशिश हम पर उतनी ही लाज़िम है जितना उस की तहसील के तरीक़ों के मालूम करने की भी ज़रूरत है इसी से इस लाज़िम मलज़ूम ज़रूरत की कैफ़ियत को हम ख़ुशी के नाम से पुकारते हैं। अब यह सवाल पैदा हुआ कि हमारी ज़िन्दगी के असूल का यह लतीफ़ हिस्सा याने ख़ुशी क्या चीज़ है और क्यों कर हासिल हो सकती है इस सवाल का जवाब अकसर बड़े २ आलिमों ने अपने २ तौर पर दिया है जिन सभों को इख़्तिसार से पहिले बयान कर के तब जो कुछ होगा हम अपनी राय ज़ाहिर करेंगे । मशहूर फ़िलासफ़र पेली का क़ौल है कि ख़ुशी दिल की वह हालत है कि जिस में तअदाद राहत की रंज से ज़्याद: बढ़ जाय । ख़ुशी की मुख्य हालत 'ख़्वाहिश के मुताबिक़ काम शुरू करना,' बाद अज़ां और कामियाब होना है वह काम चाहे किसी किस्म का क्यों न हो मसलन् इल्म व हुनर सीखना मुल्क फ़तह करना बाग़ लगाना गाना खाना वग़ैर: वग़ैर: इसी ख़ुशी के हासिल करने के वास्ते पहिले हम लोगों को चन्द दर चन्द तकलीफ़ें इन कामों में कामयाब होने को उठानी पड़ती है। मुमकिन है कि बग़ैर ख़ुशी हासिल होने तकलीफ़ रफ़ा हो जाय मगर जब तकलीफ़ होगी तब ख़ुशी ख़्वाह न ख़्वाह ज़ाय: हो जायगी हां बिल्कुल तकलीफ़ के दूर हो जाने को हम बेशक ख़ुशी कह सकते हैं और इसी सबब से ख़ुशी हासिल करने का गोया यह असूल है कि पहिले की तकलीफ़ की कोशिश की तकलीफ़ से बदलना और कामियाबी की ख़ुशी से उसी कोशिश की तकलीफ़ को कामयाबी की ख़ुशी से ज़ाय: करदेना । इसी से अगर ख़ुशी की बतौर सरसरी के तहक़ीक़ात की जाय तो यह बात साबित होगी कि ख़ुशी उस हालत का नाम है जिस में रंज का हिस्सा राहत से दब गया है। पेरट साहब का क़ौल है कि ख़ुशी हमेश: तकलीफ़ का नतीजा है और इस की मिसाल मकान बनाने से साफ़ ज़ाहिर है यह बात हम लोगों की आदत में दाख़िल है कि अपनी मौजूद: हालत को कभी नहीं पसन्द करते और हमेश: अपनी हालत अपनों से बढ़ने की कोशिश करते हैं तकलीफ़ मौजूद: को दबा कर ख़ुशी के हिस्से को बढ़ाया चाहते हैं अगर हमारी ख़ुशी हमेश: क़ायम रहती होती तो इस हालत मौजूद: से

नाहीं घटे हुए होतें क्योंकि इसलोग किसी क़िस्म की कोशिश न करते
जिस का नतीजा यह होता कि कोई नई बात न ज़ाहिर होती इसी से
उसी कारसाज़ हक़ीक़ी ने दुनिया की तरक़्क़ी के वास्ते यह क़ायदा मु
किया है कि आदमी पहिले जैसी तकलीफ़ उठावे पीछे से आराम हो
इसी बुनयाद पर आदमी की ख़ासियत भी ऐसी ही बनाई है। हां यह
बेशक है कि किसी को कम तकलीफ़ है और किसी को ज़्याद: और
उसे थोड़ी कोशिश में हासिल करता है और किसी को अपनी उम्र का
बड़ा हिस्सा उस के हासिल करने में सर्फ़ करना होता है। इसी को
हम लोग कहते हैं कि यह आदमी ख़ुश है और यह ज़्याद: ख़ुश है
बहुतों से कहा जाता है कि ख़ुशी ख़ुद कोई चीज़ नहीं है बल्कि तक
के उलटे अक्स का नाम ख़ुशी और यही सबब है कि रंज और रा
लाज़िम मलज़ूम हैं। बल्कि इसी से हमेश: यह एक मुसल्लम क़ायदा है
कोई काम बग़ैर तकलीफ़ के शुरू नहीं होता।

सरविलियम हमिल्टन ख़ुशी की तारीफ़ में फ़रमाते हैं कि ख़ुशी
कोई चीज़ नहीं है बल्कि आदमी की ख़ासियत या आदत को जब
रुकावट नहीं होती तो यही हालत ख़ुशी की कहलाती है—

इन आलिमों की राय पर बहस न कर के अब हम ख़ुशी के अफ़्
भी कुछ बयान किया चाहते हैं। ख़ुशी एक नाम है जो आराम को
ख़ाहिशों के पूरे होने की और तकलीफ़ों की हालत को कहते हैं और
ऊपर के अफ़्शी बयान से भी साबित हुआ कि ख़ुशी एक ऐसा अफ़्
जो हमेशा तकलीफ़ के मुक़ाबले में मुस्तअमल होता है।

बहुत लोगों का ख़्याल है कि ख़ुशी से इल्म से कुछ इलाक़ा नहीं
बल्कि वह एक कुदरती जबली है जो इनसान और हैवान दोनों में बरा
होती है। मगर यह बात नहीं है क्योंकि इस क़िस्म की हैवानी ख़ुशी
आलिम लोगों की ख़ुशी से क्या फ़र्क़ है यह जिन को कुछ भी शऊर है
जान सकते हैं और इसी से कहा जा सकता है कि सिर्फ़ हैवानों की जो ख़ु
है वह झूठी ख़ुशी है और जो इस ख़ुशी के दर्ज: से बढ़ी हुई है वह बड़ी ख़ु
है बल्कि ख़ुदापरस्त लोग इसी वास्ते इन दोनों ख़ुशियों से बढ़ कर के
ख़ुशी ऐसी मानते हैं जिसकी कोशिश में दुनियवी ख़ुशियों को भी तर्क
देना होता है।

यह हर शख्स जानता है कि बार २ इस्तेमाल करने से कैसी भी खुशी क्यों न हो जाय: हो जायगी बल्कि ऐसी हालत में इसी खुशी का नाम बदल कर चाहत है यही सबब है कि ज़्यादा लोग अकसर ग़मगीन देखे गये हैं क्योंकि पहिले जिस खुशी को उन्हों ने बड़ी कोशिश से हासिल किया था अब वह उनका रोज मर्रः हो गया और उससे काम न हुई पस जब वह रोज अपनी औक़ात, ताक़त इल्म और रुपया सर्फ़ करते हैं मगर कुछ नहीं हासिल होता तो ग़मगीन होते हैं। इसी क़िस्म से खाना, पीना, नाच, रंग वगैरह की खुशी भी जल्द जाय: हो जाती है मगर हां शिकार वगैरः की खुशी का दर्जः कुछ इस से बड़ा है और इसी तरह वह खुशी जो सनअत सीखने से हासिल होती है मसलन रंगसाजी, इल्म मुसीकी, कारीगरी वगैरः ऊपर बयान की हुई खुशियों से ज्यादः देरपा है क्योंकि गुंजाइश के सबब से यह खुशी जल्दी जाय: नहीं होती और इसी से जल्द जाय: होने वाली खुशी के तमन्नाओं को अखीर में इसी खुशी से उकता कर के गोशः नशीनी की तलाश होती है।

यही हम कह सकते हैं कि हर शख्स को अपने २ हौसला और हिम्मत के मुवाफ़िक़ ज्यादः २ खुशी मिलती है इस बयान से मेरा यह मतलब नहीं है कि बड़े मर्तबः के लोगों को ग़रीबों से ज्यादः खुशी होती है बल्कि उन ग़रीबों को जोकि अपनी हालत में तो ग़रीब हैं मगर उन के हौसले बहुत बड़े हैं बनिसबत अमीरों के हमेशः ज्यादः खुशी हासिल होती है।

तवारीख़ से यह बात बख़ूबी साबित है कि कि बड़े २ फ़तह करने वाले पादशाह या शाहज़ादे बनिस्बत अवाम के हमेशः ज्यादः तर मुसीबतें झेलते रहे हैं और खुशी से यहां तक महरूम रहे हैं कि उन में से अक्सरों ने खुद कुशी की है और बहुतेरे घर बार छोड़ कर फ़क़ीर हो गये हैं फ़ीलमसल शहन्शाह रूम पर इस की मिसाल बहुत ठीक घटती है बेशक दुनिया में वह सब से बड़ा और सब से ज्यादः खुशी से महरूम है। ग़रीब को एक जान हज़ार दुश्मन। बल्कि हमारे हाज़िरीन में से ज्यादः लोग ऐसे होंगे जो इस वक़्त इस वक़्त, हमारे जनाब सुलताना अल्काब मद्दे र काब शहन् शाहे रूम दाम सल्तनतहू से बहुत ज्यादः खुशी होंगे ०

इसी से हम कहते हैं कि खुशी से मर्तबः से कुछ वास्ता नहीं खुशी एक नेमत उज़मा, है जिसे हर शख्स नहीं पाता फ़ारसी किताबों में मशहूर

कहीं घटे हुए होते क्योंकि हमलोग किसी क़िस्म की कोशिश न करते
जिस का नतीजा यह होता कि कोई नई बात न ज़ाहिर होती इसी से
उसी कारसाज़ हक़ीक़ी ने दुनिया की तरक़्क़ी के वास्ते यह क़ायदा मुक़र्रर
किया है कि आदमी पहिले जैसी तकलीफ़ उठावे पीछे से आराम हो
इसी बुनियाद पर आदमी की ख़ासियत भी ऐसी ही बनाई है। हां यह
बेशक है कि किसी को कम तकलीफ़ है और किसी को ज़्यादः और
उसे थोड़ी कोशिश में हासिल करता है और किसी को अपनी उम्र का
बड़ा हिस्सा उस के हासिल करने में सर्फ़ करना होता है। इसी को तफ़
हम लोग कहते हैं कि यह आदमी ख़ुश है और यह ज़्यादः ख़ुश है
अक्सरों से कहा जाता है कि ख़ुशी ख़ुद कोई चीज़ नहीं है बल्कि तक
के उलटे अक्स का नाम ख़ुशी और यही सबब है कि रंज और ग
लाज़िम मलज़ूम हैं। बल्कि इसी से हमेशः यह एक मुसल्लम क़ायदा है
कोई काम बग़ैर तकलीफ़ के मुरत्तब नहीं होता।

सर विलियम हमिलटन ख़ुशी की तारीफ़ में फ़रमाते हैं कि ख़ुशी
कोई चीज़ नहीं है बल्कि आदमी की ख़ासियत या आदत को सब किसी
रुकावट नहीं होती तो यही हालत ख़ुशी की कहलाती है—

इन आलिमों की राय पर बहस न कर के अब हम ख़ुशी के मफ़्हू
भी कुछ बयान किया चाहते हैं। ख़ुशी एक नाम है जो आराम की
ख़ाहिशों के पूरे होने की और तकलीफ़ों की हालत को कहते हैं और
ऊपर के लफ़्ज़ी बयान से भी साबित हुआ कि ख़ुशी एक ऐसा मफ़्हू
को हमेशा तकलीफ़ के मुक़ाबले में मुस्तअमल होता है।

बहुत लोगों का ख़याल है कि ख़ुशी से इल्म से कुछ इलाक़ा नहीं
बल्कि वह एक कुदरतन जबली है जो इनसान और हैवान दोनों में बरा
होती है। मगर यह बात नहीं है क्योंकि इस क़िस्म की हैवानी ख़ुशी
आलिम लोगों की ख़ुशी से क्या फ़र्क़ है यह जिन को कुछ भी शऊर है वह
जान सकते हैं और इसी से कहा जा सकता है कि सिर्फ़ हैवानों की जो ख़ुशी
है वह झूठी ख़ुशी है और जो इस ख़ुशी के दर्जः से बढ़ी हुई है वह बड़ी ख़ुशी
है बल्कि ख़ुदापरस्त लोग इसी वास्ते इन दोनों ख़ुशियों से
ख़ुशी ऐसी मानते हैं जिसको कोशिश में दुनियवी
देना होता है।

यह हर शख़्स जानता है कि बार २ इस्तेमाल करने से कैसी भी ख़ुशी क्यों न हो ज़ाय: हो जायगी बल्कि ऐसी हालत में इसी ख़ुशी का नाम बदल कर आदत है यही सबब है कि अय्याश लोग अकसर ग़मगीन देखे गये हैं क्योंकि पहिले जिस ख़ुशी को उन्हों ने बड़ी कोशिश से हासिल किया था अब वह उनका रोज़ मर्र: हो गया और इसका कम न हुई पस जब वह रोज़ अपनी औक़ात, ताक़त इज़्ज़त और रुपया सर्फ़ करते हैं मगर हज़ नहीं हासिल होता तो ग़मगीन होते हैं। इसी क़िस्म से खाना, पीना, नाच, रंग वग़ैरह की ख़ुशी भी जल्द ज़ाय: हो जाती है मगर हां शिकार वग़ैर: की ख़ुशी का दर्ज़: कुछ इस से बड़ा है और इसी तरह वह ख़ुशी जो समझत सोचने से हासिल होती है मसलन रंगसाज़ी, इल्म मुसीक़ी, कारीगरी वग़ैर: ऊपर बयान की हुई ख़ुशियों से ज़्याद: देरपा है क्योंकि गुंजाइश के सबब से यह ख़ुशी जल्दी ज़ाय: नहीं होती और इसी से जल्द ज़ाय: होने वाली ख़ुशी के तलबगारों को आख़िर में इसी ख़ुशी से उकता कर के नौम: ग़मगीनों की तलाश होती है।

यहो हम कह सकते हैं कि हर शख़्स को अपने २ हौसल: और हिम्मत के मुआफ़िक़ ज़्याद: २ ख़ुशी मिलती है इस बयान से मेरा यह मतलब नहीं है कि बड़े मर्तब: के लोगों को ग़रीबों से ज़्याद: ख़ुशी होती है बल्कि उन ग़रीबों को जोकि अपनी हालत में तो ग़रीब हैं मगर उन के हौसले बहुत बड़े हैं बनिसबत अमीरों के हमेश: ज़्याद: ख़ुशी हासिल होती है।

तवारीख़ से यह बात बख़ूबी साबित है कि कि बड़े २ फ़तह करने वाले बादशाह या शाहज़ादे बनिस्बत अवाम के हमेश: ज़्याद: तर मुसीबतें झेलते रहे हैं और ख़ुशी से यहां तक महरूम रहे हैं कि उन में से अक्सरों ने ख़ुद कुशी की है और बहुतेरे घर बार छोड़ कर फ़क़ीर हो गये हैं फ़िलज़माना शहनशाह रूस पर इस की मिसाल बहुत ठीक घटती है बेशक दुनिया में वह सब से बड़ा और सब से ज़्याद: ख़ुशी से महरूम है। ग़रीब की एक जान हज़ार दुश्मन। बल्कि हमारे नाज़िरीन में से ज़्याद: लोग ऐसे होंगे जो दर हक़ीक़त इस वक़्त, हमारे जनाब मुअल्ला अल्क़ाब गर्दू र काब शहन् शाहे रूस दाम सल्तनतहू से बहुत ज़्याद: ख़ुशी होंगे ०

इसी से हम कहते हैं कि ख़ुशी से मर्तब: से कुछ वास्ता नहीं ख़ुशी एक बेमुमसी इनाम, है जिसे हर शख़्स नहीं पाता फ़ारसी किताबों में मशहूर

लिखा है कि एक खुदापरस्त हमेशः परमेश्वर से अपने रंजों की शिकायत किया करता था अल्लाह तआ़ला ने उस को यह शिकायत रफ़ा करने को एक आईनः दिया और फ़रमाया कि इस आईनः में तू सब का दिल देख और जो इनसान तुझ को तेरी हालत से ज़्यादः खुश मालूम हो उसका नाम बतला कि तेरी हालत वैसीही कर दी जाये। इस शख़्स ने एक २ के दिल का इम्तिहान किया और ज्यों २ ज़्यादः रुतबे के आदमियों का दिल देखा गया त्यों ज़्यादः तर तक्लीफ़ों से घेरा हुआ पाया यहां तक कि जब बादशाह के दिल के देखने की नौबत आई तब उस आईनः में सिवाय काले दाग़ों के कुछ न बचा और उस ने घबरा कर आईने को दरिया में फेंक दिया और अपनी असली हालत पर खुदा का शुक्र किया। इस कहने से मेरा यह मतलब नहीं है कि आदमी अपने हौसलों को पस्त करदे और कहे बादशाह होना न चाहिए बल्कि हमेशः अपने हौसले को बढ़ा कर कामयाब होता रहे मगर बाद कामयाबी के अपनी हालत ऐसी न परेशान रक्खे जिस से अपनी कोशिशों का सुख भोगने के बदले उसे रात दिन दुख उठाना पड़े हमेशः हुकमा जब अमीरों से उन के तरद्दुदात की शिकायत करते हैं तो उन को रहम की नज़र से देखते हैं मगर वे अमरा अपने से छोटे दर्जे वालों को कभी रहम की नज़र से नहीं देखते बल्कि हिक़ारत की। इस का यही सबब है कि हुकमा अपनी कोशिश से कामयाब होकर खुशी के दर्जे को पहुंच गये हैं और किसी क़िस्म के तरद्दुद बाक़ी न रहने से वह दूसरों की मदद में अपने औक़ात सर्फ़ कर सकते हैं बरख़िलाफ़ इस के अमरा अपनी कोशिशों की नाकामयाबी से दूसरों पर हमेशः हसद किया करते हैं। मरतबे का ख़ास फ़ायदा ऊंचा हौसला और बड़ी २ खुशियों में शामिल रहने का ख़याल है और यह वह खुशियां हैं जो हर हालत में एक सूं रहती हैं। और इन खुशियों का नतीजा यह होता है कि आइंदः लोग अपने क़ौम वतन और दुनिया की तरक़्क़ी की तदाबीर के हौसले का शौक़ पाते हैं बरख़िलाफ़ इस के हैवानी खुशी के शौक़ीन अमरा आपस में दुश्मनी बढ़ाते, हसद फ़साद वग़ैर इस ज़िन्दगी उठाते अपनी ज़िन्दगी मुफ़्त बरबाद करते हैं।

मेरे ऊपर के बयान से आप लोगों पर ज़ाहिर हो गया होगा कि खुशी ... मुस्तमना नहीं बल्कि एक खुदादाद चीज़ है अब मैं यह बयान ... होती किस चीज़ में है। अब इस के हासिल करने की और

बाद हू उस के क़ायम रखने की तदबीर सोचनी ज़रूर हुई। खुशी हासिल करने का तरीक़ा जानने के लिये, सब के पहिले लियाक़त की ज़रूरत है। बहुत सी ऐसी हालतें हैं जिन में खुशी हासिल करने की कोशिश की जाती है मगर उस का नतीजा उलटा होता है और अकसर रंज के मौक़ों में यकायक खुशी हासिल हो जाती है इसी से खुशी हासिल करने की ख़ास तदबीरों का बयान करना बहुत मुशकिल है। सिर्फ़ अपनी हाजतों को पूरा करना खुशी नहीं कही जा सकती क्योंकि बहुत सी हाजतें ऐसी होती हैं जो महज़ ग़लत उसूलों पर क़ायम होती हैं। अकसर उलमा का क़ौल है कि खुशी मुहब्बत में है। दुनिया में खुदा ने मुहब्बत के वास्ते बाप भाई, जोरू, लड़के, रिश्तःदार और दोस्त वग़ैरः बहुतेरे बनाए हैं। अकसर इन लोगों की अदम मौजूदगी में खुशी न हासिल होने से लोग फ़क़ीर होजाते हैं या दुनिया में रहते हैं तो परेशान रहते हैं। चन्द लोग दूसरों की हाजत रफ़ा करने को खुशी कहते हैं क्योंकि दूसरे लोग खुशी हासिल करने की जो कोशिश करते हैं उन को अपनी कोशिश से कामयाब बनाकर खुश कर देना गोया उस की खुशी में शरीक होना है।

बाज़ उलमा खुशी हासिल करने की कोशिश ही को खुशी कहते हैं मगर इस में मुशकिल यह है कि पहिले से उस कोशिश के आख़ीर नतीजे की कामयाबी को बखूबी जांच लेना चाहिये दूसरे जब तक कि उस काम का अञ्जाम बखूबी न हो जाय बराबर मुस्तइदी की भी ज़रूरत है। ऐसे का क़ौल है कि खुशी जितनी अपने इरादों की मज़बूती में है उतनी सिर्फ़ खयालात और कोशिश में नहीं इस क़ौल की तसदीक़ बहुत साफ़ है। जो अपने इरादों पर मज़बूत है वह हमेशः अपनी कामयाबी को अपनी आंखों के सामने देखता है और अगर ऐसा शख़्स अपना काम पूरा किये बग़ैर भी मर जाय तो उस को वही खुशी हासिल रहेगा कि कामयाबी पर हो सकती थी। वही मक़बूल की खुशी हासिल करने के वास्ते काम के पीछे लगे रहना निहायत ज़रूर है ख़्वाह वह अपने फ़ायदे के वास्ते हो या आमफ़ायदे के वास्ते हो। अक़लमन्द लोग इसी काम में लगे रहने को ज़िन्दगी कहते हैं और यह वह ज़िन्दगी है जो आदमियों को अपने इरादों पर कामयाब करके खुशी ही नहीं पहुंचाती है बल्कि रूहानी व जिस्मानी सिहत को भी क़ायम रखती है।

इस में खुशी के चन्द वसीले ऐसे हैं जिन का असर आदमी अपनी मौत

के बाद भी छोड़ जा सकता है मसलन् सुस्ती...की जमाश्रतों का क़ायम करना स्कूल और शफ़ाख़ानों की बुनियाद डालना वग़ैरः वग़ैरः।

ज़ाति फ़ायदों की ख़ुशी भी बाज़ हालत में आदमी के मरने के बाद भी क़ायम रह सकती है मसलन् अपने ख़ान्दान ज़ुर व नोग की सूरत में अहिम क़ायम कर जाना। किसी काम की तरफ़ मशगूली से दिल लगाने में एक फ़ायदा यह भी है कि बीच में छोटी २ तकलीफ़ें जो इत्तिफ़ाक़ से सरज़द होती हैं उन को आदमी अपनी होनहार ख़ुशी की धुन में बिल्कुल ख़्याल में नहीं लाता।

ख़ुशी की एक उमदः हालत यह भी है कि अपनी बुरी आदत को छ देना यह आदमी कैसा ख़ुश होगा जब वह अपने को बुरी आदत से छ छूटा देखेगा।

बहुत से लोग ग़ैर मामूली ख़ाहिशों के पूरे होने को ख़ुशी कहते हैं जै कि जो शख़्स हमेशः तनहाई में रहता उसे अगर दोस्तों की सुहबत नसी होती है तो उस को ग़नीमत जानता है। मगर कोशिश कुनिन्दः को ऐ मौक़ा में बनिस्बत सुस्त लोगों के ऐसे हालत में भी ज़्यादः ख़ुशी हासि होती है। मसलन् जो फ़िलासफ़ी की बड़ी २ किताबों के पढ़ने में हमे अपना वक़्त सर्फ़ करता है उसे अगर छोटी मोटी कोई क़िस्से की किता मिल जाय तो वह बड़ी ख़ुशी से पढ़ेगा बरख़िलाफ़ इस के जो हमेशः क़िस्स कहानियों से जी बहलाता है उस को अगर फ़िलासफ़ी की किताब दे दं जाय तो उस का जी उलझेगा और वह उसे फेंक देगा।

ग़ैर मामूली ख़ुशी अमीरों पर भी असर करती है मसलन् किसी अमी की सालाना आमदनी हज़ार रुपया है मगर किसी साल इत्तिफ़ाक़ से दस या बारह आजावें तो, उस को कैसी ख़ुशी हासिल होगी। यही मिसाल इस बात की दलील है कि अगरचे दौलतमन्दी ख़ुशी की मूजिब है मगर उस में भी तरक़्क़ी ज़्यादः ख़ुशी देती है।

ख़ुशी का एक बड़ा भारी सबब तन्दुरुस्ती भी है और यह तन्दुरुस्ती तभी दुरुस्त रह सकती है जब आदमी रूहानी या जिस्मानी तकलीफ़ से बच सकता है। ख़ुशी है वह जिस का बदन बलग़म या रीह या गरमी से नहीं बीमार है। बल्कि किसी क़िस्म की तकलीफ़ न होने की आमदगी से तैयार है। मगर यह ख़्याल सुन्दर है कि यह तन्दुरुस्ती उस क़िस्म की है किसी से

मे पैदा हो जिस से कि तमाम कोशिश और होवसे पस्त हो जांय जैसा कि हमारे हज़रात बनारस की खुशी है।

हम पहिले कह चुके हैं कि सच्ची खुशी के लिये लियाक़त की ज़रूरत है मगर हम लियाक़त के साथ दुनियवी तहज़ीब और दीनी ईमानदारी की भी निहायत ज़रूरत है क्योंकर लोगों को बहुत सी ऐसी बातों में खुशी हासिल होती है जो दर हक़ीक़त ईमान, तहज़ीब, ताक़त, ताकत, बल्कि जान, माल और जिस्मी आराम की भी ग़ारत करनेवाले होते हैं। तो क्या हम ऐसी खुशी को भी सच्ची खुशी कहेंगे। मसलन् मूजी को ईजारसानी में, बदकार को बदी में, क़िमार बाज़ को जुए में और ऐसे ही बहुत सी बातों में खुशी मान ली जाती है जो चिकमतन्, शरहन् और यक़ीनन्, हर सूरत से सिवाय ज़रर के फ़ायदा नहीं पहुंचाती। इस सूरत में तो बल्कि यह सोचना लाज़िम आता है कि ऐसी खुशियों के नज़दीक भी न जाय क्योंकि जब कोई शय तुम्हारी अक़्ल पर ग़ालिब आ जाय तो तुम नशे के आलम की तरह, अपने हवास पर क़ाबू न रख कर झूठी खुशी की तलाश में ज़ाहिरी लज़्ज़त के धोखे से ज़हर का प्याला पी जाओगे। हक़ीक़ी खुशी वही है जिसका अन्जाम व आग़ाज़ दोनों खुश है। असली खुशी मुफ़रह दिल से रंज का नाम यकक़लम हटा देती है और तमाम जिस्म को, हवा से खुसूस: को और जान को ऐसी राहत देती है कि उस हालत मसरूरियत में उसी मआनी खुशी की निस्बत हर लहज़: में दिल नई २ उमङ्गें और नये २ शौक़ पैदा करता है इस कैफ़ियत का ठीक २ ज़ाहिर करना ज़बान की कूव्वत से बाहर है इस से तजुरिब: कार लोगों के क़यास ही पर छोड़ दिया जाता है।

पेलो ने लिखा है कि खुशी तहज़ीब बाक़िय: जमाअतों की मुतफ़र्रिक़ लोगों में क़रीब २ बराबर हिस्सों में बटी है और इसी से बुराई करने वाला हमेश: बमुक़ाबल: ईमानदार दुनियवी खुशी से भी महरूम रहता है० खुशी से ग़म को मसाहिद: करने के लिये एक ख़ास क़िस्म की लियाक़त की ज़रूरत होती है जो हर शख़्स में नहीं पाई जाती इसी से कामिल खुशी का लुत्फ़ हर शख़्स को नसीब नहीं होता दुनिया में तकलीफ़ भी जब अपनी हद को पहुंचती है खुशी का मज़ा बढ़ाती है ० जब आदमी पर हद से ज़्यादह: ज़ुल्म होता है या हालत तकलीफ़ पहुंचती है तब नई खुशी से बदल जाता है और यही सबब है कि आदमी जितना छोटी २ तकलीफ़ों से

जंग पाता है उतना बड़ी तकलीफ़ में नहीं घबराता मसे चाशिक़ों को हिज़्र की तकलीफ़ जब वह में ज़्यादः बढ़ जाती है तब फ़िराक़ में वस्ल से ज़्यादः मज़ा मिलता है सुई गड़ने में भी तकलीफ़ होती है वह बर्दाश्त नहीं बरदाश्त होती मगर जंग में नुमायां चोटों को आदमी वे तकलीफ़ बरदाश्त कर सकता है। अफ़रीक़: के मशहूर सैयाह डाक्टर लिविंगस्टन ने लिखा है जब वह शेर के पंजा में फंस गये थे तो उनको मायूसी के साथ एक क़िस्म की खुशी हुई थी इसी तरह अक्सर मौत शदीद के वक़्त लोग खुश पाये गये हैं इसका सबब यह है कि जब आदमी की हालत बिल्कुल ना उम्मेदी की पहुंचाती है तो उस तकलीफ़ का ख़ौफ़ का बाक़ी नहीं रहता मसलन् जब तक आदमी को जीस्त की उम्मेद है, उस को मौत का खौफ़ रहेगा मगर जिस वक़्त कि जीस्त की उम्मेद बिल्कुल मुनक़तअ् हो गई फिर उस को किस बात का ख़ौफ़ रहा यही सबब है कि हिन्दू शास्त्रकारों ने ख़ौफ़ और रंज की असली हालत को भी एक रस माना है और ज़ाहिर है कि ट्राजिडी यानी ऐसे तमाशे जिस का आख़िर हिस्सा बिल्कुल रंज से भरा हो देखने में एक अजीब क़िस्म का लुत्फ़ देती है बल्कि ट्राजिडी में जैसी उमदा किताबें लिखी गई हैं वैसी कामेडी में नहीं। जिस तरह रंज की आख़री हालत खुशी से बदल जाती है उसी तरह खुशी की भी आख़री हालत रंज में बदल जाती है और इसी से ज़्यादः खुशी के वक़्त लोग शिद्दत से रोते हुए पाये गये हैं ख़ुलासा कलाम यह कि इस क़िस्म की बहुत सी खुशियां दुनिया में हैं जिन को हम ख़ालिस खुशी नहीं कह सकते।

अब हम इस बात पर ग़ौर किया चाहते हैं कि वह असली खुशी हिंदुओं को क्यों नहीं हासिल होती क्योंकि जब हम इसी खुशी को अपनी पूरी पसन्दी की हद पर हर सूरत से कामिल देखना चाहते हैं तो हमेश: ग़ैर क़ौमों में पाते हैं इस को ज़ाहिर वजूहात जो मालूम होती हैं उन में सब से पहिला सबब हिंदुओं के दीनी व दुनियवी तरीक़ों का आपस में मिल जाना और तमल्लुफ़ी के ज़माने के कम वेश फ़ाज़िलों का इहकाम शरई में दख़ल दर माक़ूलात करना है जिन के कलाम पर आप अपनी नातजुर्बःकारी से पूरा अमल कर लिया है। इन फ़ुज़ला ने अपनी कम हिम्मती की वजह से ऐसे क़ायदे जारी किये जिन से आख़िरकार इस लोगों तर्ज़ के लायक़ हालत पहुंची कि हम लोग उस खुशी को जो फ़ी

ज़माना ग़ैर क़ौमों को हासिल है कभी ख़्वाबोख़याल में भी नहीं ला सकते। इस फ़िलासफ़रों के फ़िलासफ़ी का दूध निकाल कर जिन बातों को हमारे आराम के लिये ज़रूरी बल्कि हमारी नजात का मूजिब ठहराया है वे अगर इस नज़र से देखे जावें जिस से हम ख़ुशी को अब असली हालत पर ग़ैर क़ौमों में बतलाते हैं तो साफ़ ज़ाहिर होगा कि इन्हीं को तअ़ज्जुब का यह फ़ख़ है कि परमेश्वर ने इन बेचारे हिंदुओं को इस सच्ची ख़ुशी से महरूम रख कर इन के हिस्से में अपनी एक दूसरी प्यारी ख़िलक़त की गोद भरदी है जहां कि हर एक को उम्र का जाम ख़ुशी से लबालब नज़र आता है इस क़दीम ज़माने के फ़िलासफ़रों के उसूल को बहस बहुत तूल है और इसी तरह इसको सिलसिलेवार दलीलों से रद्द करने के लिये भी बड़ी गुंजाइश चाहिए इस लिये यहां सिर्फ़ उन पुराने ख़यालों का ख़ुलासा दिखलाया जाता है कि किस तरीक़े पर उन्हों ने अपनी उस असली ख़ुशी की बुनियाद क़ायम की है और वह इस तरक़्क़ी याफ़्त: ज़माने के आक़िलों के क़ौलो फ़ेल के नज़दीक कितनी हेच है।

इस असली ख़ुशी का पहिला तरीक़ा सन्तोष यानी क़नाअ़त है। उन्हों ने अपनी पेचीद: इबारत के बेमानी मज़मून में जिस का हर फ़िक़रा अब हदीस गिना जाता है आख़ीर को यह साबित किया है कि ख़ुशी व रंज दोनों ग़लत और वहम हैं यानी रंज व राहत से अलहद: वह हालत जिस में अक़्ल, ख़याल, इल्म और हरकत (शायद सकते की बीमारी की हालत) सब सलफ़ हो जावें वही परमानंद है और वही ख़ुशी का असलु-लअसूल और सच्चे सवाब है। आदमी को इस हालत तक पहुंचने के लिये इन लोगों ने चंद क़ायदे भी ईजाद फ़रमाये हैं जिन में अव्वल उन के कलाम पर बिला हुज्जत यक़ीन लाना हर्गिज़ हर्गिज़ दलील और अक़्ल को दख़ल न देना दूसरे सभी ग़ारतगर सन्तोष को इख़्तियार करना और ख़्वाहिश व हाजतों को दिल में पैदा न होने देना। तीसरे सब कुछ बर्दाश्त कर लेना और रंज और राहत को एक अम्रे तक़दीरी समझ कर बस बेसुध रहना। चौथे नेक और बद में तमीज़ न करना और भला बुरा सब को यकसां समझना। पांचवें ([illegible]) ख़ालिक़ और मख़्लूक़ न समझना।

ज़ाहिर है कि पहिले क़ायदे पर अमल करने ही से अक़्ल पर ज़वाल आया और फ़ायद: व नुक़सान का ख़याल जाता रहा उन्हीं आंखों को अपने

बांकीपुर–"खड्गविलास" प्रेस की संक्षिप्त सूची।

- रामचरित मानस (रामायण) फोटो और जिल्द सहित ... ७)
- रामायण (फोटोरहित) ४,
- रामायण परिचर्य्यापरिशिष्टप्रकाश
  - (बालकांड फिर छपता है)
  - (अयोध्याकांड) २)
  - (आरण्य, किष्किन्धा, सुंदर, लंका और उत्तर कांड) ५)
- किष्किन्धा कांड सटीक .... ४)
- वैराग्यसंदीपिनी (पं० वन्दन पाठक कृत नेहप्रकाशिका टीकासहित) ॥)
- विवेककोष(हिन्दीभाषाके अपूर्वकोष)१॥)
- रसिकप्रकाश भक्तमाल .... ॥)
- गंगामाहात्म्य मूल्य ।), सटीक ।≠)
- मिथिलामाहात्म्य (पद्य) .... =)
- महाराणी विक्टोरिया का जीवन चरित्र जिल्दबंधी १)
- रामलला नहछू .... =)
- रामहोरीरहस्य .... ।)
- भारतवर्षीय इतिहास .... १)
- काव्यरत्नाकर .... ।=)
- धर्मप्रशंसा भाषानुवाद सहित ।)
- प्रस्थानभेद .... ।)
- बालविवाहविदूषक .... ‌)
- बरवै रामायण सटीक .... ।)
- मानस मालप्रकाश (संतसिंह कृत रामायण की टीका बालकांड ३)
- गुलजारे पुर बहार ... ॥)
- बिहारदर्पण .... ।)
- हरिश्चन्द्रकला का प्रथमभाग नाटकावली जिसमें १९नाटक हैं ५)
  - " द्वितीयभाग इतिहास जिस में १२ ग्रन्थ हैं ४)
  - " तृतीय भाग रामभक्ति जिस में ७ ग्रन्थ हैं ३)
  - " चतुर्थ भाग भक्तरहस्य जिस में १८ ग्रन्थ हैं ४)
  - " पञ्चम भाग काव्य जिस में १७ ग्रन्थ हैं ४)
- सुन्दरीतिलक (१०४९सवैया हैं)१॥
- साहित्यलहरी (सूरदास के कूटों की टीका मय जीवनचरित्र ३)
- प्रहसनपंचक .... ।)
- परिहासिनी .... ।≠)
- हास्यविलास प्रथम भाग .... ।)
  - " २ य भाग .... ॥।)
- सरयू लहरी .... ‌)
- मिथिलाविलास .... ‌)
- पद्मावली (उत्सवप्रकाशिका) .... ।)
- क्षत्रियपत्रिका १, २, ३, ४, ५, ६, वर्ष प्रतिवर्ष का ६।≠)
- नाटकाकार रामायण (पं० दामोदर शास्त्री कृत) ५)

कृष्णचरित्र।

भक्तिपूर्ण भजन और सवैया आदि।

भारत भूषण भारतेन्दु श्री हरिश्चन्द्र रचित.

जिस को हिन्दीभाषा के प्रेमी तथा रसिकजनों के मनोविलास
के लिये क्षत्रियपत्रिका सम्पादक

म० कु० बाबू रामदीन सिंह ने

प्रकाशित किया।

पटना—" खड्गविलास " प्रेस—बांकीपुर
साहबप्रसाद सिंह ने मुद्रित किया।
१८८८

हरिश्चन्द्राब्द ५

आजु हरि छलि कै लाए प्यारी। पार उतारन मिसि नौका पै रसिक राज गिरि-धारी ॥ औघट घाट लगाइ नाव निज विहरत करि मनुहारी। हरीचन्द सखि लिखत चकित चित दित प्रान धन वारी॥१॥

जुगल छवि नैनन सों लखि लेहु। ठाढ़े बाहुं जोरि कुंजन मैं अवसर जान न देहु॥ सांझ समय आगम बरसा कौ फूल्यौ बन चहुं ओर। लहरत कालिन्दी जल झलकत आवत मन्द झकोर॥ प्रथम फूल फूल्यौ आमोदित रस मय सुखद कदम्ब। ता तर ठाढ़े जुगल परसपर किये बांहु अवलम्ब॥ प्रसरित महा मोद दसहूं दिसि मत्त भौंर रहे भूलि। हरी-चन्द सखि सरबस वार्यौ सो छबि लखि जिय फूलि ॥२॥

आजु ब्रज भई अटारिन भीर । आ
जानि सुरथ चढ़िके पथ सुन्दर श्य
सरीर ॥ अटा झरोखन छज्जन छा
गोखन द्वारन द्वार । मुखही मुख लखि
युवतिन के सोभा बढ़ी अपार ॥ फू
मनो रूप फुलवारी हरि हित सा
सनेह । के चन्दन की वंदन माला बां
ब्रज प्रति गेह ॥ करत मनोरथ विवि
भांति सब साजैं मंगल सोनि । हरीच
तिन को दरसन दै दुख मेट्यो ब्रजराज॥
हरि हम कौन भरोसे जीएं । तुम
रुख फिरे करुनानिधि कालहु दरि
सीएं । यों तो सबही खात उदर भ
अरु सब ही जल पीएं । पै धिक धि
तुम बिन सब भावो बादहि हिंसा सी लीएं
नाथ विनी सब व्यर्थ धरम अरु ऊधव
दोउ कीएं । हरीचन्द अवतो हरि वनि
कर अवलम्बन दीएं ॥४॥ जोग

नाथ विसारे तूं नहिं बिनिहै॥ तुम बिनु कोउ जग नाहिं सरम की पीर पिया जो जनिहै॥ हंसिहै सब जग हाल देखि कोउ नाहिं दीनता गनिहै॥ उलटो हमहिं सिखापैहैं दैहैं मेरोई एक न मनिहै॥ तुम्हरे होइ कहां हम जैहैं कौन मीच मैं सनिहै॥ हरीचन्द तुम बिनु दयालता और कोउ नहिं ठनिहै॥ ५॥

नवल नील मेघवरन दरसत त्रयताप हरन परसत सुखकरन भक्त सरन जमुनवारी। सोभित सुन्दर दुकूल प्रफुलित कल कमल फूल मेटत भवसूल भक्ति मूलतापहारी॥ कोमल वर बालु रचित बेदि बिबिध तटनि खचित नव लता प्रतान सचित नचित भृंगभारी। संचल चल लोल लहर कलि कलि कार बालि कहर जग जन जिस जाल जहर भेतान सुखकारी॥ जलकन लै टबिध

पौंन करत जबै कितहुं गौन परसत सुख
भौन सीत सोहत संचारी। अविगा हते
मनुज देव करत सकल सिद्ध सब जानत
निहि भेव भेद वेद मौन धारी॥ ब्रजवर
मंडल सिंगार गोप गोपिका अधार प्रान
नाथ कंठ हार जुगल वर विहारी। पुष्टि
सुपथ पुष्टि करत सेवा को फल वितरत
हरीचन्द जस उचरत जयति तरनि
वारी॥ [illegible]
आजु सुर मुनि सकल ब्रजपुराधीश
रत अभिषेक वर वेद विधि सों करत
सकल तीरथ विमल गंग जमुनादि नद
चतुर सागर मिलित नीर कलसन भरत।
रिग यजुर साम आथर्वनिक वेदध्वनि
स्तोत्र पौराण इतिहास मिलि उच्चरत।
शंख भेरी पणव सुरज ढक्का वाद घनित
घंटा नाद बीच बीच गुंजरत॥ विविध
[illegible] मलय मृगमद मिलित वारि

घनसार केसर सुगंधित परत । कुसुम कल तुलसि मिश्रित सुसंचित सविध पूर्व अधिवासितोदक घटन तें ढरत ॥ श्याम अभिराम तन पीतपट सुभग अति वारि सों अंग सटि लखत ही मन हरत । झरित कल केश कुंचितन ते नीरकण मनहु मुक्तावली नवल उज्ज्वल झरत ॥ पढ़त बंदी बिरद सूत चारन चारु चरित गावत खरे तान मानन भरत । देत आसीस द्विज हस्त श्रीफल लिए सुर जुहारत खरे लख लिए जिय डरत ॥ घोष सीमन्तिनी गान मंगल श्रवन पुट जात दुख दुरित दारिद हरत । दास हरिचन्द के हृदय मधि लीन छवि खचित वल्लभ कृपा बल न टरत ॥ ७ ॥ ॥ [illegible] ॥
मेरे प्यारे जी अरज लीजो मान ही [illegible]न। अब तुमरो दुख सहि न सिकत

हम मिलि जाओ मीत सुजान हो जान॥
एक वेर ब्रज में फिर आओ इतनी द
मोहिं दान हो दान । हरीचन्द अ
चलन चहत हैं तुम विन मेरे प्रान हो
प्रान ॥ ८ ॥

प्रात समै प्रीतम प्यारे को मंग
विमल नवल जस गाऊं । सुन्दर स
सलोनी मूरति नैनहिं निरखत
सिराऊं ॥ सेवा करौं हरौं त्रैविधि
तब अपुने गृह कारज जाऊं । हरी
मोहन विनु देखे नैनन की नहिं तप
वुझाऊं ॥ ९ ॥

प्रात समै हरि को जस गावत उ
घर घर सब घोषकुमारी । कोउ द
मथत सिंगार करत कोउ जमुना
जात कोउ नारी ॥ हरि रस मग
दिवस नहिं जानत मंगलमय ब्रज रह
अटारी । हरीचन्द लखि मदनमोह

छवि पुनि पुनि जात सबै बलिहारी ॥१०॥
हरि को मंगलमय मुख देखो। सुंदर
स्याम अंग छवि निरखत जीवन जनमे
सुफल करि लेखो ॥ देखि प्रथम पिय
प्यारे को सुख तब जग और काज अव-
रेखो ॥ हरीचन्द ब्रजचन्द लखें बिनु
जिगतहि बादि बृथा करि पेखो ॥ ११ ॥
आनंदनिधि सुखनिधि सोभानिधि
बल्लभ बदन बिलोको भोर । मंगल परम
भक्तसुखदायक । टपित करन जन नैन
चकोर ॥ सकल कला पूरन गुनसागर
नागर नेही नवल किसोर । हरीचन्द रसि-
कन के सर्वस इन पै वारों मैन करोर ॥ १२ ॥
हरि मोरी काहे सुधि बिसराई । हमे
तो सब बिधि दीन हीन तुम समरथ
गोकुलराई ॥ सों अपराधन लेखन लगे
जौ तौ कछु नहिँ बनिआई । हम अपुनी
करनी के चूके या हू जनम खुटाई ॥ सब

विधि पतित हीन सब दिन के कहं ल
कहौं सुनाई। हरीचंद तेहि भूलि बिर
निज जानि मिलौ अब धाई ॥१३॥
देखो माई हरि जू के रथ की आवनि
चलनि चक्र फहरानि धुजा की बहतु
गन की धावनि ॥ जापै जुगल दिए गल
बांही सोभित नैन मिलावनि ॥ बीरी
खानि चहूँ दिसि चितवनि हंसि मुरि कै
बतरावनि ॥ घेरे सखी चारु चारौं दिसि
नव मलार की गावनि। हरीचंद चित
तें न टरति है सो सोभा सुख पावनि ॥१४॥
धनि वे दृग जिन हरि अवलोके
रथ चढ़ि कै डोलत ब्रजवीथिन ब्र
तिय द्वार द्वार गति रोके ॥ इक कर रा
रासपति लीने झूमत चलत तुरंग नचा
वत । दूजे कर साँटी लै दृग की साँट
चित्त लगावत ॥ इत उ
१८ चलत चपल चख हंसत हंसाव

गावत डोलैं। छकत रूप लखि निरखनहारे काहू सों हंसि कै मृदु बोलैं॥ संग भीर आभीर जनन की मुरछल चंवर डुलावत धावैं। हरीचंद ते धन धन जग में जे यह सोभा निरखि सिरावैं॥ १५॥

कछु रथहांकनहू मैं भांति। यह कछु औरहि चलनि चलावनि औरे रथ की कांति॥ कहूं ठिठकि रथ रोकि घरिक लौं ठाढ़े रहत मुरारि। कहुं दौरावत अतिहि तेज गति कहुं काहूं सों रारि॥ काहु को अंग परसि रथ चालनि काहू लेनि दौराय। चाबुक चमकि तनक काहू तन मारनि देनि कुआय॥ काह के घर को फेरी दै घूमनि करि रथ मंद। बार बार निकसनि वाही मग मैं जानी हरिचन्द॥ १६॥

वह धुज की फहरानि न भूलति।

उलटि उलटि कै मो दिस चित
रथहांकनि हरि की जिय सूलति ॥
गए सब सुख साथहि मोहन अब
मदन सदा हिय हूलत। सो सुख
सुमिरि कें सजनी अजहूं जिय रस
फूलत ॥ लैं आओ कोउ मो ढिग
को विरह आगि अब तन उनसूल
हरीचंद पिय रंग बावरी ग्वालिन
डोर गहि झूलत ॥ १७ ॥

आजु दोउ बैठे मिलि वृन्दावन
निकुंज सीतल बयार सेवैं मोद भरे
मैं। उड़त अंचल चल चंचल फूल
स्वेदफूल की सुगंध छाई उपवन
रसभरे बातैं करैं हंसि हंसि अंक
बीरीखात जात सरसात सखियन
राधा प्यारी देखि रीझि गि
आनंद सों उमगे समात नहीं त
स॥ १८ ॥

गंगा पतितन को आधार । यह कलि-
काल कठिन सागर सो तुमहिं लगा-
वत पार ॥ दरस परस जलपान किए
तें तारे लोक हजार ॥ हरिचरनारविन्द
मकरन्दी सोहत सुन्दर धार । अवगा-
हत नर देव सिद्ध मुनि कर अस्तुति बहु
बार । हरीचन्द जन तारिनि देवी गावत
निगम पुकार ॥ १९ ॥

जयति क्षमा पद पद्म मकरन्द रंजित-
नीर नृप भगीरथ विमल जस पताके ।
ब्रह्म द्रवभूत आनन्द मन्दाकिनी अल-
कानन्दे सुकृति कृति विपाके ॥ शिव
जटाजूट गह्वर सघन वन मृगी विधि
कमंडलु गलित नीर रूपे । कपिल हुंकार
भस्मी भूत निरयगत स्पर्श तारित सगर
तनुज भूपे ॥ जन्हुतन [illegible] य
शिखर निकर बर भेद [illegible] स्त
गर्वे । [illegible] वि

यमुना मिलित ललित गंगे सदा दास हरिचन्द जन पच्छपाते ॥ २० ॥

सारंग।

प्यारे को कोमल तन परसि आवत आज याही तें बयार अंग सीतल करत है । सनित सुगंध मन्द मन्द आइ मेरे ढिग प्रेम सों हुलसि सखी अंकम भरत है ॥ हिय की खिलत कली मदन जगत अली पिय के मिलन को चित चाव वितरत है । हरीचन्द चलि कुंज जहां करें भौंर गुंज प्यारी सेज साजि मेरे ध्यान कों धरत है ॥ २१ ॥

स्याम अभिराम रतिकाम मोहन सदा वाम श्री राधिका संग लीने । कुंज सुख पुंज नित गुंजरत भौंर जहां गुंजबन दाम गलमांहि दीने ॥ कोटि घन विज्जु ससि सूर मनि नील अरु हीरछबि जुगल ग निरखि छीने । करत दिन केलि

मानहृत मिलित शतधा रचित के
खर्व्वे ॥ विविध मन्दिरगलित कुसुम
तुलसी निचय भ्रमर चिन्हित नवल
विमल धारे । सिद्ध सीमन्तिनी सुकुच
कुंकुम मिलित हिलित रंजित सुगंधित
अपारे ॥ लोलकल्लोल लहरी ललितव
लित वल एक सँगत द्वितिय तर तरंगे।
झरित झर झर झिल्लि सरस झंकार वर
वायु गत रव वीन मान भंगे ॥ मकर
कच्छप नक्र संकुलित जीवचय शीत
पानीय तृष्णादि नाशे । कलितकूजित
सुकारंड कलरव नाद कोक नद कुमुद
कल्हार काशे ॥ निज सहिम वल प्रवल
अर्कसुत नर्क भय दूर कृत पतित जन
कृतपवित्रे । पान मज्जन सरण स्मरण
दर्शन मात्र निखिल अघराशि नाशन
चरित्रे ॥ मुक्ति पथ सोपान विष्णु सायुज्य
प्रद परम उज्वल श्वेतनीर जाते । जयति

यमुना सिलित ललित गंगे सदा दास हरिचन्द जन पच्छपाते ॥ २० ॥

सारंग।

प्यारे को कोमल तन परसि आवत आज याही तें बयार अंग सीतल करत है। सनित सुगंध सन्द सन्द आइ मेरे ढिग प्रेम सों हुलसि सखी अंकम भरत है ॥ हिय की खिलत कली मदन जगत अली पिय के मिलन को चित चाव वितरत है। हरीचन्द चलि कुंज जहां करैं भौंर गुंज प्यारो सेज साजि मेरे ध्यान कों धरत है ॥ २१ ॥

श्याम अभिराम रतिकाम मोहन सदा वाम श्री राधिका संग लीने। कुंज सुख पुंज नित गुंजरत भौंर जहां गुंजवन दाम गलमांहि दीने ॥ कोटि घन विज्जु ससि सूर मनि नील अरु हीरछवि जुगल प्रिय निरखि छीने। करत दिन केलि

भुज मेलि कुच ठेलि लखि दास हरि चन्द जय जयति कीने ॥ २२ ॥

आजु मुख चूमत पिय को प्यारी भरि गाढ़े भुज दृढ़ करि अंग अंग उमगि उमगि सुकुमारी ॥ लहि इकन्त प्रानहु तें प्रियतम करत मनोरथ भारी। उर अभिलाख लाख करि करि के पुन वत साध महारी ॥ मानत धन धन भाग आपुने देत प्रान धन वारी। हरी चन्द लूटत सुख संपति श्री वृखभानु दुलारी ॥ २३ ॥

घन गरजत बरसत लखि दोउ औरहु लपटि लपटि रहे सोय। स्यामा स्याम इकंत कुंज में अरु तीसरो निकट नहिं कोय ॥ दामिनि दमकत ज्यौं ज्यौं त्यौं त्यौं गाढ़ी भरन भुजा की होय। हरिचंद बरसत घन उत इत रस बर सत पिय प्यारी दोय ॥ २४ ॥

धन दिन धन, मम भाग कुंज धन दोऊ जहां पधारे। राखौंगी बिनती करि दोउन कों आजु प्रिया पिय प्यारे। नैन पांवरे बिछाइ करौंगी आंचर बिजन बयारे। हरीचन्द वारौंगी सर्वस गाऊंगी गुन गन भारे॥ २५॥

आज धन भाग हमारे यह घरी धन धन मेरे घर आए गिरिराजधरन। नाचौं गाओंगी करौंगी बधाई वारि डारौंगी तन मन धन प्रान अभरन॥ राखौंगी कंठ लाइ जानन दैहौं फेर करि बिनती बहु गहि कै चरन। हरीचन्द वल्लभ वल पीओंगी अधररस छाडौंगी अब न सरन॥ २६॥

मंगल महा जुगल रस केलि। निन टन करि जग सकल अमंगल पायन दीने पेलि। सुख समूह आनन्द अखंडित भरि भरि धर्यौ सकेलि। हरी-

चन्द नन रीझि भिंजायो रस समुद्र ड
झेलि ॥ २७ ॥

नाथ मैं केहि विधि जिय समझाऊं
बातन सों यह मानत नाहीं कैसे काहे
मनाऊं ॥ जदपि याहि विश्वास परम
दृढ़ वेद पुरानहु साखी । कछु अनुभ
वहु होत कहत है जदापि सोइ बहु
भाखी ॥ तऊ कोटि ससि कोटि मदन
सम तुव मुख विनु दृग देखें । धीरज
होत न याहि तनिक हू समाधान केहि
लेखें ॥ निस दिन परम अद्भुत सम
लीला जेहि मानै अरु गावै । तेहि बिनु
अपुने चख सों देखें किमि यह धीरज
पावै ॥ दरसन करै रहैं लीला मैं जिय
भरि आनंद लूटै । दृप्त होंहिं तब मन
इंद्रिय की अनुभव भुस लै कूटै ॥ संपति
सपने की न कामकी मृगतृष्णा नहिं
नीकी । हरीचंद विनु सुधा जिआवे कैसे

छकिया फीकी ॥ २८ ॥

आजु दोउ बैठे हैं जलभौन । हौज किनारे भरे मौज सों प्यारी राधारौन ॥ सावन भादों छुटत फुहारे नीरहि नीर दिखाई । भींज रहे दोउ तहँ रस भीजे सखि लखि लेत बलाई ॥ बूंद बदन पर सोभा पावत कमल ओस लपटाने । बिथुरे बारन मैं मनु मोती पोहे अति सरसाने ॥ झीने बसन श्याम अंग झलकत सोभा नहिं कहि जाई । मनहुं नीलमनि सीसे संपुट धर्यौ अतिहि छवि छाई ॥ धार फुंहार सीस पर लेहीं लखि कै दृग सुख पावै । मनु अभिषेक करत सब सुर मिलि छवि सो परम सुहावै ॥ कै जमुना बहु रूप धारिकै जुगल मिलन हित आई । कै चपला घन देखि और घन मिलि बरसा बरसाई ॥ लोचन हीं लखिए सो सोभा कहे कह्यौ नहिं आवै ।

हरीचंद विनु वल्लभ पद बल और लख
कौ पावै ॥ २९ ॥

मन मेरो कहुं न लहत विश्राम
तृषातुर धावत इत तें उत पावत क
नहीं ठाम ॥ कबहुं क मोह फांस
बांध्यौ धन कुटुम्ब सुख जोहै। तिन
सों जब लहत अनादर तब व्याकुल ह्वै
सोहै ॥ कबहूं काहू नारि प्रेम बस ताहि
कों सरवस मानै। ताहू सों प्रति प्रेम
मिलन बिनु अकुलि और उर आनै ॥ देवी
देव तन्त्र मन्त्रन में कबहुं रहत अरुझाई।
तिनहूं सों जब काज सरत नहिं तबहि
रहत अकुलाई ॥ कबहुं जगत के रसि-
क भगत सज्जन लखि तिन सों बोले।
कालो हृदय देखि तिनहूं को उचटत
भटकत डोलै ॥ जिनकाहूं मित्र सुहृद
करि मानत राखत जिन की आसा।
तेऊ सुख भंजत तब छोड़त सबही

सों विस्वासा ॥ कबहुं ब्रह्म बनि रहत आपुही जामैं दुख नहीं व्यापै । माया प्रबल तहां अभिमानहि नासि जगत सत थापै ॥ सोचत कबहुं निकसि बन जानो पै जब आयु बिलोकै । तृष्णा क्षुधा साथ तहहूं लखि ताहू सों चित रोकै ॥ ब्रह्मा सों बढ़ि लै पिपीलिका लौं जग जीव सु जेते । कोउ देत न अचल भरोसो निज स्वारथ के तेते ॥ तृष्णा अमित सुखाए छिछले छिलर सब जग माहीं । हरीचन्द बिनु कृपा बारिनिधि प्यास बुझत कहुं नाहीं ॥३०॥

कवित्त ।

एरी प्रान प्यारी बिन देखे मुख तेरो मेरे जिय में बिरह घटा घहरि घहरि उठै । त्यौंहीं हरिचंद सुधि भूलत न क्यौंहूं तेरी लांबो केस रैन दिन छहरि छहरि उठै ॥ गड़ि गड़ि उठत

कटीले कुच कोर तेरी सारी सो लह
दार लहरि लहरि उठै । सालि सालि
जात आधे आधे नैन बान तेरे घुंघ
की फहरानि फहरि फहरि उठै ॥३१॥

बाढ़ी बिथा बिनु आप के प्यारे उपाय
चले न कछू कहा कीजिये । लागत है
बिष सो सगरो इन सों बिन काज क्यों
बारहि लीजिये ॥ चार चवाइन में पड़ि
के हरिचन्द जू क्यों इन बातन छीजिये।
पूछत मौन क्यों बैठि रही सब प्यारे
कहा इन्हें उत्तर दीजिये ॥ ३२ ॥

हमै नीति सों काज नहीं कछु है
अपुनो धन आपु जुगाए रहो । हमरी
कुलकानि गई तो कहा तुम आपनी
को तो छिपाए रहो ॥ हम सों सब
दूरि रहो हरिचन्द न संग मैं सोहि
... । हम तो बिरहा मैं सदाहीं
आपुनो अंग बचाए रहो ॥३३॥

पद ।

जयति जन्हुतनया सकल लोक की पावनी । सकल अघओघ हर नाम उच्चार मैं पतित जन उद्धरनि दुक्ख विद्रावनी ॥ कलिकाल कठिन गज गर्व्व खर्व्वित करन सिंहिनी गिरि गुहागत नाद श्रावनी । शिव जटाजूट जालाधि कृतवासिनी विधिकमंडलु विमल रमनि मनभावनी ॥ चित्रगुप्तादि के पत्र गत कर्म्म विधि उलटि निज भक्त आनन्द सरसावनी । दास हरिचन्द भागीरथी त्रिपथगा जयति गंगे कृष्णचरन गुन गावनी ॥३४॥

श्री गङ्गे पतित जानि मोहि तारौ । जो जस अवलौं मिल्यौ तुम्हें नहिं सो जग में विस्तारौ ॥ जेते तारे हीन छीन तुम अबलौं पतित अपारे । ते मेरे लेखे हैं ऐसे कहा गरीब बिचारे ॥ पाप अनेक प्रकार करन की विधि कोऊ

कछु जानै । हौं तो वदि वदि करौं अनेकन जेहि जस चिनहु मानै ॥ हम कछु जोपै तारि लेहु जगतारिणि नाम कहाई। हरीचन्द तो जस जग मानै नातरु वादि वड़ाई ॥ ३५ ॥

जै जै विष्णुपदी श्रीगंगे । पतित-उधारिन सब जगतारनि नव उज्जल अंगे ॥ शिवसिर मालति माल सरिस वर तरल तर तरंगे । हरीचन्द जन उधरनि देवी पाप भोग भंगे ॥ ३६ ॥

पतित उधारनी मैं सुनी । इक वानी खेलौ हमहूं सों देखैं कैसी गुनी ॥ कबहुं न पतित मिले जग गाढ़े ताही सों गायो सुनी । हरीचन्द कों जो तुम तारौ तौ तारिनि सुरधुनी ॥ ३६ ॥

गंगा तुमरी सांच वड़ाई । एक सगर-सुत हित जग आई तार्‌यौ नर समु-
॥ इक चातक निज तृषा बुझावन

जाचत घन अकुलाई । सो सरवर नद नदी वारिनिधि पूरत सब भरलाई ॥ नाम लेत जल पिअत एक तुम तारत कुल अकुलाई । हरीचन्द याही ते तौं सिव राखी सीस चढ़ाई ॥ ३७ ॥

आजु हरिचन्दन हरितन सोहै । तरु तमाल पै सांझ धूप सम देखत तिंह मन मोहै ॥ ता पैं फूल सिंगार सुहायो वरनि सकै सो कोहै । हरीचंद वड़ भाग राधिका अनु दिन पिय सुख जोहै ॥३८॥

आजु जल विहरत पीतम प्यारी । गल भुज दियें करनि गज से दोउ अवगाहत सुभ वारी ॥ सखी खरीं चहुं ओर चारु सब लै ओषस उपचारी । चन्दन सोंधो फूलमाल वहु भीने वसन संवारी ॥ कोउ गावत कोउ तार वजावत कोउ करत मनुहारी । कोउ कर सों जलजंत्र चलावत हरीचन्द वलिहारी

मिटत न हौस हाय या मन की। होत एक तें लाख लाख नित तृष्णा बुझत न तन की ॥ दैव कृपा सों जौ तमोगुनीवृत्ति दूर ह्वै जाई। तौ रजोगुनी इच्छा बाढ़त लाखन जिय में आई॥ ताहू के मिटे सतोगुन संचय अपुनो लोभ न छोड़ै। जस कीरति चिरनाम मान पै चंचल चित कहँ मोड़ै ॥ भए विरागिहु भक्त सिद्ध कहवावन की रुचि बाढ़ै। रचि रचि छन्द नाम करिबे की इच्छा तब जिय काढ़ै ॥ तासों याहि जीतिबो दुरघट जानि जतन यह लीजै। हरीचन्द घनस्याम मिलन की हौस करोरन कीजै ॥ ४० ॥

वे दिन सपन रहे के सांचे। जो हरि संग विहरत याही ब्रज वीति गए रंग राचे॥ कहां गई वह सरद रैन सब जिन में हरिसंग नाचे। कहं वह यौवन

संन मिलन सुख मिले जौन बिनु जांचे॥
ाय दई कैसी कीनी दुख सहत करेजे
ांचे । हरीचन्द हरि बिनु सूनो बृज
ाखनहि हित हम वांचे ॥ ४१ ॥

हरि हो अब मुख बेगि दिखाओ ।
ही न जात कृपानिधि माधो एहि
ुनतहि उठि धाओ ॥ लखि निज जन
ूबत दुख सागर क्यौं न दया उरलाओ।
ारत वचन सुनत चुप ह्वै रहे निठुर
ानि बिसराओ ॥ करुनामय कृपाल
ेसव तुम क्यौं निज प्रनहि डिगाओ॥
रखि बिलखत हरिचन्द दुखी जन क्यौं
नहिं धीर धराओ ॥ ४२ ॥

यह मन पारद हू सों चंचल। एक
लक मैं ज्ञान बिचारत दूजे मैं तिय
ंचल ॥ ठहरत कतहुं न डोलत इत
त रहत सदा बौरानो । ज्ञान ध्यान
ी आन न मानत याको लंपट बानो॥

मिटत न हौस हाय या मन की. होत एक तें लाख लाख नित तृष्णा, बुझत न तन की ॥ दैव कृपा सों जो तमोगुनीवृत्ति दूर ह्वै जाई । तो रजोगुनी इच्छा बाढ़त लाखन जिय में आई ॥ ताहू के मिटे सतोगुन संचय अपुनो लोभ न छोड़ै । जस कीरति चिरनाम मान पै चंचल चित कहँ मोड़ै ॥ भए बिरागिहु भक्त सिद्ध कहवावन की रुचि बाढ़ै । रचि रचि छन्द नाम करिबे की इच्छा तब जिय काढ़ै ॥ तासों याहि जीतिबो दुरघट जानि जतन यह लीजै। हरीचन्द घनस्याम मिलन की हौस करोरन कीजै ॥ ४० ॥

वे दिन सपन रहे के सांचे । जे हरि संग बिहरत याही ब्रज बीति गए रंग राचे ॥ कहां गईं वह सरद रैन सब जिन मैं हरिसंग नाचे । कहं वह बोलन

हंसन मिलन सुख मिले जौन बिनु जांचे॥ हाय दई कैसी कीनी दुख सहत करेजे आंचे । हरीचन्द हरि बिनु सूनो बृज लखनहि हित हम वांचे ॥ ४१ ॥

हरि हो अब मुख वेगि दिखाओ । सही न जात कृपानिधि माधो एहि सुनतहि उठि धाओ ॥ लखि निज जन डूबत दुख सागर क्यों न दया उरलाओ। आरत वचन सुनत चुप ह्वै रहे निठुर वानि बिसराओ ॥ करुनामय कृपाल केसव तुम क्यों निज प्रनहि डिगाओ॥ लखि बिलखत हरिचन्द दुखो जन क्यों नहिं धीर धराओ॥ ४२ ॥

यह मन पारद हू सों चंचल। एक पलक में ज्ञान विचारत दूजे में तिय चंचल ॥ ठहरत कतहुं न डोलत इत उत रहत सदा बौरानो । ज्ञान ध्यान को आन न मानत

तासों या कहं कथा विरह तप जो को
ताप तपावै। हरीचन्द सो जीति या
हरिभजन रसायन पावै ॥ ४३ ॥

आजु अभिषेकत पिय कों प्यारी
धरि हग ध्यान नवल आंसुन के भ
भरि उमगे वारी ॥ कज्जल मिलित च
मृग मद से विरह परव लखि भारी
बरखत गलित कुसुम बेनी तें सोई फ
म्हर डारी ॥ व्याकुल कल नहिं लह
तनिक सुख हाय मंत्र उच्चारी। हरीच
लखि दुखित सखी जन करि न सक
उपचारी ॥ ४४ ॥

जनमतहि क्यों हम नाहिं मरी
सखि विधना विध ना कछु ना
उलटी सबहि करी ॥ हरि आकृत
चार चवाइन करि निन्दा निदरीं । ि
भय मुखहु लखन नहिं पायो हँ स
रहत भरीं ॥ अय हरि सो व्रज

अनत रहे विलपत विरह जरी । यह दुख देखन ही जनमाइँ वारेंहि विपत परी ॥ सुख केहि कहत न जान्यौ सपनेहु दुख ही रहत दरी । हरीचंद मोहि सिरजि विधिहि नहिं जानौं कहा सरी ॥ ४५ ॥

मेरो हठ राखो हठीले लाल । तुम विनु मान कौन मेरो रखिहै समुझहु जिय गोपाल ॥ हम कों तो तुमरो बल प्यारे तुव अभिमान दयाल । पै तुम हीं ऐसी जो करिहौ कहं जैहैं ब्रजवाल ॥ एक वेर वृज कों फिरि आओ लखि गौअन वेहाल । हरीचन्द वरु फेर जाइयो मधुपुर कृपा कृपाल ॥ ४६ ॥

राखिए अपुनेन कों अभिमान । तुव बल जो जग गिनत न काहू दीजै तेहि सनमान ॥ तुम्हरे होय सहैं इतनो दुख यह तो अनय महान । तुमहि कलंक

हम लज्जा अति कहि है कहा जहान
एक वेर फिरहू ब्रज आओ देहु जीव
दान । हरीचन्द गिरि कर धारन
करिके सुरति सुजान ॥ ४७ ॥

ऊधो अब वे दिन नहिं ऐहैं । नि
में श्याम संग निसिवासर छिन स
विलसि वितैहैं ॥ वह हंसि दान मांग
उन को अब हम लखन न पैहैं
जमुना न्हात कदम चढ़ि छिपि अब ह
नहिं चीर चुरैहैं ॥ वह निसि सर
दिवस बरखा के फिर विधि नाहिं फिरैहै
वह रस रास हमन बोलन हि
हम छिन छिन तरसैहैं ॥ वह गलबाहै
दै पिय बतियां अब नहिं सरस सुनैहैं
हरीचन्द तरसत हम मरि हैं तऊ न
वे सुधि लैहैं ॥ ४८ ॥

हरि बिनु ब्रज बसियत केहि भांए ।
जीवत अब लौं बिनु पिय प्यारे इन

अँखियन दरसाए ॥ केहि सुख लागि जियत हम अब लौं यह नहिं परत लखाई। बिनु बृजनाथ देखि बृज सूनो प्रान रहत किमि माई ॥ वह बन बिह-रन कुंज कुंज में सपनें हू नहिं देखैं। ऊधो जोग सुनन तुव मुख सों प्रान रहे एहि लेखें ॥ बिनु प्रिय प्राननाथ मनमो-हन आरतहरन कन्हाई। हरीचन्द निरलज जग जीवत हम भाथी की नाई ॥ ४९ ॥

सवैया।

देत असीस सदा चित सों यह साहिबी रावरी रोज बनी रहै। रूप अनूप महाधन है हरिचंद जू वाकी न नेकु कमी रहै ॥ देखहु नेकु दया उर कै खरी द्वार अरी यह जाचक भीर है। दीजियै भीख उघारि कै घूंघट प्यारी तिहारी गली को फकीर है ॥ ५०॥

अब तो जग में खलि कै चहंधा पन

प्रेम को पूरो पसारि चुकी । कुलरीति औ लोक की लाज सबै हरिचंद जू नीके बिगारि चुकी ॥ वहि साँवरी मूरति देख तही अपने सरबस्वहि हारि चुकी । जग में कछू कोऊ कहौ किन हौं तौ मरारि पै प्रान कों वारि चुकी ॥५१॥

इति ।

श्री

काशिराजवर्षमालिका ।

एक सौ तेईस बरस की जन्त्री ।

भारत भूषण भारतेन्दु श्री हरिश्चन्द्र लिखित.

जिस को हिन्दीभाषा के प्रेमी तथा रसिकजनों के मनोविलास

के लिये क्षत्रियपत्रिका सम्पादक

म० कु० बाबू रामदीन सिंह ने

प्रकाशित किया ।

पटना—"खड्गविलास" प्रेस—बांकीपुर

साहबप्रसाद सिंह ने मुद्रित किया ।

१८८८

हरिश्चन्द्राब्द ५

श्री

काशिराज वर्ष मालिका।

(जिने बरस यामे लिखे, तबलौं काशीराज। जियो पुत्र अरु पौत्र सह, भोगो सब सुखसाज॥)

इस यन्त्री में जो सब वर्ष हैं वह स्वर्ण शताब्दी के बरस हैं इनमें
संसार की अत्यन्त उन्नति होगी।

एक सौ तेईस बरस की यंत्री

अर्थात्

अङ्गरेजी महीने जानने की तारीखों के वार का ब्योरा,
सन् १८७८ से सन् २००० ईसवी तक।

विषम सम वर्ष अर्थात् जिन में चार का पूरा भाग नहीं लगता।

						जनवरी ३१	फ़िवरी २८	मार्च ३१	अप्रैल ३०	मै ३१	जून ३०	जुलाई ३१	अगस्ट ३१	सिप्टेम्बर ३०	अक्टोबर ३१	नवेंबर ३०	डिसेंबर ३१						
१८४२	१८५३	१८५९	१८७०	१८८१	८८७ १८९८	४	७	७	३	५	१	३	६	२	४	७	२	१८८५	१८९१	१९०३	१९१४	१९२५	१९३१
१८४३	१८५४	१८६५	१८७१	१८८२	१८९३ १८९९	५	१	१	४	६	२	४	७	३	५	१	३	१८८६	१८९७	१९०९	१९१५	१९२६	१९३७
१८३८	१८४९	१८५५	१८६६	१८७७	१८८३ १८९४	६	२	२	५	७	३	५	१	४	६	२	४	१८८१	१८८७	१८९८	१९१०	१९२१	१९२७
१८३५	१८४६	१८५७	१८६३	१८७४	१८८५ १८९१	२	५	५	१	३	६	१	४	७	२	५	७	१८७८	१८८९	१८९५	१९०१	१९०७	१९१८ १९२९
१८४१	१८४७	१८५८	१८६९	१८७५	१८८६ १८९७	३	६	६	२	४	७	२	५	१	३	६	१	१८७९	१८९०	१९०२	१९१३	१९१९	१९३०
१८३९	१८५०	१८६१	१८६७	१८७८	१८८९ १८९५	७	३	३	६	१	४	६	२	५	७	३	५	१८८२	१८९३	१८९९	१९०५	१९११	१९२२ १९३३
१८३४	१८४५	१८५१	१८६२	१८७३	१८७९ १८९०	१	४	४	७	२	५	७	३	६	१	४	६	१८८३	१८९४	१९००	१९०६	१९१७	१९२३

विषम सम वर्ष अर्थात् जिन में चार का पूरा भाग नहीं लगता ।

						जनवरी ३१	फ़िब्रुवरी २८	मार्च ३१	अप्रैल ३०	मै ३१	जून ३०	जुलाई ३१	अगस्ट ३१	सिप्टेम्बर ३०	अक्टोबर ३१	नवेम्बर ३०	डिसेम्बर ३१						
१८४२	१८५३	१८५९	१८७०	१८८१	१८८७ १८९८	४	७	७	३	५	१	३	६	२	४	७	२	१८८५	१८९१	१९०३	१९१४	१९२५	१९३१
१८४३	१८५४	१८६५	१८७१	१८८२	१८९३ १८९९	५	१	१	४	६	२	४	७	३	५	१	३	१८८६	१८९७	१९०९	१९१५	१९२६	१९३७
१८३८	१८४९	१८५५	१८६६	१८७७	१८८३ १८९४	६	२	२	५	७	३	५	१	४	६	२	४	१८८१	१८८७	१८९८	१९१०	१९२१	१९२७
१८३५	१८४६	१८५७	१८६३	१८७४	१८८५ १८९१	२	५	५	१	३	६	१	४	७	२	५	७	१८७८	१८८९	१८९५	१९०१	१९०७	१९१८ १९२९
	१८४७	१८५८	१८६९	१८७५	१८८६ १८९७	३	६	६	२	४	७	२	५	१	३	६	१	१८७९	१८९०	१९०२	१९१३	१९१९	१९३०
	५०	१८६१	१८६७	१८७८	१८८९ १८९५	७	३	३	६	१	४	६	२	५	७	३	५	१८८२	१८९३	१८९९	१९०५	१९११	१९२२ १९३३
		५१	१८६२	१८७३	१८७९ १८९०	१	४	४	७	२	५	७	३	६	१	४	६	१८८३	१८९४	१९००	१९०६	१९१७	१९२३

तारीख और वार के कोष्टक।

१	२	३	४	५	६	७
सो॰ १	मं॰ १	बु॰ १	बृ॰ १	शु॰ १	श॰ १	आ॰ १
मं॰ २	बु॰ २	बृ॰ २	शु॰ २	श॰ २	आ॰ २	सो॰ २
बु॰ ३	बृ॰ ३	शु॰ ३	श॰ ३	आ॰ ३	सो॰ ३	मं॰ ३
बृ॰ ४	शु॰ ४	श॰ ४	आ॰ ४	सो॰ ४	मं॰ ४	बु॰ ४
शु॰ ५	श॰ ५	आ॰ ५	सो॰ ५	मं॰ ५	बु॰ ५	बृ॰ ५
श॰ ६	आ॰ ६	सो॰ ६	मं॰ ६	बु॰ ६	बृ॰ ६	शु॰ ६
आ॰ ७	सो॰ ७	मं॰ ७	बु॰ ७	बृ॰ ७	शु॰ ७	श॰ ७
सो॰ ८	मं॰ ८	बु॰ ८	बृ॰ ८	शु॰ ८	श॰ ८	आ॰ ८
मं॰ ९	बु॰ ९	बृ॰ ९	शु॰ ९	श॰ ९	आ॰ ९	सो॰ ९
बु॰ १०	बृ॰ १०	शु॰ १०	श॰ १०	आ॰ १०	सो॰ १०	मं॰ १०
बृ॰ ११	शु॰ ११	श॰ ११	आ॰ ११	सो॰ ११	मं॰ ११	बु॰ ११
शु॰ १२	श॰ १२	आ॰ १२	सो॰ १२	मं॰ १२	बु॰ १२	बृ॰ १२
श॰ १३	आ॰ १३	सो॰ १३	मं॰ १३	बु॰ १३	बृ॰ १३	शु॰ १३
आ॰ १४	सो॰ १४	मं॰ १४	बु॰ १४	बृ॰ १४	शु॰ १४	श॰ १४
सो॰ १५	मं॰ १५	बु॰ १५	बृ॰ १५	शु॰ १५	श॰ १५	आ॰ १५
मं॰ १६	बु॰ १६	बृ॰ १६	शु॰ १६	श॰ १६	आ॰ १६	सो॰ १६
बु॰ १७	बृ॰ १७	शु॰ १७	श॰ १७	आ॰ १७	सो॰ १७	मं॰ १७
बृ॰ १८	शु॰ १८	श॰ १८	आ॰ १८	सो॰ १८	मं॰ १८	बु॰ १८
शु॰ १९	श॰ १९	आ॰ १९	सो॰ १९	मं॰ १९	बु॰ १९	बृ॰ १९
श॰ २०	आ॰ २०	सो॰ २०	मं॰ २०	बु॰ २०	बृ॰ २०	शु॰ २०
आ॰ २१	सो॰ २१	मं॰ २१	बु॰ २१	बृ॰ २१	शु॰ २१	श॰ २१
सो॰ २२	मं॰ २२	बु॰ २२	बृ॰ २२	शु॰ २२	श॰ २२	आ॰ २२
मं॰ २३	बु॰ २३	बृ॰ २३	शु॰ २३	श॰ २३	आ॰ २३	सो॰ २३
बु॰ २४	बृ॰ २४	शु॰ २४	श॰ २४	आ॰ २४	सो॰ २४	मं॰ २४
बृ॰ २५	शु॰ २५	श॰ २५	आ॰ २५	सो॰ २५	मं॰ २५	बु॰ २५
शु॰ २६	श॰ २६	आ॰ २६	सो॰ २६	मं॰ २६	बु॰ २६	बृ॰ २६
श॰ २७	आ॰ २७	सो॰ २७	मं॰ २७	बु॰ २७	बृ॰ २७	शु॰ २७
आ॰ २८	सो॰ २८	मं॰ २८	बु॰ २८	बृ॰ २८	शु॰ २८	श॰ २८
सो॰ २९	मं॰ २९	बु॰ २९	बृ॰ २९	शु॰ २९	श॰ २९	आ॰ २९
मं॰ ३०	बु॰ ३०	बृ॰ ३०	शु॰ ३०	श॰ ३०	आ॰ ३०	सो॰ ३०
बु॰ ३१	बृ॰ ३१	शु॰ ३१	श॰ ३१	आ॰ ३१	सो॰ ३१	मं॰ ३१

दिन निकालने की रीति ।

जिस बरस के जिस महीने की कोई तारीख़ का वार निकालना हो बरस को देखो कि वह किस घर में है। जहां वह हो वहां से सीधी लकीर तुम जिस महीने की तारीख़ चाहते हो उस महीने के नीचे एक से सात तक अंकों में जो अंक को सब के नीचे वाले सात घरों में उसी अंक के घर में महीने की तारीख़ का वार देख लो। जैसा कि तुमको १९०० सन फरवरी २० तारीख़ को कौन वार होगा यह जानना है। अब देखो कि १९०० कहां है-? वह विषम सम वर्ष के बाईं भुज के नीचे दूसरे काल्म में सातवां है उसी की सूध में उंगली ले चलो। तुम देखोगे कि फरवरी का नं० २४ है अब नीचे के तारीख़ और दिन के सात खानों में नं० २४ के घर में २० तारी मंगल को है। तब यही वार उस दिन पड़ैगा।

यह माला सत बरस की, बिरची श्री हरिचन्द।
सज्जन जन याकों लहैं, कारज साधि अनन्द ॥ १ ॥
मन बच सों हरिनाम की, माला फेरी नांहि।
तो क्यों माला बरस लों, जिए वृथा जग मांहि ॥ २ ॥
बनमाला-वाला नवल, नन्दलाला सों नेह।
नहि जियतो माला बरस, लगि क्यों राखो देह ॥ ३ ॥
'जप माला छापा तिलक, सरै न एकौ काम।
मन कांचे नांचे वृथा, सांचे रांचे राम' ॥ ४ ॥

Hugh Godfray's Treatise on Astronomy,
London, 1874,
Page 291.

Calendar—

373, Sosigenes an Alexandrian astronomer employed by Julious Cæsar to correct the confusion into which the calender was perpetually falling, proposed the ingenious contrivance of bissextile or leap year. Three common years of 365 days were to be followed by a year of 366 days, thus giving to the average civil year a value of 365·25 days, which is a little more than the tropical year, the difference ·007781 days amounting to 1 day in about 128 years, or rather more than 3 days in 400 years. This important change came into operation in the 44th year. B. C.

The next correction was made in 1582 A. D. by Pope Gregory XIII., with a view to take into account this difference of 3 days in 400 years and, by this means to avoid a change which was gradually bringing the festival of Easter more and more into the summer season, whereas the ecclesiastical regulations required that it should be celebrated just after the spring equinox. The Gregorian calendar, which is now adopted by all the Christians, except the Russians and the Greeks, is established on the following rules:—

Three common years of 365 days are to be followed by a year of 366 days, as in the Julian calendar (the leap years being those whose number is divisible by 4 without remainder) except when the fourth year terminates a century as 1700, 1800 &c., and then it becomes a common year; except, again, when the hundreds are divisible by 4, as 2000, 2400, &c., when it remains a leap year, as the Julian calendar would make it 400 civil year, therefore, as determined by the Gregorian rule, there will be 97 leap years instead of 100 and the average length of the civil year will be $365\frac{97}{400}$ days or 365·2425 days. The tropical year contains 365 ·242216 days so the Gregorian rule makes the average civil year too long by 0·00034 days producing an error of 1 day in about 4000 years.

In the year 1582 when Pope Gregory made this reformation, he also omitted 10 nominal days of the month of October, the day after the 4th being called the 15th. This was done for the purpose of bringing back the vernal equinox to the 21st of the March which was the date of its occurrence in 325 A. D. When the council of Nice was held and a rule was framed for the observance of the festival of Easter

The new style, as it was called, was not adopted in England until the year 1752 when 11 days had to be omitted, and the month of September in that year contained only 19 days, which were numbered 1, 2, 14, 15 &c. In Russia the old style is still maintained and the year 1800 has added another day to the difference of styles, so that the dates in Russia are now 12 days behind our. Trace of the old style still lingers in our old Christmas-day, Old Lady-day.

किस वर्ष में किस दिन कौन तारीख थी उस को जानने की रीति।

कुण्डलिया—जे सन को जानन चहत प्रथम मास तिथि वार। अट्ठा भाग देइ कीजे शेष निकार॥ कीजे शेष निकार मांहि श्रुति भागहि है जितो बार सताय अंक और शेषहि मेलो॥ बहुरि गदाधर सते कौन दिये अपेसन। सो यदि क्रम गनि लेहु सोमवारादि सजेसन॥ १॥

दोहा—जो कदापि श्रुति भागते, शेष पूर्ण पुर होइ।
सो एकांक करिके निष्ण, जोरिय शेषहि सोइ॥
यहि विधि गनित विचारिके, भूत भविष वर्तमान।
आदि जनवरी मास के, प्रथम वार तिथि जान॥

अथ फेब्रुरी आदि ११ महीनों के तिथि वार जानने की रीति।

दोहा—प्रथम मास के प्रथम तिथि, नियत होइ जेहि वार।
तिसे करि ताही दिवस, अक्तूबरहु विचार॥
मई दूसरे दिवस को, तीजे जानहु अगस्त।
फेब्रुवरि मार्च नवंबर, चौथे होहि समस्त॥
जून पांचवें होत है, करिके गणित प्रमान।
सीतम्बर दिसम्बरहू, निश्चै छठएं जान॥
जो कदापि सन अंक में, भाग चार के छिन्न।
एक एक दिन प्रति मास बढ़, फेब्रुवरी वैतरिक्त॥

अर्थात् जिस सन् के पहिला महीना अर्थात् जनवरी की पहिली तारीख का दिन जानना हो उस सन् में २८ अट्ठाइस का भाग देव जो शेष बचे उस में देखो कि चार के भाग कितने बार लग सकते हैं उतनेही अंक को उस शेष में और भी जोड़ देव तब फिर सात का भाग देव जो एक बचे तो सोमार २ बचे तो मंगर इसी तरह क्रम से जान लेव सजेसन् नाम वर्ष। परन्तु शेष में यदि चार के भाग देने से पूरंपूर होइ तो चार के भाग में से एक अंक न्यून करके शेष में जोड़ना चाहिये यहि प्रकार ते गणित करिके भूत भविष्य वर्तमान सन् की जनवरी आदि बारहों महीनों के पहिली तारीख का वार जाना जा सकता है।

(क० व० जि० २ नंबर २३)

सुजान-शतक।

कविवर घनआनन्द कृत प्रेमपरिपूर्ण कविता।

भारतभूषण भारतेन्दु श्री हरिश्चन्द्र लिखित.

जिस को हिन्दी भाषा के प्रेमी तथा रसिकजनों के मनोविलास

के लिये क्षत्रियपत्रिका सम्पादक

म० कु० बाबू रामदीन सिंह ने

प्रकाशित किया।

पटना—" खड्गविलास " प्रेस—बांकीपुर

साहबप्रसाद सिंह ने मुद्रित किया।

१८८९

हरिश्चन्द्राब्द ५

प्रथम बार]   [दाम ।) आना

सुजान-शतक।

सवैया।

मेरोई जीव जो मारत मोहि तो प्यारे कहा तुम सौं कहनो हैं।
आंखिन हूं यहि बानि तजी कछु ऐसोइ भोगनि को लहनो हैं॥
आस तिहारियै ह्वौ घनआनन्द कैसे उदास भयें रहनो हैं।
जानि कै होत इते पै अजान जो तौ बिन पावक ही दहनो हैं॥ १॥
क्यौं हँसि हेरि हर्यो हियरा अरु क्यौं हितकै चित चाह बढ़ाई।
काहे कौं बोलि सुधा सने बैनन नैनन मैन सलाक चढ़ाई॥
सो सुधि मो हिय तें घनआनन्द सालति क्यौं हूं कढ़ै न कढ़ाई।
मीत सुजान अनीति की पाटी इतै पै न जानियै कौन पढ़ाई॥ २॥
चाह बढ़ी चितचाक चढ्यौ सो फिरै तिनही दस नै कुन धीजै।
नैन थके छबि पान छके घनआनन्द लाज तौ रीझन भीजै॥
मोहु सौं बावरी है बुध बावरी सीष सुनै न दसा दुख दीजै।
देह दहै न रहै सुधि गेह की भूलिहु नेह को नांवन लीजै॥ ३॥
रावरे रूपको रीति अनूपम पीनयो लागत ज्यौं ज्यौं निहारियै।
त्यौं इन आंखिन बानि अनौखिअघानिकहूंनहिआनितिहारियै॥
एकहि जीवहु तौ सुतौ वारिहि सुजान सकोच औ सोच सहारियै।
रोकि रहै न दहै घनआनन्द बावरि रीझ के हाथ न हारियै॥ ४॥

कवित्त।

आसही अकास मधि अवधि गुनै बढ़ाय चौपनि चढ़ाय दीनो कीनो खेल सोप है। निवट कठोर एहो ऐंचत न आपु ओर लाड़िले सुजान सौं दुहेली दसा को कहै॥ अवरज मई मोहि भई घनआनन्द यौं हाथ साथ लाग्यो पै समीप न कहूं लहै। विरह समीर की झकोरनि अधीर नेह नीर भीज्यो जीव तऊ गुड़ी लौं उड्यो रहै॥ ५॥

बहुत दिनानी के अवधि आस पास परे खरे अरबरनि भरे हैं उठि जान कौ। कहि कहि आयन छबीले मन भावन कौ गहि गहि राखति ही दैदै

सनमान की ॥ झूठी बतियानि की पत्यानी तें उदास ह्वै कै अब न घिरात घनआनंद निदान की । अधर लगे हैं आनि करिकैं पयान प्रान चाहत चलन ये संदेसो लै सुजान को ॥ ६ ॥

स०—जोरि कै कोटिक प्रानानि भाय तें संग लिये अंखियान में आवत ।
भीजे कटाछनि सौं घनआनन्द छाय सदा रस कौं बरसावत ॥
छाड़ भरें फिरि या जिय की गति जानत जीवन है जु जनावत ।
मीत सुजान अनूठियै रीति जिवाय कै मारत मारि जिआवत ॥ ७ ॥
लाखनि भांति भरे अभिलाखनि कै पल पांवड़े पंथ निहारैं ।
लाड़िली आवन लालसा लागि न लागति हैं मन मैं पन धारैं ॥
यौं रस भीजै रहैं घनआनन्द रीझैं सुजान सरूप तिहारैं ।
चाइन रावरे नैन बचे अंसुवान सों रावरे पाय पखारैं ॥ ८ ॥
घनआनन्द जीवन मूल सुजान की कौं धनि हूं न कहूं दरसै ।
सुनि जानि यैं धौं कित जाइ रहे इत चातक प्रान तपै तरसै ॥
बिन पावस तौ इन पावस हौ न सु क्यौं करियै अब सो परसै ।
बदरा बरसै रितु मैं घिर कै नितही अंखिया उघरी बरसैं ॥ ९ ॥

क०—अवधि सिरायैं तापताते ह्वै कलमलाय आपुचाय बावरे उमहि उफनात हैं । दे रस सुखारे चैन बचित बिचारे हारे आंखिनि के मारे आ इतही मड़रात हैं ॥ इते पै अमोही घनआनन्द रुखाई डर सोचनि समाय कै यहीं ठहरात हैं । जानि अनखौहीं बानि लाड़िले सुजान की सुकरि हू परान प्रान फिरि फिरि जात हैं ॥ १० ॥

स०—कहियै किहि भांति दसा सजनी अति ताती कथा रसना हि दहै ।
अरु जौं हिय ही मधि घूंटि रहौं तौ दुखी जिय क्यौं करि ताहि सहै ॥
घनआनन्द जानन बान करै इत के हित की कुत कोज कहै ।
उत उत्तर पाय लगी मिहदी सुकहा लगि धीरज हाथ रहै ॥ ११ ॥
नैन किए अति आरत ऐन सुरैनि दिना चित चोप बिसेखैं ।
नीके सुधानिधि रूप छक्यौ रचो पागि उगै सब त्यागि परेखैं ॥
जैसे सुजान लये घनआनंद नेही न आनि हिये अवरेखैं ।
ऐसे उज्यागर है जग मै पर चंदहि एक चकोर ही देखैं ॥ १२ ॥
रूप छकी तुम्हैं देखि सुजान थक्यो तजि लाज समाजन को दव ।
मोहि लियो हंसि जोहि कवीने कहीं प्रति प्यार पगी बतियां जब ॥

सोच बिचारि के माज टरे घनआनन्द रीझति भीजि रच्यौ तब ।
आम भयो गहि हार पर्यो जिय जा घर आय कै जाय कहां अब ॥ १३ ॥
जान सजीवनि प्रान लखे बिन आतुर आंखिनि आवति आंधे ।
लोग चवाई सबै निरदै अति बान से बैन अयान सैं साधे ॥
को समुझै मन की घनआनंद घोरई बेदति घोरह नांधे ।
पोर बढी जिय धीर धरै नहिं कैसे रहैं जल जाल कै बांधे ॥ १४ ॥
जान की रूप लुभाय कै नैननि बेचि करी अध बीचहि लौंडी ।
फैलि गई घर बाहिर बात गुनीकै नई इन काज कनौड़ी ॥
अरौंकरि थाह लही घनआनंद चाह नदी तट ही अति औंड़ी ।
हाइ दई न बिसासी सुनै कछु है जग बाजत नेही की डौंड़ी ॥ १५ ॥
सेही रहेही सदा मन और को दैबो न जानत जान दुलारे ।
देख्यौ न है सपनैहूं कहूं दुख त्यागै सकोच असोच सुखारे ॥
कैसो संजोग बियोग धौं आहि फिरौं घनआनंद ह्वै मतवारे ।
मो गति बूझि परै तबहीं जब होहु घरी कहुं आपु ते न्यारे ॥ १६ ॥

क०—राव ह्वै सहाय हाय कैसे धौं सुहाई ऐसी सब सुखसंगनै बिछोहदुख दै चले । सींचि रस रंग अंग अंगनि अनंग सोंपि अंतर मै बिषम बिषाद बेलि बै चले ॥ क्यौंधौं ये निगोड़े प्रानजान घनआनंद कै गौहन न लागे जब बेकरि बिजैचले । अति हौं अधीर भई पीर भीर घेरि लई हैली मन भावन अकेली मोहि कै चले ॥ १७ ॥

—आनन पुहन अहुं ओर चाहे लानि ही कौं सुरे पन पूरे जिन्हैं बिष सम पगी है । प्रफुल्लित होत भान कि उदोत कांत पुंज ता बिन बिचारि सदा जोति जाल ममो है ॥ चाही मनचाही जान प्यारे पै आनंदघन प्रीति रीति बिषम सुरोम रोम रमी है । मोहि तुम एक तुम्हैं मोसे तो अनेक आहि कहा कछु चंदहि चकोरन की कमी है ॥ १८ ॥

स०—जीवनि हैं जिय की गति जानत जान कहां कहि बात जैतैये ।
जो कछु है सुख संपति सौंज सुमे मिलहूं हंसि दैनि मैं पैयै ॥
आनंद के घन लागे अचंभो पपीहा पुकारन क्यौं तरसैये ।
प्रीति पगी अंखियान दिखाय कै हाय अनीति सु डीठि छिपैये ॥ १९ ॥

क०—चाहनहीं रीझि लाग्यसानि भीजि सुखमोहि अंग अंग रंग रंग भाव भरि भूं गई । देखि थोर आगें पैहो अगो जू कहूं न माने अन पग रागै पागे

तन को नहीं कहूं। साधि के समाधि सो अराधित हैं काहि दैया अरहि पकरि अति निठुर करे गहूं। प्रानपति आरत जो जाने तो सुजान प्यारो नाचे न धरे पें नाव ऐसी श्री कहां कहूं। राका निसि आनी चाली भई घन आनंद कौं टरि चल्यौ चंदा पै न टरो चंदमुखी तूं ॥ २७ ॥

गरल गुमान को गरावन दसा को मान करि करि धोस रैनि प्रान घट घोटिवौ। हेत खेत धूरि चूरि सीस पाव राखि विष विषम उदेग बान भागे उर ओटिबो ॥ जान प्यारे जौं पै मन माने तौ अनंदघन भूमि हू न सुमिरि परेखे चक चोटिबौ। तिनहे यों सिराति छाती तोहि क्यों लगति जाती तेरे बांट आयौ है अंगारनि पै लोटिबौ ॥ २८ ॥

स०—चलिआई सदा रसरीति यहै किधों सो निरमोहीको मोह नयों।
घनआनंद प्रान हरे हंसि जानन जान परे डर यों उनयौं ॥
चितचाह निबाह की बात रही हित के नितही दुख दाह दयो।
उर ग्राम बिसाम सवाम तजे बसि एकहि वाम बिदेस भयो ॥ २८ ॥
अति रूप की रासि रसीली वे मूरति जोहौं सबै तब रीभि छकौं।
घनआनंद जानि चरित्र के रंगनि चित्र विचित्र दसा सो थकौं ॥
अनदेखें दई जु कछू गति देखिये जीवहि जाने न यों रिसकौं।
यह नेह सदेह अदेह करै पचि हारि बिचारि बिचारि जकौं ॥ ३० ॥
स्यामघटा लपटी थिर बीज की सौहै अमावस अंक उज्यारी।
धूम के पुंज में ज्वाल की माल सो पै दृग सीतलता सुख कारी ॥
कै छबि छायो सिंगार निहारि सुजान तिया तन दीपत प्यारी।
कैसो फबी घनआनंद चोपनि सों पहिरी चुनि सांवरी सारी ॥ ३१ ॥

क०—कौन को सरन जैये आप त्यौंन काहू पेये सूनों सो चितैये जगदैया किन कूकिये। सोचनि समैये गति हेरत हिरैये उर आंसुन भिजैये तापनिये तन सूकिये ॥ क्यौं करि बितैये कैसें कहाधों रितैये मन बिना जान प्यारे अब जीवन तै चूकिये। दनी है कठिन सहर मोहि घनआनंद यों मीचौं मरि गई आसरो न जिन दूकिये ॥ ३२ ॥

स०—कहिये सुकहा रहिये गहि मौन अरी सजनी इन जैसी करी।
परतीति दै कौनी अनीति मया बिस दोनों दिखाय मिठास धरी ॥
इत काहू भो मन रह्यौ न कछू उत रीभत सों हैं मन बात टरी।
घनआनंद आन सयान की हानि सुभाइ बसाइके पैड़े परी ॥ ३३ ॥

अब यों उर आवत है सजनी उन सों गहने हूं न बोलियैरी ।
अब जो मिलजै हो मिलै तो मिलै मन तें गन गुंजन खोलियैरी ॥
इन दैनन की कछु सोंहगहो उन सोहन भूमिन डोलियैरी ।
घनआनंद जान सदा कपटी बिनु काहे परेखनि खोलियैरी ॥ ३४ ॥
किहि नेह बिरोध घड़ी सब सों उर आयल कौन के लाज गई ।
कितने भर भार पहार दये जब मांभ भई तिन तें हरई ॥
इन काहि लगी जु कहूं न लगी मनमानि कहा घनआनि छई ।
घनआनंद जान अजौनहि जानत कैसे अनैसे हो हाय दई ॥ ३५
इन बाटपरी सुधि रावरे भूलनि कैसें उराहनो दीजियै जू ।
इक आस तिहारी सों जीजे सदाघन चातिकको गति लीजियेजू ॥
अब तौ सब सीस चढ़ाय लईजु कछू मन भाई सुकीजियेजू ।
घनआनंद जीवन प्रान सुजान तिहारियै बातनि जीजियैजू ॥ ३६
बधि को बधि लेत सुन्यो छति के गतिरावरी क्यों करि बूझिपरे ।
मतिआवरि बावरि ह्वै जकि जाइ उपाय कहूं किनि सूझि परे ॥
घनआनंद यों अपनाय तजी इन सोच नहीं मन मूझि परे ।
दिन रैनि सुजान वियोग के बान सहै जिय पापी न बूझि परे ॥ ३७ ।
एरे बीर पौन तेरो सबै ओर गौन वारी तोसों और कौन मनो ढर कौंहें
बानि दै । जगत के प्रान ओछे बड़े को समान घन आनंद निधान सुख दान
दुखियानि दै ॥ जान उजियारे गुन भारे अंत मोही प्यारे अब ह्वै अमोही बैठे
पीठि पहिचानि दै । बिरह बिथा की मूरि आंखिन में राखौं पूरि धूरि तिन
पायन की हाहा नेकु आन दै ॥ ३८ ॥
अंतर गठीले मुख ढीले ढीले बैन बोलो सुंदर सुजान तऊ प्रानन खरे
अगौ । सांचे कैसो मूरति ह्वै आंखिन में पैठी आय सदा निरमोही मोह मों
गढ़ो हिये ठगौ । आनंद के घन उघरे पै कल छाय लेत कटुताई भरे रोम
रोम हीं श्रमो पगौ । चाह मतवारी गति भई है हमारी देखौ कपट करे हूं
प्यारे निपटै भले लगौ ॥ ३९ ॥
१०—बैरी वियोग की ऊकनि जारन कूकि उठै अचकां अधरातक ।
बेधत प्रान बिना ही कमान सुबान से बोल सों बान हैं घातक ॥
. हू पचिये बचिये छिति डोलत सोतन लाये सघातक ।
.. . . आनि कुये उन पैंडे परे इन पातकी चातक ॥ ४० ॥

किन कौं ढरिगी यह ढारघटौजिहि जो तनि आंखिनि ढोरत है ।
अरसानि गही उहि बानि कछू सरसानि सौं आनि निहोरत है ॥
घन आनन्द प्यारे सुजान सुनौ तब यौं सब भांतिनि भोरत है ।
मनमाहिं जौं तोरनि हौ तो कहौ बिसवासी सनेह क्यौं जोरत है ॥ ४१ ॥
जिन आंखिन रूप चिन्हारिभई तिनको नितहीं दहिजागनि है ।
हित पोरसौं पूरित जो हियरा फिरि ताहि कहां कहुंलागनि है ॥
घनआनन्द प्यारे सुजान सुनौ जियराहि सदा दुख दागनि है ।
सुख मैं सुखचंद बिना निरखें नख तें सिखलौं बिख पागनि है ॥ ४२ ॥
पूरन प्रेम कौ मंत्र महापन जामधि सोधि सुधारि है लेख्यौ ।
ताही के चाह चरित्र बिचित्र यौं पचि कै रचि राखि बिसेख्यौ ॥
ऐसौ हियो हित पत्र पवित्र जु आन कथा न कहूं अवरेख्यौ ।
सो घनआनन्द जान अजान लौं टूक कियौ परि बांचि न देख्यौ ॥ ४३ ॥
जीव कि बात जनाइये क्यौं करि जान कहाय अजाननि आगो ।
तोरन मारि कैं पीर न पावत एक सो मानत रोइबौ रागो ॥
ऐसी बनी घनआनन्द आनि जु आनन सूझत सो किनि त्यागो ।
प्रान मरैंगे भरैंगे बिथा पै अमोही सो काहू को मोह न लागो ॥ ४४ ॥
तोहि तो खेल पै मो हिय सैल सौं ए रे अमोही बिछोह महादुख ।
जाहि जु लागै सुहाहि सहैगो दहैगो पचो लहि तूतो सदा सुख ॥
एक ही टेक न दूसरी जानत जीवन प्रान सुजान लिये रुख ।
ऐसी सुहाई तो मेरे कहा बस देखिहौं पीठि दुरायहै जो मुख ॥ ४५ ॥

छप्पय ।

कहिये काहि जनाय हाय जौं मो मधि बीतै ।
रजनि बूझौं दुख ज्वाल धकौं निसिबासर हीतै ॥
दुसह सुजान बियोग बसौ ताही संजोग नित ।
बहरि परै नहिं समैं गमैं जिय राजि तकौं तित ॥
घनेहौदईयचना निरखि रीझिखीझि सुरझौसुमन ।
ऐसी बिरचिबिरंचि कौ कहा सर्यौ आनन्द घन ॥ ४६ ॥

क॰—रूप उजियारे जान माननिके प्यारे कब करौ जुन्हैया दैया बिरह महात मैं । सुखदसुधा तैं हंसि हेरनि पिवाय पिय जिग्रहि जिवाय मारिहौ उदेग मैं ॥ सुंदर संदेस आंखै बहुरो बसाय आय बसिहौ छबिली जैसे हुलसि

हियो रमैं। ह्वैहैं सो उघरि भाग उघरि आनन्दघन रसहि बरसि लाल
देखि हौ हरी हमैं। ॥ ४७ ॥

स०—किंसुक पुंज से फूलि रहे सुलगो उरदौ जु वियोग तिजारैं।
मांती फिरै न घिरै अबलानि पै जान मनोज यौं डारत मारैं॥
ह्वै अभिलाखनि पातनि पात,कढ़े हिय मूल उसासनि डारैं।
है पतझार बसंत दुहूं घनआनन्द एकही बार हमारैं॥४८॥

चूरि भयौ चित चूरि परेखनि एही कठोर अजौं दुख पीसत।
मांस हिये न समाय सकोचनि हाय इते पर बान कसीसत।
ओटन ओट करौ घनआनन्द नीके रहौ निसिद्यौस असीसत।
आनन बीच बसे हौ सुजान पै आंखिन दोस कहा जु न दीसत॥४९॥

ज्यौं कहरैनि कहूं ठहरै मन देह सौं आदचि देह कौं लेखौ।
देखत जो अंखियां दुखिया नित वैरियौं को सुपने सु न देखौ॥
हेती सुजान महा घनआनन्द पै पहिचानि कौ राखि न रेखौ।
हाय दई यह कौन भई गति प्रीति मिटेहूं मिटै न परेखौ॥५०॥

जिन कौं नित नीके निहारतहीं तिनकौं अंखियां अब रोवति हैं।
पल पांवड़े पाइनि चाइनि सौं अंसुवानि की धारनि धोवति हैं॥
घनआनन्द जान सजीवनि कौं सपने बिन पाये इ खोवति हैं।
नखुली मुंदी जानि परै दुख ये काहु हाइ लगे पर सोवति हैं॥५१॥

पहिले पहिचानि सुमानि लई अब तौ सुभई दुख मूल महा।
इतकै हित धैरि लियौ उत ह्वै चितज्यौ हरिध्यौ हरि लोभ लहा।
घन आनन्द मीत सुजान सुनौ अब उत्तर दूरि तें देत कहा॥
तुम्हैं पाय अजू हम खोयौ सबै हमै,खोइ कहौ तुम पायौ कहा॥५२॥

कहि टान ठनौहौं सुजान समागति जानि सकौं सुखजाग कह्यौ।
यहि सोच समाय उदेगन साय विछोह तरंगनि पूरि भयौ॥
सुनौंजू मनमोहन ताकी दसा सुधि सोचनि आवनि बीचि रह्यौ।
तुम तौ निह काम अकाम हमै घन आनन्द काम सौं काम पर्यौ॥५३॥

सो बिस ओ तुम्हे पीर बचो सौ ह्वैन तुम्हैं बिन सौहि सियौजू।
सूल भयौ गुन यौं जिहि संग कि दीप सौं बारि वियोग दियौजू॥
चाह कहौं घनआनन्द प्यार इतौ हठ कौन पै चाव लियौजू।
हाइ सुजान सनेही कहाइ क्यौं मौह हनाइ,कै दोष कियौ जू॥ [illegible]

—जा हित मात को नाम जसोदा सुबंस कौ चंदकला कुलधारी ।
सोभा समूह मई घनआनन्द मूरति रंग अनंग जिवारी ॥
जान महा सहजै रिझवार उदार बिलास मैं रास बिहारी ।
मेरो मनोरथ हू पुरवौ तुम हौ मो मनोरथ पूरनकारी ॥ ५५ ॥
पर काजहि देह कौं धारे फिरौ. पर धन्य जथारथ ह्वै दरसौ ।
निधि नीर सुधा कें समान करौ सबही बिधि सज्जनता सरसौ ॥
घनआनंद जीवन दायक हौ कछु मेरियौ पीर हियै परसौ ।
कबहूं वा बिसासी सुजान के आंगन मो असुवानि कौं लै बरसौ ॥ ५६ ॥
जाए कहूं घनआनंद जान सभार की ठौर लै भूल निहेरो ।
धंदे लगैं सब अंग दहै उलटी गति आपने पापनि पेरो ॥
ज्यौं ज्यौं परै जल पावस मैं सुनो त्यौं त्यौं बढ़ै बिरहागि बिसेषी ।
पौन सौं जागति आगि सुनो ही मैं पानो तैं लागति आंखिनि देखी ॥ ५७ ॥
आन छबीले कहौं तुमहो जौं न दीसौ तौ आंखिनि काहि दिखाऊं ।
कौन सुधाई सनी बतियानि बिना इन कानानि लै कहं प्याऊं ॥
हाय मरौ मन पीर तैं प्रीतम या दुखिआहि कहां पर पाऊं ।
चाहत जीव धर्यौ घनआनंद रावरी सौं कहूं ठौरन पाऊं ॥ ५८ ॥
निसि द्यौस उदास उसासु थकी न सकौ तजि आस बिसासजकी ।
घनआनंद मीत सुजान बिना अंखियानि कौं सूझति एकटकी ॥
इत की गति कौंन कहै को सुनै मनहीं मन मैं यह पीर पकी ।
भरिये किहि भांति कहा करियै अब गैल संदेसनि हूं की थकी । ५९ ॥
अंगनि पानिप ओप खरी निखरी नव जोबन की सुघराई ।
नैननि बोरति रूप के भौंर अचंभो भरी छतिया उभराई ॥
जान महा गरुवें गुन मैं घनआनंद हेरि रह्यौ सुघराई ।
पैनै कटाछनि ओज मनोज के बानानि बीच बिधी मधुराई ॥ ६० ॥
अभिलाखनि लाखनि भांतिभरी बरुनी न रोमांच ह्वै कांपति हैं ।
घनआनंद जान सुधाधर मूरति चाहनि अंक मैं चांपति है ॥
टकलाय रहो पल पांवड़े के सुचकोर की चोपहि झांपति हैं ।
जब तैं तुम पावन पौधि बदो तबतैं अंखिया मग नांपति हैं ॥ ६१ ॥
मग हेरत डीठि हेराय गमी जबतैं तुम पावन पौधि बदो ।
बरसौ कितहूं घनआनंद प्यारे पै बाढ़ति है इत सोच नदी ॥

विरह अति मोटउदेग की आमनि मुकरत पानुग मैं न मही।
कव आइही औसर जानि सुजान वहीर लौं वैन तौं बात लही ॥६१॥
क०—सदा दयानिधान हौ कहा कहौं सुजान हौ गमानि टानि मानिडौं न
मान काढ़ि दीजिये। रमाल सिंधु मीति के अरे गरे मनोनि के निकेत नीति
रीति के सुदृष्टि देखि जीजिये॥ ठगी लगी तिहारियै सुभाय त्यौं निहारि
समीप है बिहारिये बसंत रंग भीजिये। पर्दाट मोद दाइये बिनोद के
दाइये विलंब छाड़ि धाइये कियों बुलाय लीजिये ॥६२॥
स०—सुधि चाहन भौं चित चाहत है चख चाहनि ठौरहि पावति ना।
घनआनन्द जान तुम्हें बिनयौं मति पंगु भई गति धावति ना॥
बिनु देखे पियारे तुम्हारे चहो मनि नेकहु धीर धरावति ना।
सुधि दैन कही सुधि लैन चही सुधि पाये बिना सुधि आवति ना॥६३
हमसों हितकै कितकौं नितहीं चित बीच बियोगहि पोइ चले।
सु अखेवट बीज लौं फैलि पर्यो बनमाली कहां धौं समोइ चले॥
घनआनन्द छांह बितान तन्यौ हमैं ताप के आतप खोइ चले।
कबहूं तेहि मूल तो बैठिये आइ सुजान जो बीजहि बोइ चले॥६४
राधे सुजान इतै चित दै हित मैं कित कीजति मान मरोर हैं।
माखन तें मन कोमल है यह बानि न जानति कैसे कठोर हैं॥
सांवरे सों मिलि सोहति जैसी कहा कहियै कहिये और जोर है।
तेरो पपीहा जु है घनआनन्द है ब्रजचंद सु तेरो चकोर हैं॥६६
कैसे करौं गुन रूप बखान सुजान छबीले भरो हिय हेत हौ।
औसर माम लगी रहै मान कहां बसे जो सुधि भूलि न लेत हो॥
चेटकही सब भांतिन तें घनआनन्द पोवत चातक चेत हौ।
बावरो रीझ न बूझि परै तन कै मिलि कै बहु दुःखहि देत हौ॥६७
दृग दौरिये दौरि परौं जिनमौं इन मोहन लौं बन को भटके।
मनु दै फिरि लीजिये आपु नहीं जु नहीं अटकै न कहूं मटकै॥
करि बंदन दीन भने सुनिये दुख फंदन सौं कबलौं लटकै।
घनआनंद मीत सुजान हरौ जिय चातक के हियको खटकै॥६८॥
०—इत घन टेखे देखिबेई जोग दसा भई तेतौ घनाकनौडी मौं बांध्यौं डी
तारे है। जान घनआनंद बनाव सुवन कहैं धीरजहि राखे सोच मुकत
धारे हैं। दीन अति दीननि कों मोहन अमोही रच्यौ गहा निरदई

हूँ मिल्यो करतार है। तेरे बररांबनि हर्द है कांनबोप हाइ बिरही बिचार न की मौंन मैं पुकारे है ॥ ६८ ॥

इंदोवर दननि मिनाइ मौनशुदो गुहो मुहो मान मान रूप गुनन परैं गनैं। पीरो यें पिछौरी छोर मोम पैं उलटि राखै दैसरि विचित्र पंग भाव रंग सौंमनैं। सुरली मैं मीरी धुनि टेरो घन आनंद है तेरे द्वार टहलनि ऊधम घने ठनैं। हा हा हे सुजान आजु दीजै मान दान मैया भावत गुपाल देखि भीजै बनतें बनैं ॥ ७० ॥

स०—मन मोहन तो अगमोह करी यह मोहित होतु फिरै सुयहा।
अब जो अवढार ढरै न ढरै गुनत्यौं तजि मागत दोष महा॥
घनआनंद मीत सुजान सुनौं चित दै इतनो इत बात कहा।
जिय जाचक ह्वै जस देत बड़ौ जिनि देहु कछू किनि लेहु लहा ॥ ७१ ॥
अतर ह्वै किधौं अंत रहौ दृग फारि फिरौ कि अभागिनि भीरौ।
आगि जरौं अकि पानी परौं अब कैसी करौं हिय का बिधि धीरौ॥
जौं घनआनन्द ऐसी रुची तौं कहा बसु है अहो प्रानन पीरौ।
पाऊं कहां हरि हाइ तुम्हें धरनी मैं धसौं कि अकासहि चीरौं ॥ ७२ ॥
हमसौं पिय साचिवे बात कहौ समझ्यौं मनत्यौं अरु नाहि कहूं।
कपटी निपटै हिय दारुन ह्वौ निरदे जु दई डर नाहिं कहूं॥
मन हो रस मैं घनआनन्द पै बस बात परै अरु नाहिं कहूं।
उघरौ बरसौ सरसा तरसौ सब ठौर बसौ घर नाहिं कहूं ॥ ७३ ॥

क०—रांन की उनाउं ताकै सोंह नहि हौं होवाहु जानराइ गुनहि लगाऊं काते दोप जु। बिनाई द्वारे करौतो कहिवे को कहां रही कहै किन करौ दान प्रान परितोप जु॥ तुम्हें रिझवार जानि खीझसौं कहत प्यारे हा हा कृपा-निधि ऐसो मानिये न रोप जु। आनंदके घन झूमि झूमि कित तरसावौ बर-सि सरसि पीजै हेत लता पोष जु॥ ७४ ॥

आंखिनि मूंदिकै बात दिखावत सोवनि जागनि बातहि पेखि लै।
बात सरूप अनूप अरूप है भूलो कहा तूं अलेखहि लेखि लै॥
बात को बात सुबात बिचारिवौ सूझसना सब ठौर बिसेखि लै।
नैननि कानन बीच बसै घनआनन्द मौन बखान सुदेखि लै ॥ ७५ ॥

क०—सुधि करैं भूल की सुरति जब आइ जाइ तब सब सुधि भूलि कूकी गहि मौन की। जातैं सुधि भूलैं सो कृपा तैं पाइयत प्यारे फूलि फूलि भूली या

हित चातक प्रान सजीवन जान रचे बिधि आनंद के घन हीं ।
दरसौ परसौ बरसौ सरसौ सनले हू गए पै बसौ मन हीं ॥ ८३ ॥
आयौ महारस पुंज भयौ घनआनन्द रूप सिंगार कौं भौरै ।
सींचत है हिय देस सुदेस अपूरब आंखिन ठानतु ठौरै ॥
मोहन बांसुरिया सी बजै मधुरैं सुर औ धुनि मैं मति बौरै ।
आजु पै मोहन की सजनी चित दै सुनिलै कछु बोलनि भोरै ॥ ८४ ॥
रूप अनूप सज्यौ दल देखि भज्यौ तजि देसहि धीर मवासौ ।
नैन मिले उर के पुर पैठत लाज लुटी न छुटी तिनुका सौ ॥
प्रेम दुहाई फिरी घनआनन्द बांधि लिये कुल नेम गढ़ा सौ ।
रीझ सुजान सची पटरानी बची बुधि बापुरी ह्वै करि दासी ॥ ८५ ॥
अति सूधौ सनेह को मारग है जहां नेकौ सयानप बांक नहीं ।
तहां सांचे चलैं तजि आपुनपौ झिझकैं कपटी जु निसांक नहीं ॥
घनआनन्द प्यारे सुजान सुनौ इत एक तें दूसरौ आंक नहीं ।
तुम कौन धौं पाटी पढ़े हौ कहौ मन लेहु पै देहु छटांक नहीं ॥ ८६ ॥
कान्ह परे बहुतायत में अकिलैनि की वेदनि जानौ कहा तुम ।
हौ मनमोहन मोहे कहूं न बिथा बिमनैंन की मानौ कहा तुम ॥
बौरे बियोगनि आप सुजान ह्वै हाइ कछू उर आनौ कहा तुम ।
आरतिवंत पपीहनि कौं घनआनन्द जू पहिचानौ कहा तुम ॥ ८७ ॥
घनआनन्द रूप सुजान सनेही पै आपुन आपहीं त्यौं अरसौ ।
इत सौं सधि तेरियै रीति रची उत चाहनि चाहना मैं सरसौ ॥
रसना इक साइकलाइक ह्वै कितहूं भरलाइ कहूं तरसौ ।
अब हौं जु कहौं सुनौ दूसरौ को तुमहीं सब रंग मिलै दरसौ ॥ ८८ ॥
प्रान पखेरू परे तलफैं लखि रूप चुगा जु फंदे गुन गाथन ।
क्यौं हतिए हित पाल सुजान दया बिन ब्याध बियोग के हाथन ॥
सालत बान समान हिये सुनहै घन आनंद जे सुख साथन ।
देउ दिखाय दई मुख चंद जगो अब ओप दिवाकर आथन ॥ ८९ ॥
पहिले अपनाय सुजान सनेह सौं क्यौं फिरि नेह कौं तोरियै जू ।
निरधार दै धार मझार दई गहि बांहन काहू कौं बोरियै जू ।
घनआनंद आपने चातक कौं गुन बांधि लै मोहन छोरियै जू ।
रस प्याइकै ज्याइ बढ़ाय कै आस बिसास मैं यौं बिष घोरियै जू ॥ ९० ॥

हित चातक प्रान मजीवन प्रान रचे विधि आनंद के घन हौं।
दरसौ परसौ बरसौ सरसौ मनले ह्व गए पै बसौ मन हौं ॥ ८३ ॥
आयौ महारस पुंज भयौ घनआनन्द रूप सिंगार कौं मौरै।
सींचत हैं हिय देस सुदेस अपूरब आंखिन ठानतु ठौरै ॥
मोहन बांसुरिया मो बजै मधुरैं सुर जौ धुनि मैं मति बौरै।
आजु के मोरन की सजनी चित दै सुनिलै कछु बोलनि थौरै। ८४ ॥
रूप अनूप सज्यौ दल देखि भज्यौ तजि देसहि धीर मवासौ।
नैन मिलें उर के पुर पैठत लाज लुटी न छुटी तिनुकासौ ॥
प्रेम दुहाई फिरी घनआनन्द बांधिलिये कुल नेम गटासौ।
रीझ सुजान सची पटरानी बची बुधि बापुरी ह्वै करिदासौ ॥ ८५ ॥
अति सूधौ सनेह को मारग है जहां नेकौ सयानप बांकनहीं।
तहां सांचे चलै तजि आपुनपौ झिझकै कपटी जु निसांक नहीं ॥
घनआनन्द प्यारे सुजान सुनौं इत एक तें दूसरौ आंक नहीं।
तुम कौन धौं पाटी पढ़े हौ कहौ मन लेहु पै देहु छटांक नहीं ॥ ८६ ॥
कान्ह परे बहुतायति में अकिलैनि की बेदनि जानौ कहा तुम।
हौ मनमोहन मोहि कहूं न बिथा बिमनैन की मानौ कहा तुम ॥
बौरे बियोगनि आप सुजान ह्वै हाइ कछू उर आनौ कहा तुम।
आरतिवंत पपीहनि कों घनआनन्द जू पहिचानौ कहा तुम ॥ ८७ ॥
घनआनन्द रूप सुजान सनेही पै आपुन आपहीं त्यौं बरसौ।
इत सो मधि तेरियै रीति रची उत चाहिनि चाहना मैं सरसौ ॥
रचना इक सारकलाइक हौ कितहूं अरसाइ कहूं तरसौ।
यह हौं जु कहैं सुतौ दूसरी कौ तुमहीं सब रंग मिलै दरसौ ॥ ८८ ॥
प्रान पखेरु परे तलफैं सखि रूप चुगा जु फंदे गुन गायन।
क्यों हतिए हित पाल सुजान दया बिन व्याध बियोग के हायन ॥
मालस बान समान हिये सुनहू घन आनंद सी सुख सायन।
देउ दिखाय दई मुख चंद भगी भव चौंध दिवाकर घायन ॥ ८९ ॥
पहिले अपनाय सुजान सनेह सौं क्यों फिरि नेह कौं तोरिये जू।
निरधार दै धार मझार दई गहि मोहन काहे कौं बोरिये जू।
घनआनंद आपने चातक कौ गुन बांधि लै मोहन
रस प्यारकै प्याइ बंधाय कै आस

प.लिन मौनौ मिलाप पुरी गुन गाठ पुरी सो जुरी अभिलाषो।
मोहे सुघाइ रंग भरी लिन आनि सनेह पै फनु भाषो॥
भाव में बांधी है प्रीति की गांठ मांहे घन आनंद जीवन माषो।
ऐसम प्रान विराजत जान ज्यों रावरे रूप अनूप को राषो॥ ११

छूटे घटा नहुगा निर ज्यों गहि काढ़े करेजो कहा पिन कूके।
मोहो ममीर भगार दरै बहके अपना अपने करतूके॥
पहो सुजान तुम्हें भरी प्रान सुपासस यो पचिगा बम मूके।
है घनआनंद जोरन मूर घरी चित में कत घातिक चूके॥

क०—रावरे सुमन बांधि लियौ हियो मान प्यारे इतैपै अचंभो और दं
जो मुरति है। ऊपर मनाय चाय चाय में रचाइ हाय यद्यपि बचाइ दीन
मार दुरति है॥ तुम सों न न्यारो है तिहारो प्रीति रीत जानि दौरी हुप
गई गाठ मो सुरति है। कैधौं घनआनंद अदोम में लगी ये खोरि जैधन
भार को परेखम सुरति है॥ ८॥

राधा नव जोबन बिलास की अकस्मा जहां अंग अंग रंगन छिकाम
की भीर है। प्यारो मनमानो घन आनंद सुजान सेवै जाको देख काम
हिये में माहीं पीर है॥ सुरति समाज साज कोकिल कुहूक राजै सामन
गैया सुख सौरभ समीर है। स्वेद मकरंद यों मनोरथ मधुप पुंज मंजु द्रुम
बन देम जमुना के तीर है॥ ८॥

दो०—सहजमिलन बिछुरनसहज, सहज सकल ब्योहार।
सहज रचे सोई बचे, हया पचै हामार॥ १०॥
सुख सुदेस को राज लहि, भए अमर अवनीस।
कृपा कृपानिधि की सदा, छत्र हमारे सीस॥ ११॥
हरितुम सौं पहिचानि कौं, मोहि लगावन लेस।
येहि उमंग फूल्यौ रहै, बसौ कृपा के देस॥ १२॥
सोसि मन पहिचानि कौं, पहिचानै हरि कौन।
कृपा कान मधि नैन ज्यौं, त्यौं पुकार मधि मौन॥ १३॥
गोरी तेरे सरस दृग, किधौं स्याम घन आप।
दावानल सौं पानये, करति विरह संताप॥ १४॥
आपनो जीवन आनंद ऐन, कहौ कृपानिधि कौनहित।
•—भांवर पूर पपीहा नैन, बरसौ पै दरसौ नहीं॥ १५॥

इति सुजान शतक समाप्त।

श्रुतिरहस्य।

सामवेद।

भक्ति ज्ञान से क्यों बड़ी है।

सटीक अष्टपदी।

श्री वल्लभाचार्य्य कृत सटीक चतुश्श्लोकी।

भारतभूषण भारतेंदु श्री हरिश्चन्द्र कृत।

जिन को हिन्दीभाषा के प्रेमी तथा रसिकजनों के मनोविलास के लिये क्षत्रियपत्रिका। सम्पादक श्री म० कु० बा० रामदीन सिंह ने प्रकाशित किया।

पटना—"खड्गविलास" प्रेस—बांकीपुर.
साहबप्रसाद सिंह ने मुद्रित किया.

१८९८.

प्रथमवार १०००]

[दाम]

श्रुतिरहस्य।

नमः श्रीवल्लभाय श्रुतिवाक्येतत्स्वरूपप्रदर्शकाय श्रीगिरिधराय च।

वेद के अक्षर कामधेनु हैं और इसी कारण सब मतों के आचार्य लोग उनके जितने अर्थ करते हैं सब मान्य होते हैं यदि उन में से एक भी न माना जाय तो पूर्वाचार्यों पर आक्षेप होने से न मानने वाले नास्तिक गिने जाते हैं जैसा "चत्वारिशृङ्गा" इस श्रुति का निरुक्तकार, महाभाष्यकार, रामानुजाचार्य, विद्यारण्य, इत्यादि ने अनेक प्रकार का अर्थ किया है और ये सब अर्थकार ऐसे हैं कि उन में से एक के भी मानने बिना काम नहीं चलता तो सिद्धान्त यह हुआ कि श्रुति में जितने अर्थ निकलेंगे वे कोई अप्रमाण न होंगे (जैसा चत्वारिशृङ्गा के यहां सब अर्थ दिखाते हैं)

चत्वारिशृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महोदेवो मर्त्यां आविवेश॥

१ (पदार्थ) इसको चार सींग हैं, तीन पैर हैं, दो सिर हैं, सात हाथ हैं, तीन प्रकार से बंधा हुआ बैल चिल्लाता है तेज देवता मरने वालों में घुसा है।

अब यह केवल रूपक की भांति कूट हुआ, इसको स्पष्ट करने को

२ (निरुक्त कार का अर्थ) यह श्रुति यज्ञ का प्रतिपादन करती है चार वेद इसके चार सींग हैं; तीन सवन अर्थात् मोघ, मध्य और अपराह्न ये तीनों पैर हैं; प्रायणीय और उदयनीय ये दो सिर हैं; सात गायत्र्यादि छन्द इस के हाथ हैं; मंत्र, ब्राह्मण और कल्प तीनों से बंधा हुआ यह वृषभ शब्द करता है तेज का देवता मनुष्यों में इनके कल्याण के हेतु प्रवेश करता है।

३ (महाभाष्यकार का अर्थ) यह श्रुति शब्दरूपी वृषभ के वर्णन में है यथा, संज्ञा, क्रिया, उपसर्ग और निपात ये चार इसके सींग हैं; और भूत, भविष्यत् और वर्तमान ये काल तीन पैर हैं; नित्य और कार्य ये दो सिर हैं; सात विभक्तियां हाथ हैं; हृदय, कण्ठ और सिर तीन स्थानों में बंधा है; बड़ा शब्द करने से इस को वृषभसंज्ञा है; शब्दकरनेवाला महान् देव (शब्द स्वरूप) मर्त्य संसारी मनुष्यों में प्रविष्ट होता है।

वेणु 'गोगोपालमुपास्महे श्रुतिशिरोवंशीरवैर्दर्शितं" इस से वेणुरूप हो धर्म मनुष्यों में प्रवेश करता है।

८ (श्रीसंगीत पर अर्थ) यह श्रुति संगीत को भी प्रतिपादन करती है; इसके तत, वितत, घन और धमन चार सींग हैं, तीन ग्राम तीन पाद हैं, लय और स्वर दो सिर हैं; सात स्वर वा विमूर्छना सप्तक सात हाथ हैं; कंठ, नाभि और मुख इन तीन स्थलों में बंधा हुआ संगीत रूपी वृषभ अर्थात् गान ब्रह्म मनुष्यों को तन्मय कर देता है।

९ (साहित्य पर अर्थ) यह श्रुति साहित्य का भी प्रतिपादन करती है; इसके आरभट्यादि कथन ४ सींग हैं; लक्षणा, व्यंजना और ध्वनि, तीन पाद हैं; दृश्य और श्रव्य दो सिर हैं; चित्रादि सात हाथ हैं; गद्य पद्य और गीत तीन रीति से बंधा है, ऐसा साहित्य रूपी वृषभ मनुष्यों को चित्त में उल्लास कर आनंद देता है यथा "सुभाषितरसास्वादबद्धरोमांचकंचुकाः। विनापि कामिनीसंगं कवयः सुखमासते। सुभाषितेन गीतेन युवतीनां च लीलया। यस्य न द्रवते चित्तं सवै मुक्तो ऽथवा पशुः"।

सामवेद

मन्त्र ब्राह्मण प्रथम प्रपाठक प्रथम खण्ड।

अथ गर्भाधान प्रयोग।

ॐ हे सविता देवता! प्रथम इस कन्या के अङ्ग में यज्ञाग्नि उत्पन्न करो और फिर यजमान उत्पन्न करो (अर्थात् इस को कामोद्दीपन हो जिस से पुत्र हो) चित्त पवित्र करने वाला दिव्य गंधर्व हमारा चित्त प्रसन्न करे और वाचस्पति हमारी वाणी को सुस्वादु करे (प्रार्थना मन्त्र)। १। हे कामदेव! तुम्हारा नाम (पराक्रम) सब जानते हैं तुम मद और यह कन्या सुरा रूप है इस में अपना आविर्भाव करो। हे कामाग्ने! तुम्हारा योनी जाति [illegible] ही है और पुरुषार्थही के हेतु तुम बने हो (तुम्हारे अर्थ आहुति होय) (कामोद्दीपन मन्त्र)। २। हे स्त्रिये! तेरी आनन्देन्द्रिय इस मधु (वीर्य) से सम्यक प्रकार से सींचते हैं यह तेरी इन्द्रिय मानो ब्रह्मा का दूसरा मुंह है इसी से पुरुषों को तू जीतती है और जो तेरे वश में नहीं हैं उनको भी वश में करती है इसी से तू रानी है स्वाहा (अर्थात यह शुक्र रूपी आहुति तुझ को

४ (श्रीरामानुजाचार्य का अर्थ) यह श्रुति ईश्वर के वर्णन में है, चारो वेद चार सींग हैं; नित्य, बद्ध और मुक्त तीनों प्रकार के जीव तीन पाद हैं; शुद्धसत्व और गुणात्मक सत्व इस के दो सिर हैं अर्थात् सिर: स्थान में हैं; महत्तत्वादि, सात प्रकृति और विकृति इसके सात हाथ हैं; ऐसा महादेव श्रेष्ठ रूपा वासुदेव अपने संकर्षण प्रद्युम्न अनिरुद्ध इन तीन रूपों से मनुष्यों में बंधता नाम प्रकट होता हुआ सब वस्तुओं को रोरवीति अर्थात् नामरूपवत् करता है और और मर्त्य नाम चेतनाऽचेतन पदार्थों को अन्तरात्मा होकर प्रवेश करता है।

५ (श्रीविद्यारण्य का अर्थ) यह श्रुति प्रणव पर है, अकार, उकार, मकार और नाद ये इसके चार सींग हैं; अध्यात्म, विश्व और तैजस ये तीन पाद हैं; चित् और अचित् ये दो शक्तियां शिरस्थान में हैं; भूरादि सात लोक सात हाथ हैं; विराट्, हिरण्यगर्भ और व्याकृत इन तीन प्रकारों से बंधा हुआ वृषभ प्रणव ब्रह्म तेजोमयत्व का प्रतिपादन करता है।

६ (श्री वल्लभाचार्यजी के मतानुयायी का अर्थ) यह श्रुति श्रीपुष्टि लीलास्थ पूर्णपुरुषोत्तम ही को प्रतिपादन करती है, उन श्री पुरुषोत्तम के चार नित्य सिद्धादि यूथ शृङ्ग अर्थात् उत्तम स्थान में हैं और उन के तीन पाद अर्थात् प्राप्ति होने के साधन तनुजा, वित्तजा और मानसी यह तीन प्रकार की सेवा हैं; सख्य और आत्मनिवेदन ये दो भक्तियां शिर अर्थात् सिद्ध स्थान में हैं; श्रवणादिक सात भक्तियां हाथ अर्थात् साधन स्थान में हैं; श्रीपुरुषोत्तम की पूर्वोक्त नौ प्रकार के भक्ति से युक्त जीव अलौकिक सामर्थ्य, सायुज्य और सेवा में उपयोगी देह धारण, इन तीन प्रकार से बंधा है, और उन की लीला के प्रवेश के अर्थ धर्मस्वरूप वर्षा करने वाले और शोभा करने वाले वृषभ अर्थात् श्रीआचार्य रोरवीति नाम भक्तों को मंत्र और ग्रंथद्वारा उपदेश करते हैं जिस से वर्णधर्मा जीव अर्थात् सेवामार्गी जीव जब अधिकारी होते हैं तब महादेव लीलास्थ पूर्ण पुरुषोत्तम उन में आवेश कर के लीला का अनुभव कराते हैं।

७ (श्रीवेणु पर अर्थ) यह श्रुति श्रीवेणु का प्रतिपादन करती है; मानसी ४ रीति की वाणी [illegible] आदि तीन स्वर पाद हैं; मुख्य छिद्र या लय और [illegible] और दो हस्तों से [illegible]

ानते हम प्रार्थना करते हैं कि हमारी प्रजा और हमारे वीरों को तुम मत ारो। १४।

इति प्रथम खण्ड।

इस पत्थर पर तू (स्त्रिये !) चढ़ कर पत्थर की भांति स्थिर हो। वैरियों ो तू बाधा करने वाली हो पर उन वैरियों के नीचे मत हो (अर्थात् उनसे ीचा न देख)। १। आग में लावा फेंकती हुई स्त्री यह कहती है। हमारा ति दीर्घायु होय सौ बरस जीवै हमारी जाति (सुसराल वाले) सुख से हें स्वाहा। २। अर्यमा अग्नि की कन्या ने सेवा किया है। वह अर्यमा देवता इस को पितृ कुल से छुड़ा कर मुझे दे, स्वाहा। ३। पूषा अग्नि की कन्या ने सेवा की है। वह पूषा देवता इस को पितृकुल से छुड़ाकर मुझे दे। ४। कन्या पितृ लोगों को छोड़ कर पति के घर में आई और पति को दीक्षा लिया। अब उस तुम्हा कन्या से जल में जलधारा की भांति एक मिल कर हम लोग शत्रुओं को डुबावें। ५। अन्न प्राप्ति के हेतु एक पाद तुझ को विष्णु चलावें। बल लाभ के हेतु दूसरे पद। यज्ञादि के अर्थ तीसरे पद। सौख्य के अर्थ चौथे पद। पशु लाभ को पांचवे पद। धन रक्षा के हेतु छठें पद। सातो सहायता करने की योग्यता लाभ के अर्थ सातवें पद। ६। सात पैर साथ चलने से तू मेरी सखी हो मैं तेरा सखा होऊं। हम दोनों की मैत्री को लड़ाने वाली स्त्रियां न तोडें किन्तु हित कारिणी स्त्रियां वह सख्य बढ़ावें। ७। इस सुमङ्गली बहू को आप लोग आ कर देखो और सोहाग की इस्को असीस देकर तब घर जाओ। ८। विश्वे दे या जल वायु और धाता हम दोनों का हृदय शुद्ध करें और अच्छी स्त्रिय हम दोनों का चित्त मिलावें। ९। सुख के हेतु मैं पति तेरा हाथ बुढ़ा तक पकड़ता हूं। भग अर्यमा और सविता नाम के कुल रक्षक देवों ने गृह स्त्री चलाने को मुझे तुझ को दिया है। १०। अक्रूर दृष्टि, सोहागिनी पशुओं पर दया करनेवाली, प्रसन्न चित्त, बलवती, वीर और दीर्घ जीव बालक जनने वाली, देव भक्त, सुख कारणी, दो पैर और चार पैर के जीव का कल्यान करनेवाली और हम लोगों का भला चाहने वाली तू हो। ११ प्रजापति हम लोगों को सन्तान जनमावे और बुढ़ापे तक अर्यमा उनकी र ढ़ती करे। मङ्गली देवताओं ने मुझको तुझे दिया है तू पति के घर में आ और हमारी और मनुष्य और पशुओं की कल्याण कारिणी हो। १२। हे मघवन्‌वाली इन्द्र ! तू इसको सुंदर और सुपुत्रा कर। इसमें दस पुत्र उत्प

करके मुझे ग्यारहवां कर। १३। ससुर सास और ननद का नित्त प्रसन्न कर के तू रानी हो और देवर का चित्त अधिक प्रसन्न करने से तू रानी हो। १४। हमारे कामों में तुम्हारा जी लगे हमारे चित्त के अनुसार तुम्हारा चित्त हो हमारे जो मैं तुम अपना जी मिलाके तुम हमारी बात मानो, इसमें ... देवे हमें प्रसन्न करने वाली करें। १५। (विवाह प्रयोग)

इति द्वितीय खण्ड।

रेखाओं की संधि में • पलकों की बरौनी में, और आवर्तों में (नाभि आदि स्थानों में) जो कुलक्षण हैं उन सब को पूर्णाहुति से हम मिटाते हैं। १। बालों में या देखने में और चलने में जो दोष होते हैं उन सब•। २। तुम्हारे शील में बोली में या हंसने में जो दोष हैं उन सब•। ३। तुम्हारे मुख में दांत में हाथ पैर में जो दोष हैं उन सब •। ४। नितंब में योनि में ... में और और अङ्गों में जो दोष हैं उन सब •। ५। जो कोई बड़े भी पाप तेरे किसी अङ्ग में हैं उनको हम घृत आहुति देकर मिटाते हैं। ६। जैसे आकाश पृथिवी और यह सब जगत और ये पर्वत स्थिर हैं तैसे स्त्री पति के घर में स्थिर होय। ७। अन्नपान से मणि बंधन से प्राणसूत्र से और सत्य की गांठ से हम तेरा मन और हृदय बांधते हैं। ८। तेरा हृदय हमारा हृदय होय हमारा हृदय तेरा हृदय होय। ९। अन्न ही प्राणों का बंधन है ...ही से मैं तुझे बांधता हूं। १०। टेसू के फूल से लाल छतरीदार सेंहुड़ के काठ से छज्जेदार चित्रित सोने के रङ्ग के सुंदर बनाए हुए अच्छे पहियेवाले रथ में पर सूर्ये तू बैठ और तुझ अमृत की जड़ को घोड़े ले चलें और तू पति को सुख कर। ११।लुटेरे लोग हम दोनों को जान न जाने सब दुःख को दूर करते हुए हम पहुंचें और शत्रु हमारे सामने से भागें। १२। हम लोगों के घर गऊ और पुरुष बढ़ें। और सहस्र दक्षिणा के यज्ञ से प्रसन्न होने वाले देवता हम पर प्रसन्न होंय। १३। हे बधू यहां तुझे धैर्य हो यहां तेरे ... बढ़ें यहां तेरा जी लगे तू यहां रमण कर। मेरे में तुझे विश्वास हो मुझ में प्रेम हो मेरे से जी लगे और मुझ से तू रमण कर। १४। (बधू प्रवेश प्रयोग।)

इति तृतीय खण्ड।

चतुर्थ खण्ड ।

हे अग्ने ! प्रायश्चित्त कार्य्य में आराध्य हो कर तुम देवताओं का दोष दूर करने वाले हो हम स्वामी चाहने वाले ब्राह्मण तुम्हारी आराधना करते हैं, इस (स्त्री) में जो बुरी शोभा हो उसको दूर करो।१। हे वायो ! प्राय०, इसमें पति वियोग करने वाले जो दोष हों उन्हें मिटाओ। २। हे चन्द्र ! प्राय०, इस में वंध्यापन के जो दोष हों उन्हें तुम हरण करो। ३। हे सूर्य ! प्राय०, इस में पशुओं के नाश करने वाले जो दोष हों उन्हें तुम छुड़ाओ। ४। हे अग्नि वायु चन्द्र सूर्य ! प्राय०, इसमें जो बुरी शोभा पतिवियोग वंध्यापन और पशुओं के नाश करने वाले जो दोष हों उन्हें तुम लोग नाश करो। ५। विष्णु तेरा गर्भ स्थान संवारे त्वष्टा उस में रूप सम्पन्न करें प्रजापति उसको सींचता रहे और धाता रक्षा करें। ६। हे सिनीवालि ! चन्द्रमा की शक्ति, इस में गर्भ धारण करो हे सरस्वती इस में गर्भ धारण करो। तेरा गर्भ कमल को माला पहिरने वाले दोनों अश्विनीकुमार देवता धारण (रक्षा) करें। ७। (तेरे गर्भ की रक्षा करने वाले) मित्रावरुण देवता पुरुष हैं और दोनों अश्विनीकुमार पुरुष हैं। अग्नि और वायु भी पुरुष हैं इससे तेरे उदर के गर्भ में पुरुष होय। ८। अग्नि पुरुष है इन्द्र पुरुष है और बृहस्पति देवता पुरुष हैं इससे तू भी पुरुष पुत्र पा कर फिर भी पुत्र की जननी वाली हो। ९। (गर्भ रक्षण प्रयोग ॥)

इति चतुर्थ खण्ड।

भक्ति ज्ञानादि से क्यों बड़ी है।

संसार के जितने काम हैं उन में सिद्ध उसी को समझना चाहिये जिस में फिर कोई झगड़ा बच न जाय क्योंकि जब तक बखेड़े की निवृत्ति नहीं होती चित्त स्वस्थ और एकाग्र नहीं होता विशेष करके मत वा विश्वास के विषय में इस स्वास्थ्य की बड़ी ही अपेक्षा रहती है जो कहो कि मत विषय में तो केवल युक्तियां प्रधान हैं तो ऐसा कभी निश्चय मत रखना क्योंकि युक्ति तो स्वयं अप्रमाण हैं जब जिसको विशेष सूझी उस समय उसी का मत प्रबल रहा और इन युक्तियों से चित्त में जो विश्वास का वृक्ष उपजा है वह तो ऐसा निर्बल है कि अच्छे नास्तिक वादी की एक ही घनघोर बवंडर में

जड़मूल से उखड़ के गिरपड़ैगा वरंच इस बात का सब को अनुभ
विना किसी वादी के भी जब कभी अपना चित्त आपही युक्तियों
उलटाता है और संसार के विचित्र अयोग्य तथा दुःखमय कौतुक
जब उसकी दयालुता से खंडन का प्रत्यक्ष न अनुभव होता है तब
मनुष्य ही एक बार विश्वास उठही जाता है, वेदान्त वाले विश्वा
ज्ञान बिना मुक्ति नहीं पर वे भी निश्चय रक्खें कि जिन वेदों को पा
कर और जिन पंचदशी के वादों को सीख सीख कर तुम ज्ञानी बने
सब युक्ति दशा में निरे पानी के बुलबुले हैं और फिर मूर्खो! ईश्वर
तुम्हें ज्ञान क्या होगा एक छोटी वस्तु का तो ज्ञान करलो एक ति
क्या क्या बनावट है कैसे कैसे रंग रूप हैं उस में जीव क्यों है जब व
ता है तो उस समय विशेष क्या हो जाता है जीव मर के कहां
तारे एक एक कितनी दूर हैं कितने बड़े हैं कैसी गति है कितने
बने हैं मनुष्य में पशुओं की अपेक्षा जिस बुद्धि से विशेषता है वह बु
वस्तु है जल स्थल वायु में खुर्दबीन से देखने से जो असंख्य जीव दिख
ते हैं वह कितनी भांति के हैं इत्यादि तुम अपने संसार का ज्ञान तो
तुम्हारे बाप दादा कहां गए तुम बीच में कहां से आगए फिर कहां
कैसे जाओगे आत्मा व्यापक है कि अणु है यह एक एक विषय ऐसे
का पूरा ज्ञान कभी नहीं हो सकता केमिस्टरी (तंत्र शास्त्र) को देख
खुल जायगी एक एक छोटे छोटे औषधों में कितने गुण हैं कितनी
इसका पारंगत कोई नहीं हुआ नित नित नए नए गुण निकलते चले
हैं तो जब तुम को अपने संसार का तो यथार्थ ज्ञान हुआ ही नहीं
के बनाने वाले का ज्ञान क्या होगा है और जो कहो कि नहीं हमने
लिया उसको न अन्त माया है यह सब इसके कौतुक मनुष्यों को
हैं तो वाह रे आप क्यों न हो उसको माया को तो आप ने अपा
अनन्य माना पर जिसकी माया है उसे मुट्ठी का बटेर समझ लिया
न हो इस समझ की बलिहारी है और यदि तुमने ईश्वर का तत्व ज
लिया तो फिर इसमें क्या क्योंकि इसमें तीन बात हैं प्रथम तो यु
ईश्वर का स्थापन ही कठिन पड़ेगा दूसरे जो स्थापन किया भी तथ
विषय का समूह ही तत्व ठीक है यह समझने भी कठिन है औ
निश्चय करलो तो उसके मिलने का या सोच का ज्ञान था

यह सर्वथा असम्भव होगा क्योंकि केवल जानलेने ही से जो ईश्वर मिल जाय तो आपासर सभी जानते हैं कि ईश्वर एक बड़ा भारी होवा कोई वस्तु है बही तो फिर संसार सिद्ध हो गया उसमें विशेष इतनाही है कि तुम सूक्ष्म रीति से जानते हो वे स्थूल रूप से जानते हैं पर ईश्वर विषयक ज्ञानी दोनों हुए और जो कहो कि ज्ञान से दुःख की निवृत्ति होती है तो इस बात को हम नहीं मानते क्योंकि जब भूख लगेगी चोट लगेगी कोई प्यारा सम्बन्धी मर जायगा तो तुम्हारे चित्त को दुःख अवश्य ही होगा शरीर का धर्म्म शरीर के साथ है यों तुम बाहर हाय न करो पर वह दुःख अवश्य ही भोगोगे जो कहो कि संसारियों की अपेक्षा दुःख थोड़ा होता है तो कोई ऐसा उपाय करो कोई औषध खा लो कि पागल हो जाओ वा मरजाओ तो कुछ थोड़ा सा भी दुःख न हो इसे छोड़ कर ज्ञान का फल केवल भक्ति है क्योंकि प्रत्यक्ष देखो कि कोई राजा है तो उस राजा को तुम भली भांति जान लोगे इसी से वह राजा तुम पर प्रसन्न हो जायगा ? कभी नहीं, जानने का फल श्रद्धा होना है तुमने उसके सुगुण सुने तुम को श्रद्धा हुई तुमने उसकी सेवा आरम्भ की उसके प्रिय साधन किए तब वह प्रसन्न होगा केवल इसी से नहीं कि तुम यह जानके अपने घर बैठ रहे कि एक राजा है उसे दो हाथ दो पांव हैं।

और जो कहो कि ज्ञान को जाने दो हम तो सुकर्म्म करते हैं जो जैसा कर्म्म करेगा वैसा फल पावेगा तो यह भी नहीं सिद्ध हो सकता क्योंकि फिर भी वही युक्तियों का भंडार खुला तुम अच्छा कर्म्म किसको कहते हो बुद्धि कैसे मानेगी कि बकरा काटना आग में घी डालना, मनुष्यों में भेद देखना इत्यादि अच्छे कर्म्म हैं जो कहो कि सत्यादिक अच्छे कर्म्म मानेंगे तो निश्चय सत्य दयादिक सुकर्म्म करना अच्छी बात है परन्तु युक्तियों से तो जिस में अपने को सुख हो वही परम सुकर्म्म है यह सहज में सिद्ध हो सकता है और इसे छोड़ कर कर्म्म मात्र इस लोक से सम्बन्ध रखते हैं और वह परलोक का विषय है तो अब मेरी ऊपर कही हुई बातें स्मरण कीजिये कि अन्त में फिर वही बड़ा वक्र झगड़े वाला दोष इन दोनों बातों में बना रहा परन्तु मेरे प्यारे वह झगड़ा इस प्रेम में नहीं है, यह मेरी सिद्ध तीन बातें स्मरण रख कर इनका आर्ष सूत्र से विशेष आदर करो पहिली यह कि प्रेम के हेतु प्रमाणान्तर मत खोजो तुम्हारा परम अमृत मय प्रेम आप सौ प्रमाणों का एक प्रमाण है इससे वेदादिक के प्रमाण की कुछ

श्री कृष्णाय नमः ।

अष्टपदी ।

हरिरिह व्रजयुवतीशतसंगे ।

विलसति करिणीगणवृतवारणवर इव रतिपतिमानभंगे ॥ १ ॥

अथ अष्टपदी भावार्थ। दक्षिण भाग स्वरूप श्री स्वामिनी जी के साक्षात् हृदय श्री गुसांई जी वसन्तकेलि वर्णन करत हैं। तहां प्रथम पद को अर्थ। यहां हरि कामदेव के मान भङ्ग करिवेवारे अनेक व्रजभक्तन के सङ्ग हथिनीगण सों घिरे बड़े हाथी के भांति विलास करत हैं। यहां प्रथम हरि-शब्द दियो सो सब दुःखन को हरै सो हरि सो यहां व्रजभक्तन को विरह दुःख भयो है ताके आप हरिवेवारे हैं याही सों श्री गोसाईं जी अपने ग्रन्थ हू पर प्रथम श्री हरिः लिखत हैं और अनेकार्थ कोष सों हरि वसन्त कोहू बोधक है सो यह प्रथम वसन्तकेलि को वर्णन है तासों हरिपद दियो सो वसन्तारम्भ सों गहिरो होरी तक के खेल वसन्ताङ्ग हैं और डोलाष्टक को खेल प्रगट है सो वसन्ताङ्ग खेल की मुखिया श्री चन्द्रावली जी हैं तासों श्री गुसांई जी को कानि सों अष्टपदी गाइवे सों आप इन खेलन को अङ्गीकार करत हैं। अथवा या चालीस दिन के खेल में आठ आठ दिन के चार खेल चार स्वामिनिन के हैं और आठ दिन को खेल सब को प्रगट है तासों चार अठवारे ताईं अष्टपदी गावत हैं। अब दूसरो अर्थ कहत हैं हथिनीन सों घिरे बड़े हाथी ऐसे कामदेव के मान भङ्ग करिवे कों हरि विहरत हैं सो हरिशब्द सिंह वाचक है यासों हरि कह्यो। यहां शतशब्द अनेक वाचक जाननो। वसन्त कामदेव को मित्र है सो यहां यह विशेषता जताई कि काम को मान भङ्ग आप ने वाके उदय ही समय में कियो। अथवा रति के समय विपरीत रति सों पति के मान अर्थात् स्मरदर्प भङ्ग करिवेवारे युवति यूथ शत सों आप अकेले विहार करत हैं यासों पुरुषोत्तमता जताई ॥ १ ॥

विभ्रमसम्भ्रमलोलविलोचनसूचितसञ्चितभावं ।

अपेक्षा नहीं क्योंकि प्रमाणों से जो तुम्हारे चित्त में भक्ति उत्पन्न ।
शीघ्र हो छिन्न जायगी पर जो तुम्हारे चित्त के स्वतः प्रमाण से उत्
वह कभी न छिनेगी दूसरी बात यह है कि आस्तिकपना नाहीं
होओ क्योंकि तुम नास्तिक बन के ज्यों ज्यों तत्वों का बल खोजोगे
उसको अपार महिमा प्रगट और चित्त में खचित होती जायगी।
सरे यह कि भक्ति विषय में वादी को उत्तर देने का बल मत रक्
वादी कि भाई परा मूर्खता पर मोह जो कहो सो हमारा प्रेम है
संसार में मोह करना मूर्खता है उसमें हम तो बिन देखे पर प्रेम
और उसके पीछे सब कुछ छोड़ते हैं तो इससे बढ़ के कोई मूर्खता भं
नहीं तो अब बतलाइये वह झगड़ा कहां रहा हम लोग तो अप
आप मूर्ख बनगए सब झगड़े एक मूर्ख बनने से निवृत्त हुए परमा
प्राप्त हुई तो इसी दशा में हम कहेंगे कि भक्ति सब से बड़ी है क्यों
को इसे मान कर फिर किसी से सिर खाली करना न बचा, अैन
झगड़े निवृत्त हैं जो कुछ भला या बुरा मानते हैं उसका कोई
साथी नहीं जो सब झूठ है तो भी हमारा एक अच्छा व्यसन है क्यों
क्तियों से लोगों ने सिद्ध कर दिया है कि संसार के सब आचरण
क्योंकि उनका परिणाम शून्य है तो सब जहां और झख मारते हैं ह
झख मारते हैं तुम लोगों को मूर्ख समझते हो लोग तुम्हें, छुट्टी हं
पर इसमें भी एक बात है वह न भूलना कि भक्ति करके फिर कभी भू
अन्य साधन का नाम न लेना और जो कहो कि इसमें क्या प्रमाण
तुम भगवान को अमुक ही रूप में मानते हो इसका उत्तर इतनाई
जैसे हमारे इस रूप मानने में प्रमाण नहीं वैसेही न मानने में क्या !
है और बाधक क्या है यदि हम उसको डोरी वा लेखनी सा भी मानें तं
उसका बाधक क्या देते हो वह सर्व्व स्वरूप है तो यह भी उसमें सम्भव

तुम और कोई प्रमाण मत खोजो तुम्हारा प्रेम आप लाख प्रमाण
एक प्रमाण है, उसके हो, निश्चय रक्खो कि ये शास्त्र लोक कर्म ज्ञान
भी काम न आवेंगे केवल शुद्ध प्रेम तुम्हारा साथी है क्योंकि यदि ईश्वर
वस्तु है तो निस्सन्देह मतों के झगड़े स्वरों का विचार तत्वोंका विचार ल
भेद वा आग में घी डालने का विषय कभी नहीं है पर केवल शुद्ध प्रेम ।

श्री कृष्णायनमः ।

अष्टपदी ।

हरिरिह व्रजयुवतीशतसंगे ।

विलसति करिणीगणवृतवारणवरइव रतिपतिमानभंगे ॥ १ ॥

डीठि सों डीठि जुरीही फिरे सब ही की बसीठि
लों डीठि बचावे ॥ १०२२ ॥

तो मिलिबे की सुचाह लगी रसिकेसहि है
अति छैल अनोखे । आज मिलायहौं वाहि तुमें
इमि धीरज दे तिनमें परितोखे ॥ गोप गये उठि
वीर अथाइन गोरज गैल छई बिन धोखे । तू
चल री बलि आली भली यह है अभिसार की
सैल संझोखे ॥ १०२३ ॥

आये जु आप भली ही करी रसिकेस सुमेटन

मान मरोरहि । पै अविलोकत हीं ढंग रावरे औरहु नीलवधू मुख मोरहि ॥ मानहु मेरी कही घनस्याम लहो जिहिते अतिहीं सुख सोरहि । देखहिंगी टुक दूर करौ हो लला है छला यह छीगुनी छोरहि ॥ १०२४ ॥

आपने ओर की चाहे लिखी लिखि जाति कथा उत मोहन ओर की । प्यारी दयाकरि वेगि मेलौ सहि जाति व्यथा नहीं मैन मरोर की ॥ आपुही बांधि लगावति अंग अहो किन आनी चेठी चित चोर की । राधिके राधे रही जकि गोर लौं ह्वैगई मूरति नंदकिसोर की ॥१०२५॥

बातें बनाय बनाय कहो कहिये रघुनाथ की गौंह लरैगी । और न कोऊ बची ब्रज मैं एक हीं है नेम निवाह करैगी ॥ आये भये दिन चार ते अब हीं सबही कों कुनांव धरैगी । तान भटू मनमोहन की वह कान परैगी तो जान रैगी ॥ १०२६ ॥

वहि चौहटे की चपरोट मे आजु अचानक आनि दोऊ भिरिगे । कवि बेनी दुहूंन के लालची लोचन छोडि सकोचन कों घिरिगे ॥

हिये भरि भेटिबे कों त्यों चबैयन के चरचे जिरिगे। फिरिगे कर सों कर हेरत हीं करके मनो मानिक से गिरिगे ॥ १०२७ ॥

गोरे से भाँयें भुजान खुली कुसुँभी अँगिया की रही गडि गोटैं। लंक नई सी परै कच भार मनोहर हार परी त्यों वरोटैं ॥ वेनी रँगे मेंहदी पग पानि करै अँखियाँन कटाच्छनि चोटें। लोटे न हेरी भटू घर तें कब के लटू कान्ह परे मग लोटैं ॥१०२८ ॥

तीर कलिंदी के हौं उत संभु सुखावत हीं पट धोय वगार्यो । तूँ बतरात हुती सखियान सौं आन कहूं तें उहाँ पगु धार्यो ॥ औंचक तूँ हँसि आनन फेरी वडे वडे नैननि तानि निहार्यो। कान्ह अचेत पर्यो कहरै सखि वा दिन की मुसुकानिं को मार्यो ॥ १०२९ ॥

को हमे रोकि सकै धरती में जहाँ चहौं जाय तहाँ छल घोरों। में बहुरूपिनी सेवक स्याम सुमोहिनी मंत्रन के सर छोरों ॥ राधिका कों कछु तें कछु के एहि कुंज के केलि [illegible] ।गवरे

के अनुसासन प्रीति अकासनहूं की तिया सन जोरों ॥ १०३० ॥

गोधन साथ बजावत बांसुरी गोरज सों घन सो तन भारो । चंद सो आनन चाव चढो वडेड चख चाहि परे चितहारो ॥ गोकुल या कुल-कानि की आनि को हेरत हेरिबी राखिबो गारो । लोवन के सँग आवत भोर धरे सिरमोर पखौवन वारो ॥ १०३१ ॥

भाग भरी सब भाँतिन सों करो आज की रैन महा सुख सानी । गोकुलनाथ हों बैठे कहा गुनों सांची कही सब मेरी कहानी ॥ लाल निहाल करौं तुम कों चलो कुंज लों तो हरि आनँद दानी । चंदमुखी चपला लों चितोति तुम्हे घन स्याम सों राधिका रानी ॥ १०३२ ॥

जोतिखवंत जने नख तें उवटी वसी पारस कंचन खानी । दासी महा छवि मोहिनी आदि सुगंध भयो है प्रसेद के पानी ॥ को बरनै जेहि सेवक स्याम नें मोह भरी गुनि बुद्धि औ बानी । वार ने जापे सबै अमरी सो लुटी कमरी पर राधिया रानी ॥ १०३३

एक तो मान को मेर रह्यो चढि दूजे तुम्हे बिनु साथ निहारें। तीजे हितू इहि ओर की बूझि कै झूंठी महामन बीच बिचारें ॥ रावरे को रघुनाथ बलाय ल्यों या डर सों हम सासन टारें। प्यारी के ईछन तीछन बान हैं घायल देखत ही करि डारें ॥ १०३४ ॥

काहु के बंक चितैबे कि संक न लागो कलंक बिसे किन बीसों । वा ठकुराइन की अब देव बिरंचि रची रुचि रावरे जीसों ॥ देहों मिलाय तुमै हौं तिहारिये आन करों वृषभानलली सों ब्राह्मन की सौं बबा कि सौं मोहन मोहि गऊ कि सों गोरस की सौं ॥१०३५॥

मुख चांदनी चारु प्रकासन सों घरमा उजास मछ्योई रहै। तन की मृदु मंजुलता लखि कै भरि भौन बिलास कछ्योई रहै ।। घनस्याम निकुंजहि ल्यावन कों हिय माहं उछाह बछ्योई रहै । वलि वा अंगना पगना रंग सों अंगना रंग वामै चछ्योई रहै ॥ १०३६ ॥

ज्यों घन से तुम हो घनस्याम बनी वह बेनीप्रबीन त्यों संपा। ऐसी तनीक सी बातन को

मन मेरो नहीं कबहूं हरि कंपा ॥ क्यों कर जोरौं निहरौं हहा करौं धीर की सौं जबहीं रवि झंपा । आजुही लै पहिरावन चाहत कंठ मैं माल मनोहर चंपा ॥ १०३७ ॥

पन्नग मीन कपोत चकाचकी बालमराल हू केते गहे हैं । विद्रुम औ मुकता पोखराज बिसाहिबे कों अति नेह नहे हैं ॥ देख्यो तुम्हे जब सों तब सों उन के ढँग ये रघुनाथ लहे हैं । रोज तमासे कों जात तितै जितै ओज सों फूलि सरोज रहे हैं ॥ १०३८ ॥

दासी हौं मैं बलि रावरे की यह मेरी कही है सही मति लूनो । पेखिये आजु कलानिधि कों केहिं भाँति कलाधरि कै भयो दूनो ॥ गोकुल कैसी सुधाबरसै सरसै सुखमा लहि सारदी पूनो । देखिये तो चलि भाँवती के मुख तें ससि आज को होत ना ऊनो ॥ १०३९ ॥

केसरि रंग के अंग की बास बसी रहै पाय से पास घनेरी । चित्र मई छिति भीति सबै रघुनाथ लसै प्रतिबिंबनि घेरी ॥ प्यारी के रूप अनूप की ओर कहालौं कहौं महिमा बहुतेरी । आनन

चंद की फैली अमंद रहै घर में दिन राति उँजेरी ॥ १०४० ॥

जा छन तें मुसुक्याय दई चख चंचल कोर छबीली तिया में। छोही छरी सी परी तब तें निब-री सी मनोज खरी कतिया में ॥ वेनी जो जाइबे जैये जरूर तो जानि जनाई हितू बतिया में। कान्ह मरैगी न जौलों बनी मुसुक्यान अमी की नमी छतिया में ॥ १०४१ ॥

भूमि पै पाँव धरे कबहूं नहिं सूरज देखि सकै नहीं जाकों। मानस की चरचा का चलाइये चंद चितै न सकै पुनिया कों ॥ औंचक झाँकि झरोखन मैं जसवंत बिलोकत ताकी प्रभा कों। लाऊँ कहो केहिं भाँति कन्हाई हवाल हवा लौं न जानत जाकों ॥ १०४२ ॥

अबही वृषभान को मान बढ्यो अनुमानहुं सों नहीं जाँचहुँगी। कढि लाडिली देति देखाई नहीं सेवकाई बिना किमि राचहुँगी ॥ वरसान है धीर धरो उरबा पुरवा को सरूप सवाचहुँगी। घनस्याम तुम्हे बिजुरी सों मिलाय मयूरिनि ह्वै करि नाचहुँगी ॥ १०४३ ॥

घेरिही लाई सखीन लै संग पै भूली मनो मृगुलीन में हंसी। ता दिन तो कछू घात चली न सु बातन वेनीप्रबीन प्रसंसी ॥ धीर धरो जू गँभीर वडे तुम हो जदुवंसिन में कोऊ अंसी। लागिये चाहत मीन सी चंचल रावरे की हों भई हरि वंसी ॥ १०४४ ॥

कर पाँयन की छवि जाकी लखें छवि जाति है कंज अदागन तें। कहि जाति कछू न कलाधर तें मुख पै दुति दूनी सुहागन तें ॥ हंसि मोहै हियो हनुमान लला सुठि सोहै भरी अनुरागन तें। कलना बिधि की सवियां हैं मनो ललना तुम कों मिली भागन तें ॥ १०४५ ॥

आँखिन की पुतरी करे राखति माय चहो अति लाज लपेटी। वैस नवेली है वेनीप्रवीन न आजु लों मैं कहूं पौरि पै भेटी ॥ पैज करूंगी तिहारे लिये सुनो नौलकिसोर हों रावरी चेटी। है कुल की वडे भूप अनूप वडे तें वडे वृषभान की वेटी ॥ १०४६ ॥

चार वडे औ वडी अँखियाँ मुख चंद अमी मुसक्यान सों भारो। पीन उरोज सरोज से पाँय

हैं पातरो लंक नितंब घनारो॥ गोकुलनाथ
बिलोकि हठे मिलिबे कों सुनो यह काम हमारो
जाति हों मे समुझाय कहोंगी न आय है तौ
कछू मेरो न चारो॥ १०४७॥

ऐंठी सि जाति तू रूप गरूर में मूर में हानि
तो है नहीं तेरे। बेऊ हैं सुंदर साँवरे लाल रहैं
व्रजबाल चहुं दिसि घेरे॥ बेनी सबे बनि आवति
या समे तो मन आवति है यह मेरे। दूनी बढेगी
दुदा की सों दीपति देह में नेसुकही हरि हेरे॥१०४

को कहि बाल गुपालहि बोधहि तो दृग बान
अमान लगे री। तो हित प्यारी भये बदनाम अराम
बिसार दिये घर के री॥ ठाकुर तूं न तऊ पिघली
इतने पर लालन वार घनेरी। प्रीतम की सु भई
गतिया छतिया कस कीन कसाइन तेरी॥१०४९॥

मार मरोर सी डारी खरी तेंहिं क्यों लगि क्यों
न जियावत आनि हौ। वाको तो ज्यों तुमहीं तें
बँध्यो तुम पै नहीं छोडत आपनी बानि हौ॥
मे तो कहोई चहों समुझाय कहा करिहौ जो कहें
धो मानि हौ। जानो कहा तुम पीर अहीर बड़े
घनी चतुराई की खानि हौ॥ १०५०॥

सेज परी है घरी सी भरे तनताप सों जात छुवो न दई है। डोलति बोलति है न कछू दृग खोलिबे की सुधि भूलि गई है॥ गोकुल जाति घुरी अँसुवानि सों लीक लिखी सी बिलोकि लई है। बाल की लाल दसा सुनिये वह वारि विहीन की मीन भई है॥ १०५१॥

अजू दीजे न क्यों रति दान उन्हें तुम दानी सुने बहु दातन मैं। वह मानैगी क्यों रजनी-समुखी करो बीस बहाने जो बातनि मैं॥ बिन देखे दिनेस तुम्हें हरि वाके वढी बिरहानल गातनि में। भई आतप रेत की मीन मनो दिन नै पुरैनि के पातन मै॥ १०५२॥

प्रथमै बिकसे बन बैरी बसंत के बातन तें रझाई हुती। द्विजदेव जू ताहू पैं देह सबै बिर-हानल ज्वाल जराई हुती॥ यह सांवरे रावरे हन सों अँग प्यारीन जो सरसाई हुती। तोपै पि सिखासी नई दुलही अबलौं कब कौन झाई हुती॥ १०५३॥

दूबरो होबो सो दोस महा जग मै परसिद्ध ो बात रची है। मोहि तो जानि परै है महा-

गुन मानो हिये यह जानो सची है ॥ रावे
बिछुरे रघुनाथ वढे विरहा सों जो देह पची
हेरेन पावति घेरे हैं आज लौं काल के हाथ
वाल वची है ॥ १०५४ ॥

काहे कों काहू कों आपने स्याम सनेह
ज्वालन मैं जरिवे है। पै यह प्रेम को पंथ अ
परें पन्यो मीच विना मरिवे है ॥ सो भजू मोह
मोहन मोहनी मोहि है कान्ह कहा करिवे है
केहूं कृपा के कटाच्छन सों विरहातुर ताकी व्य
हरिवे है ॥ १०५५ ॥

आए कहा कहि कै कहिये वृषभानलली
लला दृग जोरत। ताछिन तें अंसुवान के धारनि
तोरत जद्यपि लोक निहोरत ॥ वेगि चलौ रस
खान वलाय ल्यों क्यों अभिमान तें भौंह मरो
रत। प्यारे पुरंदर होहि न प्यारी अवे पल आधिक
में व्रज वोरत ॥ १०५६ ॥

प्रानप्रिया अँसुवान के नीर पनारे भए वहि
भए नारे। नारे भए ते भई नदियाँ नदियाँ नद
काटि करारे ॥ वेगि चलौ जू चलौ व्रज
नँदनंदन चाहत चेत हमारे। वे नद चाहत

सिंधु भए अब सिंधु तें ह्वैहैं जलाहल सारे ॥१०५७॥

आपुन के बिछुरे मनमोहन बीती अबै घरी एक की ह्वैहै । ऐसी दसा इतने में भई रघुनाथ सुने भय तें मन भ्वैहै ॥ लाडिली के अँसुवानि को सागर बाढत जात मनो नभ छ्वैहै । बात कहा कहिये ब्रज की अब बूडोई ह्वैहै कि बूडत ह्वैहै ॥ १०५८ ॥

मेघ जहाँ तहाँ दामिनी है अरु दीप जहाँ तहाँ जोति है भातें । केस जहाँ तहाँ मांग सुबेस है है गिरि गेरु तहाँ रँग रातें ॥ मोहन सों मिलिबे कों बलाय ल्यों मैं रघुनाथ कहों हठ यातें । होत नयो नहीं आयो चल्यो रँग साँवरे गोरे को संग सदाँ तें ॥ १०५९ ॥

वे उत नागर नंदकुमार औ तूहूं इतै वृष-भानलली है । जोरी बनी है दुहूं की अपूरब पूरब पुन्य की वेलि फली है ॥ जोवत हैं कब के मग ठाढे अकेले जहाँ वह कुंज थली है । वेगि [illegible] जात [illegible] नात कहा यह जाति जोन्हाई की ॥ १०६० ॥

[illegible] सुगेह तिहारे परे जहाँ नेह

सनेह खरे मैं। भेटो भुजा भरि मेटो व्यथानि समेटो जु तो सुभ साध भरे मैं।! संभु ज्यों आधेही अंग लगाओ बसाओ कि श्रीपति ज्यों हियरे मैं। दास भरी रस केलि सकेलि ये आनँद बेलि सी मेलि गरे मैं ॥ १०६१ ॥

लेहु लली उठि लाई हौं लालन लोक की लाजहुँ सों लरि राखो। फेरि इन्हें सपनेहूं न पैयत लै अपने उर मै धरि राखो ॥ देव लला नवला अवला यह चंद्रकला कठुला करि राखो। आठहूं सिद्ध नवो निधि लै घर बाहिर भीतरहू भरि राखो ॥ १०६२ ॥

ताही सों राखत प्यार बडे कछु रावरीयै चरचा जो चलावै। काँपति देहँ कटीली कै आवति कोऊ तिहारो जो नाम सुनावै ॥ रैन दिना हुलसी सी रहै ठकुराइन कों कछू और ना भावै। सोई कथा कहवावति जामैं कछू मजकूर तिहारोई आवै ॥ १०६३ ॥

तोहि धौं देखि गये कित ह्वै तब तें उन्ह कों कछू और ना भावत। मो घर आय लटू ह्वै लला ... बैठि के रँग बनावत ॥ चित्र विचित्र

वनाय हौं देति हौं पै उन के मन एको न भावत। हाथ दै लेखनी खाय हहा हरि तेरिही सूरत मो पैं लिखावत ॥ १०६४ ॥

मोहि लगो तुम प्यारे महा मैं तुमै रघुनाथ लखैं सुख पाऊँ। मेरे पैं कीजै कृपा कछू आज तो आप को मैंहूँ हितून मैं गाऊँ ॥ नांव सुन्यो जिहि को कहिये पहिले तिहिं को लिखि चित्र लै आऊँ। देखि कै रीझो तौ औसर पाय कै लाल तुम्हें वह वाल मिलाऊँ ॥ १०६५ ॥

हार सँवारि अनेक न फूल के आई लै मालिन भौन भरे मैं। काहू कों स्वेत दियो उहिं काहू कों पीरो दियो रघुनाथ अरे मैं ॥ नीरज नील को लै कर मैं कह्यो राधे सों यों चतुराई धरे मैं। लीजिये हेत तिहारे मैं ल्याई हौं या रंग को लगै प्यारो गरे मैं ॥ १०६६ ॥

केसरि सों पहिले उवट्यो अँग रंग लस्यो जिमि चंपकली है। फेर गुलाब के नीर न्हवाय पिन्हाई तो सारी सुगंध रली है ॥ नाइन या चतुराइन सों रघुनाथ करी वस गोपलली है। पारत पाटी कह्यो फेर यों व्रजराज सों आज मिलो तो भली है ॥१०६७

वे अंगरी के छुए सिसकै कर वार सी पातरी जो मैं चढाँऊँ। दंतन दावती जौमें उतै इत प्यारे के नैन रुखाई वचाँऊँ॥ देवकीनंदन मोहि वडो दुख कौतुक होय सो काह लखाऊँ। छोडि हौं गांव वचा कि सों मैं पर चूरीन ह्यां पहिरावन आँऊँ ॥ १०६८ ॥

कारे महा अनियारे अमोल हैं कौल जिन्हे लखि लागत फीके। वादिही वाके कहो तुम जाय हमारे तो राखनहार हैं जीके॥ आरसी लै तुम दोऊ एकंत ह्वै देखत क्यों न धों कौन के नीके ऐसे कहा वडे नैन तिहारे हैं जैसे वडे हैं हमा सखी के॥ १०६९ ॥

एक घरी न जुदी ह्वै सकै रघुनाथ घिरी गुए लोग के फंद सों। आई सो आपने गेह लिवाय तिहारे लिये वस कै वहु छंद सों ॥ वैठे कहा इत कीजै वलाय ल्यों वेगि उतै चलि भीजो अनंद सों। प्यारी को आनन पून्यो को चंद विराजत दोऊ प्रकास अमंद सों॥ १०७०॥

वैठी हुती वृखभानलली घर धाय के छाय रही तरुनाई। गोकुलनाथ अचानक आय गए

अंखियांन के आंनददाई ॥ चाहि रहे ललचाय दोऊ लखि बोलि उठी यों लए निठुराई । सूनो न छोडिके जाइयो धाम हों न्हाइ के आवत तेरी दोहाई ॥ १०७१ ॥

नैन के कोरन हू मे रुखाई सु भौंह मरोरनि कों लहिवो करे । पांय अंगूठन कों गुल चाइवो ऊंचे उरोजन मे सहिवो करे ॥ आइ के फेर हहा करि के कर पंकज सों तरवा गहिवो करे । कोटिन काम कथा जसवंत सुपांयं पलोटन मे कहिवो करे ॥ १०७२ ॥

तो गुन देव सुने जब तें तब तें सुधि यों न न उन्हें उर की है । पीर नहीं पहिचानत लोग बखानत वेद विथा जुर की है ॥ लोम चढी प्रति सोहन की मति मोह महागिरि तें दुरकी है । थोरिये वैस विथोरी भटू व्रज भोरी सी वातन तें भुरकी है ॥ १०७३ ॥

सोनजुही की है जाति है लाल बनाइ कै माल किती पहिराइये । मोती के भूखन भूखिये जे पोखराज के तो सिगरे कहि गाइये ॥ जोवन आवत लाली सरीर मे है रघुनाथ कहां लों

वताइये। खौरि लगाइये चंदन की अंग के सं
केसरि कों रंग पाइये ॥ १०७४ ॥

कातिकी पून्यो कों देखी कालिंदी पै पैन्हि
कों जब मैं पट दीन्हे। घूंघट के उघरे तब चा
प्रकास कलानिधि सो मुख कीन्हे ॥ ता दिन तें
कछु ऐसी दसा मग मे रघुनाथ मिलें मोहि
चीन्हे। नावं तिहारो लै सोंह दिवाय कहें फिरि
ल्याय अन्हवे के लीन्हे ॥ १०७५ ॥

धीरज नेकू धरो उर मैं करिहौं मैं सोई मिलिहैं
वह जातें। हौं तो सदां संगही मै रहौं कहि
देहौं वुझाय सबै कछु तातें ॥ सोय है सेज जवै
हरिचंद जू चांपिहौं पांयं लगाय कै घातें। आजु
हों राति कहानिन के मिसि भाखिहौं रावरे प्रेम
की वातें ॥ १०७६ ॥

आदित सोम कहो कवहूं कवहूं कहो मंगल औ बुध
हीते। औ गुरु सुक्र सनीचर को कहिवो कवहूं
मुख सों नहीं रीते ॥ मोहि न जानि परे रघुनाथ
हि भेट को है दिन कौन सो वीते। आवत जात मैं
हारि परी तुम्हें वार वतावत वासर वीते १०७७॥

तुम सों लै चली महकें मग मैं हटि वृंद्यां

सुगंध के कारन कों। सु कह्यो उर अंचल राधिका के लिये ज़ाति हौं धोय सुधारन कौं ॥ सेव- काने बिकाने सकाने सुने लपटाने लगे निरवारन कों। पट रावरे स्वेद के भीजे भजे हरि लै गे गुलाब उतारन कों ॥ १०७८ ॥

लाई हौं धोय मरूं कै तिहारी सों मोहि मनो तम छाइ गयो है। बाट तें घाट लों कालिंदी के भँवरान को पुंज समाइ गयो है ॥ हौं डरपों कँपों बेनीप्रबीन बिलोकत मो ढिग आइ गयो है। प्यारी दुकूलन को फल रावरे साँवरो एक बताइ गयो है ॥ १०७९ ॥

सिद्धिनि को धरि भेख गई ब्रपभान के भौन जहाँ सब गाती। काहू के हाथ दयो तुलसीदल काहू के माथ बिभूति लगाती ॥ पीतम राधिकै नीरें बुलाइ कै गोद में राखि करी निज घाती। गोसे कछू कहि बाँधि गई गर जंतर के मिस कान्ह की पाती ॥ १०८० ॥

लोचन लाल किये मृगछाल बिभूति बिसाल लसें जटा भूरे। पूछन लागी तपस्विनि जानि गहे पग आनि तिया गन रूरे ॥ बेनीप्रबीन जू

राधका सों कहो आवै कुटी में जु तूंग ऊपूरे। छैहै कलेस सवै तन के मन के चहे ह्वैहैं मनोरथ पूरे ॥ १०८१ ॥

मेरी है फेरी गली वरसाने में दूसरे द्यौस कों नेम गह्यो है। तातें हों चाहति जान उतै सुमलो यह औसर आजु लह्यो है ॥ ठाढे ह्वै नेकु सुनै मनमोहन वोझ हमै रघुनाथ रह्यो है। जावें कियो तन छाम चितै पल सो वहि वाम प्रना कह्यो है॥ १०८२ ॥

चोप्य तिहारी हों जानती हों रघुनाथ जु चित वीच सुनी जो। तातें हों देति मिला५ तुम्हें पर मेरी कही में सही मन दीजो ॥ वास परोस वडे विसवास को जातें कुनाँव कढे सो न कीजो। नारि नवेली है वातन सों वसकै पहिले उनको रस लीजो ॥ १०८३ ॥

न्योते गई जब तें नदगाँउँ सुनाउँ भयो सव कं रुचती हो। रूप सुसीलता वेनीप्रवीन सराहि मिली सव सों उचिती हो॥ मोहिनी सी तुम डारि परोसिनि आपुन मोहि रही सुचिती हो। आवति गेह विदेह भई मनो ऐसी कछू जू कहा दुचिती हो ॥१०८४॥

आई इतै मुसुक्याय चितै घर मेरो सुधा के समूह समोवति । रावरी बातें जो कोऊ कहै तौ लगाय टकी मुह वाही को जोवति ॥ देखी चहौ तौ रहौ कहूं वैठि सुजागत ही सिगरी निसि खोवति । रोस परोसिनी कै पिय सों दिन द्वैक तें संग हमारेई सोवति ॥ १०८५ ॥

रंभा सुकेसी की मैनका की रति की अति रूप धरी रही आगे । वेनीप्रवीन तिलोत्तमा की न रमा की विलोकि छला अनुरागे ॥ देखत राधिके तो तसवीरहि वीर की सों जनु सोवत जागे । वारहि बार निछावरि ह्वै हरि मेरे दोऊ कर चूमन लागे ॥ १०८६ ॥

पांइ झंवावति फूलन सों रची नासिका मैं सिसिकीन की वोजैं । सेवक भौंर झुके चहुं ओर चके चकऊ मुदी कंज की फौजैं ॥ राधिके सूरति रावरी की लिखि ल्याई स्वरंग भर
तोसों न
दई

चांसर चारु चमेली के फूल को मैं बहु भाँति सँवारि के आनो । सो पहिर्यो गुन गोरि धुरंधर कंचन से तन में मन मानो ॥ ह्वै गयो सोन-जुही को सो हार सुअंग के रंग में भेद ना जानो। दंतन की दुति के परते वह फेरि चमेलिये के ठहरानो ॥ १०९५ ॥

बेलि हरी भई फूलनि सों चुरे चारु चमेलिन की छवि वारी । बावरे खंजन कीर कपोत मयू मलीन ते पंख पसारी ॥ मालिनि की या बि गुनि के लछिराम करो किन आनंद भारी। सींच वारे सुनो घनस्याम सनेह भई मुरझाति है वारी ॥ १०९६ ॥

एड़िन मीडि पखारि दोऊ पग जावक रंग रंगे मनमाने । वेनीप्रवीन रचे सुचि केस सुगंध कपोलन लौं करआने॥ बावरी सी भई रीझि सखी लखि ऐसे कछू चतुरापन ठाने । मेरोई रूप धरो मनमोहन तेरी सों राधिके तूं नहीं जाने ॥ १०९७ ॥

गेल वहे उनहीं की चली वडी बेर लौं बात हीं विरमावत । तू धनि है धनि यों कहि

गहि के कर मेरे हिये मै लगावत ॥ मेरियै कांगही मोहि पै लै सिर मेरे ही केतिकौ ब्यौंत बतावत । आयो चहों जवही इतहों लव वेनी वनावन मोहि सिखावत ॥ १०९८ ॥

मोहन की छवि चातुरी चोप सु नायक री बस वेनी वनावति । गोकुलनाथ के अंग के रंग सों नील निचोल कह्यो पहिरावति ॥ लाल को भाल भरें तो भली रंग ऐसो कछू अंगुरीन पैं छावति। चोप चढी ठकुराइनि सों कही नाइनि पाइन जावक लावति ॥ १०९९ ॥

वारहू तें है मिहीं जसवन्त मिलावटहू पै परे छवि छूटी । मोहि है मोहन कों कर मै परिपूरन के करिहै रस लूटी ॥ ऐसिही लागि है नीकी बधू वलि जेहं सवै व्रज की ये वधूटी । जैसी सुहावन लागत हेरि हरी चुरियान मै हेम की चूटी ॥ ११०० ॥

तैसिही लाई हरे रंग की अंग की दुति पन्नन की जु हँसैहै । तैसिही ऊदी उदै ह्वै रही वंद बैंगनी मे कहौ कैसे लसै है ॥ वेनीप्रवीन जू तैसी सबै पहिरावत मे कहिं चैन रसै है ।

सम है दुति सुंदर रंग विसाल है ॥ पुंज प्रभा नख तें सिख लों मन लाय गुहे ओहिं वार रसाल है । पाय हों लाल वही परवाल कों जो मन भावति मंजुल माल है ॥ ११०८ ॥

चुनि जोरि वटोरि धरे सिगरे झिगरे किये भेद वतावती हैं । तुटि तंतु ए भूखन के इन सों वहु सेवक जीव जियावती हैं ॥ चिरुजीजियो राधे इतै उत वै पटहारी जहां सुख पावती हैं । तुव मैल के भीजे सनेह सने हरि कों दे घने धन छावती हैं ॥ ११०९ ॥

सखियां लडवावरी रावरी हैं तिनकी मति मै अति दौरती क्यों । छिन मे कहि वेनीप्रवीन मलीन के नाहक भौंह मरोरती क्यों ॥ हम जोरती वीर मरूं करिकै फिरि हार कहो झकझोरती क्यों । अति कोमल लाल अमोल अनूप लरी तुमरेसम तोरती क्यों ॥ १११० ॥

पाग है आई अनेक इहां मन मैलो करो कछु ना हम काँधें । साहज है नहीं वेनीप्रवीन लला यह रंग रसाइन नाधे ॥ सांझ समे वा रहे रफ की ता समये की सुखाइवो साधे । आतुर

हूजिये ना बलिजाँउं तिहारे लिये हरि बांधनू बांधे ॥ १११९ ॥

देखे अदेखिन के दिल कों तिलवेर विना घरियारी करौं । मुख सेवक लाली बढे तुमरे रुचवाइनि के करिगारी करौं ॥ कहूं और कहूं रंग औरे करै इतनी बल की बरियारी करौं । रुख रावरे को लखि पाऊं कहूं चुनरी मे चुनी हरिआरी करौं ॥ १११२ ॥

मो सों कही ही कृपा करि कै यह सूही बनाय कै ल्याइये प्यारी । आइ गए कित सों कहि कौन की मै सहजेहीं दई कहि थारी ॥ गोकुलनाथ न मानी कही रंग नील सों आपने हाथ संवारी। बिज्जु से आँग पै रीझि करैगी अरी घन की घटा सी यह सारी ॥ १११३ ॥

कारीगरी मै करी बहुतै नजरी गई तौ कछुवै न भलाई । जानत हौ तुम मोहनलाल सुनारि अनारिनि क्यों ठहराई ॥ रीझि की बेनीप्रवीन भई मन खीझ की बात गई न कन्हाई । लाइये हीरा अमोलिकलाल अबै पहुंची तुरतै बनिआई ॥ १११४ ॥

कंठ लगी हरि के तुम यौं कहि मे जब कंठ-सिरी पहिराई। देहँ कंपी सिगरी तबही अरु है जरदी मुख ऊपर आई॥ नीके मे ह्वै गयो आनि कहा धौं यहे सबही के भई दुचिताई। नोक गड़ी कहुं मैं हूं यहे कहि प्यारी तिहारी की बात छिपाई॥ १११५॥

जाइ कहे न हमारी दसा, कबहूं तो अरी करि दे मन भायो। यौं कहि प्यारे पठाई उतै अरु ब्यौंत कछू गहने को बतायो॥ कान तन्योंना लगी पहिरावन त्यौं ढिग जंबे को औंसरु पायो। हांसी की बात कछू कहि नारि सुनारि सनेसो पिया को सुनायो॥ १११६॥

दारि गली है भली विधि सों बहु चाउरहै गो सुगंध भरो जू। देखि बराबरी रीझि रहोगे सुपापरि पूरी करी न डरो जू॥ है तरकारी सवाद भरी बनि गोरस सेवक भूख हरो जू। सौंधी सलोनी सुधासी रसीली सुकंत एकंत मे भोग करो जू॥ १११७॥

बेसनी गवरे सुद्ध सनेह की पूरी पकाय बनाय ...ां। रीझ रहोगे बराबरी देखि भली ...

वारी तुमै परसाइहों ॥ धीर धरो न उतावले होउ सुमेरहरी मै नहीं कनखाइहों । चाहत जोई रसोई मै सोई रसोइन मै रस राखि चखाइहों ॥ १११८ ॥

पातरी बात नहीं दुनियाँ की सनेहनि दीप दसा सी जरावति । खीलनहीं से चुभे उरबैन रंगीलन की सुनते बनि आवति ॥ सेवक स्याम सों राधिके तूं सिकवौ सुनि ऊतर क्यों न बतावति । बावरे बावरी मोहि कहैं की मसाल कों काहे मसाल दिखावति ॥ १११९ ॥

जानती हौं कि अवार भई तम पुंज को कुंज मै फैल्यो प्रभाऊ । रावरे कारजही मै रही द्विज आई बनाय कै जाय अगाऊ ॥ भूखित है पर भाँति अनेक सनेह मई तुम कों दरसाऊ । धीरज नेंक गहो जो लला तो अबै वह बाल मसाल मै लाऊ ॥ ११२० ॥

देखिये सूधे चुनौतिय मे सुभ रास्यो है मै केहिं भाँति सँवारे । चारु सुगंध की खानि कथ कहिये रघुनाथ महा गुन धारे ॥ चाहत जैसिये तैसिये लाइहों स्वच्छ सुप्यारी जु हेत तिहारे

कीजिये लाल कृपा इतहीं नित लीजिये आय के पान हमारे ॥ ११२१ ॥

केसी कहो मुख मे लगी माधुरी एला लवंग सुवास वसी हे । कोने रची रची वेनीप्रवीन यों मोहि वतावत होत हँसी हें ॥ जानि न लीजे सुजान वडी गरें केसी कुसुंभित पीक धँसी हे आजु की वीरी वलाय ल्यों वार लखो अधरान मे केसी वसी हे ॥ ११२२ ॥

नैन वचाइ चवाइन के छन रेन मे ह्वे निकसो यह टोली । लोटि मिलेंगे जवे घर के नहिं भूलिहे सेवक भाँवरी भोली ॥ देखि तुम्हे छतिया फरकी त्यों तनो तरकी दरकी कछु चोली । आपने पी की नुहारि निहारि विचारि के तो सों मरूं करि वेली ॥ ११२३ ॥

माय गई उपनंद के भौन न धाय इहाँ सजनी अपने घर । लेसे को दीप दिनेस न दूसरो सूनो निहारि महा मन मे डर ॥ द्वार मे अंध पर्यो दरवान सुने नहीं कान मन्यो जनु भूपर । आइ इतो न पुकारिये कान्ह हे आन इहाँ कोउ देन को उतर ॥ ११२४ ॥

हार हिये प्रफुल्ल को लसे बनी बेंदी दिये सन की सुकुमारी । पीन पयोधर पातरी लंक करे बडडी अँखियाँ कजरारी ॥ गोकुलनाथ बिलोकि कह्यो अजू राखती हौ कहा ध्यान की क्यारी । बाल कही मुसकाय घनी घन की घटा सी यह ज्वारी हमारी ॥ ११२५ ॥

ता दिन तें कछू और सोहात न ऐसे लट्टू ह्वै रहे मनभावन । बूझो करैं नित तेरियै बातें न देत कहूँ कबहूँ इत आवन ॥ मो तन दीठि कियें रिसि की तूँ लगी सिसकीन के सोर मचावन । कान्ह कहूँ दुरे देखत हे हौं लगी जब तोहि चुरी पहिरावन ॥ ११२६ ॥

जाके मिलाप को सोचत हौ करि मोचत हौ जू अनेक उपावन । ताही के धाम सों हे रघुनाथ हमें एक आई है बाम बुलावन ॥ भेष धरो तिय को हिय साध जो चाहत रूप लख्यो ललचावन । साथ चलो वहि बाल के लाल हौं कालिह चलौंगी चुरी पहिरावन ॥ ११२७ ॥

मे जब तें गोदना गई गोदि अहो ठकुराइन बाँह मे तेरी । ऐसी दसा तब तें यहि गाँव मे

देन न पाँवों गलीन मे फेरी ॥ भेट भई जितहीं रघुनाथ सों सोंह दै के तितहीं उन घेरी । हाथ सों हाथ गहैं पल द्वै रहैं आँखि सों लाय के आँगुरी मेरी ॥ ११२८ ॥

जैसो कछू उन को है सरूप सो तैसो कछू तबहीं जू पतीजो । सूने कहेतें नहोत कहा तब हीं कछू भावै तौ रीझि कै दीजो ॥ आज ही मोहि मिले रघुनाथ कह्यो है कि रंग तयार तूँ कीजो । तातें रँगावन आवेंगे पाग तूँ झाकि झरोखें उन्हें लखि लीजो ॥ ११२९ ॥

जैसेंहीं पोहि धरे ठकुराइन मोती के ये गजरा चटकीले । तैसेंहीं आय गये रघुनाथ कह्यो हँसि कौन के हैं ये फबीले ॥ नावँ तिहारो दियो कहि मैं तौ उठाय लिये सुख पाय कै ढीले । आँखि सों लाय रहे पल एक रहे पल छाती सों छा छबीले ॥ ११३० ॥

कान्ह हीं चेरी बनाय कै संभु गई वृषभान के भौन गोसाइन । या सुनि कै जुरि आईं सबै अरु डारीं सहेलिन राधिका पाँइन ॥ लाय लिलार बिभूति कही क्षमि हाँ रचिबे कछु ऐसी

उपाइन । याहि इकंत लै मंत्र जपै यह होय सबै व्रज की ठकुराइन ॥ ११३१ ॥

आवतहीं उठि आदर कै सिगरीं मिलीं दौरि की सिद्धिनि आई । काहू के गात मे हाथ दियो पढि काहू के माथ विभूति लगाई । बैठि गई मृग-छाला बिछाय के राधिकै आपने पास बुलाई । श्रौन समीप ह्वै गोद मै राखि गोसाँइन गोसे की बात सुनाई ॥ ११३२ ॥

देती हौं धोइबे कों तबहीं फिरि माँगती हौं करि भौंहँ तनैनी । ह्याँ तौ वे बीचहीं लेहिं छुडाय सुगंधन रीझि रहैं मृगनैनी ॥ धोय तौ देहुँ जो धोवन पाऊँ लखी उनकी मै बिलोकनि पैनी । राखत लै लै लगाय हियें कबहूँ अँगिया कबहूँ उपरैनी ॥ ११३३ ॥

मइलो करि डारत पीट पटै घर जान ना पैये बुलावनो धावत । लाल हू मैलो है जात सदा भरी बारही बार सनेह लगावत ॥ औरन सों चरु ठीजे धोवाय हमैं नृपसंभु जू धोय ना आवत । ई कलपावति साँवरे रंगन साँवरो रंग नहीं कलपावत ॥ ११३४ ॥

आज हौं राखौंगी स्याय उन्हें रघुनाथ कृपा निसि मेरे करोगे । मे उठि जाउँगी छोडि के पास जगाय के सेज पें पाँय धरोगे ॥ धायहां देति सुभाय कहे कछू भौंह चढाय लखें न डरोगे । लाज भरी हे सकेगी न वोलि निसंक नवेली कों अंक भरोगे ॥ ११३५ ॥

एकही सेज पे राधिका माधवे धाइ ले सोई सुभाय सलोने । पारे महा कवि कान्ह कों मध्य में प्यारी कह्यो यह वात न होने ॥ क्हैहों न सॉवरी सॉवरे के संग वावरी तोहि सिखाई कोने । सोने को रंग कसौटी लगे पे कसौटी को रंग लगे नहिं सोने ॥ ११३६ ॥

आई हे साँझी कों तोरन फूल तोरावति ठाढी सखी छवि रास तें । वेगि उतै चलि देखो वलाय ल्यौं हें रघुनाथ लग्यो मन जास तें ॥ भौंरन की लगि भीर रही अरु भीर चकोरन की जिहिं आस तें । भीतर वाग के सोभित होति हे मालती तें प्यारी प्रकास तें ॥ ११३७ ॥

फैलो सुगंध रहे चहुँघाँ अलि पुंज घिरी मा माल जुही सी । फूल भरी अंग पूरो पराग

रस रूप की चारु फुही सी ॥ गोकुल ऐसी करी है तयार मै के चतुरापन चाव छुही सी। देखिये तो चलि बाग मे लालन कैसी लसै यह सोनजुही सी ॥ ११३८॥

आधिक सिद्धि करीही किए ते मे आय गये धौं कहाँ तें कन्हाई। कौन की आंगी है मो तें कही मैं उन्है सहजें हीं तिहारी बताई ॥ छीन लई कर तें रघुनाथ मै सोर कियो कितनी अनखाई। छाती सों लाय वे ले गये वा दिन दे गये आजु तौं सीके लै आई॥ ११३९॥

आपु दई तनी टाँकिवे कों हरि भोरहीं आये धौं कहाँ तें। कौन की आंगी है मोतें कही सुनि रावरे की हठि लीन्ही हहा तें॥ गोकुल लि पसीजि उठे बडी बार लौं लाल रहे हियलें। भीजि गईही सुखावत मोहि अवार भई कुराइनि यातें ॥ ११४०॥

आजु कहूँ खिरकी सों सुनो हरि की मुख जोति लीन मे बाढी। गोकुलनाथ त्रिलोकि लई छवि। दिन तें विरहागिन डाढी॥ दासी विचारि के विरे की यह मोसों विनै की परंपरा काढी।

वाही झरोखे के पास कृपा करि के कबहूँ फिर होंहिंगी ठाढी ॥ ११४१ ॥

इत फूलन को विनिबो ठहराय लेवाय ले दूती मिलाय दई । नँदलाल निहारि निहाल भये वर चंपक माल सी वाल नई ॥ कर तें छुटि भागी दुरी पग द्वै वलि पै न चली कछु चातुरई हरि हेरे न पावत भाँवती संभु कुसुंभ के खे हेराय गई ॥ ११४२ ॥

राधिका के परवाल से हाथन लाल रही घिरा लाल लुनाई । देखतहीं वनि आवत कान्ह कहा करिये कवि संभु वडाई ॥ लाली लसै अंगुरीन के वीच तहाँ नख चंदन की छवि छाई । कोपन की अरुनाई मे आनि मिली मनो वीचिन वीच जुन्हाई ॥ ११४३ ॥

वायु वहारि वहार रहे छिति वीथी सुगंधन जाती सिंचाई । त्यों मधु माते मलिंद सवे जय के करखान रहे कछु गाई ॥ मंगल पाठ पढें द्विज देव सवे विधि सों सुखमा उपजाई । साजि रहे सव साज घने वन मे रितुराज की जानि अवाई ॥ ११४४ ॥

जानतही न वसंत को आगम बैठीही ध्यान धरें निज पीको । एते मे कानन ओर सों आय के कानन मे पन्यो बोल पिकी को ॥ हे रघुनाथ कहा कहिये कहि आयो हा आयो गरो भरि ती को । लोचन वारिज सों अँसुवा को अथाह वह्यो पर-वाह नदी को ॥ ११४५ ॥

केसे हैं कुंज के सुंदर फूल विराजत पात जराव जन्यो सो । यामे तो आवत पावत हो पति की तिकेलि को रंग धन्यो सो ॥ आयो वसंत बयारि हे अब तो यह देखिये गो उमन्यो सो । सोचत ॥ पुनि पात गिन्यो मुख है गयो प्यारी को पात न्यो सो ॥ ११४६ ॥

कहुँ चैत की चाँदनी मे सतभामा के स्याम धारे निहोरन मे । गई आधिक जामिनी वीत ऊ तईमानी न मान मरोरन मे ॥ कवि सोभ जू नन नीर वहे कहे बैन मनोरस चोरन में । वधों वन घोरि हैं ए मुरली वरसाने की साँकरी रिन मे ॥ ११४७ ॥

मिलि माधवी आदिक फूल के व्याज विनोद या बरसायो करें । रचि नाच लता गन तानि

वितान सवै विधि चित्त चुरायो करें ॥ द्विजदेव जू देखि अनोखी प्रभा अलि चारन कीरति गायो करें। चिरजीवो वसन्त सदा द्विजदेव प्रसूननकी झरि लायो करें ॥ ११४८ ॥

फूले घने घने कुंजन माहँ नए छवि पुंज वे वीज वए हैं । त्यों तरु जूहन मे द्विजदेव प्रसूनन एई नए उनए हैं ॥ साँचो किधौं सपनो करतार विचारत हू नहीं ठीक ठए हैं। संग नए त्यों समाज नए सव साज नए रितुराज नए हैं ॥ ११४९ ॥

सोंधे समीरन को सरदार मलिंदन की मनसा फल दायक। किंसुक जालन को कलपद्रुम मानिनी वालन को मनायक ॥ कंत अनंत अनंत कलीन को दीन के मन को सुख दायक । साँचो मनोभवराज को साज सु आवत आज इतै रितुनायक ॥११५०॥

फूलि रहे वन वाग सवै लखि फूलनि फूलि गयो मन मेरो । फूलनिही को विछावनो के गहनो किय़ो फूलनिही को घनेरो ॥ लाल पलास नए चहुँओर तें मैन प्रताप कियो घन घेरो । यों फूलैं फैलाय फैलाय कियो रितुराज ने मान डेरो ॥ ११५१ ॥

सुंदर सोहे सुगंधित अंग अभंग अनंग कला
ललिता है । तैसी किसोर सुहात सुजोगिनी
भोगिनीहू कों मनोहरता है ॥ संग अली अवली
छवि राजत अंग रसीली बसीकरता है । कोम-
लता जुत वीर बसन्त की वेहर की वनिता की
लता है ॥ ११५२ ॥

सेवती सोनजुही थल पुंज पैं कंजकली अलि
गुंज सी माँचे । बैठी कहा भृकुटीन कों ऐंठि कै
जोर सुन्यो रितुराज को साँचे ॥ फूलन फौज
भ्रमार धुकार हकारत कोकिल कीर कुलाँचे ।
नाँचैं न वीर मवासे कहूँ अब नाचे बनैगी वसन्त
की पाँचे ॥ ११५३ ॥

फूले अनारनि पाँडर डारनि देखत देव महा
र माँचे । पाखुरी झौंरनि आम के बौरनि भौंरन
गन मंत्र से बाँचे ॥ लाय उठे विरहागिनी
कि कचनारन बीच अचानक आँचे । साँचे
पुकार पुकारि पिकी कहें नाचे बनैगी वसन्त की
पाँचे ॥ ११५४ ॥

फूले रसाल की डारनि बैठि अली कुल झूमि
झुकै मेडरात हैं । वेनी जू कोकिल कूक कपोतन

ए उलहे लतिकान मे पात हैं ॥ सीतल मंद सुगंध समीरऊ पी मधु चंद अनंद मे गात हैं। याम हिमन्त वसन्त के ए गुन मान किला लल ते छुटि जात हैं ॥ ११५५ ॥

देखतही वन फूले पलास विलोकतहीं कलु भौंर की भीरन । वावरी सी मति मेरी भई लखि वावरी कंज खिले घटे नीरन ॥ भाजि गयो कौ ग्यान हिये तें न जानि पऱ्यो कव छोडि के धीर अंधन कौन के लोचन होंहिं पराग सने सरस समीरन ॥ ११५६ ॥

अति लाल गुलाल दुकूल ते फूल अली कुन्तल राजत है । मुकता के कदंव सु अंव क मोर सुने सुर कोकिल लाजत है ॥ मखतूल समान के गुंज छरान मे किंसुक की छवि छाजत है। यह आवन प्यारी जु की रसखान वसंत सी आज विराजत है ॥ ११५७ ॥

वारन भौंर कुमार भजैं पुहुपावली हास विलासहि पूजत। पाठ कियो करें आठहू जाम बोलनि सीखन कोकिल कूजत ॥ वे घनआनँ न छए तकि यों छवि आन क्यों आँखि

छूजत । एरी बसन्त नवावत कंत सु जानि कै मान मई कत हूजत ॥ ११५८ ॥

सेवती गंध छके अलि गुंजत कुंजन मे रस पुंज भरेगो । फूलि उठे जक नाहीं परे, कल कोकिल को गन कूक करेगो ॥ कोऊ न वीर सहे तन पीर मनोज के तीर सों धीर धरेगो । तोहि बसन्त हसन्त भटू उठि अंतहू कंत बिनान सरेगो ॥ ११५९ ॥

बन्दनवार बंधे सब के सब फूल की माल न छाजि रहे हैं । मैनका गाइ रहीं सब के सुर संकुल ह्वै सब राजि रहे हैं ॥ फूल सबै बरसें द्विज-देव सबै सुख साज को साजि रहे हैं । यों रितु-राज के आगम मे अमरावती को तरु लाजि रहे हैं ॥ ११६० ॥

नागर से हैं खडे तरु कोऊ लिये कर पल्लव में फल फूलन । पावडे साजि [illegible] ऊ कोऊ बीथिनि बीच पराग [illegible] द्विज-देव को [illegible] फूलन ।

[illegible]

डोलि रहे विकसे तरु एके सु एके रहे हैं नवाइ के सीसहिं। त्यों द्विजदेव मरन्द के व्याज सो एके अनन्द के आसू वरीसहिं ॥ कौन कहै उपमा तिनकी जे लहैई सबै विधि सम्पति दीसहिं। तैसई ह्वै अनुराग भरे कर पल्लव जोरि के एके असीसहिं ॥ ११६२ ॥

गूंजैंगे भौंर पराग भरे पर गूंजैंगी कोकिल वेसुर गाय के। फूलैंगे केसू कुसुंभ जहाँ लगि दौरैगो काम कमान चढाय कै। पौन वहैंगी सुगंध समारख लागैगी हीमै सलाक सी आय के। मेरो मनायो न मानैगी भाँवती ऐहै वसन्त लै जैहै मनाय के ॥ ११६३ ॥

आयो वसन्त तमालन तें नव पल्लव की इमि जोति जगी है। फूलि पलास रहे जितहीं तित पाटल रातेहि रंग रँगी है ॥ मौरि के आँमन सार मई तिहिं ऊपर कोकिल आनि लगी है। भागन भाग वचो विरही जन वागन वागन आगि लगी है ॥ ११६४ ॥

आम के मोर धरे तुररा रितु किंसुक की अल फीन सुहायो। धूम परागन की कफनी अलवेलिन

सोलिन सों छवि छायो ॥ कंज सखा करि किस्ति लिये अरु कोकिलैं कूक अवाज़ सुनायो । प्रान की भीख वियोगिनि पैं रितुराज फकीर ह्वै माँगन आयो ॥ ११६५ ॥

आयो वसन्त दहन्त सखी घर आए न नाह न पाए सँदेसे । कोकिल कूकि उठी चहुं ओर तें हूकि उठी हिय लूक सो लेसे ॥ याही तें जीय डरै मधुसूदन जाति नहीं वन वाही अँदेसे । फूलि पलास रहे जितहीं तित लोहू भरे नख नाहर कैसे ॥ ११६६ ॥

कछु और उपाव करें जनि री इतने दुख सों सुख है मरिवो । फिरि अंतक सो विन कंत वसंत सु आवत जीवतही जरिवो ॥ वन बौरत बौरी हो जाउँगी देव सुने धुनि कोकिल की डरिवो । जब डोलिहैं औरे अबीर भरी सु हहा कहि वीर कहा करिवो ॥ ११६७ ॥

फूले गुलाव कियारिन कोरन लोनी लवंग लता उरझाई । वैसे चकोर चहूँ दिसि कोकिल भौंर समूहन गुंज सुनाई ॥ वंदनवार वँधे तरु पुंजन कुंजन फूलन सेज सोहाई । आनँद आन भई सब

के सुनि कै रितुराज की आज अवाई ॥११६८॥

डोलैं सुगंधित वाय चहूँ वन ये तरु पुंज कुसुम विछावत। वैसे विहंग उमंग भरे जयपत्र पिका वलि कूकि जतावत ॥ हे सरदार मनोभव फौ को साज नये छितिपाल सजावत। वौर रसाल को मौरधरे यह ठाट ठटे रितु ठाकुर आवत ॥११६९॥

कोकिल वोलि उठी एक वारही भौंर समूह लगे मिलि गावन। धीर समीर सुगंध सं विकसीं लतिका उर मोद वढावन ॥ कीर चकोर सोर करो छितिपाल अनंग दसा दरसावन कंज रसाल विसाल खिले सुनि कै हुलसे रि राज को आवन ॥ ११७० ॥

मन्द दुचन्द भए वुध वैनहिं भाखि सकै कविहूँ कवितानन। आइ लजाइ चलेई गए गुरु आपनो सो लिए आपनो आनन ॥ कौन प्रभा करतार वखानिहै मंगल खानि विलोकि कै कानन। सीस हजार हजार करैं पै न पार लहैंगे हजार जु आनन ॥ ११७१ ॥

अति फूले विसाल रसाल घने तक डार आगि लगी। अलि गुंजें उमंग भरे र

ाते लता चहुँघा बिगसाइ जगी ॥ अरविंदन
ं मकरंद चुवै छितिपाल अनंग अनी उमगीं ।
अनुसासन पाइ महीपति को मधु लै व्रजमंडल
ान ठगी ॥ ११७२ ॥

सीतल मंद सुगंध सदाँ सरदार सशहन जोग
नवीनौं । चैत निसा चित चेतन चंद चढो चख
चारु चकोर नवीनों ॥ ठान सयान नहीं सजनी यह
ान अयान पनों रँग हीनों । बैठि कहा पछितात
ारी जब खेत चिरैयन नैं चुनि लीनो ॥११७३॥

चीर चुनो चुरियाँ चटकील चलैं चुप चातुर चाल
ाकें । ऊँचे उरोजन पै अँगिया सरदार हिया
छिया चमकाकें ॥ हार निवारि निवारन काज
साज सबै सुखमा सरसाकें । पूजन आज कहै
न गौरि को नंद की पौरि घरी घरी आकें॥११७४॥

संग सखी के गई अलबेली महासुख सों
न बाग बिहारन । वाढे बियोग बिलास गए सब
खत ही वे पलास की डारन ॥ जानि वसंत औ
त बिदेस सखी लगी बावरी सी कै पुकारन ।
ं चलिहे चुरियाँ चलि आवरी आँगुरियाँ जन
व अँगारन ॥ ११७५ ॥

किंसुक झार कुसुमित डारि दे झार बयार बहै जो गवारन। आग लगी है कहू बिन काज न मेहूँ सुनी समुझी रितुराजन ॥ तेरी सों तोहि डरों मै मवारक सीरी करों सखी दे जलधारन। च्वे चलिहै चुरियाँ चलि आवरी आँगुरियाँ जन लाव अँगारन ॥ ११७६ ॥

आयो वसंत अली वन तें अलि के गन डोल डंक पगारन। कामधुजा किसले उमगी व कोकिल के गन लागे पुकारन ॥ ऐसे मे के बचेगी ममारक आज किये हैं सती के सिंगार दौरि पलास की डार चिंता चढी झूमि पड़े निर धूम अँगारन ॥ ११७७ ॥

भावे भरी रस आवे छकी सु छकावे री नैन सो नैन हिलावे। गावे हिंडोल बजावे मृदंग हँसावे हँसै सुर ताल मिलावे ॥ छावे गुला रचावहि रंग सखी सुख वीच सुगंधनि लावे रीझ रिझावे अनंग जगावे बिहारी को प्या वसंत खिलावे ॥ ११७८ ॥

गुंजत भृंगनि कुंज के पुंज सरोजन सौं की सरसाई। गंगहि प्रानपती को पयान

केहि भाँति वियोग दसाई ॥ बोलत कोकिल बाद बसंत बसंत के बासर सो न बसाई। चैत की चाँदनी के चितये कहु कैसे के छोडेगो काम कसाई ॥ ११७९ ॥

बीतन लागे बसंत के बासर औध की आस अजौं अभिलाखो। मंडन ए इतने सगराम पियारे की सीखन तीखन नाखो ॥ छीन भई तन भौं तन अंतर दाह निरंतर को न सभाखों। दाहन भार अंगार की आगि रुई मे लपेट कहाँ लग राखों ॥ ११८० ॥

फूले घने तरु जाल बिलोकि हुते कछु सूने सुभाय ससेरी। आगि सी लागी पलासन देखि तऊ भय सों कहूं भागि बचेरी ॥ छूटे सचान से ये अब तो द्विजदेव चहूंदिसि कोकिल बैरी ॥ कै है कहा सजनी अब धौं बचिहै किहि भांति सों प्रान पखेरी ॥ ११८१ ॥

आहि के कांपि कराहि उठी दृग आसुन मोचि सकोचि घरी है। लै कर कागद कोरी लला लिखिबे कहं बैठी वियोग कथा स्वै ॥ ऐसे में आनि कहूं द्विजदेव बसंत बयारि कढी तितही

ह्वै। बात की बात में बौरी तिया अरु पीत ह्वै पाती परी कर तें चुवै ॥ ११८२ ॥

बौरे रसालन की चढि डारन कूकति कोलिय मौन गहैं ना। ठाकुर कुजन पुंजन गुंजत भौंर को चे चुपैवो चहै ना ॥ सीतल मंद सुगंधि.. वीर समीर लगे तन धीर रहै ना। व्याकुल कीन्हो बसंत बनायकै जायकै कंत सों कोऊ कहै ना ॥ ११८३ ॥

आयो बसंत दहंत सखी घर आये न कंत न पाये सँदेसन। संभु कहै पथिकाये सबै अब कोऊ विदेसी रहै न विदेसन ॥ चंदमुखी दृग तें अंसुवा ढुरि आनि परे कुच याही अंदेसन। मानो मयंक सरोजन तें मुकताहल लै लै चढावे महे- सन ॥ ११८४ ॥

ज्यों त्यों रह्यो अब लौं जियतूं अब आयो वसंत कछू न बसैहै। संभु सुगंधित सीतल मंद समीरनि पीर गंभीर उठैहै ॥ क्यों ठहरैगो करंगो कहा जब कोकिला कूकि कै कूकि कूक सुनैहै। औरन तेरो फबैगो कछू बलि संग कुहूके तुहूं जैहै ॥ ११८५ ॥

बैरी वसंतके आवत हीं वनबीच दवागिन सीप जरेंगी । जोगिन सी वनिहै वनमाल वियोगिन कैसे के धीर धरेंगी ॥ गुंजन वै अलि पुंजन की सुनि कुंजन कैलिया कूक करेंगी । सूल से फूले पलासन की डरियाँ डरपावनी दीठि परेंगी ॥ ११८६ ॥

आली सुनो वनमाली वियोग पलास के पुंजन को सुख भागो । पात सुखाय गिरे महि आनि लतान मे स्यामता को रँग रागो ॥ धीर धरे ठहरात न माधव मैन को जालिम जोर है जागो । भामिनी भौंन मे भागि चलो फिरि आगि उठैगी धुँवाँ उठे लागो ॥ ११८७ ॥

झूरि से कौने लये वन वाग ये कौने जु आँवन की हरि आई । कोइल काहें कराहति है वन कौने चहूँ दिसि धूरि उडाई ॥ कैसी नरेस वयारि वहै यह कौन धौं कोन सो माहुर नाई । हाय न कोऊ तलास करे ए पलासन कौने दवारि लगाई ॥ ११८८ ॥

जब तें रितुराज समाज रच्यो तब तें अवली अलि की चहकी । सरसाय के सोर रसाल की डारिन कोकिल कूकें फिरें बहकी ॥ रसिया वन फूले पलास करील गुलाब की वास महा महकी ।

विरहीजन के दिल दागिबे कों यह आगि दसौं
दिसि तें दहकी ॥ ११८९ ॥

ये व्रजचंद चलो किन वा व्रज लूकें वसंत
की ऊकन लागी । त्यों पदमाकर पेखो पलासन
पावक सी मनो फूँकन लागी ॥ वे व्रजवारी
विचारि वधू वन वावरी लौं हियें हूकन लागी ।
कारी कुरूप कसाइने ए सु कुहू कुहू कैलिया
कूकन लागीं ॥ ११९० ॥

दे कहि मीरसिकारन कों इहिं वाग न कोइल
आवन पावे । मूदि झरोखन मंदिर के मलया-
निल आय न छाँवन पावे ॥ आये विना रघुनाथ
वसंत कों ऐवो न कोऊ सुनावन पावै । प्यारी
कों चाहे, जिआयो धमार तो गाँव मे कोऊ न
गावन पावे ॥ ११९१ ॥

धूँधुर सी वन धूँम सी गावन गावन तान
लगे नर वोरी । वौरीं लता वनिता भई वौरी सु
औधि अध्याय रही अव थोरी ॥ वेनी वसंत के
आवतहीं विन कंत अनंत सहे दुख कोरी । औ
घरं हरि आये न जो पहिलें हां जरां जरिहै फि
नोरी ॥ ११९२ ॥

मद माती रसाल की डारनि पैं चढीं आनद सौं यों विराजती हैं। कुल आनि की कानि करैं न कछू मन हाथ परायेहि पारती हैं॥ कोउ कैसी करे द्विज तूँहीं कहै नाँहि नेकौ दया उरधारती हैं। अरी कैलिया कूकि करेजन की किरचैं किरचैं किये डारती हैं॥ ११९३॥

को बचिहै यह बैरी वसंत पैं आवत जो वन आगि लगावत। बौरतही करि डारत बौरी भरे बिष बैरी रसाल कहावत॥ होत करेजन की किरचैं कवि देव जू कोकिल बैन सुनावत! वीर की सौं बलबीर विना उडि जायँगे प्रान अबीर उडावत॥ ११९४॥

ऐसे विचारत हीं मति मेरी प्रबोधि कहै अखरा मन भाए। कैहै कहा द्विजदेव जु लाहु इतो उर अंतर सोच बढाए॥ राधिका जू के बिहार के काज सबै विधि सो सुखमा उपजाए। नितही नितही केए सघाती वसंत अपूरब बेख बनाय कै आए॥ ११९५॥

चाहि है चित्त चकोर दया श्रुति आपनो दोष परोसिनि लैहै। ए दृग अंबुज से अकुलाय कला

विपि वन्धु की हाय अचै है ॥ ऐसी कसाकसी मे द्विजदेव अली अलि के गन गाइ सुने है। ह्वैहै सु कौन दसा तन की जु पै भौन वसंत लौं कंत न ऐहै ॥ ११९६ ॥

आहि कै कांपि कराहि उठी दृग आँसुन मोचि सकोचि घरी ह्वै। लै कर कागद कोरो लला लिखिवे कहं वैठी वियोग कथा स्वै ॥ ऐसे मे आनि कहूं द्विजदेव वसंत वयारि कढी तितही ह्वै। वात की वात मे वोरी तिया अरु पीत ह्वै पाती परी कर ते च्वै ॥ ११९७ ॥

आवतही हहराय हियो सुख अन्त कियोइ हिमंत कुचाली। त्यों द्विजदेव या पांचे वसन्त की पीत करो सिगरो तन साली ॥ जारती ज्वालन होरी न क्यों लखि सूनो निकेत विना वन-माली। सीत के अन्त वसन्त के आगम भावतो जोपै न आवतो आली ॥ ११९८ ॥

खेलत फागु सखीन के संग सों एक वडी फगुवा सुख पागी। मूठी गुलाल लिये रघुनाथ गई हरि पैं हिय मे अनुरागी ॥ प्यारे के हाथन सों छुटि कै पिचकारी की धार त्यों छाती सों लागी। नैन

नचाय चितै तिरछे मुसक्याय पिछौंडी ह्वै पीछे कों भागी ॥ ११९९ ॥

बरजोरी तिया इहि गोरी सबै गहि लाई गोविं- दही दोचन सों । वह खेलन फाग चली हँसि- कै सुख सों नवेला दुख मोचन सों ॥ भरि अंजन आँगुरी वेनीप्रवीन किये समलोचन लोचन सों । तकि सी रही सो तकि सोचन सों कर ऊँचो न होत सकोचन सों ॥ १२०० ॥

या अनुराग की फागु लखौ जहँ रागती राग किसोर किसोरी । त्यौं पदमाकर घालि घली फिरि लाल ही लाल गुलाल की झोरी ॥ जैसी की तैसी रही पिचकी कर काहू न केसरि रंग मैं बोरी । गोरिन के रँग भीजिगो साँवरो साँवरे के रँग भीजिगो गोरी ॥ १२०१ ॥

कल कंजन त्यौं पग ऊपर नूपुर हंसन की धुनि रूदन की । रँग दत्त अबीर की भीर मची भई छवि यों मुख मूदन की ॥ छकि होरी के खेलन खेलि थकी झलकै उपमा श्रमबुंदन की । लसै मनो रूप सिंगार भरी मुकतान फरी छरी कुंदन की ॥ १२०२ ॥

प्रात झुकाझुकी भेख छपाय के ले गगरी जल कों डगरी ती। जानी गई न किते कउवार तें आनि जुरे जहां होरी धरी ती॥ ठाकुर द्वारि पै मोहि देखत मागि बची सु कछू सुघरी ती। बीर जो द्वार किवार न देउंरी तो हुरि हारन हाथ परी ती॥ १२०३॥

ताक छकी छवि सों री चली कहि होरी है पै नसगोरी गोपाल पै। सांवरो छैल छबीलो किसोर रह्यो रुचि सो भुनुनाइ के जाल पै॥ आली समी उरे मूठ गुलाल की घाली लगी सो जगी पिय भाल पै। कंचन बेल की लौंद पै लाल सो बैठो मनो उडि मंजु तमाल पै॥ १२०४॥

लिये कर कंजन कंचन थार सजे तिन में नव मंगल साज। उडावहिं वीर अवीर गुलाल विसाल रहे बहु बाजन वाज॥ जमायो किसोर मनोहर राग भरी अनुराग सवांरि समाज। अली अल बेली नवेली चली ब्रजराजे वसंत वधावन आज॥ १२०५॥

फाग के फूल भरे मनमोहन खेलत गोपिन रंग रागे। श्री वृषभानकुमारि के सांवरे गारी

दई मुरली सुर पागे ॥ दौरि उठीं बनिता सिगरी
तबलों न मृदंगन के गन जागे । वे लकुटी लै लता
सी मुरी बहुरो फिर वे डफ बाजन लागे ॥ १२०६ ॥

सजसाज समाज सुहाये किये रही राजि
मनोहर तामे भली । निकसी निज मंदिर मंदिर
तें विकसी जनु कंचन कंजकली ॥ कलगावें
केसोर बहावें सुरंग रमावती गोकुल हू की गली ।
ब्रज वामें घनी रचना मैं सनी घनस्यामें बसंत
खिलावे चली ॥ १२०७ ॥

खेलिये फाग निसंक कै आज मयंकमुखी
कहै भाग हमारो । लेहु गुलाल दुहूं कर मैं पिच-
कारिन रंग हिये महं मारो ॥ भावे तुमैं सो करो
मोहि लाल पै पांय परों जिन घूंघट टारो ।
[illegible]र की सौं हम देखि हैं कैसे अबीर तो आखें
[illegible]चाय कै डारो ॥ १२०८ ॥

कैसी है ठीठि लखो यह गोप की ओप भरी
सिगरी ब्रज बाल सों । काहू की कानि न मानति
हठि ठानति है चपला पन [illegible] मारि
[illegible]ई तब की बाढ़ि कै [illegible] की
[illegible]ाल सों । लाल [illegible] ॥ १२०९
[illegible]ई अब [illegible]

खेलत होरी किसोरी जहां जिन पै रति रंभा
रति गई वारि के। सोधों तहां सजिए हरि जाय
जहां जनिए कोऊ ग्वारि गंवारि के॥ संमु सरोज
से पानि सुजान गहे पिचकारी गुलाल जो गारि
के। सो न खराब करैगी लला कमरी पर केसर
को रंग डारि के॥ १२१० ॥

केसर रंग महावर से सरसे रस रंग अनंग
चमूके। धूम धमारन को पदमाकर छायो अकास
अबीर के मूके॥ फागु या लाडिलो को तिहि मैं
तुहो लाज न लागत गोप कहूं के। छल भए
छतिया छिरके फिरो कामरी ओढ़े गुलाल के
ढूके॥ १२११ ॥

ठाढ़ी रहो न डगो न भगो अब देखिहौं
कछु खेलति ख्यालहिं। गावन दे री बजावन दे
सजि आवन दे इतै नन्द के लालहिं॥ ठाकुर हौं
रंगि हौं रंग सों अंग ओडिहौं वीर अबीर गुला-
लहिं। धूंधर मे धधकी मे धमार मे हौं धसि कै
धरि लैहौं गुपालहिं॥ १२१२ ॥

ऐसे कढे गन गोपिन के तन मानो मनोभ
भाय से काढे। त्यों पदमाकर ग्वालन के ड

बाजि उठे गल गाजत गाढे ॥ छाक छके छल हाइन मे छिक पावे न छैल छिनौ छवि बाढे । केसर लै मुख भीजवे को रस भीजत से कर मीजत ठाढे ॥ १२१३ ॥

आई है खेलन फाग यहां वृषभानपुरा तें सखी संग लीने । त्यों पदमाकर गावती गीत रिझावती भाव बताय नवीने ॥ कंचन की पिचकी कर मे लिये केसर के रंग सों अंग भीने । छोटी सी छाती छुटी अलकें अति वैस की छोटी वडी परवीनें ॥ १२१४ ॥

केसर रंग रंगी सिर ओढ़नी कानन कीने गुलाब फली हो । भाल गुलाल भन्यो पदमाकर अंगन भूखित भांति भली हो ॥ औरन को छलती छिन में तुम जाति न औरन सों जु छली हो । फागु में मोहन की मन लै फगुआ में कहा अब लेन चली हो ॥ १२१५ ॥

फाग के त्योस गोपालन ग्वालिनी के एक ठानि कियो मिसि काऊ । त्यों पदमाकर झोरी झुमाइ सु दौरी सबै हरि पै इक आऊ ॥ ऐसें समै वह मीत विनोदी सुनै सुक नैन किये डर

पाऊ। लै हर मूसर ऊसर ह्वै कहूं आयो तहां वनि के वल दाऊ ॥१२१६॥

चन्दकला चुनि चूनरी चारु दई पहिराय सुनाय सुहोरी। वेंदी विसाखा रची पदमाकर अंजन आंजि समाज करोरी॥ लागी जवै ललिता पहिरावन स्याम को कंचुकी केसर वोरी। हेरे हरे मुसक्याइ रही अंचरा मुख दे वृषभान-किसोरी॥ १२१७॥

फाग मची वरसाने के वाग सखीं समता कहि जाय न जाकी। रीझि रही लखि हौं रघुनाथ जु देख रही वहुधा चहुंघा की॥ वाल गुपाल पै दौरी गुलाल लै ऐसी लसी भरी रंग प्रभा की। चारु तमाल को संगम कों भई जंम वोलि मनो कल ताकी॥ १२१८॥

फागु मची वरसाने के वाग में पूर रह्यौ थल तान तरंग सों। गोपवधू इत ठाढी गोपाल उतै रघुनाथ वढे सव संग सों॥ घूंघट टारि सखीन की ओट ह्वै प्यारी चलाई जो प्रेम उमंग सों। लागी तो मूठ अबीर की आय पै प्यारो अन्हाय गयो वहि रंग सों॥ १२१९॥

मूठी गुलाल भरे चली लाल के मारिबे कों मुख पै सुख कों चहि। गोकुलनाथ खेलार लई तब लोइन हूं भरि केसरि सों लहि॥ जाय दई पहिले कुच पै पिचकारी की धार निहारि के हो कहि। आँचर ओडि चितै सतराय लजाय सखीन की ओट लई गहि॥ १२२०॥

फाग रच्यो नदनंद प्रवीन बजैं बहु बीन मृदंग रबावैं। खेलतीं वे सुकुमार तिया जेन भूखन हूं की सकें सहि तावैं॥ सेत गुलाल की धूंधुर मैं झलकैं इमि बालन के मुख आवैं। चाँदनी मै कवि संभु मनो चहुँ ओर बिराजि रहीं महतावैं॥१२२१॥

फाग रची वृषभान के भौन दै गारिन ग्वारि चहूं दिसि कूकें। आय जुरी उपजावति जे मन-मोहन के मन मैन की हूकैं॥ चातुर संभु कहावत वे व्रज सुंदरी सोहि रही ज्यौं भभूकैं। जानी न जाति मसाल औ बाल गोपाल गुलाल चलावत चूकें॥ १२२२॥

खेलति फाग भरी अनुराग सुहाग सनी सुख की रमकें। कंजमुखी कर कुंकुम लै पिय के मुख मीडन कों झमकें॥ भारी गुलाल की धूंधुर मे

ब्रजबालन के मुख यों दमकें। साँवन साँझ लला के माझ मनो चहुँघा चपला चमकें ॥ १२२३॥

दुहुँ ओर सों फाग मडी उमडी जहाँ श्री ब्रढी भीर तें भीर मिरी। धधकी दै गुलाल की धूँधुर में धरी गोरी लला मुख मीडि सिरी ॥ कुच कंचुकी कोर छुवें छरकें पजनेस फँदी फरकें ज्यों चिरी। झरपे झपे कौंधे कढे तरिता तरपै मनो लाल घटा मे घिरी ॥ १२२४ ॥

विधु कैसी कला बधू गैलनि मे गसी ठाढी गुपाल जहाँ जुरिगो। पजनेस प्रभा भरी भामिन पैं घने फागु के फैलनि सों फुरिगो ॥ मुरकी रुकी वंक बिलोकत लाल गुलाल में बेंदा सबै पुरिगो। दिग मे दरस्यो है दिनेस मनो दिग दाह की दीपति मै दुरिगो ॥ १२२५ ॥

बाल झरोखा उघारि निहारि गुलाल लै लालन ऊपर डारैं। एक उरोज लख्यो उघर्यो पिय तामे दई पिचकारी की धारैं ॥ रीझ थकी सब री सजनी उपमा कवि राम गुपाल बिचारें। मानहुं मैन उछार दियो निबुवा थिरके अनुर फुहारें ॥ १२२६ ॥

केसरि के पिचका परिपूरन पूर कपूर गुलाब के दोना । आई सबै ललना ललितादिक खेलन फाग निकुंज के कोना ॥ केसरिया पट में दृग दाबे गुलाल के बासन स्याम सलोना । मानो कहूं बिछुर्यो निज साथ तें सोनजुही में छिप्यो मृगछोना ॥ १२२७ ॥

बैस नई अनुराग मई सु भई फिरै फागुन की मतवारी । कोंवरे पानि रची मेंहँदी डफ नीके बजाय हरे हियरारी ॥ साँवरे भाँर के भाय भरी घनआनंद सो न में दीसत न्यारी । कान्हव पोपंत प्रान पियें मुख अंबुज च्वै मकरंद सी गारी ॥१२२८॥

खेलत फाग गुलाल भरे इत ग्वालि उतै घनस्याम उमंग सों । कंचन की पिचकारिन धार खुली अलकैं मुकतावलि अंग सों ॥ भीजि कपोलनि गो लगि अंचल कंचुकी चारु उरोज उतंग सों । केसरि रंग सों अंग रँग्यो की रही रँगि केसरि अंग के रंग सों ॥ १२२९

फागुन के दिन बावरे ए ... औहलत
निबहे है। काम ... कोऊ
... रा भरि

डरि है नहीं नागर साँची कहै है। चोरी नहीं बरजोरी नहीं इहि होरी में कोनधौं कोरिरहे हे ॥१२३०॥

फागुन में एक प्रेम को राज हे काहे बेकाज करो हो चराबर। रूप उपासक थारेहि हैं हम कोउ कितेको करो ना सराबर॥ नागर नें कछु वेतें कहा जु गिन्यो छुटिके छिति माँहि छराबर। क्यों सतराति हो गोरी किसोरी जु होरी में राजा औ रंक बराबर ॥१२३१॥

घेरि लिये घनस्याम चहूंदिसि दामिनि सं मिलि चेटक कै गई। पीत पिछोरी रही क खेंचि के बाँसुरिया हँसि छीनि के ले गई॥ प्रेम के रंगन सों भरि कै अरु फाग के रंगन मोहनी दे गई। केसरि सों मुख मिडि गोपाल को खंजन से दृग अंजन दे गई॥ १२३२॥

खेलति फाग सुहाग भरी वृषभानलली भली भाँति उमंग सों। घुंघुट ओट किये रघुनाथ गई हरि पे छकि छूटि के संग सों॥ चौंकि तिरीछी चिते मुसकाय फिरी पिचकारी लगाय के अंग सों। रीझि रहे वह भाव चिते अरु भीजि रहे या रँगीली के रंग सों॥ १२३३॥

होरी को रूप लख्यो ब्रजपौरि किसोरी को चित्त विछोहन छीज्यो। दोरी फिरै दुरि देखिबे कों न दुरै मनओज मनोज को भीज्यो॥ केसरिया चूक चौंधत चीर त्यों केसर नीर सरीर पसीज्यो। लाल के रंग में भीजि रही सुगुलाल के रंग में चाहति भीज्यो॥ १२३४॥

खेलत होरी किसोरी सबै पकरोरी धरोरी है सोर मचायो। मारपरे पिचकारिन की जहाँ लाल गुलाल सों अंबर छायो॥ केसर के घट कों कर ले गिरिधारन कों ललिता नहवायो। मानो महा मनि मर्कत कों पुखराज के संपुट बीच छपायो॥ १२३५॥

सखि होरी के ख्याल में गोरी किसोरी कि आज अनूपम रीति लही। पहिले पिय कों रँग बोन्यो तबै छवि साँवरी सूरति आरे गही॥ पुनि अंग गुलाल सों छाय गुपाल कों प्यारी जबै हँसि बातें कही। पहिले तुम लाल हुते कहिबे पै लाल भए अबहीं हो सही॥ १२३६॥

फागु में फेरहू फेले फिरो हो कछू जिय जानत लाज को आयबो। हाहा खवाय नचाय कीजो

है धन्य तिहारी ये बातें बनाइबो॥ गावत गारी ठठोली मिलावत नागर क्यों जुबती न दबाइबो। रावरे खेल की जानीं कला सब एती लला नाँहि जीभ चलाइबो ॥ १२३७ ॥

आवत हे नदगाँव गावते संग सखा डफ लीन्हे नवीने। रंगन सों भरिडारे सबै हम हाथ मरोरि के चंगही छीने॥ आपहु के कर बाँधि के हार सों प्यारी के पाँयन पारे अधीने। कालिह की बात न भूलि के नागर आजहू वेई भले ढंग लीन्हे ॥१२३८॥

धूम धमारि मची व्रज में मिलि फेंकत रंग उडावत रोरी। आनि धन्यो बलबीर गुपालहि भामिनि भेख रच्यो बरजोरी॥ मो बिनती बिधि पूरी करो सुतवारी करौ जसुदा जु की छोरी। छोडि दियो छितिपाल ललाजु कों भोरही आइये खेलन होरी ॥ १२३९ ॥

घेरे रहें घरहाँई घनी फिर बीते न फागु कछू ... जायगी। लाल गुलाल की धूँधुर में मुख ... जोति कहूँ लहि जायगी॥ प्रेम पगी ... याँ न तें री छतियाँ न की लाज सबै बहि

जायगी । जो न मिलौ मनमोहनै तौ मन की मनहीं मन मैं रहि जायगी ॥ १२४० ॥

बडभाग सुहाग भरी पति सों लहि फागु मैं राग न छायो करै । कवि लाल गुलाल की धूँधुर मैं चख चंचल चारु चलायो करै ॥ उझकै झिझिकै झहराय झुकै सखि मंडल को मन भायो करै । छतियाँ पर रंग परे तें तिया रतिरंग तें रंग सवायो करै ॥ १२४१ ॥

खेलत फागु लख्यो पिय प्यारी को ता मुख की उपमा केहि दीजै । देखत हीं बनिआवै भलें रघुनाथ कहाहे जो वारिने कीजै ॥ ज्यों ज्यों छबीली कहे पिचकारी लै एक लई यह दूसरी लीजै । त्यों त्यों छबीले छकै छवि छाक सों हेरैं हँसै न टरै खरो भीजै ॥ १२४२ ॥

खेलि के फागु फिरीं जब सों सब सों दृग देखिये मेर मढ्यो सो । आवत है मुख जो सों थकें कछू खाहि न पीवहिं भूत चढ्यो सो ॥ ऐसी दसा सब की रघुनाथ रह्यो तपि कै अंग आगि दढ्यो सो । डारि गयो नंदलाल सखी ब्रजबाल पैं मानो गुलाल पढ्यो सो ॥ १२४३ ॥

लै बलबीर अबीर की मूँठि दई अलबेली दृग दूपर। त्यों बनमाली पें आली चलाव लाली गुलाल की छ्वै रही भूपर॥ लै पिचक बिहारी तहाँ अधिकारी करी ब्रजगोपवधू पर पीन पयोधर तें उचटी सो परी सब केसर ला के ऊपर॥ १२४४॥

फागु री आयो सखी हम कों बिन पीतम मे सलाक सी लागु री। लागु री मेरी गुहारि ति कछु कीजिये बेग उपाय उजागु री॥ जागुरी रा चहूँ दिसि होत हैं काम हियें अति देत है दा री। दागुरी मेरो तबै मिटिहै जब पीतम के सं खेलिहौं फागु री॥ १२४५॥

लाल गुलाल बलाहक तें बरसैं झरी झोक केसरि रंग की। त्यौंहीं अनंत छटा छवि चमके चपला त्यों मनोहर अंग की॥ लै गलबाँही अनंद कियो बरनों का दसा वह मैन उमंग की। भूलै नहीं हम कों सजनी वह फागु की खेलन साँवरे संग की॥ १२४६॥

गाय हैं लोग लोगाई सबै जबै आनँद कोटि हिये उपजाइहैं। जाइ हैं खेलन फागु सुहागन

ाग भरी अनुरागन छाइहैं ॥ छाइहैं बीर अबीर
ुलालन दंपति अंगन रंगन नाइहैं ॥ नाइहैं
ान्ह जो बेनीप्रवीन तौ जात न प्रान बिलंब
गाइहैं ॥ १२४७ ॥

खेलति फागु सोहाग भरी सुथरी सुरअंगना
सुकुमारि है । जैये चले अठिलैये उतै इतै
ान्ह खड़ी वृषभानकुमारि है ॥ संभु समूह गुलाब
सीसन ढारि को केसर गारि बिगारि है । पामरी
ाँवड़े होति जहाँ तहाँ को लला कामरी पै रँग
ारि है ॥ १२४८ ॥

ए नँदगाव तें आये इहाँ उत आई सुता वह
निहूँ ग्वाल की । त्यों पदमाकर होत जुराजुरी
उन फागु रची इहिं ख्याल की ॥ दीठि चली
न की इन पै इनकी उन पैं चली मूठी उताल
। दीठि सी दीठि लगी इनके उनके लगी मूठि
मूठि गुलाल की ॥ १२४९ ॥

भाल मे लाल गुलाल गुलाल सों गेरि गरे
जरा अलबेलो । यों बनि बानक सों पदमाकर
ए जु खेलन फागु तो खेलो ॥ पै एक या छवि
खिबे के लिए मो बिनती करि झोरिन झेलो ॥

रावरे रंग रँगी अँखियान में ए वलवीर अवीर
ना मेलो ॥ १२५० ॥

फागु के भीर अभीरन तें गहि गोविंद लै गई
भीतर गोरी । भाई करी मन की पदमाकर ऊप
नाई गुलाल की झोरी ॥ छीनि पितंवर कंमर
सुविदा दई मीडि कपोलन रोरी । नैन नचाय कह्यो
